रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन)-128/90 REGISTERED NO. D. (D.N.)-128/90

केन्द्रीय सचिवालय पुस्तकालय
CENTRAL SECRETARIAT LIBRARY

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 23] नई दिल्ली, शनिवार, जून 9, 1990/ज्येष्ठ 19, 1912
NO. 23] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 9, 1990/JYAISTHA 19, 1912

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके
Separate Paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-Section (ii)

(रक्षा मंत्रालय को छोड़ कर) भारत सरकार के मंत्रालयों द्वारा जारी किए गए सांविधिक आदेश और अधिसूचनाएं
Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence)

विधि और न्याय मंत्रालय

(विधि कार्य विभाग)

नई दिल्ली, 8 मई, 1990

सूचनाएं

का.आ. 1571.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री गुरदेव सिंह सूर, एडवोकेट ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे दिल्ली राज्य, केन्द्र शासित प्रदेश) में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए।

[सं. 5(11)/90-8-न्याय.]

MINISTRY OF LAW AND JUSTICE

(Department of Legal Affairs)

New Delhi, the 8th May, 1990

NOTICES

S.O. 1571.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri Gurdev Singh Sur for appointment as a Notary to practise in Delhi.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(11)/90-Judl.]

का.आ. 1572.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री जनेश्वर नाथ कौशिक, एडवोकेट ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे श्री गंगानगर राजस्थान में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए।

[सं. 5(29)/90-न्या.]

S.O. 1572.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri Jageshwar Nath Kaushik, Advocate for appointment as a Notary to practise in Sriganganagar, (Raj.)

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(29)/80-Judl.]

1371 GI/90—1

का.आ. 1573.—नोटरीज नियम, 1956 के नियम 6 के अनुसरण में सक्षम प्राधिकारी द्वारा यह सूचना दी जाती है कि श्री हुकम चन्द मित्तल ने उक्त प्राधिकारी को उक्त नियम के नियम 4 के अधीन एक आवेदन इस बात के लिए दिया है कि उसे जगादरी हरियाणा में व्यवसाय करने के लिए नोटरी के रूप में नियुक्ति पर किसी भी प्रकार का आक्षेप इस सूचना के प्रकाशन के चौदह दिन के भीतर लिखित रूप में मेरे पास भेजा जाए।

[सं. फा. 5(28)/90-न्या.]

के.एल. शर्मा, सक्षम प्राधिकारी

S.O. 1573.—Notice is hereby given by the Competent Authority in pursuance of rule 6 of the Notaries, 1956, that application has been made to the said Authority, under rule 4 of the said Rules, by Shri Hukam Chand Mittal, Advocate for appointment as a Notary to practise in Jagadhari, Haryana.

2. Any objection to the appointment of the said person as a Notary may be submitted in writing to the undersigned within fourteen days of the publication of this Notice.

[No. F. 5(28)/90-Judl.]

K. L. SARMA, Competent Authority

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली, 25 मई, 1990

का.आ. 1574.—राष्ट्रपति, पूर्वोत्तर परिषद अधिनियम, 1971 (1971 का 84) की धारा 3 की उप धारा (3) द्वारा उन्हें प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एतद्द्वारा, धारा 3 की उपधारा (1) के खण्ड (क) के अधीन, असम राज्य के राज्यपाल को, जो पूर्वोत्तर परिषद् के सदस्य हैं, अगले आदेशों तक, उक्त परिषद का अध्यक्ष नामित्त करते हैं।

[सं. 1/26/89-एन ई-II]

विनय शंकर, संयुक्त सचिव

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

New Delhi, the 23rd May, 1990

S.O. 1574.—In exercise of the powers conefferred on him by sub-section (3), of the North-Eastern Council Act, 1971 (84 of 1971), the President hereby nominates the Governor of the State of Assam, a member of the North-Eastern Council under clause (a) of Sub-Section (1) of section 3, to be the Chairman of the said Council till further orders.

[No. 1/26/89-NE. II]

VINAY SHANKAR, Jt. Secy.

कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय

(कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग)

आदेश

नई दिल्ली, 18 मई, 1990

का.आ. 1575.—दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का अधिनियम सं. 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, केन्द्रीय सरकार, आंध्र प्रदेश राज्य सरकार की सहमति से, जो उनके गृह (एस.सी.ए.) विभाग के जी.ओ.आर.टी. सं. 550, तारीख 21-2-90 द्वारा सूचित की गई है, भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1947 (1947 का केन्द्रीय अधिनियम 2) और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (1988 का केन्द्रीय अधिनियम 49) के उपबन्धों के अधीन दंडनीय ऐसे अपराधों की बाबत जहां तक उनका ऐसे मामलों में संबंध है जिनमें केवल केन्द्रीय सरकार के कर्मचारी और केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों में नियोजित व्यक्ति अंतर्वलित हैं, अन्वेषण करने के लिए दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तारण सम्पूर्ण आंध्र प्रदेश राज्य पर करती है।

[संख्या 228/40/88-ए.वी.डी.II (वाल्यूम-III)]

MINISTRY OF PERSONNEL, P.G. AND PENSIONS

(Department of Personnel and Training)

ORDER

New Delhi, the 18th May, 1990

S.O. 1575.—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of Section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (Act No. 25 of 1946) the Central Government, with the consent of the State Government of Andhra Pradesh as conveyed vide their No. HOME (SC-A) Department G.O.R.T. No. 550 dated 21-2-1990 hereby extends the power and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Andhra Pradesh for investigation in respect of offences punishable under the provisions of the Prevention of Corruption Act, 1947 (Central Act 2 of 1947) and the Prevention of Corruption Act, 1988 (Central Act 49 of 1988) in so far as cases in which Central Government employees and the persons employed in Central Government undertakings only are involved.

[No. 228/40/88-AVD.II-(Vol. III)]

आदेश

का.आ. 1576 केन्द्रीय सरकार, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन अधिनियम, 1946 (1946 का अधिनियम सं. 25) की धारा 6 के साथ पठित धारा 5 की उपधारा (1) द्वारा

प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, आंध्र प्रदेश राज्य सरकार की सहमति से जो गृह (एस सी ए) विभाग सं. जी.ओ. आर.टी. सं. 764, तारीख 15-3-1990 द्वारा प्राप्त हुई है, दिल्ली विशेष पुलिस स्थापन के सदस्यों की शक्तियों और अधिकारिता का विस्तारण आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम की सुसंगत धाराओं के अधीन और भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420 के अधीन दंडनीय ऐसे अपराधों के अन्वेषण के लिए जिनके बारे में यह अभिकथन है कि वे आर.सी. के रजिस्ट्रीकरण के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो द्वारा प्राप्त निम्नलिखित तीनों परिवादों में निजी व्यक्तियों द्वारा किए गए हैं, समस्त आंध्र प्रदेश राज्य को करती है :—

1. आयात और निर्यात अधिनियम की धारा 5 के अधीन परिवाद सं. 37/(एस)/88 हैदराबाद, तारीख 7-9-88।	मैसर्स एक्सपो इलैक्ट्रोनिक्स (प्राइवेट) लिमिटेड, 1-10-285/2, एपाराओ कंपाउण्ड बेगमपेट, हैदराबाद।
2. आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम की धारा 5 के अधीन परिवाद सं. 7(एस)/89-हैदराबाद तारीख 28-4-89।	1. मैसर्स महेश्वरी इंडस्ट्रीज कोथर। 2. श्री भगवान दास बूब, प्रोप्राइटर आफ मैसर्स महेश्वरी इंडस्ट्रीज, कोथर।
3. भारतीय दंड संहिता की धारा 420 और आयात और निर्यात (नियंत्रण) अधिनियम की धारा 5 के अधीन परिवाद सं. 8/(एस)/89-हैदराबाद, तारीख 28-4-89।	मैसर्स बालाजी इंडस्ट्रीज, करीमनगर, आंध्र प्रदेश।

[संख्या 228/12/90-ए.वी.डी. (II)]

जी सीतारामन, अवर सचिव

ORDER

S.O. 1576 .—In exercise of the powers conferred by sub-section (1) of section 5 read with section 6 of the Delhi Special Police Establishment Act, 1946 (Act No.25 of 1946) the Central Government with the consent of the State Government of Andhra Pradesh as granted by their No. Home (SC-A) Deptt. G.O. Rt. No.764 dated 15-3-1990 hereby extends the powers and jurisdiction of the members of the Delhi Special Police Establishment to the whole of the State of Andhra Pradesh for investigation of offences punishable under relevant sections of Imports and Exports (Control) Act and under section 420 IPC alleged to have been committed by the private persons in the following three complaints received by the Central Bureau of Investigation for registration of R.C. :—

1. Complaint No.37/(S)/88-Hyderabad dated 7-9-88 under section 5 of Import and Export Act.	M/s Expo Electronics (P) Ltd., 1-10-285/2, Apparao Compound, Begumpet, Hyderabad.
2. Complaint No.7(S)/89-Hyderabad dated 28-4-89 under section 5 of the Import & Export (Control) Act.	1. M/s Maheshwari Industries, Kothur. 2. Shri Bhagvan Dass Boob, Proprietor of M/s. Maheswari Industries, Kothur.
3. Complaint No.8/(S)/89-Hyderabad dated 28-4-89 under section 420 IPC and 5 of Import and Export (Control) Act.	M/s Balaji Industries, Karimnagar, Andhra Pradesh.

[No. 228/12/90-AVD.II]

G. SITARAMAN, Under Secy.

वित्त मंत्रालय

(राजस्व विभाग)

(आय कर)

नई दिल्ली, 17 अप्रेल, 1990

का.आ. 1577—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 के खंड (23-ग) के उपखंड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा "दक्षिणेश्वर रामकृष्ण संघ, दक्षिनेश्वर, कलकत्ता" को उक्त उपखंड के प्रयोजनार्थ कर निर्धारण वर्ष 1990-91 तथा 1991-92 के लिए अधिसूचित करती है।

[स. 8638 फा.सं. 197/28/90-आकर नि (1)]

(Department of Revenue)

New Delhi, the 17th April, 1990

(INCOME-TAX)

S.O. 1577.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (v) of clause (23-C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Dakshineswar Ramkrishna Sangha, Dakshineswar, Calcutta" for the purpose of the said sub-clause for the assessment year 1990-91 and 1991-92.

[No. 8638/F. No. 197/28/90-ITA(1)]

(आयकर)

का.आ. 1578—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 के खंड (23-ग) के उपखंड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा "डायोसेसी आफ मंगलौर" को उक्त उपखंड के प्रयोजनार्थ कर-निर्धारण वर्ष 1988-89 से 1989-90 तक के लिए अधिसूचित करती है।

[सं. 8636 फा.सं. 197/213/87-आयकर नि (I)]

(INCOME-TAX)

S.O. 1578.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (v) of clause (23-C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies the "Diocese of Mangalore" for the purpose of the said sub-clause for the assessment years 1988-89 to 1989-90.

[No. 8636/F. No. 197/213/87-ITA. I]

(आय-कर)

का.आ. 1579—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 के खंड (23-ग) के उपखंड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा "श्री शारदा मठ एण्ड रामाकृष्णा शारदा मिशन, दक्षिणेश्वर, कलकत्ता को उक्त उपखंड के प्रयोजनार्थ कर-निर्धारण वर्ष 1990-1991 से 1992-93 तक के लिए अधिसूचित करती है।

[सं. 8635/फा.सं. 197/38/90-आ कर नि (1)]

(INCOME-TAX)

S.O. 1579.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (v) of clause (23-C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Shri Sarada Math and Ramakrishna Sarada Mission, Dakshineshwar, Calcutta" for the purpose of the said sub-clause for the assessment years 1990-91 to 1992-93.

[No. 8635/F. No. 197/38/90-ITA.I]

नई दिल्ली, 19 अप्रैल, 1990

(आय-कर)

का.आ. 1580—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 के खंड (23 ग) के उप खंड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा "दि अस्थिका समाज, बम्बई" को उक्त उपखंड के प्रयोजनार्थ कर निर्धारण वर्ष 1989-90 के लिए अधिसूचित करती है।

[सं. 8639/फा.सं. 197/43/90-आ कर (नि.-1)]

New Delhi, the 19th April, 1990

(INCOME-TAX)

S.O. 1580.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (v) of clause (23-C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "The Asthika Samaj, Bombay" for the purpose of the said sub-clause for the assessment year 1989-90.

[No. 8639/F. No. 197/43/90-ITA. I]

(आय-कर)

का.आ. 1581—आयकर अधिनियम, 1961 (1961 का 43) की धारा 10 के खंड (23-ग) के उपखंड (5) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्रीय सरकार एतद्द्वारा लाम्भा नवा बालिया काका प्रापर्टी ट्रस्ट, लाम्भा, (गुजरात)" को उक्त उपखंड के प्रयोजनार्थ कर निर्धारण वर्ष 1987-88 से 1989-90 तक के लिए अधिसूचित करती है।

[सं. 8640/फा.सं. 197/170/86-आ कर (नि-I)]
दलीप सिंह, विशेष कार्य अधिकारी

(INCOME-TAX)

S.O. 1581.—In exercise of the powers conferred by sub-clause (v) of clause (23-C) of section 10 of the Income-tax Act, 1961 (43 of 1961), the Central Government hereby notifies "Lambha Nava Balia Kaka Property Trust, Lambha (Gujarat)" for the purpose of the said sub-clause for the assessment years 1987-88 to 1989-90.

[No. 8640/F. No. 197/170/86-ITA. I]
DALIP SINGH, Officer on Special Duty

(आर्थिक कार्य विभाग)

(बैंकिंग प्रभाग)

नई दिल्ली, 20 सितम्बर, 1989

का० आ० 1583.—भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 53(2) के अनुसरण में केन्द्रीय निदेशक बोर्ड ने, भारत सरकार को 30 जून, 1989 को समाप्त हुए वर्ष के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के कामकाज पर वार्षिक रिपोर्ट भेजी है जो नीचे उद्धृत की जाती है:—

भारतीय रिजर्व बैंक के कामकाज की वार्षिक रिपोर्ट— वर्ष 1 जुलाई 1988 से 30 जून 1989 तक

भाग I—आर्थिक स्थिति

1. एक विहंगावलोकन

1.1 1988 के अत्यधिक अनुकूल मानसून ने 1988-89 के राजकोषीय वर्ष के दौरान एक उल्लेखनीय अच्छे और व्यापक आर्थिक कार्य निष्पादन में सहायता की जिससे वास्तविक सकल देशी उत्पाद में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इससे पहले के सूखा वाले वर्षों में वास्तविक सकल देशी उत्पाद में निरपेक्ष गिरावट आई थी और इस प्रकार सूखे के बाद वाले वर्ष ने निरपवाद रूप से वृद्धि की उच्च दर प्रदर्शित की। 1987-88 में वास्तविक सकल देशी उत्पाद में 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और इसलिए 1988-89 में और 10 प्रतिशत की वृद्धि का होना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा सकता है। 1988-89 के दौरान पैदावार में वृद्धि काफी व्यापक थी। यह बड़े क्षेत्रों में और अलग-अलग फसलों और उद्योगों के व्यापक परिप्रेक्ष्य दोनों ही रूपों में देखने को मिली। देशी बचत की दर में 1988-89 के दौरान कोई वृद्धि नहीं दिखायी दी, क्योंकि वास्तविक आय में वृद्धि और बचतों में वृद्धि के बीच अन्तराल बना रहा। अनन्तिम अनुमान और अन्य समर्थक निदेशक तत्व देशी निवेश की दर में वृद्धि की ओर संकेत करते हैं। ये निवेश, विदेशों से संसाधनों के काफी बड़ी मात्रा में शुद्ध आगमन के कारण संभव हो सके। इसके फलस्वरूप विदेशों से संसाधनों के आगमन की आवश्यकता रख-रखाव की और तीव्र गति से वृद्धि तथा पूंजीगत माल के आयातों के कारण हुई जितने, काफी मात्रा में निर्यात होने के बावजूद, चालू खाते में काफी घाटा रहा। अधिकांशतः सरकारी घाटे के कारण बढ़ती हुई समग्र चल निधि के संदर्भ में, मुद्रा और ऋण नीति की व्यापक स्थिति नियंत्रित बनी रही, तथापि सूखे से उभरने के लिए पूर्ण सामर्थ्य पैदा करने के लिए यह सुनिश्चित किया गया कि कृषि, उद्योग और व्यापार की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए बैंकिंग तंत्र के पास व्यापक साधन उपलब्ध हों।

1988-89 में मुद्रास्फीति के दबावों की तुलना यदि सूखा वर्ष के तुरन्त बाद उच्च मुद्रा स्फीति की अवधि के दौरान किये गये ऐतिहासिक अनुभव से की जाये तो वे इस वर्ष समुचित रूप से नियंत्रण में रहे।

1.2 कृषि उत्पादन में 1988-89 के दौरान 23.0 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि होने की आशा है, जबकि इसके विपरीत, 1987-88 में इसमें 2.1 प्रतिशत की गिरावट आयी थी और 1986-87 में यह 3.7 प्रतिशत थी। 1985-86 में इसमें 2.4 प्रतिशत की मामूली वृद्धि हुई थी। सातवीं योजना के पहले चार वर्षों के लिए कृषि उत्पादन में औसतन वृद्धि की गणना की गयी है जो कि 4 प्रतिशत के योजनागत लक्ष्य से ऊंचा होगा, हालांकि यह अवधि पर्याप्त अस्थिरता की रही है। 1988-89 में कुल खाद्यान्नों का उत्पादन 163.6 मिलियन टन रहा जो कि 1983-84 में हुए 152.4 मिलियन टन के सर्वोच्च उत्पादन से 10.6 प्रतिशत और अधिक बढ़ जायेगा। खाद्यान्नों की पैदावार के अन्तर्गत दालों के उत्पादन में भारी मात्रा में वृद्धि एक स्वागत योग्य लक्षण है, क्योंकि पौष्टिक भोजन के लिए दालों की महत्ता के कारण प्रति व्यक्ति दालों की उपलब्ध मात्रा में निरन्तर गिरावट होने के कारण व्यापक चिन्ता बनी हुई थी। पिछले वर्षों में फसल कम होने के कारण खाद्यान्नों के भंडारों में तेजी से कमी आती गयी और मार्च 1989 में खाद्यान्नों का भंडार, कम होकर 7.1 मिलियन टन रह गया, जबकि दो साल पहले यह 19.5 मिलियन टन था। जून 1989 के लिए, प्राप्त अद्यतन आंकड़ों के अनुसार यह भंडार 13.1 मिलियन टन हो गया है, जबकि जून 1988 की समाप्ति पर यह 11.9 मिलियन टन और दो वर्ष पहले 23.3 मिलियन टन था।

1.3 समग्र औद्योगिक वृद्धि जो कि 1987-88 में कम होकर 7.3 प्रतिशत तक आ गयी थी, 1988-89 में तीव्र गति से बढ़कर 8.8 प्रतिशत हो गयी। 1988-89 में वृद्धि उद्योगों के व्यापक क्षेत्रों तक फैली हुई थी। एक समूह के रूप में मूलभूत उद्योग 8.1 प्रतिशत तक बढ़े, जबकि इसके पहले वर्ष में वे 6.0 प्रतिशत बढ़े थे। निवेश-गत माल तथा उपभोक्ता स्थायी उद्योगों ने अच्छा कार्य किया, जबकि उपभोक्ता अस्थायी उद्योगों ने अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि दर्शायी। समग्रतः सातवीं योजना के पहले चार वर्षों में औसत वृद्धि 8.5 प्रतिशत बैठती है, जबकि योजना का लक्ष्य 8.0 प्रतिशत था।

1.4 बिन्दु-वार आधार पर (1970-71=100 को आधार बनाकर) थोकमूल्य सूचकांक में वृद्धि कम होकर 1988-89 में 6.7 प्रतिशत रह गयी, जबकि इससे पहले वर्ष में यह 10.6 प्रतिशत थी। फिर भी मुद्रास्फीति की स्थिति चिन्ता का विषय बनी रही क्योंकि औसत आधार पर मूल्य वृद्धि उतनी ही रही जितनी कि पिछले वर्ष (7.5 प्रतिशत के लगभग) रही थी और आम उपयोग के अनेक पण्यों पर पर्याप्त दबाव बना रहा जिसकी झलक उपभोक्ता मूल्यों में लगभग 9 प्रतिशत की वृद्धि में मिलती है। सार्वजनिक आपूर्ति व्यवस्था के कार्यक्रमों, जिनसे खाद्यान्न के भण्डार में काफी मात्रा में कमी आयी, तथा कमी वाले कुछ महत्वपूर्ण पण्यों के आयात के बावजूद 1988-89 में मूल्यों पर दबाव बना रहा।

1.5 वर्ष के दौरान एम$_3$ और एम$_1$ में क्रमशः 17.6 प्रतिशत और 14.6 प्रतिशत का विस्तार 1987 में हुए इन के विस्तार (क्रमशः 15.7 प्रतिशत तथा 12.9 प्रतिशत) से अधिक रहा, परन्तु इन्हें समीक्षा-उत्पादन और निवेश की गतिविधियों की रफ्तार की तुलना में देखा जाना चाहिये। आधिक प्रारक्षित निधि के निरन्तर निर्माण के अतिरिक्त मुद्रागत नीति की चिन्ता का एक महत्वपूर्ण विषय था खाद्येतर बैंक-ऋण का और अधिक गति से विस्तार-समानान्तर रूप से ऋण सुपुर्दगी पद्धति में लचीलापन लाकर और नयी मुद्रा बाजार लिखतों को शुरू करने की दिशा में प्रयास को आगे बढ़ाकर तथा मुद्रा बाजार की ब्याज-दरों को विनियमन से मुक्त करके दक्षता बढ़ाने के लक्ष्य पर समीक्षाधीन वर्ष में विशेष ध्यान दिया गया।

1.6 राजकोषीय क्षेत्र में केन्द्र सरकार का वर्ष 1988-89 का समग्र घाटा संशोधित अनुमानों के अनुसार 7,940 करोड़ रुपये आंका गया जोकि 1987-88 में हुए 5,816 करोड़ रुपये के वास्तविक घाटे से कहीं अधिक रहा। इस वर्ष के संशोधित अनुमानों के अनुसार केन्द्र सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक का शुद्ध ऋण 8,200 करोड़ रुपये के उच्च स्तर पर रहा। परन्तु बजट घाटे और केन्द्र सरकार को शुद्ध रिजर्व बैंक ऋण दोनों की वास्तविक स्थिति काफी कम रही, केन्द्र सरकार को रिजर्व बैंक का शुद्ध ऋण 6,503 करोड़ रुपये और बजट घाटा 5,810 करोड़ रुपये रहा। वर्ष के अन्त में बजट घाटा अपेक्षाकृत कम होने के बावजूद, अर्थव्यवस्था में चलनिधि का दबाव मजबूत बना रहा क्योंकि वास्तविक बजट घाटे के पाक्षिक स्तर बजट में अनुमानित या संशोधित अनुमानों से मार्च 1989 की प्रारम्भिक अवधि तक उच्च बने रहे और केवल मार्च 1989 के उत्तरार्द्ध में ही यह घाटा बजट अनुमानों से कम स्तर पर आया। केन्द्र और राज्यों के संयुक्त बजट परिणामों से यह प्रदर्शित होता है कि 1988-89 में विकासात्मक व्यय में 15.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि गैर-विकासात्मक व्यय में 18.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। इस

प्रकार सातवीं पंचवर्षीय योजना के पहले वर्षों में चिन्ताजनक प्रवृत्ति जारी रही।

1.7 मौलिक आर्थिक आधारभूत सिद्धांतों में उल्लेखनीय सुधार के साथ-साथ निजी निगमित क्षेत्र द्वारा बेहतर कार्य निष्पादन के कारण पूंजीगत बाजार ने 1988-89 के दौरान उल्लेखनीय लचीलेपन का अनुभव किया। नये पूंजीगत निर्गम उल्लेखनीय रूप से बड़े आकार के थे और उनके प्रति जनता की प्रतिक्रिया काफी बेहतर थी। मीयादी ऋण वाली संस्थाओं द्वारा दी गयी वित्तीय सहायता काफी बढ़ी। गौण बाजार में शेयर मूल्यों में 1988-89 में तेजी से वृद्धि आयी जबकि पिछले वर्ष उनमें कुछ गिरावट आयी थी।

1.8 देश की विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधि में 1988-89 मे 647 करोड़ रुपये (771 मिलियन विशेष आहरण अधिकार) की कमी आयी, जबकि 1987-88 में इसमें 465 करोड़ रुपये (627 मिलियन विशेष आहरण अधिकारों) की कमी आयी थी। चालू खाते में सकल देशी उत्पाद के लगभग 2.8 प्रतिशत तक के बराबर घाटे की कमी का अनुमान किया गया, जबकि यह वास्तव में इससे ज्यादा है और यह गम्भीर चिन्ता का कारण है।

1.9 यद्यपि 1988-89 में अर्थव्यवस्था ने बहुत सन्तोषप्रद वास्तविक वृद्धि दर दर्शायी है और जो अर्थव्यवस्था के सभी प्रमुख क्षेत्रों में फैली हुई है, राजकोषीय घाटा अर्थ व्यवस्था में चलनिधि की वृद्धि, मुद्रास्फीति-दर तथा विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधि में गिरावट चिन्ता के विषय रहे हैं।

2. राष्ट्रीय आय, बचत और निवेश

2.1 उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित अनुमान इस बात की ओर संकेत करते हैं कि 1988-89 के दौरान वास्तविक राष्ट्रीय आय में तीव्र वृद्धि हुई है क्योंकि कृषि के क्षेत्र में योजित मूल्य में तीव्र वृद्धि हुई। 1980-81 के मूल्यों पर आधारित सकल देशी उत्पाद (स० दे० उ०) की वृद्धि दर 10 प्रतिशत होने की आशा है जबकि 1987-88 में यह 3.6 प्रतिशत थी। पिछले दो वर्षों में कृषि जन्य सकल देशी उत्पाद में कमी आयी थी; इसके विपरीत 1988-89 में कृषि और संबद्ध कार्य-कलापों में लगभग 19-20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है (सारणी-2.1)।

सारणी 2.1: वास्तविक सकल देशी उत्पाद में वृद्धि

क्षेत्र	प्रतिशत अंश (वास्तविक सकल देशी उत्पाद में)			वृद्धि दर (प्रतिशत)				
	1970-71	1980-81	1987-88 *81	1970-71 से 1980-85*	1979-80 से 1934	1985-86	1986-87	1987-88 त्वरित अनुमान
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1. कृषि और सम्बद्ध गतिविधियां	47.4	38.0	30.5	2.0	4.2	0.3	—2.3	—1.0
(क) कृषि	45.7	34.7	28.3	2.0	4.3	0.2	—2.1	—1.0
2. उद्योग	16.4	20.9	26.2	4.8	5.4	8.9	9.4	7.2
(क) विनिर्माण	14.2	17.7	22.0	4.6	4.9	9.2	9.2	7.4
3. सेवाएं	30.9	36.1	38.9	5.3	7.2	7.3	6.2	5.1
कुल सकल देशी उत्पाद @	100.0	100.0	100.0	3.4	5.6	5.1	4.0	3.5

@इसमें निर्माण शामिल है।
*यह अर्ध-अधुगणकीय (सेमी-लोगरिद्मिक) प्रवृत्तियों पर आधारित हैं।

2.2 चालू बाजार मूल्यों पर सकल देशी उत्पाद में कुल सकल घरेलू बचत का अनुपात 1986-87 में 21.8 प्रतिशत से घटकर 21.1 प्रतिशत पर आ गया था। यह अनुपात 1988-89 में थोड़ा-सा कम अर्थात् 21.0 प्रतिशत रहने का अनुमान है। फिर भी, विदेश से प्राप्त शुद्ध संसाधनों के अनुपात में वृद्धि होने के कारण कुल सकल निवेश की दर 1987-88 के 23.5 प्रतिशत के स्तर से बढ़कर, 1988-89 में, 23.9 प्रतिशत हो गयी। यह बढ़ोतरी 1986-87 के 24.0 प्रतिशत के स्तर से आयी गिरावट के बाद हुई है (सारणी 2.2)।

2.3 इन सकल अनुपातों में अचल पूंजी के उपभोग के लिए किया गया प्रावधान भी शामिल है। अचल पूंजी के उपभोग के लिए प्रावधान की अपेक्षाएं बढ़ रही हैं और अब वे सकल देशी बचत का लगभग आधा भाग अवशोषित कर लेते हैं? (अर्थात् 1988-89 में अनुमानित 81,872 करोड़ रुपये में से लगभग 40,169 करोड़ रुपये) मूल्यह्रास के लिए प्रावधान के इस स्तर का औचित्य भी अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में पूंजीगत परिसम्पत्तियों की मरम्मत और उसके रखरखाव पर उपयुक्त और सामयिक व्यय की शर्त के साथ जुड़ा है। प्रौद्योगिकी के उन्नयन के साथ-साथ, वर्तमान परिसंपत्तियों के प्रतिस्थापन मूल्य के आधार पर किये गये पूंजीगत उपभोग के प्रावधान का स्तर, आवश्यकताओं के संदर्भ में कम अनुमानित हो सकता है। इस दृष्टि से देखा जाए तो देशी बचत अनुपात में आयी अवरुद्धता कुछ चिंता का विषय है।

सारणी 2.2 : देशी बचत के अनुमान और निवेश अनुपात

(प्रतिशत)

क्षेत्र	वर्तमान बाजार मूल्यों पर सकल देशी उत्पाद के रूप में सकल बचत और निवेश				वर्तमान बाजार मूल्यों पर शुद्ध देशी उत्पाद के रूप में शुद्ध बचत और निवेश		
	राजकोषीय वर्ष	1986-87	1987-88 (अनंतिम)	1988-89 (प्रारंभिक अनुमान)	1986-87	1987-88 (अनंतिम)	1988-89 प्रारंभिक अनुमान
1		2	3	4	5	6	7
1. घरेलू क्षेत्र की बचत: जिनमें से		17.4	17.4	17.0	14.7	14.6	14.2
वित्तीय परिसम्पत्तियों में बचत*		8.4	8.2	7.8	9.3	9.1	8.7
2. सार्वजनिक क्षेत्र		2.7	2.0	2.1	—1.9	—2.8	—2.5
3. घरेलू निजी कम्पनी क्षेत्र		1.7	1.7	1.9	0.2	0.2	0.3
4. जोड़: घरेलू बचत		21.8	21.1	21.0	13.0	12.0	12.0
5. विदेशी संसाधन की शुद्ध आवक		2.2	2.4	2.9	2.5	2.6	3.3
6. कुल निवेश (4+5)		24.0	23.5	23.9	15.5	14.6	15.3
वर्तमान बाजार मूल्यों पर स०दे०उ०/नि० दे० उ० (करोड़ रुपये)		293,408	330,464	390,590	263,543	296,776	350,526

*इन्हें वित्तीय देयताओं के लिए समायोजित किया गया है। चूंकि वित्तीय आस्तियों में बचत में अचल आस्तियों के लिए पूंजीगत उपभोग शामिल नहीं है, इसलिए शुद्ध अनुपात सकल अनुपातों से अधिक हैं।

टिप्पणी: 1986-87 तथा 1987-88 के अनुपात उन अनुपातों से भिन्न हो सकते हैं जो बैंक के पिछले वर्ष के वार्षिक रिपोर्ट में दिये गये हैं और 1987-1988 के केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन के त्वरित अनुमानों में प्रकाशित हुए हैं, क्योंकि नये आंकड़े उपलब्ध होने के परिणामस्वरूप राष्ट्रीय आय के अनुमानों और बचत तथा निवेश के अनुपातों में संशोधन किया गया।

2.4 बढ़ते हुए पूंजीगत उपभोग के परिणामस्वरूप 1988-89 में शुद्ध बचत अनुपात 12.0 प्रतिशत अनुमानित है। सांकेतिक रूप में यदि देखा जाये तो घरेलू क्षेत्र में शुद्ध वित्तीय बचत का अनुमान पिछले वर्ष की तुलना में 11.4 प्रतिशत अधिक था। परन्तु चालू बाजार मूल्य पर शुद्ध देशी उत्पाद (नि० दे० उ०) के संदर्भ में यह 1987-88 के 9.1 प्रतिशत के स्तर से घटकर, 1988-89 में 8.7 प्रतिशत हो गया। मूल्यह्रास को घटाकर सरकारी क्षेत्र का अधिव्यय, 1986-87 में बाजार मूल्य पर शुद्ध देशी उत्पाद के 1.9 प्रतिशत के स्तर से बढ़कर, 1987-88 में 2.8 प्रतिशत पर आ गया था। 1988-89 में इसमें थोड़ी-सी वृद्धि की संभावना है। इसके अतिरिक्त निजी कंपनी क्षेत्र की शुद्ध बचत में कुछ सुधार दीख पड़ता है। क्योंकि अन्य पहलुओं में इस निष्पादन में समग्र सुधार हुआ है।

2.5 वित्तीय परिसम्पत्तियों (सकल) के रूप में घरेलू क्षेत्र की बचत का स्तर 1987-88 में शुद्ध देशी उत्पादन का 11.8 प्रतिशत था। 1988-89 में बचत का यह स्तर घटकर 11.6 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है। इसके साथ ही इस क्षेत्र की वित्तीय देयताओं में आंशिक वृद्धि हुई है अर्थात् वे 2.7 प्रतिशत से बढ़कर 2.9 प्रतिशत हो गयी है। इस प्रकार, शुद्ध वित्तीय बचत अनुपात 9.1 प्रतिशत से घटकर 8.7 प्रतिशत पर आ गया (सारणी 2.2)। बैंक जमाराशि के रूप में बचत में थोड़ी-सी वृद्धि अनुमानित है। अर्थात् यह 1987-88 के शुद्ध उत्पादन के 4.4 प्रतिशत से बढ़कर, 1988-89 में, 4.7 प्रतिशत होगी। जबकि मुद्रा के रूप में बचत 1987-88 के शुद्ध देशी उत्पाद के 1.6 प्रतिशत से घटकर, 1988-89 में, 1.3 प्रतिशत होने की आशा है। कुल वित्तीय परिसंपत्तियों (सकल) में मुद्रा और जमाराशियों का अंश कुल परिसंपत्तियों के लगभग 50 प्रतिशत पर अपरिवर्तित बना रहेगा। घरेलू क्षेत्र की वित्तीय परिसंपत्तियों (सकल) में जीवन बीमा, भविष्य निधि और पेंशन निधियों का अंश भी लगभग 25 प्रतिशत पर बने रहने की संभावना है। सार्वजनिक और निजी कंपनी क्षेत्रों के शेयरों और डिबेंचरों तथा भारतीय यूनिट ट्रस्ट के यूनिटों में किये गये निवेश के रूप में घरेलू क्षेत्र की बचत का अनुपात 1987-88 में 8.0 प्रतिशत था। इस स्तर से घटकर, 1988-89 में, इसके 7.2 प्रतिशत पर आ जाने की संभावना है। पूंजी बाजार में उछाल और भारतीय यूनिट ट्रस्ट द्वारा यूनिटों की बिक्री में तेजी आने के बावजूद यह गिरावट परिलक्षित हुई है। इसका मुख्य कारण कंपनी निधियों का बढ़ता हुआ प्रभाव है जो बचत के इन माध्यमों में, घरेलू बचतों की तुलना में उभरकर सामने आया है। सरकार की बचत राशि (मुख्यतः लघु बचत राशियां) में घरेलू क्षेत्र की बचत का अंश 1986-87 में 9.9 प्रतिशत और 1987-88 में 10.1 प्रतिशत था। अब यह अंश 1988-89 में बढ़कर 11.2 प्रतिशत होने की संभावना है। अल्प बचत के लिए दी गयीं राजकोषीय रियायतों ने घरेलू क्षेत्र द्वारा बचत की अन्य लिखतों के मुकाबले में इन लिखतों को काफी आकर्षक बना दिया है।

3. कृषि उत्पादन

3.1 1988 में मानसून की वर्षा निःसंदेह अच्छी रही। वर्षा का भौगोलिक और आवधिक वितरण भी अच्छा रहा। साथ ही खाद्यान्नों का उत्पादन बढ़ाने के लिए विशेष उपाय किये गये जिससे कृषि उत्पादन में सभी स्तरों पर समग्र वृद्धि हुई। यह 1985-86 में हासिल किये गये पिछले शिखर-उत्पादन से भी काफी अधिक रहा। योजना-अवधि के दौरान कृषि की वृद्धि-दर को बढ़ाने के अतिरिक्त, 1988-89 में

कृषि उत्पादन के क्षेत्र में कतिपय गुणात्मक परिवर्तन भी लाये गये। चावल के उत्पादन में काफी तेजी आयी जिसमें गरमी में उगाये जाने वाला चावल भी शामिल है। यह उत्पादन गेहूं के अपेक्षाकृत कम उत्पादन को संतुलित करने में भी सहायक हुआ। इस उत्पादन से उन प्रदेशों में भी क्रमिक सुधार हुआ जहां अब तक कम वृद्धि दर पायी जाती रही, विशेष रूप से पूर्वी प्रदेशों, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में। खाद्यान्नों के कुल उत्पादन में रबी के उत्पादन का अंश 1983-84 से क्रमिक रूप से बराबर बढ़ रहा है। इसमें 1988-89 में थोड़ी-सी गिरावट आयी परन्तु इस गिरावट के बावजूद उसका स्तर बराबर ऊंचा बना रहा।

मानसून की स्थिति

3.2 1988-89 का दक्षिण-पश्चिम मानसून असाधारण रूप से अच्छा था और हाल के वर्षों में यह मानसून वास्तव में सबसे अच्छा रहा। मौसम के दौरान बीच-बीच में वर्षा न होने के परिणामस्वरूप नमी में कमी आ जाती है और वर्षा में असमानता रहती है। इस तरह की प्रवृत्ति सामान्य वर्षा की स्थिति बेहतर रही। वर्षा की यह प्रवृत्ति पिछले चार वर्षों की प्रवृत्तियों से एकदम विपरीत थी, जबकि मानसून की वर्षा की मात्रा कम रही। इससे पहले वर्षा संबंधी इसी प्रकार की प्रवृत्ति में उत्पादन का सर्वोच्च स्तर 1983-84 में हासिल किया गया था। 1988 में देश के 35 मौसमी उप-खंडों में से 32 उप-खंडों में सामान्य या सामान्य से अधिक वर्षा हुई जबकि 3 उप-खंडों में अर्थात् पश्चिमी राजस्थान, पूर्वी राजस्थान और उत्तर प्रदेश के पहाड़ी इलाके में कुछ कम वर्षा हुई। यह स्थिति 1987-88 में पड़े अत्यधिक सूखे के एकदम विपरीत थी।

समग्र कृषि उत्पादन

3.3 1988-89 के दौरान कृषि उत्पादन में लगभग 23.0 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि अनुमानित है। यह वृद्धि 1987-88 में हुई 2.1 प्रतिशत की गिरावट और 1986-87 में हुई 3.7 प्रतिशत की गिरावट तथा 1985-86 में हुई 2.4 प्रतिशत की मामूली-सी वृद्धि के एकदम विपरीत है। यद्यपि सातवीं योजना के प्रथम चार वर्षों में कृषि उत्पादन की औसत वार्षिक वृद्धि 4.9 प्रतिशत निकाली गयी है और यह वृद्धि दर 4 प्रतिशत के योजना लक्ष्य से थोड़ी-सी अधिक है, फिर भी इस अवधि के दौरान कृषि उत्पादन की वृद्धि में पर्याप्त अस्थायित्व बना रहा है।

खाद्यान्न उत्पादन

3.4 मानसून की अच्छी वर्षा तथा साथ ही विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम और विशेष चावल उत्पादन कार्यक्रम के परिणामस्वरूप खाद्यान्न का कुल उत्पादन 1988-89 में 172.2* मिलियन टन रहने का अनुमान है। यह उत्पादन 1983-84 में हुई पिछले 152.4 मिलियन टन के, शिखर उत्पादन से 13.0 प्रतिशत अधिक है। पिछले वर्ष के 138.4 मिलियन टन के निम्नतर उत्पादन की तुलना में, 1988-89 में हुई वृद्धि 24.4 प्रतिशत अधिक है। खाद्यान्न के उत्पादन में खरीफ और रबी दोनों ही फसलों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। खरीफ खाद्यान्नों का उत्पादन 97.3 मिलियन टन रहने का अनुमान है जो रिकार्ड स्तर का है और पिछले वर्ष के उत्पादन से 23.4 मिलियन टन या 31.7 प्रतिशत अधिक है। रबी का खाद्यान्न उत्पादन 74.9 मिलियन टन रहा और यह भी एक रिकार्ड-स्तर का उत्पादन है। यह उत्पादन पिछले वर्ष के उत्पादन से 10.4 मिलियन टन या 16.1 प्रतिशत अधिक है।

3.5 1988-89 में चावल का उत्पादन लगभग 70.5 मिलियन टन रहने का अनुमान है जबकि, इसकी तुलना में, पिछले वर्ष का वास्तविक उत्पादन 56.4 मिलियन टन रहा था। इस प्रकार इसमें 25.0 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी। गेहूं का उत्पादन 54.1 मिलियन टन अनुमानित है जो 1987-88 के 45.1 मिलियन टन के वास्तविक उत्पादन से 20.0 प्रतिशत अधिक है। मोटे अनाज का उत्पादन 32.7 मिलियन टन अनुमानित है जबकि इसकी तुलना में, पिछले वर्ष 25.9 मिलियन टन का उत्पादन हुआ था। उत्पादन में इस वृद्धि की उल्लेखनीय विशेषता यह कि 1988-89 के दौरान दालों का उत्पादन, 35.5 प्रतिशत बढ़कर, 14.9 मिलियन टन हो गया। खरीफ के मौसम में दालों का उत्पादन 5.6 मिलियन टन रहा जो पिछले वर्ष की खरीफ मौसम के 4.3 मिलियन टन की तुलना में 30.7 प्रतिशत अधिक था। रबी के मौसम में दालों का उत्पादन 9.3 मिलियन टन रहा जो पिछले वर्ष के रबी के मौसम में हुई 6.7 मिलियन टन के उत्पादन से 38.8 प्रतिशत अधिक था।

सारणी 3.1 : खाद्यान्नों का उत्पादन

(मिलियन टन)

मद	1983-84	1984-85	1985-86	1986-87	1987-88	1988-89 (अनुमान)
1	2	3	4	5	6	7
सभी खाद्यान्न						
जिनमें से	152.4	145.5	150.4	143.4	138.4	172.2
चावल	60.1	58.3	63.8	60.6	56.4	70.5
गेहूं	45.5	44.1	47.1	44.3	45.1	54.1
मोटे अनाज	33.9	31.1	26.2	26.8	25.9	32.7
दालें	12.9	12.0	13.3	11.7	11.0	14.9
खरीफ	89.2	81.5	85.2	80.2	73.9	97.3
जिनमें से						
चावल	55.0	53.8	59.4	53.6	48.7	63.9
मोटे अनाज	28.8	25.9	21.3	22.4	20.9	27.8
दालें	5.4	4.8	4.5	4.2	4.3	5.6
रबी	63.2	61.0	65.2	63.2	64.5	74.9
जिनमें से						
चावल	5.1	4.5	4.4	7.0	7.7	6.6
गेहूं	45.5	44.1	47.1	44.3	45.1	54.1
मोटे अनाज	5.1	5.2	4.9	4.4	5.0	4.9
दालें	7.5	7.2	8.8	7.5	6.7	9.3

स्रोत : कृषि मंत्रालय

दालों का उत्पादन और उपलब्धता

3.6 1988-89 में दालों के उत्पादन में हुई मात्रात्मक वृद्धि विशेषतः उत्साहवर्धक है। क्योंकि, विशेष रूप से नौवें दशक में, दालों की अपर्याप्त उपलब्धता गंभीर चिन्ता का विषय रही थी। पिछले कुछ दशकों में दालों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता क्रमशः कम होती गयी है जिसके कारण कुपोषण के गंभीर परिणाम सामने आये हैं क्योंकि दालें समाज के अधिकांश भाग के लिए प्रोटीन का मूल स्रोत है। 1987-88 में दालों की दैनिक प्रति व्यक्ति उपलब्धता 32.2 ग्राम थी जो 1960-में उपलब्ध मात्रा के आधे से भी कम थी (सारणी 3.2)।

सारणी 3.2 : दालों की प्रति व्यक्ति उपलब्धता

वर्ष	प्रतिदिन प्रति व्यक्ति शुद्ध उपलब्धता-ग्राम	47 ग्राम प्रति दिन की न्यूनतम आवश्यकता से कमी या अधिकता का प्रतिशत@
1	2	3
1951	60.7	+29.1
1961	69.0	+46.8
1971	51.2	+8.9
1981	37.5	—20.2
1982	39.2	—16.6
1983	39.5	—16.0
1984	41.8	—11.1
1985	38.1	—18.9
1986	41.9	—10.9
1987	35.9	—23.6
1988	33.2	—29.4
1989	44.1	—6.2

@भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् द्वारा यथानिर्धारित ।

टिप्पणी : प्रति व्यक्ति उपलब्धता की गणना करने के प्रयोजन से शुद्ध उत्पादन को सकल उत्पादन के 87.5 प्रतिशत के रूप में लिया गया है । उत्पादन के शेष 12.5 प्रतिशत भाग का प्रावधान पशुखाद्य, बीज और छीजन के लिए किया गया है ।

3.7 इसके ठीक विपरीत खाद्य तेलों और वनस्पति की प्रति व्यक्ति उपलब्धता लगभग दुगुनी हो गयी है अर्थात् यह इसी अवधि के दौरान 4.0 कि०ग्रा० से बढ़कर 7.2 कि०ग्रा० प्रति वर्ष हो गयी । अध्ययनों से यह पता चलता है कि 1973 से दालों की प्रति व्यक्ति उपलब्ध मात्रा, भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् द्वारा निर्धारित न्यूनतम पोषक मात्रा, 47 ग्राम की तुलना में कम रही है । नौवें दशक में दालों की कमी 11 प्रतिशत से 29 प्रतिशत तक रही । अद्यतन वर्ष में रिकार्ड उत्पादन के बावजूद थोड़ी-सी कमी बनी रही । इसके अतिरिक्त दालों की उपलब्धता और उनके उपभोग में क्षेत्रों और आय-वर्गों के अनुसार भी महत्वपूर्ण असमानता रहेगी । दालों की दुर्लभता ने कीमतों पर भी काफी प्रभाव डाला । आधार वर्ष 1970-71=100 को ध्यान में रखकर देखा जाये तो दालों का थोक मूल्य सूचकांक, जून 1989 के अंत में 678.2 था, जो अनाज के सूचकांक अर्थात् 346.5 के मुकाबले लगभग दुगुना था । खुले सामान्य लाइसेंस के अंतर्गत दालों का आयात कर के आपूर्ति को बढ़ाने के अतिरिक्त सरकार ने 1986-87 में "राष्ट्रीय दाल विकास कार्यक्रम" प्रारंभ किया । इस कार्यक्रम का उद्देश्य विशिष्ट स्थान के अनुरूप प्रौद्योगिकी अपना कर उत्पादन में वृद्धि करना था । इसके अतिरिक्त मूल्य समर्थन कार्यकलापों पर भी विशेष बल दिया गया और उनके समर्थन मूल्यों में काफी वृद्धियां की गयीं तथा "नाफेड" को समर्थन मूल्य कार्यकलापों के परिचालन के लिए एक केन्द्रीय एजेंसी के रूप में शामिल कर दिया गया ।

दालों के उत्पादन और उनके विपणन के साथ कतिपय परंपरागत समस्याएं जुड़ी हुई हैं । दालों का उत्पादन व्यापक भौगोलिक क्षेत्र में फैला हुआ है । यह विशेष रूप से उन क्षेत्रों में फैला हुआ है जो मुख्यत वर्षा पर निर्भर रहते हैं । यह आमतौर पर छोटी-छोटी जोतों में केन्द्रित है और उनमें अकसर दालों की फसल दूसरी फसल हुआ करती है । इन संरचनात्मक विशेषताओं के कारण समर्थन मूल्य संबंधी कार्यकलाप कम प्रभावी हो पाते हैं । "राष्ट्रीय दाल विकास कार्यक्रम" के अंतर्गत दालों का उत्पादन बढ़ाने के लिए एकजुट प्रयास किये जा रहे हैं ।

उत्पादन में गुणात्मक परिवर्तन

3.8 हाल ही के वर्षों में खाद्यान्न उत्पादन की प्रवृत्तियों में कतिपय महत्वपूर्ण गुणात्मक परिवर्तन परिलक्षित हुए हैं । उत्पादन बढ़ाने में चावल का योगदान गेहूं के योगदान की अपेक्षा अधिक रहा है, जो कि हरित क्रांति के बाद के लगभग एक दशक तक की प्रवृत्ति के एकदम विपरीत है । कुल खाद्यान्न उत्पादन में रबी के मौसम का उत्पादन का अंश बराबर बढ़ता गया है (सारणी 3.1) । चावल और दालों के मामले में रबी के उत्पादन में सुधार हुआ है । फिर खाद्यान्न-उत्पादन के क्षेत्रीय परिदृश्य में भी कतिपय परिवर्तन परिलक्षित हुए हैं । हाल ही के वर्षों में पूर्वी क्षेत्र के कुछ भागों, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में उत्पादन अन्य स्थानों के उत्पादन की तुलना में बेहतर रहा है । पूर्वी क्षेत्र को 1987-88 की सूखे की स्थितियों का सामना नहीं करना पड़ा । इसके परिणामस्वरूप उस वर्ष में असम और बंगाल में चावल के उत्पादन में बढ़ोतरी हुई और खाद्यान्नों के कुल उत्पादन में भी वृद्धि हुई । इसी प्रकार सरकार द्वारा प्रारंभ किये गये विशेष उपायों के परिणामस्वरूप 1987-88 में केरल को छोड़कर सभी दक्षिणी राज्यों में चावल का उत्पादन बढ़ा है ।

सरकारी खरीद

3.9 1988-89 के राजकोषीय वर्ष के दौरान सरकारी क्षेत्र की एजेंसियों द्वारा कुल 14.2 मिलियन टन खाद्यान्न खरीदा गया । यह खरीद 1987-88 में की गयी 14.9 मिलियन टन की तुलना में कम थी । यह कमी गेहूं की कम खरीद के कारण आयी (सारणी 3.3) । राज्यवार खरीद के सन्दर्भ में यदि देखा जाये तो पंजाब में गेहूं की खरीद कुछ अधिक, अर्थात् 4.8 मिलियन टन थी, जबकि इसकी तुलना में 1987-88 में 4.4 मिलियन टन खरीद की गयी थी । चावल की खरीद का स्तर 2.9 मिलियन टन रहा जो पिछले वर्ष खरीदे गये 3.4 मिलियन टन के स्तर से कम था, क्योंकि सितम्बर 1988 के अंत में आयी बाढ़ के कारण चावल की खड़ी फसल को काफी क्षति पहुंची थी । परन्तु हरियाणा और उत्तर प्रदेश में, पिछले वर्ष की तुलना में 1988-89 में गेहूं कम और चावल अधिक खरीदा गया । आंध्र प्रदेश में चावल की खरीद लगभग उसी स्तर पर रही जिस स्तर पर यह 1988-89 में थी, परन्तु तमिलनाडु में खरीद का स्तर पिछले वर्ष के स्तर से अधिक रहा ।

सारणी 3.3 : चावल और गेहूं की सरकारी खरीद

(मिलियन टन)

वित्तीय वर्ष	सरकारी खरीद		
	चावल	गेहूं	जोड़
1	2	3	4
1984-85	9.8	9.3	19.1
1985-86	9.6	10.3	19.9
1986-87	9.4	10.5	19.9
1987-88	7.0	7.9	14.9
1988-89 (अनंतिम)	7.7	6.5	14.2
अप्रैल-जून			
1988-89	0.9	6.5	7.4
1989-90	0.8	8.8	9.6

3.10 1989 के चालू रबी मौसम के दौरान 30 जून 1989 तक कुल 8.8 मिलियन टन गेहूं खरीदा गया जबकि इसके मुकाबले पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान 6.5 मिलियन टन गेहूं खरीदा गया था, क्योंकि इस वर्ष गेहूं का रिकार्ड उत्पादन हुआ और इसके परिणामस्वरूप बाजार में बिक्री, के लिए अधिक गेहूं लाया गया। पंजाब में रबी के मौसम के दौरान प्रारंभ में गेहूं की खरीद पिछले वर्ष की खरीद से कम रही क्योंकि खुले बाजार में गेहूं का मूल्य वसूली मूल्य से काफी अधिक था, परन्तु बाद में, बाजारों में बिक्री के लिए गेहूं अधिक मात्रा में आने के कारण बाजार मूल्य में गिरावट आयी और तदनुसार सरकारी खरीद में तेजी आयी। अतः गेहूं की सरकारी खरीद 5.6 मिलियन टन रही जो पिछले वर्ष की 4.7 मिलियन टन की खरीद से अधिक थी। इसी प्रकार हरियाणा और उत्तर प्रदेश में क्रमशः गेहूं की खरीद अर्थात् 2.0 मिलियन टन और 1.1 मिलियन टन रही जबकि पिछले मौसम में क्रमशः 1.3 मिलियन टन और 0.5 मिलियन टन गेहूं खरीदा गया था। चालू खरीफ विपणन मौसम में अर्थात् अक्तूबर 1988 से 30 जून 1989 तक की अवधि में कुल 7.6 मिलियन टन चावल खरीदा गया, जबकि इसके मुकाबले पिछले मौसम की तदनुरूप अवधि में, 6.8 मिलियन टन चावल खरीदा गया था। चालू मौसम में पिछले मौसम की तुलना में हरियाणा, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश में चावल की खरीद का स्तर कुछ अधिक रहा जबकि पंजाब और आंध्र प्रदेश में यह स्तर कम रहा।

निकासी

3.11 वित्तीय वर्ष 1988-89 के दौरान केन्द्रीय पूल से कुल 18.0 मिलियन टन अनाज खुले बाजार की बिक्री सहित निकाला गया था, जो पिछले वर्ष निकाले गये खाद्यान्न की तुलना में 5.0 मिलियन टन (या 21.7 प्रतिशत) कम था (सारणी 3.4)। गेहूं की निकासी 32.0 प्रतिशत कम थी (12.8 मिलियन टन के मुकाबले 8.7 मिलियन टन)। इसका प्रमुख कारण यह था कि राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम/ग्रामीण श्रमिक रोजगार गारंटी कार्यक्रम/रोजगार गारंटी योजना कार्यक्रमों के अंतर्गत निकासी कम हुई (2.4 मिलियन टन के मुकाबले 0.6 मिलियन टन) इसी प्रकार खुले बाजार के लिए भी निकासी कम हुई (3.6 मिलियन टन के मुकाबले 1.0 मिलियन टन)। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत निकासी अधिक अर्थात् 7.1 मिलियन टन हुई जबकि इसकी तुलना में 1987-88 में 6.9 मिलियन टन की निकासी हुई थी। चावल की निकासी 9.9 प्रतिशत कम रही (10.1 मिलियन टन के मुकाबले 9.1 मिलियन टन), क्योंकि सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत निकासी कम, अर्थात् 9.0 मिलियन टन (—6.2 प्रतिशत) रही तथा राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम ग्रामीण श्रमिक रोजगार गारंटी कार्यक्रम /रोजगार गारंटी योजना कार्यक्रमों के अन्तर्गत भी निकासी कम अर्थात् 0.15 मिलियन टन (—72.7 प्रतिशत) रही।

सारणी 3.4: खाद्यान्नों की निकासी

(मिलियन टन)

वित्तीय वर्ष	चावल	गेहूं	मोटे अनाज	जोड़
1	2	3	4	5
1983-84	7.7	7.4	0.2	15.3
1984-85	6.6	6.7	0.1	13.4
1985-86	7.4	11.7 (1.6)	0.2	19.3
1986-87	9.0	10.4 (2.9)	0.2	19.6
1987-88	10.1	12.8 (3.6)	0.1	23.0
1988-89	9.1	8.7 (1.0)	0.2	18.0
अप्रैल-जून 1988	2.3	2.0 (0.4)	0.1	4.4
1989	2.0	1.6 (0.1)	0.1	3.7

टिप्पणी: कोष्ठक में दर्शाये गये आंकड़े भारतीय खाद्य निगम द्वारा गेहूं की खुली-बाजार-बिक्री दर्शाते हैं।

खाद्यान्नों का स्टॉक

3.12 मार्च 1989 के अंत में खाद्यान्नों का स्टॉक 7.4 मिलियन टन था। इसमें 2.6 मिलियन टन गेहूं और 4.6 मिलियन टन चावल था। इस स्टॉक का स्तर एक वर्ष पहले के स्तर से 2.0 मिलियन टन कम रहा (सारणी 3.5)।

3.13 खाद्यान्नों के घटे हुए स्टॉक को बढ़ाने के लिए सरकार ने 1988-89 अप्रैल-मार्च के दौरान अमेरिका से 2.0 मिलियन टन और थाइलैण्ड से 0.7 मिलियन टन का आयात किया था।

सारणी 3.5: खाद्यान्नों का स्टॉक

(मिलियन टन)

	चावल	गेहूं	मोटे अनाज	जोड़
1	2	3	4	5
मार्च के अंत में				
1983	5.2	5.6	0.2	11.0
1984	5.2	9.6	0.1	14.9
1985	8.6	12.5	0.1	21.2
1986	10.3	10.2	0.2	20.7
1987	10.0	9.4	0.1	19.5
1988	5.9	3.3	0.2	9.4
1989	4.7	2.6	0.1	7.4
जून के अंत में				
1988	4.2	7.6	0.1	11.9
1989	3.6	9.5	ऋणात्मक	13.1

वाणिज्य फसल

3.14 1988-89 के दौरान अनुकूल और वाणिज्य फसलों के लिये चलाये गये विभिन्न विकास कार्यक्रमों की मदद से तिलहन और गन्ने के उत्पादन के नये उच्चतम स्तर प्राप्त किये गये। इसी वर्ष के दौरान रूई, जूट और मेस्ता के उत्पादन में फिर से सुधार हुआ (सारणी 3.6)।

3.15 1988-89 के दौरान कपास का उत्पादन 86.9 लाख गांठें अनुमानित है जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष का उत्पादन 64.3 लाख गांठें और 1985-86 में कपास का उत्पादन सर्वोच्च शिखर अर्थात् 87.3 लाख गांठों तक पहुंच गया था। इसी प्रकार आलोच्य वर्ष में तिलहन का उत्पादन 17.8 मिलियन टन रहा जबकि पिछले वर्ष के दौरान यह 12.4 मिलियन टन था। यह उत्पादन 1984-85 के पहले के सर्वोच्च स्तर अर्थात् 13.0 मिलियन टन से अधिक है।

सारणी 3.6 : वाणिज्य फसलों का उत्पादन

फसल	इकाई	1983-84	1984-85	1985-86	1986-87	1987-88	1988-89 (अनुमान)
1	2	3	4	5	6	7	8
तिलहन	मि० ट०	12.7	13.0	10.8	11.3	12.4	17.8
गन्ना	मि० ट०	174.1	170.3	170.7	186.1	196.7	197.3
रूई*	लाख गांठें	63.9 (75.2)	85.1 (101.5)	87.3 (107.0)	69.1 (95.0)	64.3 (90.0)	86.9 (104.0)
जूट और मेस्ता*	लाख गांठें	77.2	77.9	126.5	86.2	67.8	77.6

कोष्ठक में दिये गये आंकड़े रूई सलाहकार बोर्ड के अनुमान है।
*रूई की एक गांठ 170 कि०ग्रा० की तथा जूट और मेस्ता की एक गांठ 180 कि० ग्रा० की होती है।

3.16 उत्पादन बढ़ाने के बावजूद रेशे के लिए बढ़ती हुई मांग ने कपास और पटसन के मूल्यों पर दबाव रखा और इसीलिए 1988-89 के दौरान भारतीय कपास निगम और भारतीय जूट निगम के कार्यकलाप मूल्य समर्थन के बजाय मुख्यतः वाणिज्यिक खरीद पर ही अधिक केन्द्रित रहे। भारतीय कपास निगम ने रूई के चालू मौसम के दौरान (सितम्बर-अगस्त 1988-89 अर्थात् 30 जून 1989 तक (5.69 लाख गांठों की खरीद की, जबकि पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में 6.46 लाख गांठों को खरीद को गयी थी। महाराष्ट्र राज्य एकाधिकार खरीद योजना के अन्तर्गत जून 1989 के अंत तक कुल 11.42 लाख गांठें खरीदी गयी जो पिछले वर्ष खरीदी गयीं 12.30 लाख गांठों की तुलना में थोड़ी-सी कम थी। जूट से बनी वस्तुओं के लिए स्थानीय मांग बढ़ने के कारण पटसन के मूल्य समर्थन मूल्यों से काफी अधिक रहे और इसलिये मूल्य समर्थन संबंधी कार्यकलाप विशेष महत्व के नहीं थे। भारतीय जूट निगम ने लगभग पूर्णतः वाणिज्यिक आधार पर इस वर्ष पटसन की 6.8 लाख गांठें खरीदीं, जबकि पिछले वर्ष ही संपूर्ण मौसम के दौरान इसने 5.4 लाख गांठें खरीदी थीं। आलोच्य वर्ष के दौरान तिलहनों की फसल काफी अच्छी होने के कारण खाद्य तेलों के मूल्यों में कुछ गिरावट आयी। इस गिरावट के संदर्भ में भारत सरकार ने जनवरी 1989 में "तेल और तिलहनों विषयक समन्वित नीति" की घोषणा की। राष्ट्रीय डेरी-विकास बोर्ड को यह जिम्मेदारी सौंपी गयी कि वह उपर्युक्त सीमा के भीतर उन मूल्यों को बनाए रखे।

आपूर्ति और मांग में संतुलन

3.17 खाद्यान्नों का और नकदी फसलों का रिकार्ड उत्पादन होने के परिणामस्वरूप 1988-89 के दौरान समग्र उपलब्धता में काफी वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप अनेक पण्यों में पिछले वर्ष की आपूर्ति और मांग से उत्पन्न असंतुलन में सुधार परिलक्षित हुआ। 1987-88 के वित्तीय वर्ष के दौरान 918 करोड़ रुपये की विदेशी मुद्रा की लागत पर 19.7 लाख टन खाद्य तेल का आयात किया गया था। यह आयात 1988-89 के दौरान कम रहने की आशा है। 1988-89 के दौरान (जनवरी 1989 तक) कुल 11.0 लाख टन खाद्य तेलों का आयात किया गया जिनका मूल्य 769 करोड़ रुपये है।

4. औद्योगिक उत्पादन की प्रवृत्तियां

4.1 1988-89 (अप्रैल-मार्च) के दौरान समग्र औद्योगिक उत्पादन में काफी सुधार हुआ। औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 8.8 प्रतिशत रही जबकि, उसकी तुलना में, 1987-88 में यह 7.3 प्रतिशत थी। इसके अतिरिक्त, यह वृद्धि, पिछले वर्ष के मुकाबले, उद्योगों के काफी व्यापक वर्ग में फैली हुई पायी गयी। औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि में आधारभूत उद्योग, अन्य मूल उद्योग, बहुसंख्य मध्यवर्ती और पूंजीगत वस्तु उद्योगों ने उत्पाद की वृद्धि में योगदान का नेतृत्व किया। टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की भूमिका भी महत्वपूर्ण रही। यात्री कार, दुपहिये और तिपहिये वाहनों, उनके अतिरिक्त पूर्जों, और मोटर की सहायक वस्तुओं, घरेलू रेफ्रिजरेटरों और टेलीफोन उपकरणों के उद्योगों ने अच्छी वृद्धि दर्शायी। गैर-टिकाऊ में खाद्य अभिसंस्करण उद्योगों ने उत्पादन में बढ़ोतरी दर्शायी। सूती वस्त्र उद्योग के उत्पादन में आयी गिरावट एक बड़ी निराशाजनक बात रही। पूंजीगत वस्तुओं में औद्योगिक इलेक्ट्रनिकी (विशेष रूप से कम्प्यूटर प्रणाली और कम्प्यूटर के सहायक उपकरणों) के उत्पादन में पिछले वर्ष उल्लेखनीय वृद्धि के बाद गतिरोध परिलक्षित हुआ।

4.2 आलोच्य वर्ष के दौरान वृद्धि में आपूर्ति और मांग इन दोनों तत्वों का संयुक्त योगदान रहा। ऐसा प्रतीत होता है कि अनुरक्षण और पूंजीगत वस्तुओं के आयात की अधिक सुविधा के कारण अनेक उद्योगों की क्षमता के उपयोग में सुधार आया है। आलोच्य वर्ष के दौरान औद्योगिक लाइसेंसीकरण के विनियमों में ढील देने के लिए और कदम उठाये गये। इनमें से अप्रैल 1988 और मार्च 1990 के दरम्यान अधिकतम उत्पादन पर क्षमता-पुष्टि (कैपेसिटी एन्डोर्समेंट) प्रदान करने की सुविधा ने संभवतः आलोच्य वर्ष के दौरान उत्पादन बढ़ाने में सहायता पहुंचाई है। आधारभूत उद्योगों के उत्पादन में हुआ सुधार भी अन्य उद्योगों के उत्पादन वृद्धि में सहायक तत्व रहा। जहां तक मांग का प्रश्न है, विनिर्मित वस्तुओं के निर्यात में तीव्र वृद्धि और उच्चतर निवेश मांग ने पूंजीगत वस्तु उद्योगों के उत्पादन को बढ़ावा दिया।

4.3 कृषि की सुधरी हुई स्थिति के संदर्भ में उत्पादन वृद्धि में उर्वरकों और कीटनाशकों की अधिक मांग स्पष्टतः परिलक्षित होती है। इसके ठीक विपरीत सूखे की स्थिति में सुधार होने के बाद डीजल इंजनों और बिजली तथा डीजल से चलने वाले जनरेटरों की मांग में गिरावट आयी और इसका प्रभाव उनके उत्पादन पर पड़ा। कृषि उत्पादन में तीव्र सुधार होने के बावजूद सूती वस्त्र जैसे उपभोक्ता वस्तुओं की मांग फिर से नहीं बढ़ी। ऐसा प्रतीत होता है कि उन क्षेत्रों में तथा चीनी, चाय, वनस्पति, कागज, और गन्ने जैसे कृषि-आधारित अन्य अनेक उद्योगों में मांग और आपूर्ति के कुछ जटिल तत्व क्रियाशील रहे हैं। उन सब में 1988-89 में उत्पादन की वृद्धि दर पिछले वर्ष की तुलना में कम रही। इसके विभिन्न कारण हैं। चीनी उद्योग में गुड़ और खांडसारी विनिर्माताओं के बीच गन्ने के लिए स्पर्धा, वनस्पति उद्योग में आयातित खाद्य तेलों की कम की गयी आपूर्ति कागज उद्योग में लुगदी बनाने से सम्बन्धित वनों से प्राप्त होने वाली कच्ची सामग्री की अत्यधिक कमी के कारण

क्षमता का उपयोग हो पाया। चाय और काफी उद्योग में जलवायु सम्बन्धी विभिन्न क्षेत्रीय परिस्थितियों ने उत्पादन को प्रभावित किया।

वार्षिक प्रवृत्तियां

4.4 केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन के औद्योगिक उत्पादन के सामान्य सूचकांक (आधार: 1980-81) के अनुसार वित्तीय वर्ष 1988-89 के दौरान औद्योगिक उत्पादन में 8.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी जो 1987-88 में दर्ज 7.3 प्रतिशत की वृद्धि से अधिक है। औद्योगिक उत्पादन को वृद्धि दर सातवीं योजना के प्रथम वर्ष अर्थात् 1985-86 में 8.7 प्रतिशत हो गयी थी, इससे बढ़कर यह 1986-87 में 9.1 प्रतिशत हो गई। 1987-88 में यह घटकर 7.3 प्रतिशत हो गयी और 1988-89 में उसमें फिर सुधार प्रारंभ हुआ (सारणी 4.1) सातवीं योजना के प्रथम चार वर्षों (1985-86 से 1988-89 तक) में औद्योगिक उत्पादन की औसत वृद्धि दर सातवीं योजना के 8.0 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले 8.5 प्रतिशत रही। फिर भी, इस वृद्धि का उद्योग वार स्वरूप उस स्वरूप के कुछ भिन्न रहने की संभावना है जोकि सातवीं योजना में संकल्पित था। इस प्रकार सूती और जूट के वस्त्रों, दवाइयों और मिश्रणों का उत्पादन निर्धारित लक्ष्य से काफी कम रहने की संभावना है जबकि पोलिएस्टर स्टेपल फाइबर, पोलिएस्टर फिलामेंट यार्न, उपभोक्ता इलेक्ट्रानिक वस्तुओं, वाणिज्यिक वाहनों और दुपहिया वाहनों का उत्पादन लक्ष्य से अधिक रहने की आशा है।

सारणी 4.1: औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक की प्रवृत्तियां

(आधार 1980-81=100)

क्षेत्र	खनन और उत्पादन		विनिर्माण		बिजली		सामान्य सूचकांक	
भार	(11.46)		(77.11)		(11.43)		(100.00)	
वर्ष	सूचकांक	वृद्धि दर (प्रतिशत)	सूचकांक	वृद्धि दर (प्रतिशत)	सूचकांक	वृद्धि दर (प्रतिशत)	सूचकांक	वृद्धि दर (प्रतिशत)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
वार्षिक यौगिक वृद्धि दर								
1970-71 से 1980-81@	—	+4.3	—	+4.0	—	+7.2	—	+4.3
1980-81 से 1984-85@@	—	+12.6	—	+5.7	—	+8.9	—	+6.9
1984-85 से 1988-89@@	—	+5.5	—	+8.9	—	+9.0	—	+8.5
वार्षिक दर								
1985-86	167.5	+4.2	136.9	+9.7	152.4	+8.5	142.1	+8.7
1986-87	177.9	+6.2	149.7	+9.3	168.1	+10.3	155.1	+9.1
1987-88	184.6	+3.8	161.5	+7.9	181.0	+7.7	166.4	+7.3
1988-89	199.0	+7.8	175.8	+8.9	198.1	+9.4	181.0	+8.8

@यौगिक वृद्धि दर सूचकांकों की 1970 की श्रृंखलाओं पर आधारित।

@@आधार 1980-81=100 यौगिक वृद्धि।

तिमाही प्रवृत्तियां

4.5 1988-89 में औद्योगिक उत्पादन के तिमाही औसत सूचकांक अनियमित थे जबकि पिछले वर्ष की स्थिति इसके विपरीत थी; तब तिमाही वृद्धि दरें लगातार कम होती गयीं क्योंकि इन पर सूखे का विपरीत प्रभाव पड़ा था। 1988-89 की प्रथम तिमाही (अप्रैल-जून) में स्थिति में परिवर्तन आया और सूखे के प्रलम्बित परिणामों के बावजूद वृद्धि दर काफी बढ़कर 12.7 प्रतिशत पर पहुंच गयी। ताप बिजली, बिक्री योग्य इस्पात, सीमेंट जैसे अनेक उद्योग और कृषि पर आधारित जूट वस्त्र, आटा पिसाई और चीनी उद्योगों ने इस तिमाही के दौरान उच्च वृद्धि दर दर्ज की। दूसरी तिमाही में वृद्धि दर घटकर 6.3 प्रतिशत हो गयी, परन्तु पुनः 1988-89 के तीसरी तिमाही में बढ़कर 9.9 प्रतिशत हो गयी, (सारणी 4.2)। दूसरी तिमाही (जुलाई-सितम्बर 1988) के दौरान अनियमितता की यह प्रवृत्ति कुछ सीमा तक बिजली की वृद्धि दर में तीव्र गिरावट के कारण मानी जा सकती है। इस अवधि के दौरान यह घटकर केवल 1.9 प्रतिशत रह गयी जबकि पिछले वर्ष की तदनुरूप तिमाही में बिजली की वृद्धि दर 10.0 प्रतिशत थी और पिछली तिमाही (अप्रैल-जून 1988) में यह 10.4 प्रतिशत थी। ताप बिजली के उत्पादन में पिछले वर्ष की तदनुरूप तिमाही में हुई 20.7 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले आलोच्य वर्ष में 2.5 प्रतिशत की गिरावट आयी। इसका कारण यह माना जा सकता है कि पिछले वर्ष संयंत्रों के ऊपर अधिक दबाव पड़ने के कारण इस वर्ष, नियोजित रख-रखाव के लिए कुछ संयंत्रों को बंद करना पड़ा। साथ ही साथ इस यूनिट का दूसरा कारण यह भी था कि पन बिजली के निर्माण में सुधार होने के कारण कुछ यूनिटों का उत्पादन कम किया गया। मानसून की अच्छी वर्षा होने के बाद जुलाई 1988 से पन बिजली निर्माण में काफी सुधार हुआ। इससे आलोच्य वर्ष में पन बिजली निर्माण में 50.5

सारणी 4.2: तिमाही आधार पर औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक की प्रवृत्तियां

(आधार : 1980-81-100)

	सामान्य सूचकांक		खनन और उत्खनन		विनिर्माण		बिजली	
भार	100.00		11.46		77.11		11.43	
अवधि/वर्ष	1987-88	1988-89	1987-88	1988-89	1987-88	1988-89	1987-88	1988-89
1	2	3	4	5	6	7	8	9
अप्रैल-जून	155.3	175.0	171.6	182.0	150.2	171.5	172.8	190.7
	(+11.2)	(+12.7)	(+5.7)	(+6.1)	(+12.5)	(+14.2)	(+8.5)	(+10.4)
जुलाई-सितम्बर	160.5	170.6	166.9	175.7	156.3	167.6	182.6	186.1
	(+9.9)	(+6.3)	(+5.0)	(+5.3)	(+10.7)	(+7.2)	(+10.0)	(+1.9)
अक्टूबर-दिसम्बर	166.8	183.3	189.4	206.6	161.6	176.9	179.4	203.5
	(+6.2)	(+9.9')	(+4.1)	(+9.1)	(+6.8)	(+9.5)	(+4.5)	(+13.4)
जनवरी-मार्च	183.0	195.2	210.5	231.7	177.9	187.2	189.1	212.1
	(+3.2)	(+6.7)	(+1.1)	(+10.1)	(+2.8)	(+5.2)	(+7.6)	(+12.2)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े पिछले वर्ष के तदनुरूप आंकड़ों की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।

प्रतिशत की वृद्धि परिलक्षित हुई जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष की तदनुरूप तिमाही में 10.1 प्रतिशत की वृद्धि पायी गयी थी। सूती वस्त्र जैसे कृषि पर आधारित कतिपय उद्योग पिछले वर्ष के सूखे के दुष्प्रभाव से तीसरी तिमाही तक भी उबर नहीं पाये थे। सारणी 4.3 में 1988-89 तथा 1987-88 की समग्र सूचकांक की मासिक वृद्धि दर दर्शायी गयी है।

सारणी 4.3: औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक-सामान्य सूचकांक: माहवार वार्षिक घट-बढ़

(आधार : 1980-81-100)

माह	सूचकांक			प्रतिशत घट-बढ़	
	1986-87	1987-88	1988-89	1986-87 की तुलना में 1987-88	1987-88 की तुलना में 1988-89
1	2	3	4	5	6
अप्रैल	137.5	156.7	170.8	+14.0	+9.0
मई	139.9	149.6	174.0	+6.9	+16.3
जून	141.8	159.5	180.1	+12.5	+12.9
जुलाई	144.0	165.9	170.3	+15.2	+2.7
अगस्त	141.7	155.6	169.7	+7.5	+9.1
सितम्बर	149.7	160.1	171.9	+6.9	+7.4
अक्तूबर	152.8	158.1	174.7	+3.5	+10.5
नवम्बर	152.4	166.6	181.0	+9.3	+8.6
दिसम्बर	166.2	175.8	194.3	+5.8	+10.5
जनवरी	174.1	175.0	191.8	+0.5	+9.6
फरवरी	169.4	177.3	185.6	+4.7	+4.7
मार्च	188.6	196.6	208.1	+4.2	+5.8

क्षेत्रवार प्रवृत्तियां

4.6 1988-89 (मार्च-अप्रैल) के दौरान समग्र औद्योगिक वृद्धि उच्चतर अर्थात् 8.8 प्रतिशत थी। यह वृद्धि आगे उल्लेखित सभी तीन क्षेत्रों के बेहतर कार्य निष्पादन के कारण आयी। खनन और उत्खनन, (3.8 प्रतिशत के मुकाबले 7.8 प्रतिशत), विनिर्माण (7.9 प्रतिशत के मुकाबले 8.9 प्रतिशत) और बिजली (7.7 प्रतिशत के मुकाबले 9.4 प्रतिशत)। विशेष रूप से चालू राजकोषीय वर्ष के उत्तरार्ध में बिजली और विनिर्माण क्षेत्रों के बेहतर उत्पादन में मानसून की अच्छी वर्षा और कृषि आधारित कच्ची सामग्री की अधिक उपलब्धता से सहायता मिली। विनिर्माण क्षेत्र अधिक विद्युतशक्ति की उपलब्धता और निवेश तथा निर्यात क्षेत्रों की बेहतर मांग, दोनों से लाभान्वित हुए। सातवीं योजना के प्रथम चार वर्षों अर्थात् 1985-86 से 1988-89 तक की अवधि के दौरान खनन और उत्खनन क्षेत्र की वार्षिक औसत वृद्धि दर 5.5 प्रतिशत के स्तर पर थी। यह वृद्धि दर कम थी क्योंकि अपरिष्कृत पेट्रोलियम की वृद्धि धीमी थी। विनिर्माण और बिजली इन दोनों क्षेत्रों की वृद्धि दर 9.0 प्रतिशत रही। यह वृद्धि, योजना की अवधि के दौरान समग्र औद्योगिक उत्पादन की प्रत्याशित वृद्धि दर से अधिक थी। 1988-89 के दौरान समग्रतः विनिर्माण क्षेत्र की वृद्धि दर में हुआ सुधार, पिछले वर्ष की ही तरह सुसंगत रूप से व्यापक था। विनिर्माण क्षेत्र के सत्रह प्रमुख औद्योगिक समूहों के सम्बन्ध में 1988-89 की अप्रैल-मार्च की अवधि के लिए उपलब्ध आंकड़ों से यह संकेत मिलता है कि सम्पूर्ण वृद्धि का 64.31 प्रतिशत भारण वाले पन्द्रह औद्योगिक समूहों का था जबकि, इसकी तुलना में, 1987-88 में ग्यारह औद्योगिक समूहों का भारांक 63.03 प्रतिशत था। जिन उद्योग समूहों ने गिरावट दर्शायी उनकी संख्या छः से घटकर दो पर आ गयी। वस्त्र उत्पाद, रसायन और रसायन के उत्पाद तथा उर्वरक और गैर-धात्विक खनिज उत्पाद, इन तीन उद्योग समूहों में से प्रत्येक उद्योग समूह ने 1988-89 में 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज की (सारणी 4.4)। उर्वरकों के लिए अतिरिक्त घरेलू मांग के अलावा, निर्यात मांग ने इन उद्योगों में से कुछ उद्योगों के उत्पादन में गतिशीलता पैदा की। मादक पेय और तम्बाकू इत्यादि, जूट से बने वस्त्र, रबड़, प्लास्टिक और पेट्रोलियम उत्पाद, परिवहन उपस्कर, मशीनरी और मशीनी औजार और विविध उत्पाद इन छह उद्योग समूहों में 7 प्रतिशत और 16 प्रतिशत के दरम्यान वृद्धि परिलक्षित हुई। लकड़ी और लकड़ी के उत्पाद, कागज

और कागज उत्पाद, धातु उत्पाद और बिजली संबंधी मशीनरी और उपकरण (जिनमें कम्प्यूटर और कम्प्यूटर के सहायक उपकरण जैसी इलेक्ट्रानिक मदें शामिल हैं) मूल और मिश्र धातु उत्पाद तथा खाद्य उत्पाद सहित छह उद्योग समूहों में 7 प्रतिशत तक वृद्धि परिलक्षित हुई। इनमें से दो उद्योग समूहों ने हालांकि धनात्मक वृद्धि दर दर्ज की परन्तु यह काफी कम थी, ये उद्योग थे विद्युत मशीनें और उपकरण (इलेक्ट्रानिक मदों सहित) (पिछले वर्ष के 31.6 प्रतिशत के मुकाबले 4.6 प्रतिशत) और विविध उत्पाद (पिछले वर्ष के 15.6 प्रतिशत के मुकाबले 11 1 प्रतिशत)। शेष दो उद्योग समूहों, अर्थात् सूती वस्त्र और चमड़ा और चमड़े के उत्पाद ने 1988-89 की अवधि के दौरान नकारात्मक वृद्धि दर्शायी, हालांकि तैयार वस्त्र और चमड़े के उत्पादों में उल्लेखनीय सुधार हुआ। इससे देशी निकासी में मंदी के संकेत मिलते हैं। एक उल्लेखनीय प्रवृत्ति यह रही कि पांच उद्योग समूह, अर्थात् मादक पेय और तम्बाकू, लकड़ी और लकड़ी से बनी उत्पाद, जूट वस्त्र, अधात्विक खनिज उत्पाद (सीमेंट सहित) और मशीनें तथा मशीनी औजार में विपर्ययी प्रवृत्ति परिलक्षित हुई अर्थात् पिछले वर्ष की गिरावट के विपरीत उनके उत्पादन में बढ़ोतरी दर्ज की गयी।

4.7 1988-89 के दौरान स्वचालित वाहन उद्योगों में बिक्री की वृद्धि उल्लेखनीय रूप से अधिक थी। यात्री कार और जीप, तिपहिए-वाहन और मोटर-साइकल और स्कूटर के संबंध में उत्पादन तथा बिक्री में हुई बढ़ोतरी 1988-89 के लिए 9.4 प्रतिशत और 30 प्रतिशत से अधिक तक के दरम्यान रही। इन वाहनों के लिए मांग बढ़ने के अतिरिक्त रेल बोगियों के उत्पादन में भी अधिक बढ़ोतरी की प्रवृत्ति पायी गयी। 1988-89 (अप्रैल-मार्च) के दौरान वाणिज्य वाहनों के उत्पादन की वृद्धि दर 5 7 प्रतिशत के स्तर पर थी जो 1987-88 के 11.8 प्रतिशत की तुलना में कम थी। हल्के वाणिज्य वाहनों की कम वृद्धि दर अधिक उल्लेखनीय रही (अर्थात् यह 173 प्रतिशत के मुकाबले 2.5 प्रतिशत रही) मध्यम और भारी वाणिज्यिक वाहनों का उत्पादन 1988-89 में 7.9 प्रतिशत था जबकि इसके मुकाबले पिछले वर्ष बढ़ोतरी 8.4 प्रतिशत की थी। इसी प्रकार हल्के वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में साधारण बढ़ोतरी हुई (अर्थात् 17.6 प्रतिशत के मुकाबले 5.0 प्रतिशत)। इसके परिणामस्वरूप इस प्रकार के वाहनों के स्टॉक में मार्च 1989 के अंत में मार्च 1988 के स्टॉक की तुलना में गिरावट आयी और गिरावट का प्रतिशत 40 प्रतिशत से थोड़ा अधिक था।

सारणी 4 4. प्रमुख उद्योग समूह के औद्योगिक उत्पादन के सूचकांक

(आधार : 1980-81-100)

क्रम संख्या	मद	भार	अप्रैल-मार्च (औसत) 1986-87	1987-88	1988-89
1	2	3	4	5	6
	अप्रैल-मार्च 1988-89 के दौरान वृद्धि दरों के अनुसार) धनात्मक 0 से 7 प्रतिशत				
1.	लकड़ी और लकड़ी से बनी वस्तुएं	0.45	246.1	161.7 (—34.3)	171.7 (+6 2)
2.	कागज और कागज के उत्पाद	3.23	163.2	166.3 (+1.9)	171.3 (+3.0)
3	धातु से बनी वस्तुएं	2.29	124.4	129 6 (+4.2)	133 5 (+3.0)
4	बिजली की मशीनें	5.78	254.7	335 2 (+31.6)	350.6 (+4 6)
5.	मूल धातु और मिश्र धातु	9 80	126 8	135 6 (+6.9)	144 9 (+6.9)
6.	खाद्य उत्पाद	5.33	133 2	139.0 (+4.1)	148.2 (+6 6)
	7 प्रतिशत से ऊपर 15 प्रतिशत तक				
7	पेय, तम्बाकू इत्यादि	1.57	98.5	84.9 (—13.8)	92.1 (+8.5)
8	जूट के वस्त्र	2.00	101 1	91.0 (—10.0)	101.4 (+11.4)
9.	मशीनें, और मशीनी औजार	6.24	141.8	139.2 (—1.8)	160.0 (+14 9)
10.	रबड़ प्लास्टिक और पेट्रोलियम उत्पाद	4.00	149.6	155.1 (+3.7)	168.9 (+8.9)
11	परिवहन उपस्कर	6.39	144.9	151.8 (+4.8)	171.4 (+12.9)
12.	विविध	0.90	235.4	272.1 (+15.6)	302.2 (+11.1)
	15 प्रतिशत से अधिक				
13.	वस्त्र उत्पाद	0.82	87.1	91.8 (+5.4)	134.2 (+46.2)
14.	रसायन और रसायन के उत्पाद	12.51	175.5	200.9 (+14.5)	233.4 (+16 2)
15.	अधात्विक खनिज उत्पाद	3 00	160.3	158.1 (—1.4)	184.6 (+16.8)
	ऋणात्मक				
16.	सूती वस्त्र	12.31	112.5	111.2 (—1.2)	107.5 (—3.3)
17.	चमड़ा और चमड़े की वस्तुएं	0.49	177.7	185.5 (+4.4)	177.4 (—4.4)
	कुल विनिर्माण	77.11	149.7	161.5 (+7.9)	175.8 (+8.9)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े पिछले वर्ष के तदनुरूप आंकड़ों की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं।

आधारभूत संरचना

4.8 1988-89 के दौरान औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि में आधारभूत उद्योगों का बेहतर कार्य निष्पादन बहुत सहायक रहा। छः आधारभूत उद्योगों (अर्थात् बिजली, लिग्नाइटरहित कोयला, कच्चा पेट्रोलियम, पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद, विक्रीयोग्य इस्पात, और सीमेंट) का मिला-जुला सूचकांक 9 अर्थात् 8.1 प्रतिशत रहा जिसमें औद्योगिक सूचकांक (आधार : 1980-81-100) का योगदान 28.77 प्रतिशत

सारणी 4.5 : मूलभूत उद्योगों के उत्पादन की प्रवृत्तियां

उद्योग	यूनिट	भार	अप्रैल-मार्च के दौरान उत्पादन		
			1986-87	1987-88	1988-89
1	2	3	4	5	6
1. बिजली	मिलियन कि० वाट	11.43	187,605 (+10.4)	201,894 (+7.6)	220,978 (+9.5)
(क) जलविद्युत			53,900	47,396 (—12.1)	57,742 (+21.8)
(ख) थर्मल (न्यूक्लीयर सहित)			133,900	154,498 (+15.4)	163,236 (+5.6)
2. कोयला (लिग्नाइट को छोड़कर)	मिलि० टन	6.61	165.69 (+7.5)	179.71 (+8.5)	194.62 (+8.3)
3. बिक्री योग्य इस्पात	हजार टन	5.21	8218.0 (+5.7)	8588.0 (+4.5)	9205.6 (+7.2)
4. कच्चा पेट्रोलियम	—वही—	2.41	30,481 (+1.0)	30,357 (—0.4)	32,025 (+5.5)
5. पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पाद	—वही—	1.52	43,255 (+7.5)	44,402 (+2.7)	45,384 (+2.2)
6. सीमेंट	—वही—	1.60	36,590 (+10.5)	39,550 (+8.1)	43,912 (+11.0)
कुल मूलभूत उद्योग (सूचकांक: आधार : 1980-81=100)		28.27	168.6 (+7.5)	178.7 (+6.0)	193.1 (+8.1)

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े पिछले वर्ष के तदनरूप आंकड़ों की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं ।

था; मिलेजुले सूचकांक की इस वृद्धि की तुलना में पिछले वर्ष 6.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, (सारणी 4.5) । 1988-89 (अप्रैल-मार्च) में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि में इन छः उद्योगों का योगदान एक तिहाई से कुछ अधिक रहा । ठीक इतना ही योगदान पिछले वर्ष भी था । छः संरचनात्मक उद्योगों में से बिजली, बिक्रीयोग्य इस्पात, अपरिष्कृत पेट्रोलियम और सीमेंट उद्योगों की वृद्धि दर उल्लेखनीय रही जबकि कोयला और पेट्रोलियम रिफाइनरी उत्पादों की वृद्धि दर में मामूली गिरावट परिलक्षित हुई । अपरिष्कृत पेट्रोलियम के मामले में विपर्ययी प्रवृत्ति पायी गयी अर्थात् 1987-88 के 0.4 प्रतिशत की गिरावट के ठीक विपरीत 5.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई । इस क्षेत्र में 1984-85 से 1987-88 की अवधि के दौरान वस्तुतः अवरोध बना हुआ था । बिजली निर्माण में वृद्धि का मुख्य कारण जल विद्युत में उल्लेखनीय वृद्धि थी जो मानसून की अच्छी वर्षा होने के परिणामस्वरूप आयी थी । वस्तुतः जल विद्युत निर्माण में विपरीत प्रवृत्ति परिलक्षित हुई, अर्थात् 1987-88 के दौरान उसमें 12.1 प्रतिशत की गिरावट आयी थी, इसके ठीक विपरीत 1988-89 में 21.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई । जैसा कि पहले कहा गया है, ताप (परमाणु सहित) बिजली निर्माण की वृद्धि दर में गिरावट आयी है क्योंकि संयंत्रों को अनुरक्षण के लिए योजना-बद्ध ढंग से बंद किया गया और इसके परिणामस्वरूप संयंत्र भार गुणांक (प्लांट लोड फैक्टर) 55.0 प्रतिशत रहा जो 1987-88 के 56.5 प्रतिशत की तुलना में कम है । परन्तु आशा है कि यह गिरावट थोड़े समय के लिए रही है क्योंकि 1985-86 से संयंत्र भार गुणांक में क्रमिक वृद्धि होती रही है ।

उद्योगवार परिदृश्य

4.9 155 उद्योगों के संबंध में उपलब्ध उद्योगवार आंकड़ों के विश्लेषण से औद्योगिक उत्पादन संबंधी कतिपय रोचक विशेषताओं का पता चलता है । औद्योगिक उत्पादन के सामान्य सूचकांक में इन उद्योगों का कुल योगदान 85.5 प्रतिशत है । पहली विशेषता यह है कि 1988-89 में पिछले वर्ष की तुलना में उत्पादन विस्तार का सापेक्षिक आधार अधिक व्यापक था । सारणी 4.6 में दिखाये अनुसार पिछले दो वर्षों के दौरान प्रतिशत परिवर्तन की व्यापकता के आधार पर इन 155 उद्योगों के आवर्ती वितरण से यह पता चलता है कि औद्योगिक उत्पादन ने 1988-89 के दौरान संख्या के रूप में तीन चौथाई (119) से कुछ अधिक और भारांक के रूप से 68.8 प्रतिशत वृद्धि दर्शायी है जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष 81 उद्योगों ने भारांक में 61.7 प्रतिशत वृद्धि दर्शायी थी । इनमें से 68 उद्योगों का भार 23.0 प्रतिशत था, जिसने 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि दर दर्ज की, जबकि पिछले वर्ष 33 उद्योगों का भार 11.3 प्रतिशत था । 1988-89 में 36 उद्योगों का भार 16.7 प्रतिशत था जो 1987-88 में 74 उद्योगों के 23.8 प्रतिशत भार के मुकाबले काफी कम है ।

सारणी 4.6 : 1987-88 और 1988-89 (दोनों अप्रैल-मार्च) के दौरान वृद्धि दरों के आधार पर 155 उद्योगों का आवर्ती वितरण

वृद्धि की व्यापकता	अप्रैल 1987-मार्च 1988		अप्रैल 1988-मार्च 1989	
	भार	उद्योगों की संख्या	भार	उद्योगों की संख्या
1	2	3	4	5
धनात्मक				
25% से अधिक	5.2	16	9.2	36
25% से 10% तक	6.1	17	13.8	32
10% से 5% तक	26.4	19	32.3	30
5% से 0% तक	24.0	29	13.5	21
उप-जोड़	61.7	81	68.8	119
ऋणात्मक				
0% से —5% तक	7.4	22	9.2	15
—5% से —10% तक	6.5	15	3.6	5
—10% से —25% तक	7.6	28	2.8	12
—25% से नीचे	2.3	9	1.1	4
उप-जोड़	23.8	74	16.7	36
जोड़	85.5	155	85.5	155

4.10 दूसरी विशेषता यह है कि पूंजीगत वस्तु उद्योगों के उत्पादन में परिवहन, ऊर्जा और विनिर्माण के क्षेत्र में समग्र वृद्धि परिलक्षित हुई। इस उद्योग समूह में 32 उद्योगों में से 21 उद्योगों ने 1988-89 में वृद्धि दर्ज की जबकि इसके मुकाबले 1987-88 में 14 उद्योगों ने वृद्धि दर्ज की थी। निवेशोन्मुख वस्तुओं के उद्योगों में से जिन उद्योगों के उत्पादन में वृद्धि हुई वे इस प्रकार हैं: कागज और लुगदी बनाने की मशीनरी (3.7 प्रतिशत के मुकाबले 3.3 प्रतिशत की गिरावट) मशीनी औजार (25.7 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 17.2 प्रतिशत) बॉल और रोलर बेयरिंग (13.9 प्रतिशत के मुकाबले 55.5 प्रतिशत), ट्रांस्मिशन टॉवर (55.2 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 72.2 प्रतिशत), विद्युत ट्रान्सफार्मर (14.7 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 18.7 प्रतिशत), विद्युत मोटर (20.8 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 25.6 प्रतिशत, कृषि ट्रैक्टर (3.7 प्रतिशत के मुकाबले 32.3 प्रतिशत) और रेल वैगन (3.9 प्रतिशत के मुकाबले 37.3 प्रतिशत) पूंजीगत वस्तु क्षेत्रों में कुछ मदों के उद्योगों को हानि उठानी पड़ी जिनके विशिष्ट कारण उद्योगवार अलग-अलग हो सकते हैं, जैसे कम्प्यूटर प्रणाली के मामले में क्षमता अवरोध, चीनी मिल मशीनों और सीमेंट मशीनों के मामले में अपर्याप्त निवेश तथा बिजली और डीजल जनरेटरों के मामले में बदली हुई मांग स्थिति।

4.11 तीसरी विशेषता यह है कि टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं की अधिक संख्या के लिए बढ़ी हुई मांग जारी रही। इस उद्योग समूह के अंतर्गत निम्नलिखित उद्योगों के उत्पादन में उल्लेखनीय वृद्धि परिलक्षित हुई: घरेलू रेफ्रिजरेटर (15.2 प्रतिशत के मुकाबले 39.0 प्रतिशत की वृद्धि), रेडियो रिसीवर (21.7 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 5.9 प्रतिशत), यात्री कार (37.7 प्रतिशत की वृद्धि के अतिरिक्त 11.9 प्रतिशत की वृद्धि), मोटर साइकिल (14.4 प्रतिशत के मुकाबले 30.0 प्रतिशत), टाइपराइटर (23.8 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 30.0 प्रतिशत), टेलीफोन उपकरण (2.7 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 47.3 प्रतिशत), कलाई घड़ियां (0.5 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 20.0 प्रतिशत) और घरेलू सेवा मोटर (46.5 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 90.9 प्रतिशत) उपभोक्ता वस्तुओं के उद्योगों में समग्रतः 48 उद्योगों में से 32 उद्योगों ने वृद्धि दर्ज की, जबकि 15 उद्योगों ने गिरावट दर्शायी है। चीनी, कॉफी, वनस्पति, और कागज के गत्ते के उद्योग में वृद्धि कम थी जबकि चाय और सूती वस्त्रों के उद्योगों के उत्पादन में निरपेक्ष गिरावट परिलक्षित हुई।

4.12 अंत में टिकाऊ उपभोक्ता वस्तुओं और निवेश वस्तुओं के लिए बढ़ी हुई मांग तथा निर्यात क्षेत्र से आयी मांग के फलस्वरूप अनेक मूल तथा मध्यवर्गीय व वस्तु उद्योगों के उत्पादन में 1988-89 के दौरान वृद्धि पायी गयी। मूल उद्योग समूह के 39 उद्योगों में से 30 उद्योगों ने 1988-89 (अप्रैल-मार्च) में वृद्धि दर्ज की, जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में 22 उद्योगों ने वृद्धि दर्ज की थी, 1988-89 में 9 उद्योगों ने गिरावट दर्शायी है जबकि इसके ठीक विपरीत 1987-88 में 17 उद्योगों ने गिरावट दर्शायी थी। जिन महत्वपूर्ण उद्योगों की उल्लेखनीय वृद्धि दरें 12 प्रतिशत से अधिक हैं वे इस प्रकार हैं: सोडा ऐश, बाक्साईट, इस्पात ढलाई और पाइप्स तथा ट्यूब्स, अल्यूमिनियम, जिंक और क्रोमाईट। नाइट्रोजनित और फास्फैटिक उर्वरकों के उद्योगों ने 1988-89 के दौरान उत्पादन की प्रभावी वृद्धि दर हासिल की जो 22 प्रतिशत से 35 प्रतिशत के दरम्यान है। मध्यवर्ती वस्तु उद्योगों के अंतर्गत जिन 36 उद्योगों के संबंध में आंकड़े उपलब्ध हैं उनमें से 34 उद्योगों ने वृद्धि दर्ज की और केवल दो उद्योगों ने गिरावट दर्शायी है। पिछले वर्ष में 19 उद्योगों ने वृद्धि दर्शायी थी जबकि 17 उद्योगों ने गिरावट दर्शायी थी। जिन उद्योगों ने उच्च वृद्धि दर दर्ज की है उनमें से कुछ इस प्रकार हैं: सिंथेटिक रबर (70.3 प्रतिशत), स्कूटर टायर (30.8 प्रतिशत), स्वचालित वाहनों के सहायक उद्योग (56.2 प्रतिशत), पॉलिएस्टर फिलामेंट रेशे (44.5 प्रतिशत), जॉयन्ट टायर्स (23.5 प्रतिशत), विस्कोज फिलामेंट रेशे (21.3 प्रतिशत), ट्रैक्टर टायर (6.8 प्रतिशत), पोलिएस्टर धागे (35.6 प्रतिशत), कैप्रोलैक्टम (40.8 प्रतिशत) और डी०एम०टी० (30.6 प्रतिशत)।

5. ऋण नीति सम्बंधी गतिविधियां

नीति सम्बन्धी मुख्य बातें

5.1 जुलाई 1988 से जून 1989 की अवधि के दौरान मुद्रा एवं ऋण नीति के निर्माण और उसके परिचालन की मार्गदर्शक व्यापक आर्थिक अवधारणा भिन्न-भिन्न थीं, वर्ष के प्रारम्भिक महीनों में पिछले वर्ष के सूखे से उत्पन्न प्रभावों के बारे में लगातार चिन्ता बनी रही, जबकि वर्ष के परवर्ती महीनों में मुख्य बात थी 1988-89 की अवधि के दौरान वास्तविक उत्पादन में प्रभावपूर्ण बढ़ोत्तरी तथा 1989-90 के दौरान और भी अच्छे उत्पादन की आशाएं। पैदावार में वृद्धि के बावजूद पण्यगत मूल्यों पर भीतरी दबाव एवं मुद्रा का निरन्तर ऊंची दर से विस्तार चिन्ता का विषय बना रहा। 1987-88 में सूखे से प्रभावित कृषि को खास तौर पर विशेष उत्पादन कार्यक्रमों के संदर्भ में ऋण की आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए सम्मिलित प्रयास किये गये। 1988-89 में यह सुनिश्चित करने की चिन्ता थी कि सभी क्षेत्रों कृषि, उद्योग तथा निर्यात में उत्पादन गतिविधियों में वृद्धि दर्शाने वाली प्रवृत्ति सामयिक और पर्याप्त बैंक ऋण की कमी के कारण अवरुद्ध न हो जाये।

5.2 वर्ष के दौरान उत्पादन गतिविधियों को समर्थन देने से संबंधित इन व्यापक नीति गत-सिद्धान्तों के साथ-साथ मुद्रा विस्तार पर दबाव बनाये रखने के प्रयास जारी रखते हुए वित्तीय प्रणाली के क्रिया कलापों में दक्षता बढ़ाने के लक्ष्य पर स्पष्ट रूप से बल दिया गया। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वित्तीय नीतियों में अनेक परिवर्तन किये गये जिनमें ऋण सुपुर्दगी प्रणाली में परिचालन-गत बाधाओं को आसान करना, मुद्रा बाजार की नयी लिखतों को शुरू करना तथा वर्तमान लिखतों को मजबूत बनाना सम्मिलित हैं। इन उपायों को लागू करने के पीछे मूल कारण यह था कि लचीलापन लाकर नियमों की कठोरता को कम किया जाये, विशाखीकरण की अनुमति दी जाये और मुद्रा तथा वित्तीय बाजारों में अधिक प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण बनाया जाये।

5.3 मुद्रागत नियंत्रण के परम्परागत लिखतों में वर्ष के दौरान किये गये परिवर्तन, जैसे नकदी आरक्षित निधि अनुपात (न०आ०अ०), जमा राशि पर ब्याज दरें, उधार राशि पर ब्याज दरें, मुद्रा बाजार के विनियम विशेष महत्वपूर्ण हैं। एक समान 15 प्रतिशत नकदी आरक्षित निधि अनुपात के निर्धारण ने जिससे अधिकांश बैंकों पर कोई अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ा है, इस अनुपात के बहुविधि निर्धारण को समाप्त कर दिया है और नकदी आरक्षित निधि अनुपात के सम्पूर्ण परिचालन को आसान बना दिया है। उक्त वर्ष के दौरान अल्पकालिक जमा राशि पर ब्याज की दरों में की गयी वृद्धि से सम्पूर्ण जमा राशि पर ब्याज की दरों के ढांचे को तर्कसम्मत बनाने की उस प्रक्रिया को ही न्याय-संगत रूप से आगे बढ़ाया गया जिसका प्रारम्भ अप्रैल 1985 में किया गया था। इस सुधार का एक पहलू इस पद्धति में विद्यमान अन्य ब्याज दरों के साथ अल्पकालिक ब्याज दरों को और अच्छे रूप में समनुरूप बनाने का रहा है। इसी प्रकार लम्बे समय से चली आ रही उच्चतम ब्याज दरों को बदल कर सामान्य श्रेणी के ऋणकर्ताओं के लिए न्यूनतम उधार की दरों का निर्धारण लागू की गयी ब्याज की दरों की पद्धति में महत्वपूर्ण गुणात्मक परिवर्तन लायेगा। इससे बैंकों को निधियां जुटाने में आयी लागत तथा उन निधियों पर हुई आय को बेहतर रूप में संतुलित करने में मदद मिलेगी। उधार की दरें उपयुक्त सीमा में रहें इसके लिए बैंकों से अपना विवेकाधिकार न्यायोचित रूप से प्रयोग करने में सावधानी बरतने की जो अपेक्षा की गयी थी, उसको ध्यान में रखते हुए प्रारम्भिक अनुभव यह बताता है कि बैंकों ने इस परिवर्तन को परिपक्वता तथा विवेक के साथ अपनाया है और विवेकशील ऋण-दर प्रक्रिया स्थापित करने में उल्लेखनीय समन्वय प्राप्त किया है।

5.4 मुद्रा बाजार में लिखतों की गतिविधियों और नियंत्रण को धीरे-धीरे कम करने के संबंध में उल्लेखनीय परिवर्तन आये हैं। मुद्रा बाजार की सभी लिखतों पर से 1, मई 1989 से ब्याज की उच्चतम सीमायें हटा दी गयी हैं। यद्यपि इन मुद्रा बाजार दरों को मुक्त करने से अन्तर्बैंक मांग मुद्रा दरों में 1 मई, 1989 से एक दम काफी तेजी आयी, परन्तु बाद में ये दरें अधिक तर्कसम्मत स्तरों पर स्थिर हो गयीं।

5.5 नकदी सम्बन्धी अस्थायी समस्याओं वाले बैंक अपने उधार खाता में अन्य बैंकों को सहभागी बना सकें, इसके लिए जोखिम सहित और जोखिम रहित नाम की दो प्रकार की अन्तर्बैंक सहभागितायें प्रारंभ की गयीं। एक उल्लेखनीय महत्वपूर्ण उपाय के रूप में जमा प्रमाणपत्र (सी डी) और वाणिज्यिक पत्र (सीपी) नाम की दो नई मुद्रा बाजार लिखतें शुरू की गयी हैं।

5.6 ऋण सुपुर्दगी पद्धति से सम्बन्धित मामलों में ऋण प्राधिकरण योजना के अन्तर्गत पूर्व-प्राधिकार की अपेक्षा को समाप्त करके उसकी जगह कार्योत्तर मंजूरी संवीक्षा की व्यवस्था तथा ऋणकर्ताओं को अपने खाते बैंकों में आपस में अन्तरित करने की छूट से ऋणकर्ताओं और बैंकों दोनों को पर्याप्त सुगमता हुई है। साथ ही प्रस्तावित आढ़तिया सेवायें (फैक्टरिंग सेवायें) शुरू करने का उद्देश्य लघु उद्योग इकाइयों को अपनी लेनदारियां तत्परता से प्राप्त करने में सहायता करना है।

नीति संबंधी उपाय—जुलाई 1988 नकदी आरक्षित निधि अनुपात

5.7 खाद्य ऋण में तेजी से वृद्धि का पूर्वानुमान करते हुए वृद्धिशील नकदी आरक्षित निधि अनुपात के अन्तर्गत अवरुद्ध की गयी 744 करोड़ रुपये की नकदी शेष राशि अप्रैल 1988 में जारी कर दी गयी। साथ ही साथ यह भी घोषणा कर दी गयी थी कि बाद में कृषि ऋण की सम्भावित वापसी के प्रवाह को निष्प्रभावी करने के लिए 30 जुलाई, 1988 से नकदी आरक्षित निधि अनुपात को बैंकों की शुद्ध मांग और सावधि देयताओं के 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 10.5 प्रतिशत कर दिया जायेगा। 1988 में रबी की फसल की खाद्यान्न वसूली पूर्वानुमानित सीमा से काफी कम रही और खाद्यान्न ऋण में वास्तव में गिरावट आ गयी और इसलिए नकदी आरक्षित निधि में प्रस्तावित वृद्धि करने की तारीख को 30 जुलाई से पहले ला कर 2 जुलाई 1988 कर दिया गया। समग्र चलनिधि (एम$_3$) और आरक्षित राशि दोनों वित्त वर्ष 1988-89 की पहली तिमाही के दौरान पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में अधिक गति से बढ़ी। इससे मुद्रा प्रणाली में पहले से ही जो चलनिधि की अधिकता थी वह और बढ़ गयी और यह चिन्ता हो गयी कि मुद्रा स्फीति के दबाव और बल पकड़ लेंगे। तदनुसार नकदी आरक्षित निधि का अनुपात 30 जुलाई, 1988 के प्रारंभ होने वाले पखवाड़े से 10.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 11.00 प्रतिशत कर दिया गया। साथ ही साथ विदेशी मुद्रा (अनिवासी) जमा (एफ सी एन आर) देयताओं नकदी आरक्षित निधि अनुपात को 9.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 10.00 प्रतिशत कर दिया गया।

नीति सम्बन्धी उपाय—अक्टूबर 1988

5.8 एम$_3$, की समग्र वृद्धि को संयमित करने के उपाय जुलाई 1988 में पहले ही किये जा चुके थे और अक्टूबर 1988 तक यह स्पष्ट हो गया था कि असाधारण रूप से अच्छे मानसून के बाद अब अर्थव्यवस्था, पैदावार में तीव्र वृद्धि प्राप्त करने की स्थिति में है। यह अनुभव किया गया कि बैंकिंग पद्धति के पास बढ़ी हुई ऋण अपेक्षाओं विशेषकर कृषि उद्योग और निर्यात की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए 1988-89 के उत्तरार्ध के दौरान आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने चाहिये। 1988-89 के उत्तरार्ध के लिए ऋण नीति अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों की बढ़ी हुई ऋण आवश्यकताओं को प्रभावी ढंग से पूरा करने पर केन्द्रित रही और इस प्रकार अपेक्षित वसूली का समर्थन किया गया। यद्यपि बैंकों की नकदी की स्थिति काफी अच्छी थी, फिर भी बैंकों को अनुपात से अधिक चलनिधि रखने की अनुमति इसलिए दी गयी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उनके पास वर्ष के उत्तरार्ध में ऋण वृद्धि की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए संसाधन मौजूद हैं। अक्टूबर 1988 में शुरू किये गये नीति संबंधी उपाय आवश्यक रूप से ढांचेगत पहलुओं से संबंधित थे जैसे ब्याज दरों तथा नियंत्रण सम्बन्धी प्रणाली में ढील तथा मुद्रा बाजार की नई लिखतों की शुरुआत।

(क) उधार पर ब्याज दरें

5.9 ऋण चुकता करने के अच्छे रिकार्ड वाले उधारकर्ताओं को कुछ राहत देने और साथ ही, अपने उधारकर्ताओं से ब्याज दर वसूली करने के मामले में बैंकों को लचीलापन प्रदान करने की दृष्टि से सभी बैंक अग्रिमों पर, जिन पर कि उस समय 16.5 प्रतिशत वार्षिक की (निर्धारित) ब्याज की दर वाली शर्त लागू थी, 10 अक्तूबर, 1988 से उच्चतम सीमा की कोई शर्त लागू नहीं होगी। इसके बजाय उन पर कम से कम 16 प्रतिशत वार्षिक की शर्त लागू की गयी। बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे इस विवेकाधिकार का प्रयोग न्यायोचित रूप से करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वसूली की गयी ब्याज दरें यथोचित सीमा के भीतर हैं। यह आशा की गयी थी कि इससे ऋणकर्ताओं को ऋण का बेहतर प्रयोग करने की प्रेरणा मिलेगी और बैंकों के बीच प्रतिस्पर्धा की वृद्धि होगी। 25,000 रु० से ऊपर और 1 लाख रुपये तक के, खुदरा व्यापारियों के अग्रिमों के लिए, जो केवलमात्र ऐसी श्रेणी थी, जिसपर 15.00 से लेकर 16.5 प्रतिशत तक की वार्षिक ब्याज दरें लागू थीं, नई सीमा 15.00 से लेकर 16.00 प्रतिशत तक निर्धारित की गयी। जिन केन्द्रीय और राज्य सरकार की एजेंसियों को वाणिज्यिक आधार पर पण्यों की खरीद और वितरण का कार्य सौंपा गया है, उनको दिये गये अग्रिमों के लिए ब्याज की दर 16.5 प्रतिशत की बजाय 16.0 प्रतिशत वार्षिक निर्धारित की गयी।

(ख) अन्तर्बैंक सहभागितायें

5.10 बैंकिंग प्रणाली के अन्तर्गत उत्पन्न हुई अल्पकालिक चलनिधि को उपयोग में लाकर संतुलित करने के लिए एक अतिरिक्त लिखत उपलब्ध कराने की दृष्टि से दो प्रकार की अन्तर्बैंक सहभागितायें शुरू की गयीं एक जोखिम बांटने के आधार पर और दूसरी बिना जोखिम बांट/

[illegible] तक सीमित रहनेवाली पूर्णत अन्तर्बैंक लिखते हैं । जोखिम की साझेदारी वाली अन्तर्बैंक सहभागिता लिखत 91-180 दिनों के लिए और केवल स्वास्थ्य कूट सं० 1 @स्थिति के अन्तर्गत वर्गीकृत अग्रिमों के संबंध में जारी किये जा सकते हैं । जोखिम की साझेदारी वाली अन्तर्बैंक सहभागिता लिखतें, बैंकों के ऋण संविभाग में लचीलापन प्रदान करती हैं । ब्याज की दरें निर्धारण जारीकर्ता बैंक और सहभागी बैंक के बीच निर्धारण के लिए खुली छोड़ दी जाती हैं । जोकि कम से कम 14.0 प्रतिशत वार्षिक होती हैं । किसी ऋण खाते के अन्तर्गत इस प्रकार जारी की गयी अन्तर्बैंक सहभागिता लिखतों की कुल राशि, जारी करने के समय खाते में बकाया राशि के 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिये । जोखिम रहित साझेदारी वाली अन्तर्बैंक सहभागिता लिखत एक ऐसी मुद्राबाजार लिखत है जिसकी अवधि 9 दिन से अधिक की नहीं होती है और ऐसी लिखतों पर ब्याज की दर का निर्धारण सम्बन्धित दोनों बैंकों को करना होता है जो अधिकतम 12.5 प्रतिशत वार्षिक हो सकती है । यह जोखिम रहित अन्तर्बैंक सहभागिता लिखतें, ऋणकर्ता बैंक की निवल मांग एवं मीयादी देयताओं के एक भाग के रूप में मानी जाती हैं और इनपर नकदी प्रारक्षित निधि तथा सांविधिक चलनिधि सम्बन्धी अपेक्षायें लागू होंगी ।

(ग) भारतीय मितीकाटा और वित्त गृह (डिस्काउंट एवं फाइनेंस हाउस ऑफ इण्डिया) के मुद्रा बाजारगत कार्य

5.11 डिस्काउंट एवं फाइनेंस हाउस ऑफ इण्डिया (भारतीय मितीकाटा और वित्त गृह) को 28 जुलाई 1988 से मांग एवं सूचना मुद्रा बाजार में ऋणदाता और ऋणकर्ता दोनों रूपों में भाग लेने की अनुमति दी गयी । मुद्रा बाजार को कुछ लचीलापन प्रदान करने की ओर एक कदम के रूप में मांग और सूचना मुद्रा बाजार में डिस्काउंट एवं फाइनेंस हाऊस के क्रियाकलापों को, भारतीय बैंक संघ द्वारा अक्टूबर 1988 में निर्धारित ब्याज दर की उच्चतम सीमा से छूट दे दी गयी । इसके फलस्वरूप मांग मुद्रा बाजार की दरों में कुछ सीमा तक खुलापन आया और साथ ही इसने डिस्काउंट बैंक को मुद्रा बाजार की समग्र स्थिरता में प्रभावी ढंग से योगदान करने में समर्थ बनाया ।

(घ) ऋण प्राधिकरण योजना (ऋप्रायो)

5.12 समीक्षा करने पर यह पाया गया कि ऋण प्राधिकरण योजना के अधिकांश पक्षकार चालू अनुपात के निर्धारित स्तर का अनुपालन कर रहे हैं और यह कि माल सूचीगत मानदण्डों का अनुपालन करने और तिमाही सूचना पद्धति विवरण प्रस्तुत करने में पर्याप्त सुधार हुआ है । कुछ समय से निगमित क्षेत्र के लिए मालसूची बिक्री अनुपात में काफी गिरावट आयी है । साथ ही, बकाया बैंक ऋण में प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों का भाग, जो क्रमिक रूप से बढ़ता रहा था, 40 प्रतिशत के लक्ष्य से ऊपर ही बना रहा। इस प्रकार यह लगता है कि ऋण प्राधिकरण योजना के प्रयोजन मुख्य रूप से मूलभूत वित्तीय नीतियों को लागू किये गये जाने के कारण मोटे रूप में पूरे किये जा रहे थे । इस समीक्षा के संदर्भ में यह निर्णय किया गया कि कार्यकारी पूंजी की सीमाओं और निर्दिष्ट उच्चतम ऋण सीमा से अधिक की राशि के लिए मीयादी ऋणों की स्वीकृति हेतु रिजर्व बैंक द्वारा दिये जाने वाले पूर्व-प्राधिकार की पद्धति वापस ले ली जाये । तथापि, बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे इन मूलभूत नीतियों का पालन करना सुनिश्चित करें क्योंकि ये अपरिहार्य हैं और उन्हें लागू किया जाना अपेक्षित है । इस उद्देश्य के लिए रिजर्व बैंक द्वारा कार्योत्तर स्वीकृति संवीक्षा पद्धति शुरू की गयी जिसे "ऋण निगरानी व्यवस्था" (क्रेडिट मोनिटरिंग अरेंजमेंट) का नाम दिया गया । यदि इस प्रकार की संवीक्षा के फलस्वरूप यह पाया गया कि कोई विशेष बैंक मूलभूत नीतियों को लागू नहीं कर रहा है, तो रिजर्व बैंक ऐसे बैंक को यह अनुदेश दे सकता है कि वे बड़े मामलों को पूर्व प्राधिकरण के लिए उसके पास भेजें ।

(ङ) ऋणकर्ता खातों का अन्तरण

5.13 ऐसी पार्टियों सहित जो 5.0 करोड़ रुपये अधिक के ऋण का लाभ ले रही हैं, सभी पार्टियों को अपने खाते उनके वर्तमान बैंक द्वारा "अनापत्ति प्रमाणपत्र" की अपेक्षा पूरी किये बिना, एक बैंक से दूसरे बैंक में अन्तरित करने की अनुमति दे दी गयी, बशर्ते कि अन्तरिती बैंक उक्त पार्टी की समग्र देयतायें लेने के लिए सहमत हो । यदि कोई औद्योगिक समूह अपने किसी असन्तोषजनक खाते को वर्तमान बैंक के पास छोड़कर केवल अच्छे खाते को ही अन्तरित करने की अनुमति मांगता है, तो वर्तमान बैंक ऐसे अन्तरण के लिए उस समय तक इन्कार कर सकता है जब तक कि संबंधित पार्टी द्वारा बैंक के संतोष के अनुसार आर्थिक व्यवस्थायें न कर दी जायें ।

(च) सहायता संघ से अग्रिम

5.14 परिचालनगत समस्याओं को आसान बनाने की दृष्टि से 50 करोड़ रुपये की ऋण सीमा वाले, सहायता संघ के अग्रिमों के सम्बंध में बैंकों की संख्या 5 तक सीमित रखने का प्रतिबन्ध हटा दिया गया तथापि बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे औपचारिक संघीय सहायता व्यवस्था में बैंकों की संख्या लगभग 10 तक ही सीमित रखें ।

(छ) आवास वित्त

5.15 आवास निर्माण के लिए बैंक-ऋण उपलब्धता को प्रोत्साहित करने की दृष्टि से आवास ऋण की चुकौती की अधिकतम अवधि 10 वर्ष से बढ़ाकर 15 वर्ष कर दी गयी और आवास अग्रिमों की विभिन्न श्रेणियों के लिए मार्जिनगत अपेक्षाओं में, अर्गीकृत माल के अन्तर्गत ढील दे दी गयी । अधिकतम मार्जिन 50 प्रतिशत से घटाकर 35 प्रतिशत कर दिया गया । आवास वित्त पर उधार की ब्याज दरों को बदल दिया गया । 10 अक्टूबर 1988 से लागू दरें निम्नानुसार हैं :—

ऋण की राशि	ब्याज की दर (प्रतिशत)
(i) 20,000 रु० तक	12.5
(ii) 20,000 रु० से अधिक और 50,000 रु० तक	13.5
(iii) 50,000 रु० से अधिक और 1 लाख रु० तक	14.0
(iv) 1 लाख रुपये से अधिक	*14.5-16.0

नीति सम्बन्धी उपाय—फरवरी 1989

(क) तिलहनों और वनस्पति तेलों की जमानत पर अग्रिमों पर चयनात्मक ऋण नियंत्रण

5.16 तिलहनों और वनस्पति तेलों से संबंधित मूल्य उत्पादन से सम्बन्धित, गतिविधियों की समीक्षा करने के बाद, 10 फरवरी 1989 से तिलहनों और वनस्पति तेलों की जमानत पर दिये जाने वाले अग्रिमों

@ बैंक की अग्रिम संविभाग की सवस्थता की स्थिति को मापने के लिए शुरू की गयी एक समान ग्रेड पद्धति के अन्तर्गत, किसी ऐसे ऋणकर्ता का खाता सन्तोषजनक माना जाता है अथवा उसे स्वास्थ्य कूट सं० 1 दी जाती है, जिसमें कि खातों का परिचालन संतोषजनक हो, अग्रिम की सुरक्षा में कोई सन्देह न हो, सभी शर्तों को पूरा किया गया हो, तथा ऋणकर्ता के सभी खाते नियमानुकूल हों ।

* ब्याज की दर पर यह उच्चतम सीमा 1 मई, 1989 से हटा दी गयी है ।

गए न्यूनतम मार्जिन में 15 प्रतिशत प्वाइंट की सपाट घटोतरी कर दी गयी। उसी तारीख से तिलहनों वनस्पति तेलों (वनस्पति सहित) की जमानत पर दिये जाने वाले अग्रिमों पर उच्चतम ऋण सीमा के स्तर को, 1985-86 (नवम्बर-अक्टूबर) को समाप्त होने वाले तीन वर्षों में से किसी एक वर्ष में, पार्टी द्वारा बनाये रखे गये ऋण के उच्चतम स्तर के 85 प्रतिशत से बढ़ाकर 100 प्रतिशत कर दिया गया।

(ख) विवेकाधीन पुनर्वित्त सुविधा

5.17 17 फरवरी 1989 से रिजर्व बैंक की पूर्वस्वीकृति के बिना विवेकाधीन पुनर्वित्त आहरित करने की सुविधा 1986-87 में औसत कुल जमा राशियों के 1.0 प्रतिशत से घटाकर 0.50 प्रतिशत कर दी गयी।

5. नीति संबंधी उपाय—मार्च 1989

(क) निर्यात ऋण पर ब्याज दरें

5.18 निर्यात की वृद्धि को और प्रोत्साहन देने की दृष्टि से, पोतलदान पूर्व और पोतलदानोत्तर निर्यात ऋण पर ब्याज दरें क्रमश: 2.0 प्रतिशत प्वाईंट तथा 0.85 प्रतिशत प्वाईंट वार्षिक कम कर दी गयी। 180 दिनों से अधिक की अवधि के लिए आस्थगित भुगतान के अन्तर्गत निर्यात ऋण पर 0.65 प्रतिशत वार्षिक की ब्याज की दर अपरिवर्तित ही रही। मार्च 1989 में लागू की गयी ब्याज की ये दरें सारणी 5.1 में दर्शायी गयी है।

(ख) कृषकों को अल्पकालिक ऋण

5.19 1 मार्च, 1989 से क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा कृषकों को मंजूर किये गये अल्पकालिक ऋणों पर उधार की ब्याज दरें, 15,000 रुपये से 25,000 रुपये तक के लिये, 12.50 से 14.00 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत वार्षिक कर दी गयी।

(ग) प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों को अग्रिम-कृषि सम्बन्धी प्रत्यक्ष अग्रिम

5.20 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे कृषि (उसकी सहायक गतिविधियों को मिलाकर) को प्रत्यक्ष ऋण के अपने प्रतिशत को बढ़ाकर मार्च 1990 तक, अपने कुल बकाया ऋण के 17 प्रतिशत से 18 प्रतिशत तक पहुंचा दें। इस शर्त के कारण 1989-90 में बैंकिंग पद्धति, द्वारा कृषि को उपलब्ध कराया गया ऋण लगभग 4,000 करोड़ रुपये होगा।

सारणी 5.1: निर्यात ऋणों पर ब्याज दरें

श्रेणी	ब्याज दर प्रतिशत वार्षिक	
	1 मार्च, 1989 से पूर्व	1 मार्च, 1989 से लागू
1	2	3
1. पोतलदान-पूर्व ऋण		
(क) (i) 180 दिनों तक	9.50	7.50
(ii) 180 दिनों से अधिक और कुल 270 दिनों तक (रिजर्व बैंक की पूर्वानुमति से)	11.50	9.50
(ख) नकद प्रोत्साहन आदि जो भा०नि०ऋ०गा० निगम द्वारा गारन्टीकृत हैं—90 दिनों तक	9.50	7.50
2. पोतलदानोत्तर ऋण		
(i) मांग बिल-मार्गस्थ अवधि के लिए (जैसा कि भा०वि०मु०व्या० संघ द्वारा निर्दिष्ट है)		
(ii) मीयादी बिल-180 दिनों के लिए (इस मीयाद में निर्यात बिलों की मीयाद, भा.वि.मु०व्या. संघ द्वारा निर्दिष्ट मार्गस्थ अवधि और रियायत अवधि जहां लागू हो)	9.50	8.65
(iii) नकद प्रोत्साहन, शुल्क वापसी आदि जो सरकार से प्राप्य हो और भा०नि०ऋ०गा० निगम द्वारा गारंटीकृत हो (90 दिनों तक)		
(iv) अनाहरित शेष राशियां (90 दिनों तक)		
(v) (केवल आपूर्ति किये गये माल के लिए) रोके गये धन पर जोकि पोतलदान की तारीख से एक वर्ष के अन्दर देय हो (90 दिनों तक)		
3. (क) एक साल से अधिक की अवधि के लिए आस्थगित ऋण	8.65*	--
(ख) 180 दिनों से अधिक की अवधि के लिए आस्थगित ऋण	--	8.65
4. शुल्क वापसी ऋण योजना 1976 सीमा शुल्क प्राधिकारियों द्वारा अनन्तिम रूप से प्रमाणित किये गये अनुसार शुल्क वापसी के प्रति (90 दिनों तक)	ब्याज मुक्त	ब्याज मुक्त
5. अन्यथा विनिर्दिष्ट न किये गये निर्यात ऋण	14.00 से लेकर 15.50 तक	14.00 से लेकर 15.50 तक

1989-90 की प्रथम छमाही के लिए नीति संबंधी उपाय—मार्च 1989

5.21 अर्थव्यवस्था में सम्भावित विकास के मूल्यांकन की पृष्ठभूमि को ध्यान में रखते हुए, मार्च 1989 में 1989-90 की पहली छमाही के लिए ऋण नीति तैयार की गयी। अधिक कुशल परिचालनों को बढ़ावा देने की दृष्टि से कुछ ढांचेगत परिवर्तन किये गये तथा वर्तमान लिखतों को मजबूत बनाते हुए नयी लिखतें शुरू की गयी। ये उपाय ऋण नीति के इन मूल सिद्धांत से दूर हटे बिना किये गये कि उत्पादन गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाये किन्तु साथ ही मुद्रा स्फीति के दबावों को नियंत्रण में रखा जाये।

5.22 मानसून सामान्य रहने के कारण मार्च 1989 में यह अनुमान हुआ कि 1989-90 में वास्तविक राष्ट्रीय आय 4 प्रतिशत से 5 प्रतिशत तक बढ़ सकेगी। हालांकि आर्थिक गतिविधियों के अपेक्षित स्तर को पुष्ट करने के लिए अतिरिक्त ऋण की आवश्यकता होगी, परन्तु हाल के वर्षों में उत्पन्न अधिक चलनिधि के बने रहने, 1988-89 के दौरान खाद्येतर ऋण में तीव्र वृद्धि होने और मूल्यों पर लगातार दबाव बने रहने आदि से यह संकेत मिला कि यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि 1989-90 के दौरान, $एम_3$ का विस्तार पिछले चार वर्षों के औसत विस्तार (16.7 प्रतिशत) से नीचे के स्तर तक सीमित रहे।

*1 मार्च 1989 से पश्चात् 180 दिनों से अधिक की अवधि के लिए लागू कर दिये गये।

5.23 चलनिधि की वृद्धि को संयमित करने के उद्देश्य के अनुसरण में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे अपने ऋण बजटों को, 1989-90 के दौरान समग्र जमाराशियों में 24,000 करोड़ रुपये (17.3 प्रतिशत) की वृद्धि को कार्यकारी अनुमान के आधार पर तैयार करें, इस वृद्धि में से, वर्ष की पहली छमाही में लगभग 11,500 करोड़ रुपये की और पिछली तिमाही में 6,500 करोड़ रुपये की राशि संचित होने की आशा की गयी थी।

5.24 1989 की रबी की फसल अपने आप में रिकार्ड होगी, इस रिपोर्ट के आधार पर, गेहूं की वसूली पिछले मौसम में हुई वसूली से अधिक मात्रा में होने की आशा की गयी। इस आधार पर जून 1989 को समाप्त तिमाही के दौरान खाद्यान्न ऋण में लगभग 900 करोड़ रुपये की वृद्धि तथा लगभग उतनी ही राशि के अगली तिमाही में कम होने का अनुमान किया गया। इस प्रकार वित्त वर्ष 1989-90 की पहली छमाही में समग्रता खाद्यान्न ऋण में किसी वृद्धि की सम्भावना नहीं आंकी गयी थी। वर्ष 1989-90 की पहली छमाही के दौरान खाद्येतर ऋण में 3,500 करोड़ रुपये की वृद्धि, अर्थात् उतनी ही जितनी कि इससे पहले वर्ष इसी अवधि में हुई थी, का अनुमान किया गया था। यह अनुमान किया गया कि बैंक वर्ष के पूर्वार्द्ध में न केवल खाद्यान्न ऋण एवं खाद्येतर ऋण की अपेक्षाओं को पूरा कर लेंगे, बल्कि अपनी चलनिधि को भी जुटा लेंगे। मुद्रा-गत वृद्धि एवं बैंकों द्वारा संसाधनों और निधियों के प्रयोग के इन अनुमानों से वर्ष 1989-90 की पहली छमाही के लिए ऋण नीति संबंधी जिन उपायों को आधार बनाया वे नीचे दिये गये हैं। ये उपाय चलनिधि के विस्तार को संयमित करने तथा प्रारक्षित निधि के अपेक्षित निर्धारणों और मीयादी जमाराशियों की परिपक्वता संबंधी ढांचे को तर्कसम्मत बनाने की दृष्टि से बनाये गये हैं, साथ ही परिचालनगत कार्यकलापों में और अधिक लचीलापन लाने की दृष्टि से नयी सिफारिशें शुरू की गयी हैं।

(क) नकदी प्रारक्षित अनुपात

5.25 वर्षों से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के लिए नकदी प्रारक्षित अनुपात में अनेक निर्धारण होते रहे हैं, परन्तु इन सभी निर्धारित अनुपातों पर निवल मांग और मीयादी देयताओं के 15 प्रतिशत की सांविधिक उच्चतम सीमा लागू रही है। अधिकांश बैंक 15 प्रतिशत की सांविधिक उच्चतम सीमा के लागू नकदी प्रारक्षित अनुपात तक की राशि पहले से ही बनाये हुए थे। अतः आवश्यकता इस बात की थी कि बहुविधि निर्धारित सीमाओं को एक सीमा में लाया जाये। तदनुसार 1 जुलाई 1989 से प्रारंभ होने वाले पखवाड़े से अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों से यह अपेक्षा की गयी कि वे अपनी पूरी मांग और मीयादी देयताओं के 15 प्रतिशत तक नकदी प्रारक्षित निधि अनुपात बनाये रखें। साथ ही साथ, बहुविधि निर्धारणों की पद्धति वापस ले ली गयी। कुछ बैंकों के मामले में जहां वर्तमान नकदी प्रारक्षित अनुपात 15 प्रतिशत से कम था, वहां 15 प्रतिशत नकदी प्रारक्षित अनुपात प्राप्त करने के लिए रिजर्व बैंक ने 29 जुलाई 1989 से अलग-अलग बैंकों के लिए चरणबद्ध समायोजन कार्यक्रम बनाया है।

(ख) पुनर्वित्त संबंधी सुविधायें

(i) निर्यात ऋण सम्बन्धी पुनर्वित्त

5.26 यह सामान्य परम्परा रही है कि रिजर्व बैंक से निर्यात पुनर्वित्त का निर्धारण करने के लिए, प्रतिवर्ष, आधार राशि को आगे लाया जाता है। निर्यात पुनर्वित्त की उच्चतम सीमायें 10 मार्च 1989 को, 2,868 करोड़ रुपये के ऐतिहासिक उच्चतम स्तर पर रहीं, जोकि बकाया निर्यात ऋण का 52 प्रतिशत था, जबकि मार्च 1986 में यह 13 प्रतिशत और मार्च 1988 में 43 प्रतिशत था। 29 जुलाई 1989 से, बैंकों को उपलब्ध कराया जाने वाली निर्यात पुनर्वित्त 1986 के बजाय 1987 के मासिक औसत से बढ़े हुए निर्यात ऋण के शत प्रतिशत के समकक्ष होगा। यद्यपि बैंकों की पुनर्वित्त सीमायें घट गयी हैं फिर भी, पुराना अनुभव बताता है, कि निर्यात पुनर्वित्त के लिए बैंकों का अनुरोध उतनी ही तेजी से बढ़ता है जितनी तेजी से वे अपने निर्यात ऋण को बढ़ाते हैं और ऐसा उस अवधि से भी पहले ही हो जायेगा, जिस अवधि में उन्हें अपने पुनर्वित्त की उच्चतम सीमाओं के अधिकांश भाग को उपयोग में लाने की आवश्यकता पड़ेगी।

(ii) 182 दिन के खजाना बिलों का पुनर्वित्त

5.27 हाल ही में की गयी नीलामियों में 182 दिन के खजाना बिलों पर उच्चतम आय में हुई वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, 28 मार्च 1989 से, इस सुविधा के अन्तर्गत पुनर्वित्त पर ब्याज की दर 10.25 प्रतिशत से बढ़ाकर 10.75 प्रतिशत वार्षिक कर दी गयी।

(ग) चयनात्मक ऋण नियंत्रण

(i) वनस्पति तेलों की जमानत पर अग्रिमों पर न्यूनतम मार्जिन

5.28 तिलहनों और वनस्पति तेलों से संबंधित मूल्य-पैदावारगत गतिविधियों की समीक्षा के पश्चात् 28 मार्च 1989 से (वनस्पति सहित) वनस्पति तेलों के भण्डार की जमानत पर अग्रिमों पर न्यूनतम मार्जिन को "अन्यों" के मामले में और भण्डार-गृह की रसीदों के बारे में 15 प्रतिशत प्वाईंट घटा दिया गया। मिलों/प्रसंस्करण इकाइयों के लिए और भंडारगृह की रसीदों के मामले में एक समान 30 प्रतिशत मार्जिन निश्चित किये गये तथा "अन्यों" के लिए 45 प्रतिशत।

(ii) ऋण स्तर की उच्चतम सीमायें

5.29 ऐसे पण्यों के लिए जहां ऋण स्तर की उच्चतम सीमाओं की शर्तें लगायी गयी हैं, मार्च 28, 1989 से, आधारभूत अवधि एक साल आगे लाकर (नवम्बर-अक्तूबर) 1986-87 में समाप्त तीन वर्ष की अवधि पर लाया गया, तथापि ऋण स्तर की उच्चतम सीमाओं में कोई परिवर्तन नहीं किया गया। विभिन्न पण्यों के लिए वर्तमान ऋण स्तर की उच्चतम सीमायें निम्नलिखित हैं :—

ऋण स्तर की उच्चतम सीमायें

(प्रतिशत)

पण्य	28 मार्च 1989 से लागू (संशोधित अवधि: 1984-85, 1985-86 और 1986-87)
1	2
धान/चावल	85
गेहूं	85
दालें	85
"अन्य खाद्यान्न"	85
रूई और कपास (क्विंटलों में)	85
तिलहन	100
वनस्पति सहित वनस्पति तेल	100

(घ) मुद्रा बाजार की ब्याज दरें

5.30 मांग और सूचित मुद्रा को लचीलापन तथा पारदर्शिता प्रदान करने की दृष्टि से प्रथम उपाय के रूप में डिस्काउंट एवं फाइनेंस हाउस आफ इंडिया के मांग/सूचना सम्बन्धी मुद्रा बाजार के क्रियाकलापों को अक्तूबर 1988 से आई० बी० ए० द्वारा निर्धारित ब्याज की उच्चतम सीमा से मुक्त कर दिया गया। और अधिक पारदर्शिता और लचीलापन

की दृष्टि से अगले चरण के रूप में मांग/सूचना सम्बन्धी मुद्रा बाजार पर ब्याज दर की उच्चतम सीमा को 1 मई 1989 से हटा दिया गया। इस परिवर्तन के अनुसार ही अन्तर्बैंक मीयादी राशि पर 10.5 प्रतिशत से 11.5 प्रतिशत वाणिज्यिक बिलों की पुनर्भुनाई पर 12.5 प्रतिशत, तथा जोखिम रहित अन्तर्बैंक सहभागिता निधियों पर 12.5 प्रतिशत ब्याज की उच्चतम सीमा को 1 मई 1989 से वापस ले ली गयी मुद्रा बाजार में उधार देने वालों को यह सूचित किया गया कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनकी गतिविधियां स्थायी एवं परिपक्व मुद्रा बाजार के आविर्भाव के लिए प्रेरक हों, जबकि ऋणकर्ताओं को यह सूचित किया गया कि वे अपने स्रोतों और निधियों के उपयोग को संतुलित करने की मार्जिनल अपेक्षाओं तक ही मुद्रा बाजार पर अपनी निर्भरता को सीमित करें। यह परिकल्पना की गयी है कि डिस्काउंट एण्ड फाइनेंस बैंक स्थिरीकरण की एक महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। यह आशा की जाती है कि यह पद्धति एक ऐसी स्थिति की ओर बढ़ेगी जिसमें सहभागी पक्षकार उधार लेने और उधार देने की गतिविधियों के बीच गतिशील होंगे और इससे मुद्रा बाजार को स्थायित्व एवं गम्भीर्य प्राप्त होगा।

(ङ) जमाराशि की ब्याज दरें

5.31 अल्पकालीन ब्याज दरों को इस पद्धति में स्थित अन्य ब्याज दरों के और अधिक अनुरूप बनाने की दृष्टि से हाल ही की अवधि में अनेक उपाय किये गये हैं। इस दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए, नया अल्पकालिक अधिशेष निधि पर बेहतर आय की दर उपलब्ध कराने की दृष्टि से 28 मार्च 1989 से, 46 दिन से 90 दिन तक की अवधि के लिए, जमाराशियों पर ब्याज की दर 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 6 प्रतिशत कर दी गयी। साथ ही साथ 15 दिन से लेकर 45 दिन तक की अवधि की जमाराशियों पर ब्याज की दर, जो अब तक 3 प्रतिशत थी, समाप्त कर दी गयी। इस प्रकार सावधि जमा की अवधि अब तक के 15 दिन के बजाय, परिपक्वता के लिए कम से कम 46 दिन की होगी। जमाराशि पर (विदेशी मुद्रा अनिवासी खातों और अनिवासी बाह्य खातों को छोड़कर) ब्याज की वर्तमान और संशोधित दरें निम्न प्रकार हैं :

अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की (वि० मु० अनिवासी खातों/अनिवासी विदेशी खातों को छोड़कर) जमाराशियों पर ब्याज की दरें।

(प्रतिशत वार्षिक)

खातों की श्रेणी	27 मार्च 1989 तक लागू	28 मार्च 1989 से लागू
1	2	3
1. चालू खाते	शून्य	शून्य
2. बचत खाते	5.0	5.0
3. सावधि जमा		
(क) 15 दिन से 45 दिन तक	3.0	*
(ख) 46 दिन से 90 दिन तक	4.0	6.0
(ग) 91 दिन से साल से कम	8.0	8.0
(घ) एक साल से लेकर 2 साल से कम	9.0	9
(ङ) दो साल और उससे ज्यादा	10.0	10.0

* यह परिपक्वता अवधि अब समाप्त कर दी गयी है और इसलिए बैंक 45 दिन तक की परिपक्वता अवधि वाली, ब्याज-सहित मीयादी जमाराशियां स्वीकार नहीं कर सकते।

(च) जमा प्रमाणपत्र

5.32 मुद्रा बाजार-साख लिखतों के विस्तार को और व्यापक बनाने तथा अपनी अल्पकालिक अधिशेष निधियों के निवेश में निवेशकों को और ज्यादा लचीलापन प्रदान करने की दृष्टि से जमा प्रमाणपत्र (सी डी) नाम की एक नयी लिखत शुरू की गयी है। यह जमा प्रमाणपत्र 25 लाख रुपये के गुणजों में जारी किये जायेंगे परन्तु एक निर्गम के लिए कम से कम राशि 1 करोड़ रुपये होगी। इसकी परिपक्वता अवधि 3 माह से लेकर 1 वर्ष की होगी। वे अंकित मूल्य में बट्टा लगाकर जारी किये जायेंगे और बट्टे की दर को मुक्त रूप से निर्धारित किया जायेगा। जमा प्रमाणपत्र जारी करने की तारीख से 45 दिन के पश्चात् मुक्त रूप से अन्तरित किये जा सकेंगे। किसी बैंक द्वारा जारी किये गये सभी जमा प्रमाणपत्रों की कुल बकाया किसी भी एक समय में उसकी, 1988-89 के वित्त वर्ष के दौरान पाक्षिक औसत जमाराशियों के एक प्रतिशत से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। जमा प्रमाणपत्र आरक्षित निधि की अपेक्षाओं के अध्यधीन हैं। बैंकों को न तो जमा प्रमाणपत्रों पर ऋण मंजूर करने की अनुमति है और न ही वे अपने जमा प्रमाणपत्र स्वयं वापस खरीद सकते हैं।

(छ) वाणिज्यिक पत्र

5.33 अच्छी साख वाले निर्गमित उधारकर्ताओं को अपने अल्पकालिक उधारों के संसाधनों को अनेक क्षेत्रों में प्रयुक्त करने के लिए समर्थ बनाने और साथ ही निवेशकर्ताओं को अतिरिक्त लिखत उपलब्ध कराने की दृष्टि से, वाणिज्यिक पत्र (कमर्शियल पेपर्स)) शुरू करने का निर्णय किया गया। ऐसी कंपनियां जिनकी शुद्ध हैसियत कम से कम 10 करोड़ रुपये की है और जिन्हें अधिकतम अनुमत बैंक वित्तपोषण कम से कम 25 करोड़ रुपये का है तथा जो स्टॉक एक्सचेंज की सूची में हैं, उन्हें "वाणिज्यिक पत्र-बाजार" में अपनी गतिविधि शुरू करने की अनुमति दी जायेगी। (स्टॉक एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने की शर्त सरकार क्षेत्र की कम्पनियों पर लागू नहीं होगी)। जारीकर्ता कम्पनी के लिए यह आवश्यक होगा कि वह रिजर्व बैंक द्वारा अनुमोदित किसी साख मूल्यांकन एजेंसी से प्रत्येक छह माह में एक उत्तम साख का प्रमाणपत्र प्राप्त करें। वाणिज्यिक पत्र की परिपक्वता अवधि 3 माह से लेकर 6 माह की होगी। वाणिज्यिक-पत्र 25 लाख रुपये के गुणजों में जारी किया जायेगा परन्तु उसकी कम से कम राशि एक करोड़ रुपये की होगी। वाणिज्यिक पत्र अंकित मूल्य में बट्टा लगाकर जारी किया जायेगा और बट्टा दर मुक्त रूप से निर्धारित की जायेगी। वाणिज्यिक पत्र मुक्त रूप से अन्तरणीय होंगे। बैंकों को वाणिज्यिक पत्रों के जारी करने में न तो हामीदारी करने की अनुमति होगी और न ही उन्हें किसी अन्य के साथ मिलकर स्वीकार करने की। जारीकर्ता कम्पनी से यह अपेक्षा की जायेगी कि वह व्यापारियों की फीस, साख-मूल्यांकन एजेन्सी की फीस, आपाती सुविधा प्रभार तथा अन्य संबंधित प्रभारों को अदा करेगी। वाणिज्यिक पत्र की अधिकतम राशि की सीमा, जिसकी अनुमति किसी कम्पनी को दी जा सकती है, कम्पनी को देय अधिकतम बैंक वित्तपोषण के 20 प्रतिशत तक होगी।

(ज) अलग-अलग ऋणकर्ताओं/उनके समूहों के अभिमुखीकरण की सीमायें

5.34 जोखिम-व्यवस्था के लिए विवेकपूर्ण मानदण्ड निर्धारित करने की आवश्यकता के संदर्भ में तथा ऋण संबंधी जोखिमों को एक ही स्थान पर केन्द्रीभूत होने से बचाने के लिए बैंक के अभिमुखीकरण (एक्सपोजर) की सीमायें निश्चित कर दी गयी हैं जो किसी व्यक्तिगत व्यावसायिक संस्थान के लिए किसी बैंक की पंजीगत निधियों का 25 प्रतिशत और किसी सामूहिक व्यावसायिक संस्थान के लिए 50 प्रतिशत होगी। इस अभिमुखीकरण में सभी स्वीकृत संचित और गैर-संचित सीमायें सम्मिलित हैं। वर्तमान ऋण सीमाओं के संबंध में बैंकों को अपनी अधिक राशियों को नियमानुकूल रूप में समायोजित करने के लिए 12 महीनों का समय दिया गया है। परन्तु यह उच्चतम सीमा खाद्य ऋण आदि के लिए सौंपी गयी सावधिक ऋण सीमाओं पर लागू नहीं होगी। इन मामलों में कुछ मामलों में, सहायता संघीय व्यवस्थाओं में समायोजन की आवश्यकता पड़ सकती है।

(झ) संविभागीय व्यवस्था

5.35 सामान्यतया, संविभागीय/निधि प्रबन्ध सम्बन्धी सेवायें मध्यावधि/अल्पावधि निधियों के संबंध में बैंकों द्वारा उपलब्ध करायी जाती है। 28 मार्च 1989 से संविभागीय निधि प्रबंध के लिए कम से कम एक वर्ष की मीयाद निश्चित की गयी है। ऐसे बैंकों को, जिनकी मर्चेंट बैंकिंग सम्बन्धी अनुषंगी शाखायें कार्यरत हैं, सूचित किया गया था कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनकी अनुषंगी शाखायें संविभागीय/निधि प्रबंध के संबंध में ऐसे कार्य न करें, जिन्हें करने से स्वयं उनको निषिद्ध किया गया हो।

(ञ) आढ़तिया सेवाओं की शुरूआत

5.36 आढ़तिया संगठनों (फैक्टरिंग आर्गेनाइजेशन्स) को शुरू करने की सम्भावनाओं, उनकी आरंभिक प्रक्रिया, उनके गठन, संगठन-गत ढांचे, उनकी गतिविधियों तथा अन्य सम्बन्धित मामलों के संबंध में सिफारिश करने के लिए रिजर्व बैंक ने जनवरी 1988 में श्री सी० एस० कल्याणसुन्दरम की अध्यक्षता में एक कार्यकारी दल का गठन किया था। इस कार्यकारी दल ने अपनी रिपोर्ट जनवरी 1989 में प्रस्तुत कर दी। कार्यकारी दल की अधिकांश सिफारिशें सिद्धान्त रूप में रिजर्व बैंक ने स्वीकार कर ली हैं। इसमें पहली प्राथमिकता वर्तमान नियमों के अन्तर्गत घरेलू आढ़तिया सेवायें स्थापित करने को दी जायेगी। पूरी तरह से आढ़तिया सेवायें शुरू करने के लिए विशेष वैधानिक उपाय तैयार करने के लिए भी कदम उठाये जा रहे हैं।

नीति सबंधी उपाय—अप्रैल 1989 चयनात्मक ऋण नियंत्रण

(क) गेहूं की जमानत पर अग्रिमों पर न्यूनतम मार्जिन

5.37 मूल्य-उत्पादन सम्बन्धी गतिविधियों तथा बाजार में गेहूं की आमद से उभरने वाली स्थिति की समीक्षा करने पर 22 अप्रैल 1989 से गेहूं की जमानत पर अग्रिमों पर न्यूनतम मार्जिनों को 15 प्रतिशत प्वाइंट तक बढ़ा दिया गया। इस प्रकार मिलों/अभिसंस्करण इकाइयों के भंडार के लिये तथा भण्डार गृह रसीदों के लिये मार्जिनों को 60 प्रतिशत एवं "अन्यों" के लिये 75 प्रतिशत* निर्धारित किया गया। चयनात्मक ऋण नियंत्रण के अन्तर्गत आने वाले पण्यों की जमानत पर अग्रिमों पर न्यूनतम मार्जिनों का नया ढांचा जो 22 अप्रैल 1989 से लागू है, सारणी 5.2 में दिया गया है।

सारणी 5.2 चयनात्मक ऋण नियंत्रण के अन्तर्गत आने वाले पण्यों के भण्डारों के प्रति बैंक अग्रिमों पर न्यूनतम मार्जिन

(प्रतिशत)

क्रम सं०	पण्य	22 अप्रैल 1980 से लागू		
		अभिसंस्करण इकाइयों/मिलों के भण्डार पर	'अन्य'	भण्डार-गृह की रसीदों पर
1	2	3	4	5
1.	धान/चावल	45	60	45
2	गेहूं	60	75	60
3	अन्य खाद्यान्न	45	60	45
4	दालें	45	60	45
5.	तिलहन (मूंगफली, तोरिया/सरसों, बिनौला, अलसी, अरण्डी तथा सभी आयातित तिलहन)	30	45	30
6.	वनस्पति तेल (मूंगफली तेल, तोरिया/सरसों का तेल, अलसी का तेल, अरण्डी का तेल, बिनौला-तेल, वनस्पति तथा सभी आयातित वनस्पति तेल)	@30	45	30
7.	रुई तथा कपास	×	45	30
8.	चीनी			
	(क) सुरक्षित स्टॉक	0	—	—
	(ख) जारी न किया गया स्टॉक	17.5	—	—
	(ग) जारी किया गया स्टॉक	60	60	45
9	गुड़ और खांडसारी	30	60	45

@पंजीकृत तेलमिलों और वनस्पति उत्पादकों पर लागू

× चयनात्मक ऋण नियंत्रण की शर्तों से मुक्त

—लागू नहीं

(ख) आटा रोलर मिलों को ऋण की उच्चतम सीमाओं का स्तर

5.38 आटा रोलर मिलों को भी जिन्हें अभी तक गेहूं के प्रति अग्रिमों पर ऋण की उच्चतम सीमा से छूट प्राप्त थी, ऋण की उच्चतम सीमा के अन्तर्गत लाया गया तथा 1986-87 को समाप्त होने वाली किन्हीं भी तीन वर्षों (नवम्बर—अक्तूबर) में उस पार्टी द्वारा बनाये रखे गये ऋण के उच्चतम स्तर के 85 प्रतिशत की वैसी शर्तें रखी गयी जैसी कि अन्य मिलों/अभिसंस्करण इकाइयों पर लागू थीं।

6. मुद्रा एवं ऋण की प्रवृत्तियां

6.1 राजकोषीय वर्ष 1988-89 के दौरान एम$_3$ तथा एम$_1$ के अनुसार मुद्रा-विस्तार पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा था, यद्यपि चलमुद्रा के विस्तार की गति धीमी रही। इसे 1987-88 में हुई अत्यंत उल्लेखनीय वृद्धि के सन्दर्भ में देखना होगा। कुल जमाराशि की वृद्धि में उछाल दिखायी दिया। यह वृद्धि विशेषकर मांग जमाराशियों में बहुत अधिक रही। यह वृद्धि मुख्यतया उच्चतर वास्तविक आय की वृद्धि तथा सरकारी एवं अन्य प्रतिभूतियों में वापसी-खरीद व्यवस्थाओं को पलट देने के कारण हुई।

6.2 मुद्रा स्टॉक में परिवर्तन के स्रोत जो कि विस्तृत अलग-अलग स्थितियों के द्वारा स्पष्ट होते हैं, पिछले दो वर्षों की अपेक्षा कुछ भिन्न दिखाई देते हैं, इसमें सरकार को दिये गये शुद्ध बैंक ऋण में 1987-88 की अपेक्षा 1988-89 में गिरावट आयी है, और वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक ऋण में विस्तार की दर में अपेक्षाकृत काफी तीव्रता आयी है। वाणिज्यिक क्षेत्र के ऋण तीव्र गति से बढ़े है और यह उत्पादन और वाणिज्यिक गतिविधियों में आये उछाल के कारण है। वर्ष की समाप्ति पर सरकार को बैंक ऋण, विशेषकर भारतीय रिजर्व बैंक के सरकार को शुद्ध ऋण के आंकड़े 1988-89 के संपूर्ण वित्त वर्ष के दौरान मुद्रागत वृद्धि के प्रति इसके समग्र योगदान को कम करके दर्शाते हैं, क्योंकि

* सितम्बर 1988 में गेहूं की जमानत पर अभिसंस्करण इकाइयों/मिलों को अग्रिमों पर केवल पंजाब में न्यूनतम मार्जिन को 15 प्रतिशत प्वाइंट तक घटाकर 45 प्रतिशत से 30 प्रतिशत कर दिया गया था। मार्च 1989 में, यह प्रतिशत फिर 45 प्रतिशत कर दिया गया। इस प्रकार जिन क्षेत्रों में चयनात्मक ऋण नियंत्रण लागू था, उनमें से एक बार फिर एक समान मार्जिन लागू कर दिया गया।

यह प्रक्रम लगभग पूरे वर्ष व्यापक रूप से जारी रहा, परन्तु वित्त वर्ष की अंतिम अवधि के दौरान इसमें तेजी से गिरावट आयी। साथ ही प्रारक्षित राशि में गति कुछ धीमी रही, परन्तु पिछले वर्ष की वृद्धि असाधारण रूप से उच्चस्तर पर रही थी। प्रारक्षित राशि में हुई इस व्यापक वृद्धि से उत्पन्न होने वाले गौण विस्तार को नकदी प्रारक्षित निधि की अपेक्षाओं को बढ़ाकर संयमित किया गया।

6.3 विभिन्न मुद्रागत अनुपातों की प्रवृत्तियां जैसे चलमुद्रा से एम$_3$ के प्रति या कुल जमाराशि का एम$_3$ के प्रति मोटे रूप में उनकी दीर्घावधि प्रवृत्ति के अनुसार रही है, परन्तु समायोजित न किये गये वृद्धिशील मुद्रा-गुणक (एम$_3$ आर एम) ने बिन्दुवार आधार पर अथवा औसत आधार पर 1987-88 के स्तर से 1988-89 में उल्लेखनीय वृद्धि दर्शायी, जिससे वृद्धिशील बैंक प्रारक्षित निधि से जमाराशि के अनुपात के स्तर में गिरावट परिलक्षित होती है।

6.4 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के कार्यकलाप वर्ष 1987-88 की अपेक्षा 1988-89 में कुल जमाराशियों और बैंक ऋण दोनों में, विशेषकर खाद्येतर ऋण में तीव्र वृद्धि दर्शाते हैं। बैंकों के निवेश सरकारी प्रतिभूतियों की तुलना में 'अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों' के पक्ष में अधिक गये। रिजर्व बैंक से लिये गये ऋणों में हुई भारी वृद्धि के अलावा, अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक पिछले वर्ष की तरह 1988-89 के दौरान भी गैर-जमाराशियों के संसाधनों के काफी बड़े भाग पर निर्भर बने रहे। प्राथमिक रूप से ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि अन्य अनुमोदित वित्तीय संस्थाओं के पास बिलों की पुनर्भुनाई की गति उल्लेखनीय रूप से बढ़ा दी गयी थी, जिसकी वजह से उच्चतर उत्पादन गतिविधियों को समाहित करने के लिए सकल बैंक ऋण की तीव्र गति से वृद्धि सुविधाजनक हो गयी। परन्तु इस तीव्रतर वृद्धि ने कुछ बैंकों को फरवरी-मार्च 1989 के दौरान चलनिधि के अभाव तथा अन्तर्बैंक मांग मुद्रा बाजार पर उल्लेखनीय दबाव की स्थिति में ला दिया जोकि 1 मई 1989 से मांग मुद्रा की दरों पर उच्चतम सीमा को समाप्त किये जाने के बाद परिलक्षित हुई।

मुद्रा आपूर्ति

6.5 वर्ष 1988-89 के दौरान व्यापक मुद्रा के अर्थ में मुद्रा विस्तार (17.6 प्रतिशत) बढ़कर 28,571 करोड़ रुपये हो गया, जो 1987-88 में (15.7 प्रतिशत बढ़कर) 22,027 करोड़ रुपये था (सारणी 6.1)। यहां यह स्मरणीय है कि अप्रैल 1988 में घोषित ऋण नीति में यह संकेत किया गया था कि इस नीति का उद्देश्य 1988-89 में चलनिधि की समग्र वृद्धि को सीमित करके पिछले तीन वर्षों की औसत वृद्धि (17 प्रतिशत) से कुछ कम स्तर तक रखना है। इस प्रकार 1988-89 में मुद्रागत विस्तार वर्ष के प्रारंभ में निर्धारित किये गये लक्ष्य से थोड़ा अधिक (17.6 प्रतिशत) रहा। महीनों के अन्तिम शुक्रवार* मार्च 1989 के मामले में आंकड़े अन्तिम सूचित शुक्रवार (मार्च 24 से सम्बन्धित हैं) के औसत के आधार पर 1988-89 में एम$_3$ में वृद्धि 17.1 प्रतिशत रही जो कि लगभग उतनी ही थी जितनी कि 1987-88 में (17.0 प्रतिशत)।

6.6 जनता के पास मुद्रा आपूर्ति (एम$_1$) 1988-89 के दौरान (14.6 प्रतिशत) बढ़कर 8,457 करोड़ रुपये हो गयी जो कि इससे पहले वर्ष (12.9 प्रतिशत बढ़कर) 6,625 करोड़ रुपये थी। महीनों के अंतिम शुक्रवारों* (मार्च 24 से सम्बन्धित है) के औसत के अर्थ में एम$_1$ में 14.6 प्रतिशत वृद्धि की दर भी उतनी ही थी जितनी कि इससे पहले वर्ष थी।

6.7 घटकवार दृष्टि से जनता के पास चलमुद्रा में (14.3 प्रतिशत) विस्तार होकर यह 4,813 करोड़ रुपये हो गयी जो कि 1987-88 में हुए 17.7 प्रतिशत विस्तार की 5,065 करोड़ रुपये की मुद्रा से कम रही। बैंकों के पास कुल जमाराशि में तेजी से वृद्धि हुई जो 1987-88 में (15.2 प्रतिशत की वृद्धि पर) 17,017 करोड़ रुपये से बढ़कर (18.3 प्रतिशत की वृद्धि पर) 23,609 करोड़ रुपये हो गयी। यद्यपि यह वृद्धि मांग और मीयादी दोनों प्रकार की जमाराशियों के कारण हुई, मांग जमाराशियों की वृद्धि दर दुगनी हो गयी। मांग जमाराशियां पिछले वर्ष की (7.3 प्रतिशत की वृद्धि पर) 1,615 करोड़ रुपये की तुलना में इस वर्ष के दौरान (14.7 प्रतिशत वृद्धि की दर से) 3,495 करोड़ रुपये हो गयी। मीयादी जमाराशियां (19.2 प्रतिशत की दर पर) बढ़कर 20,114 करोड़ रुपये हो गयीं जो कि 1987-88 में (17.2 प्रतिशत) की दर से बढ़कर 15,402 करोड़ रुपये थी।

6.8 1988-89 में इस प्रवृत्ति का उल्लेखनीय पहलू यह रहा कि सरकार को दिये गये शुद्ध बैंक ऋण की तुलना में वाणिज्यिक क्षेत्र को दिये गये बैंकों के ऋण ने एम$_3$ की वृद्धि में और अधिक योगदान किया। वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक ऋण (19.5 प्रतिशत बढ़कर) 20,531 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इससे पहले वर्ष में यह (13.3 प्रतिशत बढ़कर) 12,389 करोड़ रुपये रहा। इस क्षेत्र को रिजर्व बैंक तथा अन्य बैंकों का ऋण पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा रहा। वाणिज्यिक क्षेत्र को अन्य बैंकों के ऋण में अधिक विस्तार खाद्येतर ऋण में तीव्र वृद्धि के कारण रहा जो कि कुछ सीमा तक उच्चतर उत्पादन और निवेशगत गतिविधियों से जुड़े बैंक ऋण के लिए उच्चतर मांग की वजह से था। सरकार को शुद्ध बैंक ऋण में धीमी वृद्धि हुई जो 15.1 प्रतिशत की दर से बढ़कर 12,715 करोड़ रुपये हो गया जबकि पिछले वर्ष में यह 18.0 प्रतिशत की वृद्धि दर से 12,811 करोड़ रुपये था। सरकार को शुद्ध रिजर्व बैंक ऋण 1987-88 के 7,025 करोड़ रुपये की तुलना में बढ़कर 7,225 करोड़ रुपये हो गया। प्रतिशत के हिसाब से यह वृद्धि पिछले वर्ष की 15.3 प्रतिशत की तुलना में कम रहकर 13.7 रह गयी। जैसाकि 'सरकारी वित्त' सम्बन्धी खण्ड में विस्तार से बताया गया है केन्द्रीय सरकार को शुद्ध रिजर्व बैंक ऋण में वित्त वर्ष के क्रमिक पाक्षिक आंकड़ों की घटबढ़ का औसत 1988-89 में बढ़कर 7,310 करोड़ रुपये हो गया जो 1987-88 में 5,326 करोड़ रुपये और 1988-89 में 4,432 करोड़ रुपये था।

6.9 सरकार को अन्य बैंकों से मिले ऋण में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि रही। 1987-88 में 5,786 करोड़ रुपये की तुलना में यह ऋण इस वर्ष 5,490 करोड़ रहा। रिजर्व बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियों में पिछले वर्ष की तुलना में कम वृद्धि हुई जो 637 करोड़ रुपये थी, जबकि पिछले वर्ष यह 673 करोड़ रुपये थी।

* मार्च 1989 के मामले में आंकड़े अन्तिम सूचित शुक्रवार मार्च 24 से सम्बन्धित हैं।

सारणी 6 : मुद्रास्टॉक (एम$_3$) में घट-बढ़

(करोड़ रुपये)

मद	निम्नलिखित वित्तीय वर्षों के दौरान घट-बढ़*							
	1987-88*		1988-89*@		1988-89 (अप्रैल-जून)		1989-90@ (अप्रैल-जून)	
	संपूर्ण	प्रतिशत	संपूर्ण	प्रतिशत	संपूर्ण	प्रतिशत	संपूर्ण	प्रतिशत
1	2	3	4	5	6	7	8	9
I एम$_3$ (क+ख+ग)	22,027	15.7	28,571	17.6	12,531	7.7	9,952	5.2
(क) जनता के पास मुद्रा	5,065	17.7	4,813	14.3	1,761	5.2	2,627	6.8
(ख) बैंकों के पास कुल जमाराशियां	17,017	15.2	23,609	18.3	10,164	7.9	7,369	4.8
(i) मांग जमाराशियां	1,615	7.3	3,495	14.7	2,127	8.9	1,685	6.2
(ii) मीयादी जमाराशियां	15,402	17.2	20,114	19.2	8,037	7.7	5,684	4.5
(ग) रिजर्व बैंक के पास 'अन्य' जमाराशियां	—55	—15.6	149	50.2	606	204.0	—44	—9.8
II एम$_1$ (क+ख (i)+ग)	6,625	12.9	8,457	14.6	4,494	7.8	4,268	6.4
III मुद्रा स्टॉक (एम$_3$) के स्रोत (1+2+3+4—5)								
1 सरकार को शुद्ध बैंक ऋण (अ+आ)	12,811	18.0	12,715	15.1	10,419	12.4	8,427	8.7
(अ) सरकार को रिजर्व बैंक का शुद्ध ऋण (i—ii)	7,025	15.3	7,225	13.7	7,836	14.8	6,079	10.1
(i) केन्द्रीय सरकार पर शुद्ध दावे (क—ख)	7,049	15.5	7,310	13.9	7,717	14.7	6,156	10.3
(क) केन्द्रीय सरकार पर दावे	7,071	15.5	7,334	13.9	7,711	14.6	6,168	10.3
(ख) राज्य सरकारों की जमाराशियां	22	40.7	24	31.6	—6	—7.9	—18	18.0
(ii) राज्य सरकारों पर शुद्ध दावे (क—ख)	—24	—9.4	—85	—36.8	119	51.5	—107	—73.3
(क) राज्य सरकारों पर दावे	—24	—8.9	—90	—36.6	117	47.6	—102	—65.4
(ख) राज्य सरकारों की जमाराशियां	—	—	—5	—33.3	—2	—13.3	5	50.0
(आ) सरकार को अन्य बैंकों का ऋण	5,786	22.7	5,490	17.5	2,583	8.2	2,348	6.4
2 वाणिज्य क्षेत्र को बैंक का ऋण (अ+आ)	12,389	13.3	20,531	19.5	4,538	4.3	3,766	3.0
(अ) वाणिज्य क्षेत्र को रिजर्व बैंक का ऋण**	377	11.0	1,144	30.1	1	—	—528	—10.7
(आ) वाणिज्य क्षेत्र को अन्य बैंकों का ऋण	12,012	13.4	19,387	19.1	4,637	4.5	4,294	—3.5
3. बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियां (अ+आ)	682	14.2	637	11.6	—1,471	—26.9	64	1.0
(अ) रिजर्व बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियां	673	14.6	637	12.1	—1,471	—27.8	64	1.1
(आ) दूसरे बैंकों की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियां	9	4.6	—	—	—	—	—	—
4 जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	188	15.8	76	5.5	34	2.5	—	—
5. मीयादी जमाराशियों के अलावा बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं (अ+आ)	4,043	13.6	5,388	15.9	989	—2.9	2,305	5.9
(अ) रिजर्व बैंक की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं	1,019	7.9	2,431	17.5	659	4.7	346	2.1
(आ) अन्य बैंकों की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं (अवशिष्ट)	3,024	17.9	2,957	14.8	330	1.7	1,959	8.6

**मार्च के अंतिम सूचित शुक्रवार के आंकड़ों पर आधारित

*नाबार्ड की स्थापना के बाद से बैंकों को इनका पुनर्वित्त शामिल नहीं है।

@अनन्तिम

नोट : 1. चूंकि अलग-अलग मदों के आंकड़े पूर्णांकित किये गये हैं, इसलिए उनका जोड़ कुल जोड़ के बराबर नहीं होगा।

2. अप्रैल-जून 1988 की तिमाही में घट-बढ़ 25 मार्च 1988 से 1 जुलाई 1988 की अवधि से संबंधित है।

6.10 वित्त वर्ष 1989-90 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान एम$_3$ में 5.2 प्रतिशत की दर में वृद्धि होकर यह 9,952 करोड़ रुपये रही जोकि पिछले वर्ष 7.7 प्रतिशत की वृद्धि दर से 12,531 करोड़ रुपये की तुलना में कम थी। एम$_1$ में भी 1988-89 की तुलनीय अवधि में हुई 7.8 प्रतिशत की दर से 4,494 करोड़ रुपये की वृद्धि की अपेक्षा इस तिमाही में 6.4 प्रतिशत की दर से हुई 4,268 करोड़ रुपये की वृद्धि धीमी रही। एम$_3$ के घटकों में से जनता के पास मुद्रा में हुए विस्तार में पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान हुई वृद्धि की अपेक्षा अधिक वृद्धि दिखाई दी। बैंकों के पास मांग और मीयादी जमाराशियों के मामले में इस अवधि में अप्रैल-जून 1988 की इसी अवधि की तुलना में विस्तार की गति कम रही। संसाधन वार दृष्टि से सरकार को शुद्ध बैंक ऋण तथा वाणिज्यिक क्षेत्र को बैंक ऋण में धीमी वृद्धि दिखाई दी, लेकिन बैंकिंग क्षेत्र की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियों में युक्ति-युक्त वृद्धि आयी, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में पर्याप्त गिरावट आयी थी।

प्रारक्षित मुद्रा

6.11 प्रारक्षित मुद्रायें (17.0 प्रतिशत की दर से) 9,046 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई जोकि 1987-88 में (18.9 प्रतिशत की दर से बढ़कर) 8,483 करोड़ रुपये की अपनी उच्चतम सीमा पर थी। औसत के आधार पर, प्रारक्षित मुद्रा की वृद्धि दर 1987-88 के 20.8 प्रतिशत की अपेक्षा कुछ कम अर्थात् 16.7 प्रतिशत पर रही। घटकवार दृष्टि से जनता के पास मुद्रा की वृद्धि दर 1987-88 को 17.7 प्रतिशत की तुलना में घटकर 1988-89 में 14.3 प्रतिशत हो गयी। रिजर्व बैंक के पास बैंकों की जमाराशियों में 21.9 प्रतिशत की दर से 3,904 करोड़ रुपये की वृद्धि हो गयी, जबकि 1987-88 में (22.8 प्रतिशत की दर से) यह वृद्धि 3,301 करोड़ रुपये रही थी।

6.12 जहां तक प्रारक्षित मुद्रा के स्रोतों का सम्बन्ध है, सरकार को शुद्ध रिजर्व बैंक ऋण में, जोकि प्रारक्षित मुद्रा के विस्तार में प्रमुख कारक है, 13.7 प्रतिशत की दर से 7,225 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, जबकि 1987-88 में 15.3 प्रतिशत की दर से इसमें 7,025 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी। वाणिज्यिक और सहकारी बैंकों को रिजर्व बैंक के ऋण में 1988-89 में 2,395 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष में यह वृद्धि 1,240 करोड़ रुपये की थी। (सारणी 6.2)।

6.13 राजकोषीय वर्ष 1989-90 की पहली तिमाही के दौरान प्रारक्षित मुद्रा की वृद्धि कुछ धीमी रही। यह 6.1 प्रतिशत की दर से बढ़कर 3,809 करोड़ रुपये रही, जबकि 1988-89 की इसी अवधि के दौरान यह वृद्धि 7.6 प्रतिशत की दर से 4,041 करोड़ रुपये रही थी। इसका मुख्य कारण था रिजर्व बैंक के पास बैंकों की जमाराशियों में धीमी गति से वृद्धि तथा "अन्य" जमाराशियों में गिरावट।

मुद्रा का आयगत वेग

6.14 मुद्रा का आयगत वेग अर्थात् व्यापक मुद्रा (एम$_3$) के औसत से चालू बाजार मूल्यों पर सकल देशी उत्पाद का अनुपात, जोकि दीर्घ-कालीन गिरावट दर्शाता रहा है और जो 1980-81 के 2.67 से 1987-88 में 2.16 तक नियमित और निरन्तर रूप से गिरता रहा था, 1988-89 में आंशिक रूप से बढ़कर 2.18 हो गया (सारणी 6.3 तथा ग्राफ ए, बी और सी)।

कुछ मुद्रागत सम्बन्ध

6.15 मुख्य मुद्रागत अनुपातों की गतिविधि जैसे कि 1988-89 के दौरान सकल जमाराशियों से करेंसी (चलमुद्रा) (सी/एडी) अथवा एम$_3$ (एडी/एम$_3$) में कुल जमाराशियां सामान्यतया दीर्घकालीन प्रवृत्ति के अनुकूल थी, जिसमें सी/डी अनुपात में गिरावट की प्रवृत्ति चल रही थी

सारणी 6.2 : प्रारक्षित मुद्रा में घट-बढ़-घटक तथा स्रोत

(करोड़ रुपये)

मद	निम्नलिखित के दौरान घट-बढ़			
	1987-88	1988-89	1988-89 अप्रैल-जून	1989-90 अप्रैल-जून
1	2	3	4	5
प्रारक्षित मुद्रा (1+2+3+4)	8183 (18.9)	9046 (17.0)	4041 (7.6)	3809 (6.1)
1. जनता के पास मुद्रा	5065 (17.7)	4813 (14.3)	1761 (5.2)	2627 (6.8)
2. रिजर्व बैंक के पास अन्य जमाराशियां	—55 (—15.6)	149 (50.2)	606 (204.0)	—44 (—9.9)
3. बैंकों के पास नकदी	172 (12.6)	180 (11.7)	276 (17.9)	284 (16.5)
4. रिजर्व बैंक के पास बैंकरों की जमाराशियां	3301 (22.8)	3904 (21.9)	1398 (7.9)	942 (4.3)
प्रारक्षित मुद्रा के स्रोत (1+2+3+4+5—6)				
1. सरकार को भा० रि० बैं० का शुद्ध ऋण	7025 (15.3)	7225 (13.7)	7836 (14.8)	6079 (10.1)
2. वाणिज्य और सहकारी बैंकों पर रिजर्व बैंक के दावे	1240 (46.1)	2395 (61.0)	—1700 (—43.3)	—1460 (—23.1)

1	2	3	4	5
3. वाणिज्य क्षेत्र को रिजर्व बैंक का ऋण	377 (11.0)	1144 (30.1)	1 (—)	—528 (—10.7)
4. रिजर्व बैंक की शुद्ध विदेशी मुद्रा आस्तियां	673 (14.6)	637 (12.1)	—1471 (—27.9)	64 (1.1)
5. जनता के प्रति सरकार की मुद्रा देयताएं	188 (15.8)	76 (5.5)	34 (2.5)	—
6. रिजर्व बैंक की शुद्ध मुद्रेतर देयताएं	1019 (7.9)	2431 (17.5)	659 (4.7)	346 (2.1)

*अनन्तिम

@नाबार्ड सहित

£सूचित मार्च महीने के अंतिम शुक्रवार के आंकड़ों पर आधारित

टिप्पणी : 1. चूंकि आंकड़े पूर्णांकित किये गये हैं इसलिए उनका जोड़ कुल जोड़ के बराबर नहीं होगा ।

2. कोष्ठकों में दिए गये आंकड़े प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं ।

3. अप्रैल-जून 1988 तिमाही के लिए आंकड़ों में घट-बढ़ 25 मार्च 1988 से 1 जुलाई 1988 की अवधि से संबंधित हैं ।

सारणी 6.3 : आयगत वेग में प्रवृत्ति (मुद्रा एम$_1$ और एम$_3$ के अनुपात के अनुसार चालू बाजार मूल्य पर सकल देशी उत्पाद)

वर्ष	औसत @ (करोड़ रुपये)			आयगत वेग अनुपात		
	मुद्रा$_1$	एम$_2$	एम$_3$	स०दे०उ/ मुद्रा	स०दे०उ/ एम$_1$	स०दे०उ/ एम$_3$
1	2	3	4	5	6	7
1950-51	1275	1862	2140	7.501	5.136	4.469
1960-61	1956	2725	3902	7.678	5.511	3.849
1970-71	4143	5941	10321	10.418	7.265	4.182
1979-80	10995	18475	43756	10.401	6.190	2.613
1980-81	12367	20865	50931	10.982	6.509	2.667
1981-82	13879	23919	59766	11.486	6.665	2.667
1982-83	15531	26563	68326	11.434	6.686	2.599
1983-84	18003	30449	80186	11.480	6.788	2.578
1984-85	21340	36034	94758	10.806	6.399	2.433
1985-86	23774	41043	110971	11.042	6.396	2.365
1986-87	26744	47102	130523	10.971	6.229	2.248
1987-88	31145	53988	152751	10.610	6.121	2.163
1988-89	35546	61897	178913	10.988	6.310	2.183

@महीनों के अंतिम शुक्रवारों के औसत; मार्च 1989 को छोड़कर उसके आंकड़े अंतिम सूचित शुक्रवार से संबंधित हैं ।

और एडी/एम$_3$ अनुपात में वृद्धि की प्रवृत्ति । तथापि वृद्धिशील मुद्रा गुणक (एम$_3$/आरएम) जोकि प्रारक्षित राशि की अपेक्षाओं में परिवर्तन लाने के लिए समायोजित कर दिये गये थे, वर्ष 1988-89 के दौरान बिन्दुवार तथा औसत-वार दोनों आधारों पर बढ़े हैं । ये दोनों महत्वपूर्ण तथ्यों वृद्धिशील करेंसी—जमाराशि अनुपात तथा वृद्धिशील बैंक प्रारक्षित राशि एवं जमाराशि अनुपात के योगदान को प्रदर्शित करते हैं । अन्य बातें समान होते हुए, करेंसी जमा अनुपात में गिरावट, मुद्रागुणक को बढ़ाता है, जोकि भारत में कुछ वर्षों तक, यहां तक कि 1988-89 में भी, मुद्रागत घट-बढ़ की प्रवृत्ति का एक लक्षण रहा है । जमा अनुपात के लिए बैंक प्रारक्षित राशियों में वृद्धि मुद्रागुणक को, जो कि हाल के वर्षों में नकदी प्रारक्षित अपेक्षाओं में धीरे-धीरे वृद्धि के कारण एक ज्ञात लक्षण बन गया था, दमित कर देती है । 1988-89 के दौरान जमा अनुपात से बैंक प्रारक्षित राशियों के अनुपात में गिरावट दिखाई देती है, क्योंकि अनेक बैंकों की चालू वृद्धिशील नकदी प्रारक्षित राशि की अपेक्षाएं तभी कम हो गयी जब इन बैंकों के नकदी प्रारक्षित अनुपात के लिए 15 प्रतिशत की सांविधिक उच्चतम सीमा को प्राप्त कर लिया । इस प्रवृत्ति ने 1988-89 के दौरान वृद्धिशील मुद्रागुणक में वृद्धि करने में योगदान किया ।

बैंकिंग राशि में घट-बढ़

6.16 1988-89 वित्त वर्ष के दौरान अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमाराशियों में (13.7 प्रतिशत से) 22,041 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई जोकि 1987-88 में (14.9 प्रतिशत से) हुई 15,321 करोड़ रुपये की वृद्धि से काफी अधिक थी । जैसाकि पिछले वर्ष की रिपोर्ट में पहले ही स्पष्ट किया जा चुका है । 1987-88 के लिए जमाराशियों में वृद्धि को सरकारी प्रतिभूतियों में वापसी खरीद व्यवस्थाओं ने, जिनपर कि अप्रैल 1988 में रोक लगा दी गयी थी, मन्द कर दिया था । अतः 1988-89 में इन व्यवस्थाओं का और फैलाव हुआ ।

सारणी 6.4 : मुद्रा अनुपात–वृद्धिशील

मद	1980-81	1981-82	1982-83	1983-84	1984-85	1985-86	1986-87	1987-88	1988-89
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
बिन्दु आधार									
(क) चलमुद्रा/कुल जमा (सी/एडी)	0.259	0.166	0.263	0.289	0.246	0.176	0.182	0.298	0.204
(ख) चलमुद्रा/एम$_3$ (सी/एम$_3$)	0.208	0.145	0.208	0.222	0.194	0.153	0.153	0.230	0.168
(ग) कुल जमा/एम$_3$ (एडी/एम$_3$)	0.803	0.878	0.789	0.768	0.789	0.869	0.842	0.773	0.826
(घ) मुद्रा गुणक (एम$_3$/आरएम)	3.634	4.220	3.946	2.281	6.050	2.567	3.206	2.597	3.158
(ङ) मुद्रा गुणक (एम$_1$/आरएम)	1.362	0.962	1.438	0.793	2.480	0.619	1.090	0.781	0.935
(च) बैंक प्रारक्षित/कुल जमा (आर/आरडी)	0.093	0.131	0.054	0.269	0.059	0.297	0.183	0.204	0.173
औसत आधार									
(क) चलमुद्रा कुल जमा (सी/एडी)	0.235	0.205	0.238	0.264	0.301	0.176	0.179	0.247	0.203
(ख) चलमुद्रा/एम$_3$ (सी/एम$_3$)	0.191	0.171	0.193	0.208	0.229	0.150	0.152	0.198	0.168
(ग) कुल जमा/एम$_3$ (एडी/एम$_3$)	0.814	0.836	0.810	0.789	0.760	0.854	0.847	0.801	0.829
(घ) मुद्रा गुणक (एम2/आरएम)	3.579	3.658	3.963	3.548	2.958	3.108	3.198	2.587	3.140
(ङ) मुद्रा गुणक (एम2/आरएम)	1.192	1.264	1.224	1.163	1.134	0.960	0.991	0.801	0.949
(च) बैंक प्रारक्षित राशि/कुल जमाराशियां (आर/एडी)	0.116	0.130	0.076	0.090	0.130	0.206	0.189	0.234	0.178

टिप्पणी : बिन्दुवार आधार पर अनुपात मार्च के अंतिम शुक्रवार के आंकड़ों पर आधारित हैं, जबकि औसतवार आधार पर अनुपात-महीनों के शुक्रवारों के औसत आधार पर निकाले गए हैं । मार्च 1989 के मामले में आंकड़े अंतिम सूचित शुक्रवार से संबंधित हैं। इस सारणी में सभी अनुपात वृद्धिशील अनुपात हैं ।

6.17 जैसाकि पहले चर्चा की गयी है, अप्रैल 1988 के ऋण नीति सम्बन्धी उपायों में, कुल जमा राशियों की वृद्धि से सम्बन्धित कार्यसाधक अनुमान 1988-89 के 20,500 करोड़ रुपये (17.4 प्रतिशत) लगाया गया था । 1988-89 में वास्तविक वृद्धि स्पष्टतः कार्यसाधक अनुमान से ज्यादा थी (सारणी 6.5) । सातवीं योजना के पहले चार सालों में कुल जमाराशियों में वार्षिक औसत वृद्धि 16,961 करोड़ रुपये (18.0 प्रतिशत) थी । घटक-वार मांग और मीयादी दोनों जमाराशियों में क्रमशः 3,078 करोड़ रुपये (15.2 प्रतिशत) और 18,963 करोड़ रुपये (19.4 प्रतिशत) की वृद्धि हुई । इसकी तुलना में 1987-88 में क्रमशः 1,019 करोड़ रुपये (5.3 प्रतिशत) और 14,302 करोड़ रुपये (17.1 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी ।

6.18 बैंक ऋण में 1988-89 में रु० 14,160 करोड़ (20.1 प्रतिशत) की उल्लेखनीय वृद्धि हुई, जबकि 1987-88 में 7,228 करोड़ रुपये 11.4 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई थी । 1988-89 में खाद्य ऋण में 1,421 करोड़ रुपये गिरावट आयी क्योंकि खाद्यान्न की खरीद धीमी रही थी और सरकारी एजेंसियों के पास खाद्यान्न के भंडार घट गये थे । तुलनीय रूप में यह कमी 1987-88 में 2,914 करोड़ रुपये थी । खाद्येतर ऋण उल्लेखनीय रूप से 15,581 करोड़ रुपये (22.8 प्रतिशत) अधिक रहे, जबकि इससे पहले वर्ष में यह वृद्धि 10,142 करोड़ रुपये (17.4) प्रतिशत थी । 1988-89 में जो विशाल वृद्धि हुई वह कुछ सीमा तक उत्पाद ऋण में वृद्धि के फलस्वरूप हुई जोकि अर्थव्यवस्था में तेजी से वृद्धि के कारण आयी । यह वृद्धि वास्तव में अर्थव्यवस्था के वास्तविक तथ्यों द्वारा अपेक्षित वृद्धि से काफी अधिक है और ऋण के आवश्यकता से अधिक फैलाव हो जाने पर चिन्ता व्यक्त की जा रही है ।

6.19 सरकारी और अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियों में बैंकों के निवेशों में 8,158 करोड़ रुपये की वृद्धि 1987-88 में हुई 7,922 करोड़ रुपये की वृद्धि से काफी ज्यादा रही । बैंकों की हस्तगत नकदी और रिजर्व बैंक के पास उनकी शेष राशि में 3,858 करोड़ रुपये की वृद्धि से काफी ज्यादा रही । बैंकों की हस्तगत नकदी और रिजर्व बैंक के पास उनकी शेष राशि में 3,858 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई, जबकि उससे पहले वर्ष में यह वृद्धि 3,407 करोड़ रुपये की थी । रिजर्व बैंक से बैंकों की उधार लेने की निर्भरता काफी बढ़कर 1,779 करोड़ रुपये हो गयी, जबकि इससे पहले वर्ष में यह 460 करोड़ रुपये की थी ।

सारणी 6.5 : अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की कुल जमाराशियों की वृद्धि

राजकोषीय वर्ष (करोड़ रुपये)

(अप्रैल-मार्च)	कुल जमाराशियों की वृद्धि
1	2
1985-86	13,160 (+18.2)
1986-87	17,320 (+20.3)
1987-88	15,321 (+14.9)
1988-89	22,041 (+18.7)
1985-86 से 1988-89 का औसत	16,961 (+18.0)

24 मार्च 1989 के आंशिक संशोधित आंकड़ों पर आधारित

टिप्पणी : ये वृद्धियां मार्च माह के अन्तिम शुक्रवार पर आधारित हैं, जबकि मार्च 1989 के मामले में आंकड़े अन्तिम सूचित शुक्रवार के हैं ।

सारणी 6.6 : महत्वपूर्ण बैंकिंग निर्देशक—अनुसूचित वाणिज्य बैंक

(करोड़ रुपये)

मदें	निम्नलिखित तारीखों को बकाया राशि			निम्नलिखित वित्तीय वर्षों में घट-बढ़		तिमाही उतार-चढ़ाव	
						अप्रैल से जून	अप्रैल से जून
	25 मार्च 1988	24 मार्च 1989	30 जून 1989*	1987-88	1988-89	1988-89	1989-90
1	2	3	4	5	6	7	8
1. कुल मांग एवं मीयादी देयताएं (इसमें रिजर्व बैंक/भा०औ०वि०बैं०/नाबार्ड से लिये गये उधार शामिल नहीं है)	1,31,951	1,56,562	1,64,935	+ 16,853	+ 24,611	+ 10,161	+ 8,373
2. कुल जमाराशियां (क+ख)	1,18,045	1,40,086	1,47,143	+ 15,321 (+ 14.9)	+ 22,041 (+ 18.7)	+ 9,272 (+ 7.9)	+ 7,057 (+ 5.0)
(क) मांग जमाराशियां	20,247	23,325	24,892	+ 1,109 (+ 5.3)	+ 3,078 (+ 15.2)	+ 1,724 (+ 8.5)	+ 1,567 (+ 6.7)
(ख) मीयादी जमाराशियां	97,798	1,16,761	1,22,251	+ 14,302 (+ 17.1)	+ 18,963 (+ 19.4)	+ 7,548 (+ 7.7)	+ 5,490 (+ 4.7)
3. रिजर्व बैंक से उधार	1,753	3,527	2,174	+ 460	+ 1,774	—1,351	—1,353
4. बैंक ऋण (क+ख)	70,536	84,696	88,397	+ 7,228 (+ 11.4)	+ 14,160 (+ 20.1)	+ 3,029 (+ 4.3)	+ 3,701 (+ 4.4)
क. खाद्य ऋण	2,190	769	1,659	—2,914	—1,421	—52	+ 890
ख. खाद्येतर ऋण	68,346	83,927	86,738	+ 10,142 (+ 17.4)	+ 15,581 (+ 22.8)	+ 3,081 (+ 4.5)	+ 2,811 (+ 3.3)
5. निवेश (क+ख)	46,504	54,662	57,515	+ 7,922 (+ 20.5)	+ 8,158 (+ 17.5)	+ 3,505 (+ 7.5)	+ 2,853 (+ 5.2)
क. सरकारी प्रतिभूतियां	30,517	35,815	38,128	+ 5,670 (+ 22.8)	+ 5,298 (+ 17.4)	+ 2,546 (+ 8.3)	+ 2,313 (+ 6.5)
ख. अन्य अनुमोदित प्रतिभूतियां	15,987	18,847	19,387	+ 2,252 (+ 16.4)	+ 2,860 (+ 17.9)	+ 959 (+ 6.0)	+ 540 (+ 2.9)
6. हाथ में नकदी	1,306	1,444	1,718	+ 132	+ 138	+ 235	+ 274
7. रिजर्व बैंक के पास शेष राशियां	17,656	21,376	22,056	+ 3,275 (+ 22.8)	+ 3,720 (+ 21.1)	+ 1,355 (+ 7.7)	+ 680 (+ 3.2)
8. ऋण-जमा अनुपात (प्रतिशत)	59.8	60.5	60.1				
9. गैर-खाद्य ऋण-जमा अनुपात (प्रतिशत)	57.9	59.9	58.9				

*आंशिक रूप से संशोधित

टिप्पणी : 1. कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े प्रतिशत घट-बढ़ दर्शाते हैं ।

2. घटक वार मदों के जोड़ कुल जोड़ से मेल नहीं खायेंगे क्योंकि आंकड़े पूर्णांकित किये गये हैं ।

3. अप्रैल-जून 88 में घट-बढ़ 25 मार्च 88 से 1 जुलाई 88 तक की अवधि के सम्बन्धित हैं ।

जमाराशियों से इतर संसाधनों का प्रयोग

6.20 रिजर्व बैंक से काफी मात्रा में उधार लेने के अलावा, वाणिज्यिक बैंक 1988-89 के दौरान अन्य जमाराशियों से इतर संसाधनों का काफी बड़ी राशि का प्रयोग करते रहे । जैसा कि सारणी 6.7 से देखा जा सकता है, अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल जमाराशियां जहां एक ओर 22,041 करोड़ रुपए से अधिक बढ़ गयीं, वहां उनकी कुल सकल मांग और मीयादी देयतायें (शुद्ध अन्तर्बैंक आस्तियां) भी 23,135 करोड़ रुपये बढ़ गयीं । इस प्रकार यह जमाराशियों से इतर संसाधनों के रूप में 1988-89 के दौरान 1094 करोड़ रुपये का अतिरिक्त उपयोग दर्शाता है, जबकि इससे पिछले वर्ष में 1855 करोड़ रुपये का उपयोग किया गया । अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने अनुमोदित वित्तीय संस्थाओं के पास वाणिज्यिक बिलों की अधिक मात्रा में पुनर्भुनाई की जो कि 1988-89 में 1,418 करोड़ रुपये तक पहुंच गये, जबकि पिछले वर्ष में यह केवल 656 करोड़ रुपये के थे । इस प्रकार पुनर्भुनाये गये बिलों को मिलाकर जमाराशियों से इतर संसाधनों का अतिरिक्त प्रयोग 1988-89 के दौरान 2.512 करोड़ रुपये बैठता है । यह उतनी ही राशि है जितनी की इससे पिछले वर्ष में प्रयोग में लायी गयी थी ।

फरवरी/मार्च 1989 के दौरान चलनिधि संबंधी समस्याएं

6.21 फरवरी/मार्च 1989 की अवधि के दौरान मुख्यतः खाद्येतर ऋण मे वृद्धि के कारण बैंक ऋण में बहुत तीव्र गति से वृद्धि हुई। कुछ बैंकों को सांविधिक नकदी प्रारक्षित अनुपात बनाये रखने में कठिनाई उठानी पड़ी और इसलिए नकदी प्रारक्षित अनुपात में आयी कमी को पूरा करने के लिए मुद्रा बाजार से काफी राशि जुटानी पड़ी। कुछ बैंकों के पास अपने निवेश सविभाग में अधिशेष निधि (अर्थात् सांविधिक चलनिधि अनुपात बनाये रखने के प्रयोजन के लिए आवश्यक राशि से अधिक निधि) थी। परन्तु उन्हें ऐसे निवेशों के समापन में कठिनाई महसूस हुई। ऐसे मामलों में समस्या यह थी कि आस्तियों की परिपक्वता की रूपरेखा और देयताओं की रूपरेखा म असंगति थी, क्योंकि इन बैंकों के पास खजाना बिलों की पर्याप्त धारिताएं नहीं थी जो कि आसानी से भुनायी जा सकीं। 1989 को बैंकों के वार्षिक खाते बन्दी के कारण थी, जोकि सभी वाणिज्य उद्यमों के भी खाते बन्दी की तारीख है, बैंकों को अपनी निधियों की व्यवस्था करने में कुछ समस्याएं आयीं और इससे मुद्रा बाजार मे असाधारण रूप से तंग स्थितियों में इसकी झलक मिली। बाजार में इस आर्थिक तंगी को रिजर्व बैंक द्वारा अपनी ओर से हस्तक्षेप करके, बढ़े हुए पुनर्वित्त के माध्यम से तथा डिस्काउन्ट एण्ड फाइनेन्स हाऊस के माध्यम से कुछ सीमा तक राहत पहुंचाई गयी।

31 मार्च, 1989 को समाप्त सप्ताह में बैंकिंग गतिविधियां

6.22 बैंकों के नये वित्त वर्ष के अन्तिम सप्ताह के दौरान जोकि 31 मार्च, 1989 को समाप्त हुआ, कुल जमाराशियों और बैंक ऋण दोनों में क्रमशः 6,883 करोड़ रुपये (4.9 प्रतिशत) तथा 4,553 करोड़ रुपये (5.4 प्रतिशत) की तीव्र वृद्धि दिखायी दी (सारणी 6.8)। मांग जमाराशियों मे बैंकों के वित्त वर्ष के अन्तिम सप्ताह में बहुत तेज वृद्धि दिखायी दी जो 4,523 करोड़ रुपये (19.4 प्रतिशत) रही। ये वृद्धियां किसी आर्थिक गतिविधि को प्रोत्साहन देने के संबंध में हुए लेनदेन प्रदर्शित नहीं करती बल्कि इन्हें हम इस रूप में स्पष्ट कर सकते हैं कि ये आंशिक रूप से जमाराशियों और सम्पत्तियों पर ब्याज लागू करने और आंशिक रूप से बैंकों के लेखाबंदी के फलस्वरूप है। 31 मार्च के आंकड़े मूलभूत मुद्रागत और ऋण संबंधी गतिविधियों के मूल्यांकन के लिए अर्थपूर्ण नहीं हैं और इसलिए इस रिपोर्ट में जो विश्लेषण किया गया है उसका आधार 24 मार्च, 1989 के आंकड़ों को बनाया गया है।

सारणी 6.7 : अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों के जमाराशियों से इतर संसाधन

(करोड़ रुपये)

मदें	मार्च के अन्तिम शुक्रवार को बकाया				घट-बढ़		
	1986	1987	1988	1989*	1986-87	1987-88	1988-89*
1	2	3	4	5	6	7	8
1. कुल जमाराशियां	85,404	102,724	118,045	140,086	+17,320 (+20.3)	+15,321 (+14.9)	+22,041 (+18.7)
2. सकल मांग और मीयादी देयतायें (डीटीएल)	97,024	115,098	131,951	156,562	+18,074 (+18.6)	+16,853 (+14.6)	+24,611 (+18.7)
3. बैंकिंग प्रणाली के पास आस्तियां	4,827	5,068	4,745	6,221	+241 (+5.0)	—323 —(6.4)	+1476 (+31.1)
4. सकल मांग मीयादी देयताएं अन्तर्बैंक आस्तियों को छोड़कर (2-3)	92,197	110,030	127,206	150,341	+17,833 (+19.3)	+17,176 (+15.6)	+23,135 (+18.2)
5. अन्तर (4—1)	6,793	7,306	9,161	10,255	+513 (+7.6)	+1,855 (+25.4)	+1,094 (+11.9)
6. अन्य उधार	168	105	273	262	—63 (+37.6)	+168 (+160.8)	—11 (—4.0)
7. वित्तीय संस्थाओं के पास पुनर्भुनाये गये बिल@	562	722	1,378	2,830	+160	+656	+1,452
8. जमाराशियों से इतर संसाधन (5+7)	7,355	8,028	10,539	13,051	+673 (+9.2)	+2511 (+31.3)	+2512 (+23.8)
ज्ञापन मद							
यूनिट ट्रस्ट, जीवन बीमा निगम तथा डिस्काउंट हाउस से मांग मुद्रा सम्बन्धी उधार@	214	250	281	799	+36 (+16.8)	+31 (+12.4)	+518 (+184.3)

*आंशिक रूप से संशोधित, @ 24 मार्च, 1989 के अनुसार मार्च के अन्तिम सप्ताह से संबंधित विशेष विवरणियों और आंकड़ों पर आधारित रिजर्व बैंक, आ०औ०वि०बैं०, नाबार्ड तथा निर्यात आयात बैंक से इतर (अनुभाग 42 के आंकड़ों पर आधारित)

टिप्पणी—कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े प्रतिशत की घट-बढ़ दर्शाते है।

सारणी 6.8 अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों की चुनिंदा मदों में घटबढ़ : मार्च, 1989 के अन्तिम सप्ताह के आंकड़े

(करोड़ रुपये)

मदें	निम्न तारीखों को बकाया		घट बढ़	
	24 मार्च, 1989 (आं०सं०)	31 मार्च, 1989 (आं०सं०)	पूर्ण	प्रतिशत
1	2	3	4	5
1. कुल जमाराशियां (क+ख)	140086	146969	+6883	+4.9
(क) मांग जमाराशियां	23325	27848	+4523	+19.4
(ख) मीयादी जमाराशियां	116761	119121	+2360	+2.0
2. बैंक ऋण (क+ख)	84696	89249	+4553	+5.4
(क) खाद्य ऋण	769	775	+6	+0.8
(ख) खाद्येतर ऋण	83927	88.474	+4547	+5.4

आं०सं०—आंशिक रूप से संशोधित

1989-90 की प्रथम तिमाही में प्रवृत्तियां

6.23 वित्त वर्ष 1989-90 की प्रथम तिमाही (30 जून, 1989 तक) के दौरान कुल जमाराशियों में अपेक्षाकृत कम वृद्धि हुई जो कि 7,057 करोड़ रुपये (5.0 प्रतिशत) थी, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह वृद्धि 9,272 करोड़ रुपये (7.9 प्रतिशत) थी। मांग जमाराशियों में 1,567 करोड़ रुपये (8.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई, जबकि पिछले वर्ष की इसी तुलनीय अवधि में 1,724 करोड़ रुपये (8.6 प्रतिशत) की वृद्धि हुई थी। मीयादी जमाराशियों में वृद्धि 5,490 करोड़ रुपये (4.7 प्रतिशत) हुई जोकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में हुई 7,548 करोड़ रुपये (7.7 प्रतिशत) की अपेक्षा कम रही। बैंक ऋण में उल्लेखनीय विस्तार हुआ जो 3,710 करोड़ रुपये (4.4 प्रतिशत) बढ़ा, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान यह 3,029 करोड़ रुपये (4.3 प्रतिशत) बढ़ा था। खाद्य ऋण में 890 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 52 करोड़ रुपये की कमी आयी थी। यह प्रवृत्ति 1989 की रबी फसल के दौरान गेहूं की अधिक खरीद के अनुरूप है। खाद्येतर ऋण के विस्तार में 1989-90 की प्रथम तिमाही के दौरान 2,811 करोड़ रुपये (3.3 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जोकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही के दौरान हुई 3,081 करोड़ रुपये (4.5 प्रतिशत) की तुलना में कम रही जिससे 1988-89 में जो खाद्येतर ऋण में उद्भूत व्यापक वृद्धि हुई थी उसे संयमित किया जा सका। बैंकों के निवेशों में 2,853 करोड़ रुपये (5.2 प्रतिशत) की थोड़ी-सी वृद्धि हुई, जबकि वर्ष की इसी अवधि में यह वृद्धि 3,505 करोड़ रुपये (7.5 प्रतिशत) थी।

6.24 चूंकि 24 मार्च और 31 मार्च, 1989 के बीच उपर्युक्त वर्ष के अन्त में जो यह वृद्धि दिखायी दी है उसने 1989-90 की प्रथम तिमाही के लिए अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के आंकड़ों में घट-बढ़ के आकार को प्रभावित किया है। इससे चुने गये आधार के कारण कमी की प्रवृत्ति दिखायी देती है। उदाहरण के लिए, यदि कुल जमाराशियों में 31 मार्च, 1989 को आधार मानकर चालू वर्ष की घट-बढ़ को निकाला जाये तो 30 जून, 1989 तक बढ़ी हुई राशि 174 करोड़ रुपये (0.1 प्रतिशत) बैठती है, जबकि यदि 24 मार्च, 1989 को आधार माना जाये तो इन घट-बढ़ों में 7,057 करोड़ रुपये (5.0 प्रतिशत) की वृद्धि हुई है (सारणी 6.9)। ऐसे बड़े-बड़े अन्तर खाद्येतर ऋण जैसे अन्य घट-बढ़ों में भी देखने को मिलती है। इस संबंध में मुख्य लक्षण यह है कि 31 मार्च, 1989 से अब तक चालू वर्ष में मांग, जमाराशियों में 2,956 करोड़ रुपये की पूर्ण गिरावट आयी है जिससे मार्च, 1989 के अन्तिम सप्ताह में जो वृद्धि हुई थी वह लगभग पूरी तरह से समाप्त हो गयी है।

सारणी 6.9 : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की चुनिन्दा मदों के आंकड़ों में घट-बढ़; 1989-90 की प्रथम तिमाही

(करोड़ रुपये)

मदें	निम्न तारीखों को बकाया			घट-बढ़		
	24 मार्च, 1989 (आं०सं०)	31 मार्च, 1989 (आं०सं०)	30 जून, 1989 (अ०)	24 मार्च से 30 जून तक	31 मार्च से 30 जून तक	30 जून, 1989 (अ०)
1	2	3	4	5	6	7
1. कुल जमाराशियां (क+ख)	1,40,086	1,46,969	1,47,143	+ 6,883 (+4.9)	+7,057 (+5.0)	+174 (+0.1)
(क) मांग जमाराशियां	23,325	27,848	24,892	+4,523 (+19.4)	+1,567 (+6.7)	—2,956 (—10.6)
(ख) मीयादी जमाराशियां	1,16,761	1,19,121	1,22,251	+2,360 (+2.0)	+5,490 (+4.7)	+3,130 (+2.6)
2. बैंक ऋण (क+ख)	84,696	89,249	88,397	+4,553 (+5.4)	+3,701 (+4.4)	—852 (—1.0)
(क) खाद्य ऋण	769	775	1,659	+6 (+0.8)	+890 (+115.7)	+884 (+114.1)
(ख) खाद्येतर ऋण	83,927	88,474	86,738	+4,547 (+5.4)	+2,811 (+3.3)	—1,736 (—2.0)

आं०सं० = आंशिक संशोधन

अ० = अनन्तिम

ऋण का क्षेत्रवार वितरण

6.25 ऋण के क्षेत्रवार वितरण संबंधी आंकड़े सारणी 6.10 में दिये गये हैं। ये आंकड़े यह दर्शाते हैं कि 1988-89 के दौरान वृद्धिशील खाद्येतर सकल बैंक ऋण का उच्चतर अनुपात प्राप्त करने वाले व्यापक क्षेत्रों में मध्यवर्ती और बड़े उद्योग और थोक व्यापार (खाद्य से इतर) थे। वृद्धिशील ऋण में निर्यात ऋण का अंश भी पिछले वर्ष से काफी अधिक था। यह अनुपात 1988-89 के दौरान उत्पादन, व्यापारिक कार्यकलाप तथा निर्यातों में बढ़ोतरी की प्रवृत्ति के अनुरूप है।

सारणी 6.10: प्रमुख क्षेत्रों@ द्वारा सकल बैंक ऋण का क्षेत्रीय वितरण

(करोड़ रुपये)

क्षेत्र	निम्नलिखित को बकाया			घट-बढ़ (वित्तीय वर्ष)	
	27 मार्च, 1987	25 मार्च, 1988	27 मार्च, 1989	1987-88	1988-89
1	2	3	4	5	6
I. सकल बैंक ऋण (1+2)	62,569	70,260	85,678	+7,691	+15,418
1. सार्वजनिक खाद्य वसूली ऋण	5,104	2,190	769	—2,914	—1,421
2. खाद्येतर सकल बैंक ऋण	57,465	68,070	84,909	+10,605	+16,839
				(100.0)	(100.0)
(अ) प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र	25,050	29,070	34,207	+4,020	+5,137
	[42.2]	[44.1]	[43.1]	[37.9]	(30.5)
(i) कृषि	10,570	12,009	13,948	+1,439	+1,939
	[17.8]	[18.2]	[176]	(13.6)	(11.5)
(ii) लघु उद्योग	9,108	10,820	13,127	+1,712	+2,307
				(16.1)	(13.7)
(iii) अन्य प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र	5,372	6,241	7,132	+869	+891
				(8.2)	(5.3)
(आ) उद्योग (मझोले और बड़े)	21,356	25,153	32,158	+3,797	+7,005
				(35.8)	(41.6)
(इ) थोक व्यापार (खाद्य वसूली के अलावा)	3,080	3,598	4,764	+518	+1,166
				(4.9)	(6.9)
(i) भारतीय कपास निगम	109	91	37	—18	—54
				(—0.2)	(—0.3)
(ii) भारतीय खाद्य निगम (उर्वरक ऋण)	149	171	203	+22	+31
				(0.2)	(0.2)
(iii) भारतीय जूट निगम	198	142	60	—56	—82
				(—0.5)	(—0.5)
(iv) अन्य व्यापार	2,624	3,194	4,465	+570	+1,271
				(5.4)	(7.5)
(ई) अन्य क्षेत्र	7,979	10,249	13,780	+2,270	+3,531
				(21.4)	(21.0)
II. निर्यात ऋण (मद 2 के अन्तर्गत शामिल)	3,146	3,917	6,142	+771	+2,225
III. शुद्ध बैंक ऋण (सहभागिता प्रमाण पत्रों सहित)	59,419	65,969	79,398	+6,550	+13,429
				(11.0)£	(20.3)£

टिप्पणी : 1. ये आंकड़े 50 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से संबंधित हैं, जिनका हिस्सा सकल बैंक ऋण में लगभग 95 प्रतिशत है। इसके अलावा सकल बैंक ऋण के इन आंकड़ों में रिजर्व बैंक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, निर्यात-आयात बैंक तथा अन्य अनुमोदित वित्तीय संस्थाओं के पुन: भुनाये गये बिल और सहभागिता प्रमाणपत्र शामिल हैं।

2. कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े खाद्येतर वृद्धिशील ऋण के अनुपात हैं।

3. चौकोर कोष्ठक में दिये गये आंकड़े शुद्ध बैंक ऋण (सहभागिता प्रमाणपत्रों सहित) के अनुपात हैं, जो मद III में दिये गये हैं।

@ अनन्तिम वार्षिक वृद्धि पर प्रतिशतों में

6.26 1988-89 के दौरान प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिये गये बैंक ऋण में 5,137 करोड़ रुपये का विस्तार हुआ और वृद्धिशील आधार पर सकल बैंक ऋण का 30.5 प्रतिशत रहा, जबकि पिछले वर्ष यह 37.9 प्रतिशत था। बैंक ऋण के शुद्ध प्रतिशत के रूप में मार्च 1989 के अंत में प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों को दिया गया अग्रिम 40.0 प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 43.1 प्रतिशत रहा। मार्च 1989 के अंत में कृषि को दिया गया ऋण 13,948 करोड़ रुपये (अर्थात् शुद्ध बैंक ऋण का 17.6 प्रतिशत) रहा।

6.27 लघु उद्योगों को 13,127 करोड़ रुपये का अग्रिम प्रदान किया गया जो प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों में दिये गये कुल अग्रिमों का 38.4 प्रतिशत होता है; अन्य प्राथमिकताप्राप्त क्षेत्र में कमजोर वर्ग, छोटे परिवहन परिचालक, लघु व्यापार, व्यावसायिक और स्वनियोजित व्यक्ति शामिल हैं। इन प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्रों का प्रदान किये गये अग्रिम बढ़कर 7,132 करोड़ रुपये हो गये, जो मार्च 1989 में प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र को प्रदान किये गये कुल अग्रिमों का 20.8 प्रतिशत होता है।

6.28 मध्यम और बड़े उद्योगों को प्रदान किये गये सकल बैंक ऋण 7,005 करोड़ रुपये (27.8 प्रतिशत) से बढ़कर 32,158 करोड़ रुपये हो गये, जबकि इसकी तुलना में एक वर्ष पहले वे क्रमशः 3,797 करोड़ रुपये (17.8 प्रतिशत) बढ़कर 25,153 करोड़ रुपये हो गये थे। पेट्रोलियम क्षेत्र को छोड़कर यह वृद्धि क्रमशः 7,138 करोड़ रुपये (28.6 प्रतिशत) और 3,753 करोड़ रुपये (17.7 प्रतिशत) थी।

6.29 सकल बैंक ऋण का उद्योगवार (लघु उद्योग सहित) वितरण सारणी 6.11 में दर्शाया गया है। अप्रैल-मार्च 1988-89 की अवधि के दौरान सकल बैंक ऋण में जिन उद्योगों ने वृद्धि का प्रमुख भाग प्राप्त किया है वे इस प्रकार हैं: इंजीनियरी समूह (1,908 करोड़ रुपये), रसायन समूह (1,714 करोड़ रुपये), अन्य वस्त्र (590 करोड़ रुपये), सूती वस्त्र (457 करोड़ रुपये) और अन्य धातु तथा धात्विक उत्पाद (423 करोड़ रुपये)। उत्पादन उद्योगों के संबंध में गिरावट की सूचना दी गयी है वे इस प्रकार हैं: पेट्रोलियम (133 करोड़ रुपये), कोयला (38 करोड़ रुपये) और जूट के वस्त्र (24 करोड़ रुपये)।

6.30 थोक व्यापार (सरकारी खरीद से इतर) को प्रदान किये गये अग्रिमों में अप्रैल-मार्च 1988-89 के दौरान 1,166 करोड़ रुपये (32.4 प्रतिशत) की भारी वृद्धि दर्ज की गयी, जबकि इसकी तुलना में पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि के दौरान कम वृद्धि अर्थात् 518 करोड़ रुपये (16.8 प्रतिशत) दर्ज की गयी थी।

6.31 "अन्य क्षेत्र" में मुख्यतः सेवाएं शामिल हैं; जैसे होटल/रेस्तरां, सहकारी बैंक, पट्टेदारी कंपनियां, नगर निगम और व्यक्तिगत/स्टाफ ऋण शामिल हैं। इस क्षेत्र को दिये गये ऋण में 3,531 करोड़ रुपये (34.4 प्रतिशत) की वृद्धि परिलक्षित हुई, जबकि पिछले वर्ष इसकी तुलना में 2,270 करोड़ रुपये (28.4 प्रतिशत) की वृद्धि परिलक्षित हुई थी।

औद्योगिक ऋण और मालसूची

6.32 औद्योगिक क्षेत्र द्वारा बैंक ऋण प्राप्ति की समीक्षा करते समय कंपनी वित्त के संबंध में भारतीय रिजर्व बैंक के नमूना अध्ययन के निष्कर्ष के अनुसार कतिपय संबंधित वित्तीय अनुपातों की प्रवृत्तियां उल्लेखनीय हैं (सारणी 6.12)। कंपनी वित्त के संबंध में ये आंकड़े दर्शाते हैं कि पिछले दो वर्ष के स्तरों की तुलना में 1987-88 में बिक्री के प्रतिशत के रूप में मालसूची के स्तर में गिरावट आयी। मालसूची के प्रतिशत के रूप में बैंकों की अल्पकालीन उधार राशियों में 1985-86 और 1987-88 के दरम्यान कुछ बढ़ोत्तरी पायी गयी। इसके अतिरिक्त कंपनियों की शुद्ध व्यापार ऋण पर निर्भरता हमेशा बढ़ती रही, हालांकि हाल ही के वर्षों में उनमें थोड़ी-सी गिरावट आयी।

सारणी 6.11: सकल बैंक ऋण का उद्योगवार वितरण@
(अन्तिम शुक्रवार को)

(करोड़ रुपये)

उद्योग	निम्नलिखित को बकाया			घट-बढ़ (वित्तीय वर्ष)	
	27 मार्च 1987	25 मार्च 1988	27 मार्च 1989	1987-88	1988-89
1	2	3	4	5	6
उद्योग (लघु उद्योग, मझौले और बड़े उद्योगों का जोड़)	30,464	35,973	45,285	+5,596 (+18.1)	+9,312 (+25.9)
1. कोयला	160	248	210	+83	—38
2. लोहा और इस्पात	1,601	1,824	2,242	+223	+418
3. अन्य धातुएं और धातु उत्पाद	1,021	1,203	1,626	+182	+423
4. सभी इंजीनियरिंग	7,675	8,697	10,605	+1,022	+1,908
5. बिजली	513	785	1,042	+272	+257
6. सूती वस्त्र	2,419	2,752	3,209	+333	+457
7. जूट वस्त्र	292	305	281	+13	—24
8. अन्य वस्त्र	1,773	2,152	2,742	+379	+590
9. चीनी	541	640	667	+99	+27
10. चाय	381	411	524	+30	+113
11. वनस्पति तेल (वनस्पति घी सहित)	378	440	599	+62	+159
12. तम्बाकू और तम्बाकू उत्पाद	224	235	297	+11	+62
13. कागज और कागज उत्पाद	768	854	1,139	+86	+285

1	2	3	4	5	6
14. रबड़ और रबड़ उत्पाद	501	557	748	+56	+191
15. रसायन, रंग, पेंट आदि जिनमें से उर्वरक					
	(844)	(913)	(1,013)	(+69)	(+100)
16. सीमेंट	461	503	688	+42	+185
17 चमड़ा और चमड़े के उत्पाद	413	565	695	+152	+130
18. निर्माण	369	448	759	+79	+311
19. पेट्रोलियम	119	163	30	+44	—133
20. नयी योजना के अन्तर्गत विदेशों से लिये गये जहाज	282	231	191	—51	—40
21. बाकी उद्योग	6,974	8,750	11,067	+1,776	2,317

@अनन्तिम

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े प्रतिशत की घटबढ़ दर्शाते हैं ।

भारतीय रिजर्व बैंक का पुनर्वित्त ।

(i) निर्यात ऋण पुनर्वित्त

6.33 पहली जुलाई, 1988 को समाप्त पखवाड़े के दौरान निर्यात ऋण पुनर्वित्त की सीमा 1,913 करोड़ रुपये के स्तर पर थी । इस स्तर से बढ़कर 30 जून, 1989 को समाप्त होने वाले पखवाड़े के दौरान 4,346 करोड़ रुपये हो गयी । आलोच्य वर्ष के दौरान उपयोग अनुपात 3.4 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत के दरम्यान तेजी से घटता-बढ़ता रहा । जब पुनर्वित्त की गणना करने का आधार आगे लाया गया तब निर्यात पुनर्वित्त की सीमाएं बकाया निर्यात ऋण के प्रतिशत के रूप में कम हुईं, अर्थात् वे 26 अगस्त, 1988 को 48.3 प्रतिशत पर थे; इस स्तर से घटकर वे 9 सितम्बर, 1988 तक 39.1 प्रतिशत पर आ गये, परन्तु 30 जून 1989 को बढ़कर 62.5 प्रतिशत तक पहुंच गये । वित्तीय वर्ष के उत्तरार्द्ध के दौरान निर्यात पुनर्वित्त का उपयोग सामान्यतः उच्चतर रहा । फिर भी, 1988-89 में 2 दिसम्बर, 1988 को उपयोगिता न्यूनतम अर्थात् 144 करोड़ रुपये थी (उपयोगिता अनुपात 7.1 प्रतिशत), हालांकि मुद्रा बाजार की मजबूत परिस्थितियों में भी उपयोगिता बढ़कर 24 मार्च, 1989 को 2,874 करोड़ रुपये पर पहुंच गयी (उपयोगिता अनुपात 95.7 प्रतिशत) ।

(ii) प्रतिस्थापन पुनर्वित्त

6.34 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों ने जुलाई और अक्तूबर 1988 के दरम्यान स्थानापन्न पुनर्वित्त सुविधा का उपयोग नहीं किया । नवम्बर 1988 के दरम्यान मंजूर की गयी 150 करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा का पूरी तरह उपयोग किया गया था । जनवरी 1989 से जून 1989 तक की अवधि में बैंकों को फिर से स्थानापन्न पुनर्वित्त सीमाएं मंजूर की गयीं जो 29 करोड़ रुपये और 125 करोड़ रुपये के दरम्यान रहीं । इन सीमाओं का काफी हद तक उपयोग किया गया ।

सारणी 6.12 : बिक्री की तुलना में माल सूची का तथा माल सूची की तुलना में बैंक उधारों का अनुपात

(निजी क्षेत्र में सार्वजनिक सीमित कंपनियां)

(प्रतिशत)

अवधि	कम्पनियों की संख्या	बिक्री के प्रतिशत के रूप में कुल माल सूची	कुल माल सूची प्रतिशत के रूप में कच्ची सामग्री और पुर्जे	कुल माल सूची के प्रतिशत के रूप में अल्पावधि बैंक ऋण	कुल माल के प्रतिशत के रूप में कुल बैंक ऋण	फुटकर देनदार के प्रतिशत के रूप में फुटकर लेनदार	ऋण-इक्विटी अनुपात	ऋण इक्विटी अनुपात (पुनर्मूल्यन निधि के लिए समायोजित)
1	2	3	4	5	6	7	8	9
मध्यम और बड़ी सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियां								
1975-76	1720	30.7	30.0	49.0	53.5	124.0	45.1	—
1976-77	1720	27.4	30.3	51.7	56.9	115.1	46.8	—
1977-78	1720	26.8	30.2	51.8	57.4	119.3	48.7	—
1980-81	1651	27.5	32.1	43.6	51.0	129.4	62.8	—
1981-82	1651	27.5	31.3	42.2	50.1	129.4	71.3	—
1982-83	1651	27.7	29.1	41.0	50.4	125.8	82.9	—
सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनियां		(लघु, मध्यम और बड़ी)						
1982-83	1838	27.7	29.3	41.4	50.6	124.4	84.5	91.5
1983-84	1838	26.3	28.0	43.9	55.7	118.2	87.7	100.3
1984-85	1838	24.7	28.4	45.3	57.4	117.4	83.6	104.7
1983-84	1867	26.3	28.3	43.8	57.1	117.0	89.3	101.7
1984-85	1867	24.7	28.5	45.5	58.6	115.9	84.3	104.4
1985-86	1867	25.3	28.4	46.5	59.3	111.3	77.1	110.1

1	2	3	4	5	6	6	8	9
बड़ी सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनियां								
1975-76	415	30.4	31.9	47.2	51.1	119.2	45.3	—
1976-77	415	27.2	31.6	50.2	54.9	108.1	46.6	—
1977-78	415	26.3	32.2	50.3	55.1	112.0	48.2	—
1982-83	535	27.7	30.1	37.5	46.7	123.9	79.8	—
1983-84	535	25.8	30.0	40.0	52.1	114.3	82.5	—
1984-85	535	24.5	29.3	40.5	52.6	112.6	80.0	—
1985-86	621	25.8	29.2	40.0	51.7	110.4	74.3	103.7
1986-87	621	25.2	28.3	42.9	54.1	101.2	80.3	108.6
1987-88	621	24.5	28.9	42.0	52.9	102.6	83.5	111.8

(——) अनुपलब्ध

(iii) विवेकाधीन पुर्नवित्त

6.35 इस पूर्वानुमतिरहित सुविधा के अन्तर्गत बैंकों की पुनर्वित्त सीमाएं लगभग 925 करोड़ रुपये की थीं; दिसम्बर 1988 के अंत तक (नवम्बर 1988 में कुछ दिनों को छोड़कर) उनका उपयोग नगण्य रहा। इसका प्रभाव बैंकों की सविधाजनक नकदी स्थिति पर पड़ा। 17 फरवरी, 1989 से उन पुनर्वित्त सीमाओं को घटाकर 463 करोड़ रुपये कर दिया गया। जब कुछ बैंकों के समक्ष चलनिधि संबंधी समस्याएं उत्पन्न हुईं तब उन्हें मार्च-अप्रैल 1989 के दौरान अतिरिक्त विवेकाधिकार पुनर्वित्त सीमाएं मंजूर की गयीं। मंजूर की गयी अतिरिक्त विवेकाधिकार पुनर्वित्त की सर्वाधिक राशि 252 करोड़ रुपये की थी। ये सीमाएं पूर्वानुमोदन के बाद प्रदान की गयी थीं। जुलाई 1988 से 16 जून, 1989 तक की अवधि के दौरान 31 मार्च, 1989 को विवेकाधिकार पुनर्वित्त सुविधा का अधिकतम उपयोग 616 करोड़ रुपये का था तथा इसका उपयोग अनुपात 83.2 प्रतिशत रहा।

(iv) 182 दिवसीय खजाना बिलों पर पुनर्वित्त

6.36 182 दिवसीय खजाना बिलों की जमानत पर पुनर्वित्त सुविधा के अंतर्गत सीमाओं में क्रमिक बढ़ोतरी हुई। पहली जुलाई, 1988 को सीमाएं 125 करोड़ रुपये थीं जो बढ़कर 23 सितम्बर, 1988 को 304 करोड़ रुपये हुईं तथा उसके बाद घटकर 30 जून, 1989 को 134 करोड़ रुपये हो गयीं। इस सुविधा के अंतर्गत स्थापित सीमाएं अनुमानिक थीं। भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह (डिस्काउंट एण्ड फाइनेंस हाउस) के साथ लेनदेन उक्त सुविधा के अंतर्गत पुनर्वित्त सुविधा से अधिक आकर्षक है और जिस सीमा तक बैंकों द्वारा भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह से सहायता ली जायेगी उस सीमा तक वे रिज़र्व बैंक से पुनर्वित्त का आहरण नहीं कर पायेंगे। इसलिए इस सुविधा के अंतर्गत हाल ही में वास्तविक आहरण काफी कम रहे है।

पुनर्वित्त की समग्र स्थिति

6.37 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को विभिन्न सुविधाओं के अन्तर्गत (जहाजरानी ऋण, शुल्क आहरण इत्यादि पर विशेष पुनर्वित्त को छोड़कर) कुल पुनर्वित्त सीमाएं पहली जुलाई, 1988 को 2,946 करोड़ रुपये थीं, इनमें से उसी दिनांक तक केवल 176 करोड़ रुपये (6 प्रतिशत) का उपयोग हुआ। बाद की अवधि में कुल पुनर्वित्त सीमाओं में कुछ तेजी से वृद्धि हुई क्योंकि निर्यात ऋण पुनर्वित्त सीमाओं में तेजी से विस्तार हुआ। 30 जून, 1989 को अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की कुल पुनर्वित्त सीमाएं 4,974 करोड़ रुपये की थीं। उसी तारीख तक 1,988 करोड़ रुपये या मंजूर सीमाओं के 40 प्रतिशत का उपयोग हुआ। सारणी 6.13 में दर्शाये अनुसार, समग्रत: जनवरी-मार्च 1989 की तिमाही में पुनर्वित्त सीमा की उपयोगिता के सम्बन्ध में तीव्र वृद्धि हुई क्योंकि इसी अवधि के दौरान बैंकों को चलनिधि समस्याओं का सामना करना पड़ा था। 27 मई, 1989 को उपयोगिता का सर्वोच्च स्तर 4,292 करोड़ रुपये का था तथा उपयोगिता अनुपात 92.2 प्रतिशत था।

सारणी 6.13 : अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को रिजर्व बैंक की ऋण सहायता

(जहाजरानी ऋणों पर विशेष पुनर्वित्त तथा शुल्क वापसी को छोड़कर)

(करोड़ रुपये)

सूचित अन्तिम शुक्रवार को	निर्यात ऋण पुनर्वित्त		आपाती पुनर्वित्त		विवेकाधीन पुनर्वित्त		182 दिवसीय खजाना बिल पुनर्वित्त		कुल पुनर्वित्त		
	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	सीमा	बकाया	बकाया
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
1988											
मार्च	1,747.5	1,337.6	16.0	—	935.0	115.7	92.6	58.5	2,791.1	1,511.8	2,028.0 (मार्च 3)
जून	1,958.6	425.1	—	—	908.0	0.4	105.7	—	2,972.3	425.5	1,880.0 (मई 24)
सितम्बर	1,573.9	720.2	—	—	925.0	1.7	304.3	—	2,803.2	721.9	1,737.0 (जुलाई 7)
दिसम्बर	2,126.1	1,423.3	—	—	925.0	0.6	184.2	—	3,235.3	1,423.9	2,391.0 (नवंबर 11)
1989											
मार्च	3,002.1	2,873.8	74.0	54.0	462.5	365.0	53.2	21.2	3,591.8	3,314.0	3,314.0 (मार्च 24)
जून	4,345.8	1,987.8	9.0	—	484.5	—	134.3	—	4,834.7	1,981.8	4,292.1 (मई 27)

टिप्पणी : खाद्य पुनर्वित्त के अंतर्गत किसी प्रकार का उपयोग नहीं हुआ क्योंकि बकाया खाद्य ऋण न्यूनतम स्तर के नीचे ही रहा।

ऋण बजट

6.38 आलोच्य वर्ष के दौरान 57 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के ऋण बजटों की जांच की गयी। मई-अगस्त 1989 के दौरान 21 सरकारी क्षेत्र के बैंकों तथा 3 विदेशी बैंकों के मुख्य कार्यपालकों के साथ चर्चा आयोजित की गयी। चर्चा के दौरान इस बात पर बल दिया गया कि 1988-89 में बैंकों का ऋण विस्तार संशोधित ऋण बजट के अनुमानों से काफी अधिक है। इसके अतिरिक्त इस बात का भी विशेष उल्लेख किया गया कि अनेक बैंकों ने अपने संसाधनों की वृद्धि के अनुपात में अधिक ऋण दिया और इससे बैंकों के सामने चलनिधि संबंधी समस्यायें उत्पन्न हुई। अतः बैंकों से अनुरोध किया गया कि वे अपनी प्रारक्षित निधि सम्बन्धी अपेक्षाओं को बड़ी सावधानी से सुनिश्चित करें क्योंकि अपेक्षायें पूरी न करने वालों की लागत काफी अधिक है। इस बात पर भी विशेष बल दिया गया कि बैंकों की संरचनागत निर्भरता मुद्रा बाजार पर नहीं होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की उधार राशियों को उत्पाद आधार पर एक या दो दिनों के समूह के रूप में न रखा जाए। बैंकों को बताया गया कि यदि उन्होंने रिजर्व बैंक से विवेकाधीन या प्रतिस्थापन पुनर्वित्त आहरित किया हो तो वे मुद्रा बाजार में राशि उधार नहीं दे सकते। बैंकों को यह भी सलाह दी गयी कि वे 182 दिवसीय खजाना बिलों में अधिक मात्रा में निवेश करें जिससे कि आस्तियों और देयताओं के आवधिक विन्यास में बेहतर संतुलन बनाये रखा जा सके। बैंकों को बताया गया कि वे मुद्रा बाजार के जमा प्रमाण पत्र और वाणिज्य पत्र जैसी नयी लिखतों के लिए स्वयं को तैयार रखें। उन्हें यह भी सूचित किया गया कि उचित विचारविमर्श करने के बाद ही इन लिखतों का मूल्य निर्धारित करें। अंत में, इस बात का भी जिक्र किया गया कि ऋण बजट तभी सार्थक हो सकता है जब वास्तविक ऋण कार्यकलाप ठीक ऋण बजटों के अनुरूप हो।

अल्पावधि मुद्रा बाजार की गतिविधियां

6.39 आलोच्य वर्ष के दौरान अल्पावधि मुद्रा बाजार की गतिविधियां उल्लेखनीय रहीं। मुद्रा बाजार की गतिविधियों के संबंध में किये गये उपायों का जिक्र ऋण नीति सम्बन्धी गतिविधियों की समीक्षा करते समय पहले ही कर दिया गया है। फिर भी, आलोच्य वर्ष के दौरान मुद्रा बाजार की कुछ गतिविधियां नीचे दी जा रही हैं:

(i) भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह

6.40 भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह (डिस्काउंट एण्ड फाइनेंस हाउस ऑफ इंडिया) की स्थापना एक विशेषकृत मुद्रा बाजार संस्था के रूप में की गयी है। इस संस्था का मूल उद्देश्य मुद्रा बाजार की लिखतों को नकदी निधि प्रदान करके मुद्रा बाजार की गतिविधियों को तेज करना है। इस संस्था ने 25 अप्रैल, 1988 से अपना कारोबार प्रारंभ कर दिया है। 182 दिवसीय खजाना बिलों का लेनदेन और वाणिज्य बिलों की पुनर्भुनाई के माध्यम से भारतीय मितिकाटा और वित्तगृह लिमिटेड मुद्रा बाजार की लिखतों में गौण-बाजार विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

6.41 1988-89 में 182 दिवसीय खजाना बिल और वाणिज्य बिलों की उक्त संस्था की धारिता दिसम्बर 1988 तक कम रही, परंतु उसके बाद उसमें काफी तेजी से वृद्धि हुई और मार्च 1989 के अंत तक उसकी धारिता 382 करोड़ रुपये के खजाना बिलों और 628 करोड़ रुपये के वाणिज्य बिलों की थी। जून 1989 तक इन मुद्रा बाजार आस्तियों की धारिता उल्लेखनीय रूप से कम हो गयी (सारणी 6.14)।

सारणी 6.14: भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह द्वारा 182 दिवसीय खजाना बिलों और वाणिज्य बिलों की धारिता

(करोड़ रुपये)

माह के अंत में	182 दिवसीय खजाना बिल	वाणिज्य बिल
1	2	3
1988-89		
अप्रैल	10.34	—
मई	0.25	0.02
जून	1.31	0.02
जुलाई	73.50	—
अगस्त	69.25	—
सितम्बर	50.00	—
अक्टूबर	30.25	—
नवम्बर	30.75	8.00
दिसम्बर	159.50	8.00
जनवरी	94.80	1.50
फरवरी	292.50	85.50
मार्च	381.80	627.79
1989-90		
अप्रैल	165.97	133.00
मई	256.01	231.85
24 जून	27.56	113.80

6.42 भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह लिमिटेड न केवल इन आस्तियों का मात्र धारक बना रहा है बल्कि मुद्रा बाजार की आस्तियों की बिक्री बढ़ाने का प्रयास भी वह करता रहा। इस उद्देश्य के अनुरूप इस संस्था ने 1988-89 में 182 दिवसीय खजाना बिलों के संबंध में 11,024 करोड़ रुपये का कारोबार किया। 1988-89 में मुद्रा बाजार प्रणाली में इन खजाना बिलों की मासिक औसत बकाया राशि 612 करोड़ रुपये थी। इसका अर्थ यह है कि भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह बैंकिंग तंत्र में खजाना बिलों की धारिता से अठारह गुना कारोबार

सारणी 6.15: भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह का 182 दिवसीय खजाना बिल और वाणिज्य बिलों का आवर्ती कारोबार

(करोड़ रुपये)

अवधि	खजाना बिल	वाणिज्य बिल
1	2	3
1988-89		
अप्रैल	22.52	0.48
मई	189.81	1.76
जून	568.37	1.76
जुलाई	1,362.50	1.78
अगस्त	2,246.15	2.24
सितम्बर	3,064.00	13.24
अक्टूबर	3,684.05	15.24
नवम्बर	4,519.65	674.24
दिसम्बर	5,254.50	770.24
जनवरी	6,614.10	880.74
फरवरी	8,432.00	1,242.74
मार्च	11,024.24	2,865.64
1989-90		
अप्रैल	2,429.23	2,038.39
मई	4,075.80	3,099.44
जून (24 तक)	5,028.74	3,958.41

करने में सफल रहा। 1989-90 (24 जून तक) में इसका खजाना बिलों में गृह का संचयी कारोबार 5,029 करोड़ रुपये था।

6.43 भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह का वाणिज्य बिलों का कारोबार अक्टूबर 1988 तक 15 करोड़ रुपये का रहा जो केवल नाममात्र का था। परन्तु व्युत्पन्न मीयादी वचन पत्र (डिराइवेटिव यूसेंस प्रामिसरी नोट), जिसकी आगे चर्चा की गयी है, प्रारंभ करने के बाद इस गृह के संचयी कारोबार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई तथा वह 1988-89 के सम्पूर्ण वर्ष के लिए 2,866 करोड़ रुपये हो गयी (सारणी 6.15), अप्रैल—जून 1989 की तिमाही के दौरान (अर्थात् 24 जून 1989 तक) कुल कारोबार 3,958 करोड़ रुपए का था।

6.44 भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह को जुलाई 1989 से मांग मुद्रा बाजार में लेनदेन करने की अनुमति दी गयी। 1988-89 में इस गृह ने कुल 20,362 करोड़ रुपये का संचयी अर्थात् 82 करोड़ रुपये प्रतिदिन का कारोबार किया। 1989-90 में पहली जुलाई 1989 तक की इस गृह का कुल संचयी कारोबार 21,625 करोड़ रुपये हो गया जो 1988-89 में हासिल किये गये कुल कारोबार से पहले ही अधिक हो गया था।

6.45 अप्रैल-जून 1989 की तिमाही के दौरान मुद्रा बाजार परिसम्पत्तियों में गृह का कुल कारोबार काफी अधिक रहा इससे यह स्पष्ट होता है कि 1989-90 के सम्पूर्ण वर्ष में गृह के कारोबार संबंधी कार्यकलाप 1988-89 के कार्यकलापों की तुलना में निश्चय ही उल्लेखनीय वृद्धि प्रदर्शित करेंगे।

6.46 भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह के अधिकार क्षेत्र में निधियां बढ़ाने के उद्देश्य से रिजर्व बैंक ने 182 दिवसीय खजाना बिलों तथा पात्र वाणिज्यिक विनिमय बिलों की धारिता की संपार्श्विक प्रतिभूतियों की जमानत पर पुनर्वित्त की सीमाएं प्रदान की हैं ताकि यह गृह मुद्रा बाजार में विकासशील और स्थिरीकरण दोनों ही भूमिकायें निभा सके। रिजर्व बैंक द्वारा 182 दिवसीय खजाना बिलों की जमानत पर मंजूर की गयी पुनर्वित्त की सीमा चरणबद्ध रूप से बढ़ायी गयी। अप्रैल 1988 में वह 50 करोड़ रुपये के स्तर पर थी, इस स्तर से बढ़ाकर वह मार्च 1989 में 400 करोड़ रुपये कर दी गयी (सारणी 6.16)। इसी प्रकार वाणिज्यिक पत्रों के संबंध में रिजर्व बैंक द्वारा मंजूर की गयी पुनर्वित्त की सीमा सितम्बर 1988 में 50 करोड़ रुपये थी; इस स्तर से बढ़ाकर उसे मार्च 1989 में 550 करोड़ रुपये कर दिया गया। सम्पूर्ण वर्ष के दौरान इस गृह को मंजूर की गयी पुनर्वित्त सीमाओं का सर्वोच्च स्तर कुल 950 करोड़ रुपये का रहा तथा 3 अप्रैल 1989 तक इन सीमाओं का उपयोग 902 करोड़ रुपये रहा। इस प्रकार रिजर्व बैंक द्वारा अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को दिये गये सीधे पुनर्वित्त में न केवल काफी बढ़ोतरी हुई (अर्थात् 125 करोड़ रुपये का प्रतिस्थापन पुनर्वित्त और 252 करोड़ रुपये का अतिरिक्त विवेकाधीन पुनर्वित्त) बल्कि मार्च-अप्रैल 1989 में रिजर्व बैंक ने बैंकिंग प्रणाली को काफी मात्रा में संसाधन भी प्रदान किये ताकि इस अवधि के दौरान बैंकों के समक्ष आयी नकदी की कठिनाई दूर की जा सके। भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह को सरकारी क्षेत्र के 28 बैंकों से सहायता संघ आधार पर 100 करोड़ रुपये का ऋण प्राप्त करने का प्राधिकार भी दिया गया है। इस ऋण की ब्याज दर 12.00 प्रतिशत वार्षिक होगी। किन्तु इस ऋण व्यवस्था का कार्यान्वयन होना अभी बाकी है।

6.47 रिजर्व बैंक द्वारा इस गृह को दिये जाने वाले पुनर्वित्त पर लागू की गयी ब्याज दरों में काफी लचीलापन था। खजाना बिलों पर दी जाने वाली पुनर्वित्त सुविधा की ब्याज दरें अप्रैल 1988 में 9.50 प्रतिशत थीं जो बढ़ाकर मार्च 1989 में 11.00 प्रतिशत कर दी गयी। उसके बाद जून 1989 में इन्हें घटाकर 9.50 प्रतिशत कर दिया गया। वाणिज्य बिलों पर दिये जाने वाले पुनर्वित्त की ब्याज दर सितम्बर 1988 में 13 प्रतिशत थी, इस स्तर से उसे बढ़ाकर 1989 में 15.25 प्रतिशत कर दिया गया, तथा उसके बाद अप्रैल 1989 में उसे घटाकर 13.00 प्रतिशत कर दिया गया (सारणी 6.17)।

सारणी 6.16: भारतीय मितिकाटा और वित्त-गृह को दिया गया रिजर्व बैंक का पुनर्वित्त

(करोड़ रुपये)

महीने के अंतिम दिन	182 दिवसीय खजाना बिलों के संपार्श्विक प्रतिभूतियों पर पुनर्वित्त			अल्पावधि वाणिज्य बिलों पर पुनर्वित्त		
	सीमा	बकाया	माह के दौरान उपयोग का उच्चतम स्तर	सीमा	बकाया	माह के दौरान उपयोग का उच्चतम स्तर
1	2	3	4	5	6	7
1988						
अप्रैल	50.00	—	—	—	—	—
मई	50.00	—	—	—	—	—
जून	50.00	—	—	—	—	—
जुलाई	50.00	50.00	50.00 (30-7-88)	—	—	—
अगस्त	50.00	—	—	—	—	—
सितम्बर	50.00	—	—	50.00	—	—
अक्टूबर	50.00	—	30.18 (4-10-88)	50.00	—	—
नवम्बर	100.00	—	90.00	50.00	—	—

1	2	3	4	5	6	7
दिसम्बर	100.00	—	(21-11-88)	50.00	—	—
1989						
जनवरी	100.00	—	52.67 (2-1-89)	50.00	—	—
फरवरी	250.00	250.00	250.00 (17-2-89)	100.00	26.32	73.39 (20-2-89)
मार्च	400.00	343 62	380.70 (21-3-89)	550 00	534.27	534.27 (31-3-89)
अप्रैल	250.00	150.27	361.62@ (3-4-89)	100.00	15.60	541.21* (4-4-89)
मई	250.00	230.41	248.41 (27-5-89)	200.00	58.29	147.43 (29-5-89)
जून	100.00	—	120.65 (8-6-89)	100 00	—	74.10 (5-6-89)

@ 3-4-1989 को सीमा : 400 करोड़ रुपये ।

* 4-4-1989 को सीमा : 550 करोड़ रुपये ।

सारणी 6.17 : भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह को रिजर्व बैंक द्वारा दिये गये पुनर्वित्त के लिए ब्याज दरें

182 दिवसीय खजाना बिलों की धारिता पर पुनर्वित्त		वाणिज्य बिलों पर पुनर्वित्त	
लागू होने की तारीख	ब्याज दर (प्रतिशत प्रति वर्ष)	लागू होने की तारीख	ब्याज दर (प्रतिशत प्रति वर्ष)
1	2	3	4
23 अप्रैल 1988	9.50	30 सितम्बर 1988	13.00
18 नवम्बर 1989	9.60	20 फरवरी 1989	13.50
8 फरवरी 1989	9.80	8 मार्च 1989	14.25
17 फरवरी 1989	10.00	15 मार्च 1989	15.25
18 मार्च 1989	10.50	11 अप्रैल 1989	15.00
20 मार्च 1989	11.00	12 अप्रैल 1989	14.50
11 अप्रैल 1989	10.25	19 अप्रैल 1989	14.00
3 जून 1989	10.00	27 अप्रैल 1989	13.00
6 जून 1989	9.75		
28 जून 1989	9.50		

(ii) वाणिज्य बिलों की पुनर्भुनाई

6.48 बैंक और वित्तीय संस्थाएं वाणिज्य बिलों को पुनर्भुनाई में काफी कठिनाई का अनुभव कर रही थीं । अतः ऐसे बिलों की पुनर्भुनाई की सुविधा प्रदान करने के लिए सितम्बर 1988 में कार्यविधि संबंधी कतिपय परिवर्तन किये गये । इन परिवर्तनों के फलस्वरूप वाणिज्य बिलों की चलनिधि काफी बढ़ गयी । इससे मुद्रा बाजार को लिखत के रूप में बिल पुनर्भुनाई के विकास में भी मदद मिली । नयी कार्यविधि के अंतर्गत बैंक अपनी शाखाओं द्वारा पुनः भुनाये गये वास्तविक व्यापार बिल के आधार पर सुविधाजनक समूह और अवधि के मीयादी वचन पत्र जारी कर सकते हैं । इन मीयादी वचन पत्रों पर दोबारा मूल्यानुसार स्टाम्प शुल्क देना होता है जो बिल संस्कृति के विकास और प्रवर्धन के लिए गंभीर रूप से घातक है । अतः इस प्रकार जारी किये गये वचन पत्रों पर लगने वाले स्टाम्प शुल्क को हटा दिया है । मीयादी वचन पत्रों को पुनर्भुनाई करने वाले व्यक्ति के पक्ष में पृष्ठांकित कर के तथा उसे सुपुर्द कर के पुनः भुनाया जा सकता है । व्युत्पन्न मीयादी वचन पत्र प्रारंभ करने के फलस्वरूप बिलों की पुनर्भुनाई को काफी प्रोत्साहन मिला जैसा कि भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह कारोबार संबंधी अगामी कदमों से स्पष्ट होता है । बिल पुनर्भुनाई बाजार का क्षेत्र व्यापक बनाने के लिए 1988-89 में अनेक संस्थाओं को बिल पुनर्भुनाई बाजार में प्रवेश दिया गया । जिन नई संस्थाओं को इस बाजार में प्रवेश दिया गया वे इस प्रकार हैं : भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक, राष्ट्रीय आवास बैंक, भारतीय जहाजरानी ऋण और निवेश कम्पनी लिमिटेड, भारतीय पर्यटन वित्त निगम और भारतीय निर्यात आयात बैंक लिमिटेड ।

182 दिवसीय खजाना बिलों की नीलामी

6.49 182 दिवसीय खजाना बिलों की नीलामियां जून 1988 तक मासिक आधार पर होती थीं । 13 जुलाई 1988 से ये नीलामियां पाक्षिक आधार पर की जाने लगीं । प्रथम पांच महीनों के दौरान इन नीलामियों की प्रतिक्रिया उत्साहजनक रही, परंतु दिसम्बर 1988 से मार्च 1989 तक की अवधि के दौरान क्रमिक रूप से यह उत्साह मंद हो गया । इससे मुद्रा बाजार की बदलती हुई परिस्थितियों का आभास मिलता है । कुछ नीलामियों को छोड़कर स्वीकार की गयी बोलियों से वार्षिक लाभ में आमतौर पर बढ़ोत्तरी की प्रवृत्ति परिलक्षित हुई । 13 जुलाई 1988 को आयोजित नीलामी से प्राप्त लाभ 9.5 प्रतिशत था जो इस स्तर से बढ़कर 27 जून 1989 को आयोजित नीलामी में 9.75 प्रतिशत वार्षिक हो गया । 29 जून 1989 को बकाया बिलों का कुल अंकित मूल्य बढ़कर 382.90 करोड़ रुपये हो गया, (सारणी 6.18) । पाक्षिक आधार पर नियमित रूप से नीलामियां आयोजित करने से अब बाजार में ऐसे खजाना बिल उपलब्ध हैं जिनकी अवधि समाप्ति एक निरंतर श्रृंखला के रूप में मानी जा सकती है । जैसा कि पहले बताया गया है भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह ने 182 दिवसीय खजाना बिलों को वस्तुतः सम्पूर्णतया नकदी जैसा बना दिया है और ये लिखतें अब सचमुच एक अल्पावधि मुद्रा बाजार की लिखतें बन गयी हैं ।

(iii) मांग मुद्रा दर को अधिकतम सीमा से मुक्त करना

6.50 जैसा कि पहले उल्लेख किया गया है भारतीय बैंक संघ (आइ० बी०ए०) ने पहली मई 1989 से मांग मुद्रा दर पर 10 प्रतिशत वार्षिक की उस उच्चतम सीमा को समाप्त कर दिया है जो अप्रैल 1980 में निर्धारित की गयी थी। मांग मुद्रा दर को उच्चतम सीमा से मुक्त रखने के कारण प्रारंभ में मांग मुद्रा बाजार की ब्याज दरों में अत्यधिक उतार चढ़ाव आया। एक सूचनाधीन पखवारे के प्रारंभ में ब्याज दरें सर्वोच्च स्तर पर रहती हैं और उसी पखवारे के अंत में उनमें गिरावट आती है।

6.51 मांग मुद्रा दरों को मुक्त करने के बाद की प्रारंभिक अवधि में अर्थात् मई 1989 के उत्तरार्ध में दरों में 30–34 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई, उसके बाद दरें तेजी से घटकर 5 प्रतिशत के निम्न स्तर पर आ गयीं। इस बात पर ध्यान देना एक रोचक विषय है कि पहली मई 1989 को अधिकतम सीमा हटा लेने के बाद प्रारंभिक अवधि में, भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह की मांग मुद्रा दरें और बैंकों की मांग मुद्रा दरें 9 मई 1989 तक घनिष्ट रूप से परस्पर सम्बद्ध रहीं। उसके बाद बैंकों की मांग मुद्रा दरें बढ़कर 26 मई 1989 तक अत्यधिक उच्चस्तर पर पहुंच गयीं जबकि उक्त गृह की मांग मुद्रा दरों में इतनी तीव्र वृद्धि नहीं हुई। उधारकर्ताओं ने इतनी ऊंची दरों पर उधार लेना अलाभकारी पाया और उन्हें कम दरों पर निधियों के वैकल्पिक स्रोत उपलब्ध हो गये। पुनः बैंकों के कम कम कामकाज का समय आने पर निधियों के लिए मांग कम हो गयी। इसी संदर्भ में 30 मई 1989 से बैंकों की मांग मुद्रा दर में गिरावट आयी और पुनः भारतीय मितिकाटा और वित्त गृह की मांग मुद्रा दरों और बैंकों की दरों में मोटे तौर पर एक समानता आ गयी (सारणी 6.19)। यद्यपि हाल ही में मांग मुद्रा दर में गिरावट की प्रवृत्ति परिलक्षित हुई है फिर भी उसमें अस्थिरता जारी है क्योंकि कुछ बैंकों की मांग भी काफी अस्थिर और समान है। मांग मुद्रा दर को अधिकतम सीमा से मुक्त करने से पहले, दरों पर अधिकतम सीमा के बावजूद एक मुश्त लेनदेनों के माध्यम से प्रायः इस दर का उल्लंघन किया जाता था।

सारणी 6.18 : भारत सरकार के 182 दिवसीय खजाना बिल

निलामी की तारीख	दी गई बोली		स्वीकृत बोली		100 रु० अंकित मूल्य के लिए उच्चतम मूल्य	उच्चतम लाभ (प्रतिशत वार्षिक)	पखवारे/माह के अंत में बकाया खजाना बिलों की कुल राशि
	संख्या	कुल मुद्रागत राशि (करोड़ रुपये)	संख्या	कुल मुद्रागत राशि (करोड़ रुपये)			
1	2	3	4	5	6	7	8
1988							
जुलाई 13	25	126.50	12	68.50	95.49	9.45	378.75*
27	15	122.00	5	74.0	95.50	9.42	421.60@
अगस्त 10	21	189.25	12	109.25	95.49	9.45	530.85*
23	24	199.00	12	146.75	95.48	9.47	677.60@
सितम्बर 7	16	145.25	5	68.00	95.48	9.47	745.60*
21	14	126.50	8	72.50	95.47	9.49	805.10@
अक्टूबर 5	19	66.50	2	10.00	95.48	9.4[illegible]	815.10*
नवम्बर 18	23	115.05	7	35.30	95.48	9.47	778.30@
2	10	155.25	7	82.25	95.48	9.47	860.55*
16	14	60.05	10	27.05	95.47	9.49	797.35@
30	10	248.00	8	238.00	95.47	9.49	1035.35*
दिसम्बर 14	11	26.00	5	10.50	95.47	9.49	942.10*
28	8	28.00	6	20.00	95.47	9.49	962.10@
1989							
जनवरी 11	9	85.25	7	84.00	95.47	9.49	977.60*
24	7	14.35	4	12.10	95.47	9.49	915.70@
फरवरी 8	12	25.25	12	25.25	94.45	9.53	831.70*
22	8	14.65	8	14.65	95.42	9.60	699.60@
मार्च 8	2	5.15	2	5.15	95.50	9.42	636.75*
20	2	2.25	2	2.25	95.50	9.42	566.50@
अप्रैल 4	4	21.00	4	21.00	95.42	9.60	577.50*
19	9	69.00	9	69.00	95.41	9.62	611.20@
मई 3	12	40.50	12	40.50	95.40	9.64	569.45*
17	6	9.50	6	9.50	95.38	9.69	551.90@
31	9	18.50	9	18.50	95.35	9.75	322.40*
जून 14	11	16.25	6	8.50	95.35	9.75	330.40*
27	33	79.00	16	72.50	95.35	9.75	382.90@

*आंकड़े पखवाड़े की समाप्ति से संबंधित हैं।

@आंकड़े माह की समाप्ति से संबंधित हैं।

सारणी 6.19 : अधिकतम दर हटाने के बाद मांग मुद्रा दरें

(वार्षिक प्रतिशत)

दिनांक	भा०मि०वि०गृ. की दरें	अंतर बैंक बाजार दरें
1	2	3
4.5.1989	10.25—11.00	10.25—11.00
5.5.1989 (सू० शु०)	7.50—8.00	7.50—8.00
6.5.1989	12.25—12.50	12.50—14.00
9.5.1989	12.25—12.50	12.25—12.50
10.5.1989	12.25—13.25	13.50—14.50
11.5.1989	12.25—13.25	14.00—15.00
12.5.1989	12.25—13.75	15.00—16.50
13.5.1989	13.75	16.50—18.00
15.5.1989	13.75	18.00
16.5.1989	12.50—14.00	18.00—21.00
17.5.1989	12.50—14.50	15.50—21.00
18.5.1989	12.50—15.50	30.00
19.5.1989 (सू० शु०)	15.50—16.00	14.00—13.00
22.5.1989	16.50—17.00	23.00
23.5.1989	17.00	20.00—30.00
24.5.1989	17.00	30.00—34.00
25.5.1989	17.50	30.00—34.00
26.5.1989	17.50	30.00—34.00
27.5.1989	17.50	22.00—32.00
29.5.1989	18.00	25.00
30.5.1989	15.50—17.50	14.00—27.00
31.5.1989	11.00—15.00	10.00—13.00
1.6.1989	8.00—9.00	7.00—9.00
2.6.1989 (सू.शु.)	5.00	4.00—5.00
3.6.1989	15.50—16.00	15.50—16.00
5.6.1989	15.50—16.00	16.00—18.00
6.6.1989	13.50—16.00	12.50—16.00
7.6.1989	11.50—13.00	11.50—12.50
8.6.1989	11.75—12.00	11.50—12.00
10.6.1989	11.75—12.00	11.00—12.00
12.6.1989	11.25—11.50	10.50—11.50
13.6.1989	10.75	9.50—10.50
14.6.1989	9.00—9.25	9.00—9.25
15.6.1989	8.00—8.50	8.00—8.50
16.6.1989 (सू.शु.)	8.00	6.00—8.00
17.6.1989	11.75—12.00	11.00—12.00
19.6.1989	11.50—11.75	11.50—12.00
20.6.1989	11.25	11.25
21.6.1989	10.50	10.00—11.00
22.6.1989	9.50—9.75	9.50—9.75
23.6.1989	9.75—10.00	9.75—10.00
24.6.1989	9.75—10.00	9.75—10.00
26.6.1989	9.50	10.00
27.6.1989	9.75—10.00	9.50—10.00
28.6.1989	9.50—10.00	9.25—10.00
29.6.1989	8.00	5.00—8.00

*उधार की दरें

सू०शु०—सूचित शुक्रवार

7. मूल्य स्थिति की समीक्षा

7.1 यद्यपि पिछले वर्ष की तुलना में राजकोषीय वर्ष 1988-89 के दौरान मूल्य वृद्धि की समग्र दर संयत की गयी थी, फिर भी उसमें प्रच्छन्न मुद्रास्फीति की स्थिति बनी रही जो कि न केवल समीक्षाधीन वर्ष में बल्कि अगले वर्ष भी चिन्ता का विषय बनी रही। वर्ष 1988-89 में खरीफ की फसल के आने तक आपूर्ति की समग्र स्थिति तनावपूर्ण बनी रही परन्तु बहुत अच्छी फसल की आवक के बावजूद सामान्य मूल्य स्तर के दबाव में कोई तदनुरूप कमी नहीं आयी। यहां तक कि वर्ष 1989-90 की प्रथम तिमाही में भी मूल्यों पर भारी दबाव बना रहा। यद्यपि अंशतः इसका कारण 1989-90 के केन्द्रीय बजट में कुछ शासित पण्यों के मूल्यों, उत्पादन शुल्कों और रेल भाड़े में की गयी कुछ वृद्धियों को माना जा सकता है किन्तु फिर भी कृषि उत्पादन में हुए बहुत अच्छे सुधार के बावजूद कुछ पण्यों के मूल्य में आयी वृद्धि बहुत अधिक थी।

7.2 औसत के आधार पर, वर्ष 1988-89 के दौरान थोक मूल्य सूचकांक की वृद्धि दर पिछले वर्ष की तुलना में केवल थोड़ी सी कम रही। पुनश्च, सामान्य उपभोग की वस्तुओं में बिन्दुवार आधार पर मूल्य वृद्धि बहुत ऊंची बनी रही। दुग्ध तथा दुग्ध उत्पादों, चाय तथा चीनी समूह सहित अन्य खाद्य वस्तुओं जैसे कुछ मामलों में वृद्धियां पिछले वर्ष के मुकाबले भी अधिक रहीं। पिछले वर्ष की ऊंची वृद्धि के ऊपर दालों की कीमतों में तीव्र वृद्धि दर्ज हुई। पिछले वर्ष मूल्यों में हुई गिरावट के विपरीत चाय के मूल्यों में विशिष्ट वृद्धि हुई। इसके परिणामस्वरूप, उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों में हुई वृद्धियां—बिन्दुवार आधार पर हों अथवा औसत के आधार पर—पिछले वर्ष की वृद्धियों के आस-पास बनी रहीं। यदि कतिपय पण्यों का आयात तथा खाद्यान्न स्टॉकों की काफी बड़ी निकासी न हुई होती तो संभवतः पिछले दो वर्षों के दौरान मुद्रास्फीति की दर और अधिक रही होती।

7.3 थोक मूल्य सूचकांक की वृद्धि (आधार : 1970-71=100), जो वर्ष 1986-87 के 5.3 प्रतिशत से दुगुनी होकर वर्ष 1987-88 में, जबकि देश ने एक भयंकर सूखे का सामना किया था, 10.6 प्रतिशत हो गयी थी, कृषि उत्पादन में हुए तीव्र सुधार तथा आपूर्ति एवं मांग प्रबंध संबंधी व्यापक नीतियों के जारी रखने के कारण वर्ष 1988-89 में घटकर 6.7 प्रतिशत रह गयी। औसत के आधार पर, वर्ष 1987-88 की 7.6 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में थोक मूल्य सूचकांक में हुई वृद्धि 7.3 प्रतिशत थी जो कि मात्र थोड़ी सी कम थी।

7.4 वर्ष 1987-88 में हुई 9.8 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में, वर्ष 1988-89 में बिन्दुवार आधार पर, औद्योगिक कर्मचारियों से संबंधित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में (अक्टूबर 1988 से नये आधार अर्थात् 1982=100 के साथ*) 8.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई। औसत के आधार पर, वर्ष के दौरान उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में हुई 9.1 प्रतिशत की वृद्धि पिछले वर्ष के समान ही थी।

समूहवार प्रवृत्तियां

7.5 समूहवार एवं बिन्दुवार आधार पर, सभी तीनों मुख्य समूहों अर्थात् प्राथमिक वस्तुओं, "ईंधन, शक्ति, प्रकाश तथा स्नेहक एवं विनिर्मित उत्पादों" के थोक मूल्यों में वर्ष 1988-89 में गिरावट आयी। "प्राथमिक वस्तुओं" में यह गिरावट विशेष रूप से महसूस की गयी (वर्ष 1987-88

* अक्टूबर 1988 से श्रम ब्यूरो भारत सरकार द्वारा 1982=100 के आधार के रूप में औद्योगिक कर्मचारियों के लिए उपभोक्ता मूल सूचकांकों की एक नयी श्रृंखला शुरू की गयी है। 4.93 के योजक फैक्टर का नये सूचकांक से गुणा करके 1960=100 के आधार पर अखिल भारतीय सूचकांक का अनुमान लगाया जा सकता है।

के 13.2 प्रतिशत से वर्ष 1988-89 में 4.7 प्रतिशत) जो कि इस पण्य समूह की कुछ वस्तुओं के मूल्यों पर कृषि उत्पादनों में हुए तीव्र सुधार के अनुकूल प्रभाव को प्रकट करती है। विनिर्मित उत्पादों तथा 'ईंधन' समूहों में वर्ष 1988-89 में क्रमशः 8.7 प्रतिशत एवं 5.2 प्रतिशत की अपेक्षाकृत कम वृद्धि हुई जबकि वर्ष 1987-88 में 9.8 प्रतिशत एवं 6.4 प्रतिशत की तदनुरूपी वृद्धियां हुई थीं (सारणी 7.1)

सारणी 7.1 : मुख्य पण्य समूहों के थोक मूल्यों के सूचकांक

(आधार : 1970-71=100)

मुख्य समूह	थोक मूल्य सूचकांक						प्रतिशत में घट-बढ़			
	भार	मार्च 1987 के अंत में	मार्च 1988 के अंत में	मार्च 1989 के अंत में	जून 1988 के अंत में	जून 1989 के अंत में अ	राजकोषीय वर्ष		प्रथम तिमाही	
							1987-88	1988-89	1988-89 (कॉलम 4 की तुलना में कॉलम 6)	1989-90 (कॉलम 5 की तुलना में कॉलम 7)
1	2	3	4	4	6	7	8	9	10	11
सभी पण्य	1.000.00	378.2	418.4	446.3	428.0	462.8	+10.6	+6.7	+2.3	+3.7
प्राथमिक वस्तुएं	416.67	347.0	392.8	411.3	401.8	424.7	+13.2	+4.7	+2.3	+3.3
ईंधन, शक्ति, प्रकाश तथा स्नेहक	84.59	626.2	666.0	700.8	669.1	707.5	+6.4	+5.2	+0.5	+1.0
विनिर्मित उत्पाद	498.74	362.3	397.7	432.3	408.9	453.2	+9.8	+8.7	+2.8	+4.8

अ—अंनिम

चरणवार प्रवृत्ति

7.6 वर्ष 1988-89 के दौरान मूल्यों की चरणवार प्रवृत्ति संबंधी आंकड़े (सारणी 7.2)) यह प्रदर्शित करते हैं, कि मार्च के अंत तथा अगस्त के अंत के बीच, प्रथम चरण में 1987-88 की तदनुरूप अवधि के मुकाबले मूल्य वृद्धि कम थी। अगस्त के अन्त तथा नवम्बर के अंत के बीच, द्वितीय चरण में, जबकि सामान्यतः मूल्यों में गिरावट देखी जाती है वर्ष 1987-88 की मामूली गिरावट के विपरीत थोड़ी-सी वृद्धि प्रदर्शित हुई। तीन महीनों के इस द्वितीय चरण में अकेले अक्टूबर 1988 में ही लगभग 0.8 प्रतिशत की मौसम से विपरीत प्रकार की वृद्धि हुई। तत्पश्चात्, नवम्बर के अंत तथा मार्च के अंत के बीच के तृतीय चरण में मूल्यों में कुछ वृद्धि हुई यद्यपि यह वृद्धि 1987-88 में हुई वृद्धि की तुलना में कुछ कम थी।

सारणी 7.2: थोक मूल्यों के सूचकांक में उतार-चढ़ाव के तीन चरण

(आधार : 1970-71 1-00)

मदें	प्रथम चरण — मार्च के अंत से अगस्त के अंत तक		द्वितीय चरण — अगस्त के अंत से नवम्बर के अंत तक		तृतीय चरण — नवम्बर के अंत से मार्च के अंत तक	
	1987-88	1988-89	1987-88	1988-89	1987-88	1988-89
1	2	3	4	5	6	7
सभी पण्य	+9.1	+4.4	—0.9	+0.2	+2.3	+2.0
प्राथमिक वस्तुएं	+13.8	+5.3	—1.6	+2.0	+1.1	+2.5
ईंधन, शक्ति, प्रकाश तथा स्नेहक	+1.3	+0.7	+0.3	+0.2	+4.7	+4.3
विनिर्मित उत्पाद	+7.6	+4.7	—0.6	—1.3	+2.6	+5.2

7.7 'प्राथमिक वस्तु' समूह के मामले में सामान्य मौसमी विचलन (पैटर्न) से भिन्न प्रवृत्ति देखी गयी। द्वितीय चरण के दौरान, वर्ष 1987-88 के सूखा वर्ष में भी हुई 1.6 प्रतिशत की गिरावट के मुकाबले 2.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो कि मौसम के विपरीत थी। यह ध्यान देने योग्य बात है कि सितम्बर तथा अक्टूबर 1988 में पंजाब तथा हरियाणा में व्यापक बाढ़ के कारण उत्तरी अनाज क्षेत्र में धान की उगाही तथा बाजार में उसकी आवक पर प्रभाव पड़ा जिसके कारण ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ सीमा तक मुद्रास्फीति विषयक अनुमानों को प्रेरणा मिली। तृतीय चरण में, 'प्राथमिक वस्तुओं' की कीमतों में 2.5 प्रतिशत की कमी आयी जबकि पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में इनमें 1.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। विनिर्मित उत्पाद समूह के मामले में, पिछले वर्षों के दौरान देखी गयी प्रवृत्तियों के अनुरूप ही मौसमी प्रवृत्तियां बनी रहीं, तथापि, तृतीय चरण में इस समूह में हुई मूल्य वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में दुगुनी थी।

सारणी 7.3: थोक मूल्यों के सूचकांकों में घट-बढ़

(आधार : 1970-71=100)

(बिन्दुवार)

प्रमुख समूह समूह उप समूह पण्य	भार	प्रतिशत घट-बढ़ निम्नलिखित वर्षों के दौरान			
		वित्तीय वर्ष		पहली तिमाही	
		1987-88	1988-89	1988-89 (अप्रैल-जून)	1989-90 (अप्रैल-जून)
1	2	3	4	5	6
सभी पण्य	1,000.00	10.6	6.7	2.3	3.7
1. प्राथमिक वस्तुएं	416.67	13.2	4.7	2.3	3.3
खाद्य वस्तुएं	297.99	11.0	8.9	3.0	4.2
(क) अनाज	107.43	16.1	8.7	0.9	0.3
(i) चावल	51.31	13.5	7.2	5.2	2.0*
(ii) गेहूं	34.17	15.9	11.4	—6.6	14.1*
(ख) दालें	21.79	32.1	20.4	13.7	4.7
(ग) फल और सब्जियां	61.32	4.3	1.0	2.3	11.2
(घ) दूध और दुग्ध उत्पाद	61.50	9.6	12.3	4.6	2.9
(ङ) अन्य खाद्य वस्तुएं	16.04	7.4	31.2	14.2	7.6
(i) चाय	11.49	10.6	50.8	15.3	6.8*
गैर-खाद्य वस्तुएं	106.21	22.9	—6.7	—0.8	1.0
(क) रेशे	31.73	29.5	2.6	—0.1	1.9
(i) कपास	22.46	35.3	—7.9	—0.8	—2.4*
(ख) तिलहन	42.01	27.0	—23.2	—0.2	3.8
खनिज	12.47	1.7	4.5	0.3	0.4
पेट्रोलियम, कच्चा तेल और प्राकृतिक गैस	6.02	—	—	—	—
2. ईंधन, शक्ति, प्रकाश और स्नेहक	84.59	6.4	5.2	0.5	1.0
कोयला	10.39	17.6	13.1	—	—*
खनिज तेल	49.12	3.2	0.5	0.3	0.5
बिजली	24.00	7.4	10.6	1.2	2.4
3. निर्मित उत्पाद	498.74	9.8	8.7	2.8	4.8
चीनी, खांडसारी और गुड़	72.41	7.2	18.6	16.8	19.3
(i) चीनी	21.91	4.6	7.5	7.5	9.0*
(ii) गुड़	45.58	8.0	21.1	20.3	18.2*
(iii) खांडसारी	0.92	7.9	9.7	16.4	19.9*
खाद्य तेल	37.16	11.1	15.3	—4.0	8.7
सूती वस्त्र	81.02	9.7	8.1	0.6	3.0
सीमेंट	7.03	—1.5	5.4	10.1	6.8*
रसायन और रसायन उत्पाद	55.48	9.0	4.3	0.2	0.3
लोहा, इस्पात, और लौहमिश्र धातुएं	34.73	15.9	9.2	0.5	1.3

* 20 मई 1989 तक

पण्यवार घट-बढ़

7.8 बिन्दुवार आधार पर मूल्य प्रवृत्तियों का पण्यवार विश्लेषण सारणी 7.3 में दिया गया है। "प्राथमिक वस्तु" समूह में मूल्य वृद्धि 1988-89 में पिछले वर्ष की तुलना में महत्वपूर्ण रूप से कम रही। इस समूह में, अनाजों में 8.7 प्रतिशत की मूल्य वृद्धि 1987-88 में हुई 16.1 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि के मुकाबले काफी कम थी। अनाजों के समूह के अंतर्गत, उच्चतर उत्पादन तथा उगाही के कारण चावल के मूल्यों में वृद्धि पिछले वर्ष के मुकाबले आधे से थोड़ी-सी ज्यादा थी। यद्यपि पिछले वर्ष की स्पष्ट वृद्धि की तुलना में गेहूं के मूल्य में वृद्धि कम रही फिर भी उच्चतर उत्पादन के बावजूद खुले बाजार में उच्चतर मूल्यों के परिणामस्वरूप उगाही में आयी गिरावट के कारण यह महत्वपूर्ण रही। दालों के मामले में, पिछले वर्ष 32.1 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि के ऊपर कीमतों में 20.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई क्योंकि बढ़ी हुई मांग की तुलना में उपलब्धि कम थी। अक्तूबर 1988 में दालों के आयात शुल्क में 10 प्रतिशत से 35 प्रतिशत की वृद्धि के कारण भी कीमतों में वृद्धि हुई। यदि 8.3 लाख टन दालों का आयात न हुआ होता तो दालों के मूल्य में और अधिक वृद्धि होती। वर्ष 1987-88 की तीव्र वृद्धि के विपरीत कपास तथा तिलहनों की कीमतों में तेजी से वृद्धि हुई। दुग्ध तथा दुग्ध उत्पादों की कीमतों में, जिनमें 1987-88 में 9.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, वर्ष 1988-89 में 12.3 प्रतिशत की और वृद्धि हुई, वर्ष 1987-88 की 10.6 प्रतिशत की गिरावट के विपरीत वर्ष 1988-89 में चाय की कीमतों में 50.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विनिर्मित उत्पाद समूह के अंतर्गत, खाद्य तेलों की कीमतों में, जिनमें वर्ष 1987-88 में 11.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, वर्ष 1988-89 में 15.3 प्रतिशत की गिरावट आयी जिसका मुख्य कारण था तिलहनों की कीमतों में गिरावट। वर्ष 1987-88 की 7.2 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले चीनी, खांडसारी तथा गुड़ की कीमतों में 18.6 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि हुई। वर्ष के अधिकतर भाग में खांडसारी तथा गुड़ की कीमतें ऊंची बनी रहीं, क्योंकि इन दोनों पण्यों का उत्पादन कम रहा।

7.9 ईंधन समूह में, जिसमें वर्ष 1987-88 में 6.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी, वर्ष 1988-89 में 5.2 प्रतिशत की और वृद्धि हुई जो कि मुख्यतः विद्युत प्रशुल्कों तथा कोयले की प्रशासित कीमतों में वृद्धि के कारण हुई।

भारित योगदान

7.10 थोक मूल्यों में सामान्य सूचकांक की औसत वृद्धि में भारित योगदान का उपाय (सारणी 7.4) यह प्रदर्शित करता है कि वर्ष 1987-88 के 49.7 प्रतिशत की तुलना में, सामान्य सूचकांक में 42.2 प्रतिशत की भारवाली प्राथमिक वस्तुओं ने वर्ष 1988-89 में मूल्य वृद्धि में 40.0 का योगदान किया। वस्तुतः केवल कुछ मुख्य पण्यसमूहों, जैसे कि तिलहनों तथा रेशों के कारण योगदान में अनुमानतः कमी आयी, कुछ सीमा तक दुग्ध तथा दुग्ध उत्पाद, अण्डे, मछली तथा मांस ने भी 'प्राथमिक वस्तु" समूह के योगदान को कम करने में सहायता की है। अनाजों तथा दालों जैसे उप-समूहों के योगदान में स्पष्टतः वृद्धि हुई। 8.0 प्रतिशत के भार वाले ईंधन, शक्ति, प्रकाश तथा स्नेहक समूह ने 10.2 प्रतिशत का उच्चतर योगदान किया जबकि वर्ष 1987-88 में इनका योगदान 6.7 प्रतिशत था। सामान्य सूचकांक में लगभग 50.0 प्रतिशत के भार वाले विनिर्मित उत्पाद समूह ने मूल्य वृद्धि में 49.9 प्रतिशत का उच्चतर योगदान किया जबकि वर्ष 1987-88 में इनका योगदान 43.6 प्रतिशत था। इस समूह के अंतर्गत, वर्ष 1988-89 में लोहा, इस्पात तथा लौह मिश्र धातुओं का 9.9 प्रतिशत का महत्वपूर्ण सर्वाधिक योगदान रहा जबकि पिछले वर्ष इनके योगदान में 2.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इसके बाद चीनी, खांडसारी तथा गुड़ (2.1 प्रतिशत की गिरावट के विपरीत 9.1 प्रतिशत) का स्थान आता है यद्यपि कुछ अन्य विनिर्माण की मदों ने भी महत्वपूर्ण योगदान किया।

सारणी 7.4: थोक मूल्यों के सामान्य सूचकांक की वृद्धि में पण्य समूहों का भारित योगदान

(आधार : 1970-71 = 100) (प्रतिशत)

		(बिन्दुवार आधार पर)		(औसत के आधार पर)	
	भार	1987-88	1988-89	1987-88	1988-89
सामान्य सूचकांक में मूल्य वृद्धि		10.6	6.7	7.6	7.3
पण्य समूह		भारित योगदान			
सभी पण्य	1,000.00	100.0	100.0	100.0	100.0
1. प्राथमिक वस्तुएं	416.67	47.5	27.6	49.7	40.0
1. अनाज	107.43	11.8	10.2	8.5	12.3
2. दालें	21.79	7.1	8.6	6.6	12.9
3. फल तथा सब्जियां	61.32	2.8	--0.9	2.1	2.2
4. दूध तथा उसके उत्पाद	61.50	4.6	9.2	8.1	6.6
5. अण्डे, मछली तथा मांस	18.97	--	1.8	2.6	1.6
6. मसाले और गरम मसाले	10.94	2.6	0.4	2.7	3.8
7. अन्य खाद्य वस्तुएं	16.04	--1.1	6.4	--0.7	1.5
8. तिलहन	42.01	9.8	--15.4	14.3	-6.7
9. रेशे	31.73	5.6	0.9	10.2	2.1
2. ईंधन, शक्ति, प्रकाश और स्नेहक	84.59	8.4	10.6	6.7	10.0
10. कोयला खनन	11.47	3.3	4.3	1.3	4.2
11. खनिज तेल	49.12	2.4	0.5	0.8	2.9
12. बिजली	24.00	2.6	5.8	4.7	2.9
3. विनिर्मित उत्पाद	498.74	43.9	61.9	43.6	49.9
13. चीनी, खाण्डसारी और गुड़	72.41	4.6	18.1	--2.1	9.1
14. खाद्य तेल	37.16	4.2	--9.2	12.2	--6.0
15. सूती वस्त्र	81.02	5.3	7.0	7.0	5.3
16. सिल्क, कलात्मक सिल्क एवं कृत्रिम वस्त्र	12.83	1.5	3.6	2.2	3.3
17. जूट, सन तथा मेस्ता वस्त्र	12.14	1.3	2.9	1.1	2.7
18. अलौह धातुएं तथा मिश्र धातुएं	11.78	1.7	6.5	2.6	3.9
19. धातु उत्पाद	13.23	2.0	4.3	1.4	3.5
20. लोहा, इस्पात और तथा लौहमिश्र धातुएं	34.73	7.5	7.2	2.9	9.9

7.11 वर्ष 1989-90 की प्रथम तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान सामान्य मूल्य स्तर में 3.7 प्रतिशत की वृद्धि वर्ष 1988-89† की तदनुरूप तिमाही में हुई 2.3 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले अधिक थी। तिमाही के दौरान फलों, सब्जियों, चीनी समूह, खाद्य तेलों तथा सीमेंट के मूल्यों में तीव्र वृद्धि दर्ज की गयी। अप्रैल-जून 1989 के दौरान, पिछले वर्ष की तदनुरूप तिमाही की तुलना में तीनों मुख्य पण्य समूहों की कीमतों में अधिक वृद्धि हुई। पिछले वर्ष की तुलनीय तिमाही के 2.3 प्रतिशत के मुकाबले प्राथमिक वस्तु समूह में 3.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई। विद्युत प्रशुल्कों में वृद्धि के कारण वर्ष 1988-89 की तुलनीय तिमाही के मुकाबले 'ईंधन' समूह में दुगुनी वृद्धि हुई। पिछले वर्ष की तदनुरूप तिमाही की 2.8 प्रतिशत की वृद्धि के विपरीत 'विनिर्मित उत्पाद' समूह में 4.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई। निविष्टियों, जैसे कि कोयले, लोहे तथा इस्पात एवं अलौह धातुओं के प्रशासित मूल्यों में हुई वृद्धि तथा चीनी समूह के मूल्यों में हुई तीव्र वृद्धि को विनिर्मित उत्पादों की कीमतों में हुई वृद्धि का कारण माना जा सकता है।

प्रशासित मूल्यों में परिवर्तन

7.12 कुल मांग और पूर्ति के प्रबंध से संबंधित नीतियों के अलावा, विशिष्ट लक्ष्यों की प्राप्ति की दृष्टि से समय-समय पर विशिष्ट पण्यों की कीमतों को नियंत्रित तथा अनुकूलित किया जाता है। ये उत्पाद समूह दो व्यापक समूहों के अंतर्गत आते हैं, अर्थात् कृषि मूल के आवश्यक पण्य तथा उद्योगों की मूल निविष्टियों के रूप में काम आने वाले उत्पाद।

(i) कृषि संबंधी कीमतें

7.13 कृषि पण्यों से संबंधित मूल्य नीति के दो उद्देश्य होते हैं कृषकों को लाभकर मूल्य प्रदान करना तथा साथ ही साथ उचित मूल्यों पर उपभोक्ताओं को वस्तुओं की आपूर्ति करना। वर्ष 1988-89 के विपणन वर्ष के दौरान, सरकार ने कृषि पण्यों के लिए मूल्य वृद्धियों की एक श्रृंखला घोषित की। कुछ पण्यों से संबंधित उगाही/न्यूनतम समर्थन मूल्यों में हुए मुख्य परिवर्तन सारणी 7.5 में दिये गये हैं। अनाजों, दालों, तिलहनों तथा रुई के मामले में, उगाही न्यूनतम समर्थन मूल्यों में हुई वृद्धियां (प्रतिशत के रूप में) वर्ष 1988-89 में पिछले वर्ष की तुलना में महत्वपूर्ण रूप में ऊंची रहीं। तथापि, रुई एवं पटसन के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में वृद्धि पिछले वर्ष की तुलना में कम थी।

सारणी 7.5 : न्यूनतम समर्थन वसूली मूल्य

(प्रति क्विंटल रुपये)

कृषि वस्तुएं	1987-88		1988-89		प्रतिशत वृद्धि		1989-90		प्रतिशत वृद्धि	
	वसूली मूल्य	न्यूनतम समर्थन मूल्य	वसूली मूल्य	न्यूनतम समर्थन मूल्य	वसूली मूल्य	न्यूनतम समर्थन मूल्य	वसूली मूल्य	न्यूनतम समर्थन मूल्य	वसूली मूल्य	न्यूनतम समर्थन मूल्य
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
धान										
औसत प्रकार	150		160		+6.7		175		+9.4	
उत्तम	154		170		+10.4		185		+8.8	
अति उत्तम	158		180		+13.9		195		+8.3	
गेहूं	166		173		+4.2		183		+5.8	
ज्वार, बाजरा, मक्का और रागी (उपयुक्त औसत प्रकार)	135		145		+7.4		155		+6.9	
जौ		135		135		--		145		+7.4
चना		280		290		+3.6		325		+12.1
अरहर, मूंग, उड़द		325		360		+10.8		400		+11.1
तिलहन										
छिलका सहित मूंगफली		390		430		+10.3		470		+9.3
सरसों		415		430		+3.6		460		+7.0
सूरजमुखी		390		450		+15.4		500		+11.1
सोयाबीन (पीला)		300		320		+6.7		350		+9.4
सोयाबीन (काला)		260		275		+5.8		305		+10.9
गन्ना@		18.5		19.5		+5.4		20		+2.6
रुई (उपयुक्त औसत प्रकार)		440		500		+13.6				
कपास (संकर-4)		550		600		+9.1				
पटसन@ (डब्ल्यू-5 ग्रेड असम के बाहर)		240		250		+4.2	280*		+12.0	
वीएफसी तंबाकू (एफ-2)@ काली मिट्टी			1125	1175		+4.4				

@सांविधिक न्यूनतम मूल्य

*टी०डी० 5 किस्म से संबंधित

†भारत सरकार द्वारा 1 जुलाई, 1989 से 1981-82=100 के आधार पर थोकमूल्य सूचकांक संख्याओं की नयी श्रृंखला लागू की गयी।

7.14 वर्ष 1989-90 के विपणन मौसम के लिये, धान तथा गेहूं की औसत किस्म के उगाही मूल्यों में वृद्धि की गयी है तथा वृद्धियों की दरें पिछले मौसम की तुलना में अधिक हैं। मोटे अनाजों तथा उत्तम एवं अति उत्तम किस्म के धान के उगाही मूल्यों में भी पिछले मौसम में की गयी ऊंची वृद्धियों के ऊपर और अधिक वृद्धि की गयी है। दालों तथा तिलहनों के न्यूनतम समर्थन मूल्यों में भी महत्वपूर्ण वृद्धियां की गयी हैं। तिलहनों में, मूंगफली तथा सूरजमुखी के समर्थन मूल्यों में, जिनमें वर्ष 1988-89 में महत्वपूर्ण वृद्धि की गयी थी, और अधिक वृद्धि की गयी है।

औद्योगिक कीमतें

7.15 औद्योगिक उत्पादों में प्रवर्तित मूल्य सामान्यतः लागतों में हुए परिवर्तनों के अनुसार अथवा कुछ मामलों में उपभोग को नियंत्रित करने के लिये समायोजित किये जाते हैं। निवेश विषयक आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए संसाधन जुटाने के वास्ते भी कभी-कभी ऐसे परिवर्तन किये जाते हैं।

7.16 वर्ष 1988-89 के दौरान, पेट्रोलियम उत्पाद, कोयला खनन, बिजली, लोहा, इस्पात तथा लौह मिश्र धातुओं, एवं अलौह धातुओं तथा मिश्र धातुओं—जैसे औद्योगिक उत्पाद समूह के कतिपय पण्यों के प्रशासित मूल्यों में भी वृद्धि की गयी। औसत के आधार पर थोक मूल्यों के सामान्य सूचकांक में 13.1 प्रतिशत के भार वाले इन उत्पाद समूहों का भारित योगदान वर्ष 1987-88 के 12.3 प्रतिशत के मुकाबले वर्ष 1988-89 में 23.8 प्रतिशत था।

7.17 वर्ष 1988-89 के दौरान औद्योगिक मूल्यों में किये गये मुख्य संशोधन थे: कोयला (13.7 प्रतिशत), कच्चा लोहा और इस्पात (औसतन 8.0 प्रतिशत), सीमेंट लेवी मूल्य (12.0 प्रतिशत) तथा अल्यूमिनियम (17.5 प्रतिशत)। इसके अलावा, वर्ष 1989-90 के रेलवे बजट में मालभाड़े में 12.7 प्रतिशत की वृद्धि तथा वर्ष 1989-90 के लिए केन्द्र के बजट में पण्यों के व्यापक समूह पर 5 प्रतिशत के उत्पाद शुल्क के कारण मूल्यों पर महत्वपूर्ण असर पड़ेगा।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांकों की प्रवृत्तियां

7.18 वर्ष 1988-89 के दौरान औद्योगिक कर्मचारियों से संबंधित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की मूल्य वृद्धि की दर बिन्दुवार आधार पर 8.6 प्रतिशत थी जो कि वर्ष 1987-88 की दर से 1.2 प्रतिशत बिन्दु कम थी। औसत के आधार पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की वृद्धि दर 9.1 प्रतिशत थी जो कि पिछले वर्ष दर्ज की गयी वृद्धि जितनी ही थी। (सारणी 7.6)। बिन्दुवार आधार पर, वर्ष 1987-88 में हुई 10.2 प्रतिशत की वृद्धि के ऊपर औद्योगिक कर्मचारियों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के 'खाद्य मूल्य सूचकांक'* में वर्ष 1988-89 में 8.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई। औसत के आधार पर, पिछले वर्ष की 9.6 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में खाद्य सूचकांक में 9.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

7.19 शारीरिक श्रम करने वालों से इतर शहरी कर्मचारियों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में (आधार: 1984-85=100) वर्ष 1988-89 में बिन्दुवार आधार पर 7.0 प्रतिशत की तथा औसत के आधार पर 8.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि वर्ष 1987-88 में इसमें क्रमशः 10.3 प्रतिशत तथा 8.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। तथापि, कृषि श्रमिकों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में (आधार: 1960-61=100) वर्ष 1988-89 के दौरान औसत के आधार पर 12.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो कि पिछले वर्ष की 9.9 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले अधिक थी। अनेक अवसरों पर इस सूचकांक ने औद्योगिक कर्मचारियों तथा शारीरिक श्रम करने वालों से इतर कर्मचारियों से संबंधित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से तीव्र उतार-चढ़ाव की प्रवृत्तियां प्रदर्शित की हैं तथा इससे पूर्व कि इन आंकड़ों के आधार पर कोई निश्चित निष्कर्ष निकाले जाएं ऐसे बड़े अंतरों के कारणों की और अधिक जांच करने की आवश्यकता है।

7.20 वर्ष 1989-90 की पहली तिमाही (अप्रैल-जून) के दौरान, बिन्दुवार आधार पर पिछले वित्तीय वर्ष की तदनुरूपी तिमाही के 3.9 प्रतिशत के मुकाबले औद्योगिक कर्मचारियों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में 2.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। औसत आधार पर भी उक्त तिमाही के दौरान हुई 7.7 प्रतिशत की वृद्धि पिछले वर्ष की तदनुरूपी तिमाही में हुई 9.8 प्रतिशत की वृद्धि से कम थी।

सारणी 7.6 : विभिन्न मूल्य सूचकांकों में यथापरिलक्षित मूल्य वृद्धि की वार्षिक दरें
(वार्षिक औसतों के आधार पर)

(प्रतिशत वृद्धि)

वर्ष	थोक मूल्य सूचकांक	औद्योगिक कर्मचारियों से संबंधित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	शारीरिक श्रम करने वालों से इतर शहरी कर्मचारियों से संबंधित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	कृषि श्रमिकों से संबंधित उपभोक्ता मूल्य सूचकांक	खाद्य वस्तुओं से संबंधित सूचकांक	
					थोक मूल्य सूचकांक का सम्मिश्र खाद्य सूचकांक *(भार: 13.1%)	उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का खाद्य सूचकांक (भार: 60.9%)
1	2	3	4	5	6	7
1981-82	+9.8	+12.4	+12.1	+12.4	+6.5*	+13.6
1982-83	+2.6	+7.7	+8.0	+5.1	+0.7	+6.7
1983-84	+9.5	+12.7	+10.0	+11.4	+13.7	+14.4
1984-85	+7.1	+6.1	+8.2	+0.3	+6.0	+4.5
1985-86	+5.7	+6.4	+6.7	+4.8	+7.0	+5.1
1986-87	+5.3	+8.8	+7.9	+4.7	+7.8	+9.7
1987-88	+7.6	+9.1	+8.9	+9.9	+8.2	+9.6
1988-89	+7.3	+9.1	+8.2	+12.7	+8.0	+9.1

*आधार: 1960=100 के अनुसार औद्योगिक कर्मचारियों से संबंधित खाद्य सूचकांक का आकलन 4.98 के योजक गुणक द्वारा खाद्य सूचकांक के आधार: 1982=100 का गुणाकार के किया जा सकता है।

थोक मूल्य सूचकांक तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की प्रवृत्तियों में अंतर :

7.21 नौवें दशक के शुरू से मूल्य प्रवृत्ति में एक विशेषता यह देखी गयी है कि प्रायः प्रत्येक वर्ष के थोक मूल्य सूचकांक के मुकाबले औद्योगिक कर्मचारियों के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की वृद्धि दर अधिक रही है। यह विशेषता 1988-89 में भी देखी गयी। दोनों सूचकांकों को एक उभयनिष्ठ आधार अर्थात् 1980-81=100 में परिवर्तित करने के पश्चात् बढ़ते हुए अंतर को ग्राफ घ, ङ और च में दर्शाया गया है। ये सामान्य सूचकांकों की प्रवृत्ति (ग्राफ घ), वार्षिक औसत के आधार पर खाद्य समूहों के सूचकांक (ग्राफ ङ) तथा पिछले दो वर्षों 1987-88 एवं 1988-89 के लिये मासिक आधार पर सामान्य सूचकांक (ग्राफ च) प्रदर्शित करते हैं। चूंकि नौवें दशक के दौरान थोक मूल्य सूचकांक के मुकाबले उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की वृद्धि दर अधिक तीव्र रही है अतः ग्राफ यह प्रदर्शित करते हैं कि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की वक्र रेखा सदा थोक मूल्य सूचकांक की वक्र-रेखा से ऊपर रही है और एक विशेष अवधि के दौरान इस अंतर में वृद्धि हुई है। ऐसा वर्ष 1988-89 में भी हुआ है। जब माहवार सूचकांक प्रदर्शित किये जाते हैं, जैसा कि ग्राफ च में किया गया है, तो ऐसा पाया जाता है, कि वर्ष 1988-89 के सभी 12 महीनों के दोनों सूचकांकों के बीच का अंतर वर्ष 1987-88 के तदनुरूप 12 महीनों के अंतर की तुलना में अधिक है।

7.22 थोक मूल्य सूचकांक एवं उपभोक्ता मूल्य सूचकांक के बीच विद्यमान अनेक ढांचागत असमानताओं द्वारा उक्त असमानता की व्याख्या की जा सकती है। ये असमानताएं मूल्य सूचकांक संख्या निर्माण के कई पहलुओं जैसे कि भार विषयक ढांचा, पण्यों तथा वस्तुओं की व्याप्ति, थोक मूल्य सूचकांक में से सेवाओं तथा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में से पूंजीगत वस्तुओं के स्पष्टतः निष्कासन, उनकी भौगोलिक व्याप्ति तथा उनके आधार स्तरों से संबंधित है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक से संबंधित भार नौकरी करने वाले वर्ग की जनसंख्या के उपभोग व्यय पर आधारित है तथा चुने हुए औद्योगिक केन्द्रों में किये गये पारिवारिक बजट सर्वेक्षणों पर आधारित हैं जबकि थोक मूल्य सूचकांक विषयक भार पूरे देश में प्राथमिक क्षेत्र में विपणन योग्य अधिशेष के मूल्य तथा गौण क्षेत्र में विनिर्माण द्वारा जोड़े गये मूल्य पर आधारित हैं। दोनों श्रृंखलाओं के बीच स्थूल स्तर पर ढांचागत अंतर उनके खाद्य समूह संबंधी सूचकांकों में भी विद्यमान है खाद्य समूह का भार थोक मूल्य सूचकांक में 43.1 प्रतिशत है जबकि उपभोक्ता मूल्य समूह में इसका भार 60.9 प्रतिशत है। (1960 की श्रृंखला) तथा खाद्य समूह के भीतर थोक मूल्य सूचकांक में अनाजों का भार केवल 10.7 प्रतिशत है जबकि उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में उनका भार 45.5 प्रतिशत है। इसके अतिरिक्त ऐसा प्रतीत होता है कि पिछले वर्षों के दौरान परिवहन तथा संचालन संबंधी लागतों, व्यापार मार्जिनों में भी अधिक तेजी से वृद्धि हुई है। सब मिलाकर नौवें दशक में सामान्य उपभोग के पण्यों पर अपेक्षाकृत अधिक दबाव रहा है और इसलिए, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक जो कि ऐसे पण्यों पर अधिक भार रखता है, अनिवार्यतः प्रतिशत संबंधी अधिक बड़ी वृद्धियां प्रदर्शित करेगा।

8. सरकारी वित्त

केन्द्र का समग्र घाटा :

8.1 पुनरीक्षित अनुमानों के अनुसार वर्ष 1988-89 में केन्द्रीय सरकार का समग्र घाटा 7,940 करोड़ रुपये (वर्तमान बाजार मूल्यों पर सकल देशी उत्पाद का 2.0 प्रतिशत) था जो कि वर्ष 1987-88* के 7,484 करोड़ रुपये के बजट अनुमान से थोड़ा अधिक था। पुनरीक्षित अनुमानों के अनुसार, वर्ष 1988-89 के दौरान समग्र घाटा वर्ष 1988-89 की समग्र प्राप्तियों का 11.1 प्रतिशत था जबकि 1987-88 में यह 9.5 प्रतिशत था।

8.2 केन्द्रीय सरकार के कर राजस्व में 1987-88 में जो आधिक्य परिलक्षित हुआ था उसमें वर्ष 1988-89 में और अधिक वृद्धि हुई। तथापि, राजस्व की वृद्धि को पीछे छोड़ते हुये योजना तथा योजनेतर दोनों ही प्रकार के व्यय में वृद्धि जारी रही। वर्ष 1988-89 के लिये पुनरीक्षित अनुमानों के अनुसार, केन्द्र की राजस्व प्राप्तियों में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि 1988-89 के बजट अनुमानों से राजस्व व्यय 2.8 प्रतिशत अधिक था। परिणामतः, राजस्व लेखे का घाटा 9,842 करोड़ रुपये से बढ़कर 11,030 करोड़ रुपये हो गया फिर भी, पूंजी लेखे में हुई 732 करोड़ रुपये की वृद्धि से राजस्व लेखे के घाटे का आंशिक रूप से निवारण हो सका और इस लिए पुनरीक्षित अनुमानों के अनुसार, वर्ष 1988-89 में समग्र बजट घाटे में 456 करोड़ रुपये की वृद्धि का अनुमान किया गया था।

8.3 केन्द्र सरकार का भारतीय रिजर्व बैंक का शुद्ध ऋण, जिसे केन्द्र सरकार के राजकोषीय परिचालनों के मौद्रिक प्रभाव का परिमाण उपलब्ध कराने के लिए एक ज्ञापन के रूप में केन्द्रीय बजट द्वारा प्रस्तुत किया जाता रहा है, वर्ष 1988-89 के पुनरीक्षित अनुमानों के अनुसार 8,200 करोड़ रुपये था। भारतीय रिजर्व बैंक की बहियों के अनुसार सरकारी लेखाबंदी पर आधारित बाद के आंकड़े बजटीय घाटे तथा केन्द्र सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक के शुद्ध ऋण दोनों के संबंध में वर्ष 1988-89 में अंतिम उत्पादन-मात्रा की महत्वपूर्ण कमी प्रदर्शित करते हैं, बजटीय घाटे के लिए पुनरीक्षित अनुमानों के 7,940 करोड़ रुपये के मुकाबले तथा केन्द्र सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक के शुद्ध ऋण से संबंधित आंकड़े 6,503 करोड़ रुपये (पुनरीक्षित अनुमानों में उल्लिखित 8,200 करोड़ रुपये के मुकाबले) हैं।

8.4 सरकारी लेखों के इन परिचालनों का एक स्वरूप यह रहा है कि पारंपरिक बजटीय घाटे के आंकड़े प्रायः पूरे वर्ष के दौरान बजट अनुमानों अथवा यहां तक कि पुनरीक्षित अनुमानों से अधिक रहे परन्तु सरकारी लेखे के बंद होने के समय वर्ष के अंतिम सप्ताह में उनमें पर्याप्त गिरावट आयी और ये गिरकर मूलतः परिकल्पित आंकड़ों के स्तर से काफी नीचे के स्तर तक पहुंच गये (सारणी 8.1)। इसी प्रकार, केन्द्र सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक के शुद्ध ऋण के आंकड़े, वित्तीय वर्ष के अंतिम सप्ताह में नीचे के स्तर पर गिरने से पूर्व, प्रत्येक वर्ष की दूसरी छमाही के अधिकांश के लिए मूलतः परिकल्पित आंकड़ों से काफी ऊपर रहे। सारणी 8.1 वर्ष 1986-87 से 1988-89 तक के पिछले तीन वर्षों के दौरान केन्द्र के बजटीय घाटे तथा केन्द्र सरकार के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के शुद्ध ऋण से संबंधित पाक्षिक गतिविधियां प्रदर्शित करती है, सारणी में दिये गये आंकड़े तीनों वर्षों में से प्रत्येक के दौरान वास्तविक उत्पादन के वार्षिक एवं त्रैमासिक औसतों तथा बजटीय प्रत्याशा के साथ अपने पाक्षिक स्तरों की तुलना भी प्रदर्शित करने का प्रयास करते हैं।

8.5 बजट अनुमानों के अनुसार, केन्द्र का बजटीय घाटा वर्ष 1986-87 के मुकाबले 1987-88 में 53.6 प्रतिशत अधिक था और पुनः 1987-88 के मुकाबले 1988-89 में 31.6 प्रतिशत अधिक था। दोनों वर्षों में, भारतीय रिजर्व बैंक के अभिलेखों के अनुसार, वास्तविक घाटे के त्रैमासिक औसत 1987-88 और 1988-89 दोनों वर्षों की

सारणी 8.1 : केन्द्र के बजट घाटे तथा केन्द्र सरकार को दिये गये भारतीय रिजर्व बैंक के शुद्ध ऋण के पाक्षिक स्तर@
(1986-87 से 1988-89 तक)

(करोड़ रुपये)

	केन्द्र का बजट घाटा			केन्द्र को रिजर्व बैंक का शुद्ध ऋण		
	1986-87	1987-88	1988-89	1986-87	1987-88	1988-89
1	2	3	4	5	6	7
बजट अनुमान	3,703	5,688	7,484	*	5,688	7,484
पखवाड़ा (वास्तविक)						
1 ला	2,172	2,807	2,401	538	2,857	2,036
2 रा	3,160	4,128	3,782	994	3,388	3,508
3 रा	5,188	5,343	4,976	1,837	3,888	4,378
4 था	6,035	4,401	5,539	4,024	3,217	5,001
5 वां	7,212	6,475	6,134	3,026	4,807	4,180
6 ठा	7,298	6,144	7,525	2,952	5,088	6,976
7 वां	7,614	7,136	8,667	4,212	4,689	8,582
8 वां	6,198	5,699	9,468	4,037	4,283	9,035
9 वां	6,670	5,536	8,515	3,064	3,768	7,344
10 वां	7,008	6,778	9,300	4,353	4,377	8,331
11 वां	6,785	6,382	8,332	2,532	3,239	7,029
12 वां	7,483	7,446	9,897	2,555	4,879	7,355
13 वां	5,766	7,519	8,831	2,107	4,597	6,723
14 वां	6,876	5,825	9,438	3,393	3,560	7,253
15 वां	6,869	5,873	9,249	2,747	4,250	7,474
16 वां	7,639	7,180	9,079	4,557	5,187	6,424
17 वां	7,669	7,022	9,422	5,361	5,755	8,081
18 वां	9,321	8,965	10,308	6,241	6,174	7,875
19 वां	8,462	8,025	10,154	5,265	6,629	9,065
20 वां	9,538	7,445	8,546	5,508	6,622	8,060
21 वां	8,997	8,283	9,172	7,440	7,553	9,679
22 वां	8,963	8,200	9,134	6,943	7,313	9,334
23 वां	9,762	9,740	10,187	7,403	8,170	9,965
24 वां	11,277	8,334	9,437	7,624	7,496	9,742
25 वां	11,142	8,834	8,597	8,417	8,023	9,228
26 वां	8,873	7,953	7,184	7,433	7,423	8,175
मार्च 31	8,506	5,870	5,810	7,091	6,559	6,503
त्रैमासिक औसत						
प्रथम तिमाही	5,178	4,883	5,060	1,897	3,874	4,347
द्वितीय तिमाही	6,789	6,642	9,001	3,266	4,262	7,771
तृतीय तिमाही	7,806	7,148	9,457	4,594	5,259	7,747
चतुर्थ तिमाही	9,632	8,082	8,503	7,232	7,395	8,947
31 मार्च को छोड़कर चतुर्थ तिमाही	9,793	8,398	8,952	7,253	7,514	9,354
वित्तीय वर्ष का औसत	7,499	6,700	8,114	4,431	5,326	7,309
31 मार्च को छोड़कर वित्तीय वर्ष का औसत	7,461	6,826	8,203	4,332	5,278	7,340

@ रिजर्व बैंक के अभिलेखों पर आधारित ।

टिप्पणी : बजटीय आंकड़ों के अनुसार केन्द्रीय घाटा वर्ष 1986-87 में 8,261 करोड़ रुपये तथा 1987-88 में 5,816 करोड़ रुपये था ।

*अननुमानित

अंतिम तीन तिमाहियों में मूल बजटीय अनुमानों की अपेक्षा सदैव अधिक बने रहे (वर्ष 1986-87 एक असाधारण मामला था जिसमें यह सभी चार तिमाहियों के दौरान बजट से अधिक बना रहा)। ग्राफ छ, ज, झ, ञ और ट वास्तविक घाटों के इन स्वरूपों को प्रदर्शित करते हैं, जब से वर्ष अधिकांश भागों में गत बजट अनुमानों से ऊपर थे।

8.6 वर्ष 1989-90 के केन्द्रीय बजट में करारोपण की पुनरीक्षित दरों पर 7,337 करोड़ रुपये के न्यूनतर घाटे की प्रत्याशा की गयी है। तथापि, महत्वपूर्ण रूप से, वर्ष 1989-90 के चालू वर्ष में, 2 जून, 1989 के पास वास्तविक घाटा बजट राशि से ऊपर पहुंच गया है (सारणी 8.2)।

सारणी 8.2 बजट घाटा तथा केन्द्र सरकार को रिजर्व बैंक का शुद्ध ऋण:

वर्ष 1989-90 तथा 1988-89 की प्रथम तिमाही के दौरान वास्तविक राशियां

(करोड़ रुपये)

	1989-90		1988-89	
	बजट घाटा	केन्द्र सरकार को रिजर्व बैंक का शुद्ध ऋण	बजट घाटा	केन्द्र सरकार को रिजर्व बैंक का शुद्ध ऋण
1	2	3	4	5
बजट अनुमान	7,337	7,337	7,484	7,484
7 अप्रैल 1989 को	1,170	2,011	2,401	2,036
21 अप्रैल 1989 को	3,497	3,722	3,782	3,508
5 मई 1989 को	6,045	5,461	4,976	4,378
19 मई 1989 को	6,176	6,392	5,539	5,001
2 जून 1989 को	8,565	7,675	6,134	4,180
16 जून 1989 को	9,508	7,784	7,525	6,978
30 जून 1989 को	9,824	7,858	8,667	8,582

8.7 चूंकि प्रायः पूरे वर्ष के दौरान वास्तविक घाटे बजट से अधिक रहते हैं अतः वे जलनिधि के विकास के लिए गंभीर समस्यायें पैदा करते हैं।

केन्द्रीय बजट 1989-90 *

8.8 केन्द्र सरकार के वर्ष 1989-90 के बजट के समक्ष अनेक लक्ष्य रखे गये हैं: उत्पादक रोजगार विकास, अनावश्यक विकास-वस्तुओं के उपभोग पर नियंत्रण, बचत को बढ़ावा देना, औद्योगिक आधुनिकीकरण तथा प्रगति की रफ्तार को बढ़ावा देना, सार्वजनिक खर्च का युक्तिसंगतपूर्ण प्रबंध और बजटीय घाटे को नियंत्रित करना। बजट में इस बात के उपाय निहित हैं कि बढ़ते हुए राजस्व घाटे की प्रवृत्ति को संसाधन जुटाकर तथा खर्च को नियंत्रित करके विपरीत दिशा में मोड़ा जाए। बजट प्रस्तावों से इस बात की आशा है कि वर्ष 1989-90 में केन्द्र को 903 करोड़ रुपये का शुद्ध अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा जो कि नौवें दशक के किसी एक वर्ष में जुटायी गयी अधिकतम राशि होगी। इसके परिणामस्वरूप, ऐसा अनुमान है कि राजस्व घाटा जो कि 1981-82 से वृद्धिशील प्रवृत्ति प्रदर्शित करता रहा है, वर्ष 1987-88 के 9,137 करोड़ रुपये तथा वर्ष 1988-89 के 11,030 करोड़ रुपये से घटकर 7,012 करोड़ रुपये हो जाएगा। ऐसा अनुमान है कि पूंजी लेखा, जिसमें वर्ष 1988-89 में 3,090 करोड़ रुपये का अधिशेष प्रदर्शित हुआ था, वर्ष 1989-90 में 325 करोड़ रुपये का घाटा प्रदर्शित करेगा। वर्ष 1989-90 के बजट की अन्य मुख्य-मुख्य बातें हैं:—"जवाहर रोजगार योजना" नामक एक नये गहन ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम का वित्तपोषण करने के लिए 50,000 रुपये से अधिक की कम्पनी आय तथा व्यक्तिगत आय पर 8 प्रतिशत का अधिभार लगाना, मकान प्राप्त करने के लिए बचत को बढ़ावा देने के वास्ते राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा एक "गृह ऋण-खाता योजना" की शुरूआत, एक नयी जमा योजना तैयार करना जिसमें केन्द्र तथा राज्य सरकार के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी सेवा निवृत्ति के समय प्राप्त होने वाले अपने लाभों का पूर्णतः अथवा अंशतः निवेश कर सकें तथा बचत के प्रवाह को पूंजी बाजार की ओर मोड़ने के लिए भारतीय यूनिट ट्रस्ट के माध्यम से एक नयी योजना अर्थात् ईक्विटी-संबद्ध बचत योजना प्रारंभ करने का प्रस्ताव। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र की छठी एवं सातवीं पूर्ववर्ती श्रृंखलाओं के स्थान पर राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र की एक नयी श्रृंखला शुरू की गयी है।

8.9 वर्ष 1988-89 की कराधान-दरों पर, वर्ष 1989-90 में केन्द्र सरकार का समग्र घाटा 8240 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। बजट में करों एवं शुल्कों के पुनरीक्षण के नये प्रस्ताव रखे गये हैं जिनसे 1,595 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा। 308 करोड़ रुपये की शुद्ध रियायतों/छूटों के साथ, कर प्रस्तावों से 1,287 करोड़ रुपये प्राप्त होने का अनुमान है। 384 करोड़ रुपये के राज्यों के हिस्से के प्रावधान के पश्चात् केन्द्र को 903 करोड़ रुपये के शुद्ध राजस्व की प्राप्ति होगी। नये प्रस्तावों से अतिरिक्त राजस्व को गणना में लेने के पश्चात् वर्ष 1989-90 के लिये कुल प्राप्तियां 77,188 करोड़ रुपये होने का अनुमान है जबकि कुल वितरण 84,525 करोड़ रुपये होने का अनुमान है जिससे वर्ष 1988-89 के पुनरीक्षित अनुमानों में 7,940 करोड़ रुपये के घाटे (अथवा कुल प्राप्तियों का 11.3 प्रतिशत) की तुलना में 7,337 करोड़ रुपये (अथवा कुल प्राप्तियों का 9.5 प्रतिशत) का अप्रबंधित अंतराल शेष रह जाएगा (सारणी 8.3)। तथापि, उत्पाद एवं सीमा शुल्कों से संबंधित बजटोत्तर कर रियायतों के कारण 123.2 करोड़ रुपये का और घाटा होगा जिसकी पूर्ति अधिक अच्छी वसूली द्वारा हो सकने का अनुमान है। वर्ष 1988-89 के 11,030 करोड़ रुपये की तुलना में वर्ष 1989-90 में राजस्व लेखे में 7,012 करोड़ रुपये का घाटा होने का अनुमान है। राजस्व घाटे में अधिकांश सुधार का श्रेय, तेल समन्वय समिति की जमाराशि में से 2,300 करोड़ रुपये राजस्व लेखे में अंतरित किये जाने (जो कि फिलहाल सरकारी लेखे में पड़े हैं) तथा देशी अपरिष्कृत तेल दर उत्पाद शुल्क की दर के पुनरीक्षण के कारण राजस्व प्राप्तियों में लगभग 500 करोड़ रुपये की वृद्धि को जाता है।

*जब तक अन्यथा विनिर्दिष्ट न हो, वर्ष 1989-90 के सारे संदर्भ बजट अनुमानों से संबंधित हैं तथा 1988-89 के सारे संदर्भ पुनरीक्षित अनुमानों से संबंधित हैं।

सारणी 8.3. बजटीय घाटा, बाजार ऋण तथा केन्द्र सरकार के बाजार ऋणों के लिए रिजर्व बैंक का समर्थन

(राजकोषीय वर्ष--1987-88 से 1989-90 तक)

(करोड़ रुपये)

क्रम सं०	मदें	1987-88 (लेखे)	1988-89 (बजट अनुमान)	1988-89 (पुनरीक्षित अनुमान)	1989-90/ (बजट अनुमान)
1	2	3	4	5	6
1.	राजस्व लेखा				
	(क) प्राप्तियां [2]	38,992	44,994	45,336	54,994
	(ख) व्यय [2]	48,129	54,836	56,366	62,006
	(ग) अधिशेष (+)/घाटा (--)	--9,137	--9,842	--11,030	--7,012
2.	पूंजी लेखा				
	(क) प्राप्तियां	22,026	23,278	24,708	22,194
	(ख) वितरण	18,705	20,920	21,618	22,519
	(ग) अधिशेष (+)/घाटा (--)	+3,321	+2,358	+3,090	--325
3.	कुल प्राप्तियां [1(क)+2(क)]	61,018	68,272	70,044	77,188
4.	कुल व्यय [1(ख)+2(ख)]	66,834	75,756	77,984	84,525
5.	कुल अधिशेष (+/घाटा(--)	--5,816	--7,484	--7,940	--7,337
6.	(3) के प्रतिशत के रूप में (5)	9.5	11.0	11.3	9.5
7.	कुल बाजार ऋण	6,684	7,475	7,725	8,039
8.	(3) के प्रतिशत के रूप में (7)	11.0	10.9	11.0	10.4
9.	दिनांकित रुपया प्रतिभूतियों की रिजर्व बैंक की धारिताओं में वृद्धि (+/ह्रास)--) [3]	+368.4	+1,935.8	+1,935.85	
10.	केन्द्र सरकार को रिजर्व बैंक के शुद्ध ऋण में वृद्धि (+/ह्रास)--)[4]	+6,559	+6,503 (+7,484)	+6,503 (+8,200)	(--7,337)

1 इनमें बजट प्रस्तावों के प्रभाव शामिल हैं परन्तु बजटोत्तर कर रियायतें शामिल नहीं हैं ।

2 इसमें वाणिज्य विभाग शामिल है ।

3 रिजर्व बैंक के अभिलेखों के अनुसार बही मूल्य के आधार पर ।

4 भारतीय रिजर्व बैंक के लेखों के अनुसार, कोष्टकों में दिये गये आंकड़े केन्द्रीय बजट के अनुसार हैं ।

5 बही मूल्य के अनुसार, यदि मूल्यांकन परिवर्तनों को गणना में न लिया जाए तो आंकड़े 309.8 करोड़ रुपये अधिक होंगे (तथा ये राशियां 2,245.6 करोड़ रुपये होंगी) ।

केन्द्र का योजना परिव्यय

8.10 वर्ष 1989-90 के बजट में कुल 34,446 करोड़ रुपये के केन्द्रीय योजना परिव्यय का प्रावधान है जो कि वर्ष 1988-89 के बजट विहित परिव्यय से 20 प्रतिशत अधिक है । तथापि, पुनरीक्षित परिव्यय से यह केवल 14.2 प्रतिशत अधिक होगा । वर्ष 1989-90 के लिये बजट विहित योजना परिव्यय को सम्मिलित करते हुए, यदि वास्तविक रूप में परिव्यय को मापने के लिए थोक मूल्य सूचकांक संबंधी गतिविधियों का प्रयोग किया जाए तो 1984-85 की कीमतों पर सातवीं योजनावधि में कुल परिव्यय सातवीं योजना में केन्द्रीय क्षेत्र के लिए मूल परिव्यय का 115 प्रतिशत होगा ।

8.11 केन्द्रीय योजना परिव्यय का वित्तपोषण 16,964 करोड़ रुपये अथवा 49.2 प्रतिशत तक बजटीय समर्थन के माध्यम से किया जाएगा तथा 17,482 करोड़ रुपये अथवा 50.8 प्रतिशत की शेष राशि का वित्तपोषण सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के आंतरिक एवं बजटेतर संसाधनों के माध्यम से किया जाएगा । वर्ष 1988-89 के पुनरीक्षित अनुमानों से बजटीय समर्थन मामूली तौर पर 1.2 प्रतिशत अधिक होगा । सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के योगदान में 1988-89 के स्तर के मुकाबले 30.5 प्रतिशत की वृद्धि होने का अनुमान है । केन्द्रीय योजना परिव्यय में सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के उच्चतर योगदान की प्रत्याशा सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के आंतरिक संसाधनों में प्रत्याशित वृद्धि के कारण की गयी है जिसके बारे में ऐसा अनुमान है कि वे 4,118 करोड़ रुपये अथवा 57.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुये वर्ष 1988-89 के 7,181 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 1989-90 में 11,299 करोड़ रुपये हो जाएंगे । जिन मुख्य उद्यमों के आंतरिक संसाधनों में उच्चतर वृद्धि होने का अनुमान है उनमें रेलवे, भारतीय इस्पात प्राधिकरण, तेल एवं प्राकृतिक गैस निगम, एन०टी०पी०सी० और कोल इंडिया लिमिटेड शामिल है । वर्ष 1989-90 के रेलवे बजट में दिये गये माल भाड़े के पुनरीक्षण तथा दिसम्बर 1988 में इस्पात और कोयले जैसे कृछ पण्यों के प्रवर्तित मूल्यों में की गयी वृद्धि के कारण सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यमों के आंतरिक संसाधनों में बढ़ोतरी होने की प्रत्याशा है । आंतरिक संसाधनों में संभावित सुधार के साथ-

साथ, ऐसी आशा है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्यम 3,115 करोड़ रुपये के बाण्ड जारी करके संसाधन जुटायेंगे जो कि 1988-89 में जारी किए गये बाण्डों से 639 करोड़ रुपये अथवा 25.8 प्रतिशत अधिक होंगे।

विकासात्मक व्यय की प्रवृत्तियां

8.12 वर्ष 1989-90 के लिये केन्द्र सरकार का सकल वितरण 84,525 करोड़ रुपये रखा गया है जो कि 1988-89 की तुलना में 6,541 करोड़ रुपये (8.4 प्रतिशत) की वृद्धि प्रदर्शित करता है। वर्ष 1988-89 के मुकाबले 44,560 करोड़ रुपये के विकासात्मक व्यय में 2,223 करोड़ रुपये अथवा 5.3 प्रतिशत की वृद्धि होने की आशा है जबकि 39,965 करोड़ रुपये का गैर-विकासात्मक व्यय 4,318 करोड़ रुपये अथवा 12.1 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित करेगा। परिणामत: केन्द्र सरकार के सकल वितरण में विकासात्मक व्यय का अनुपात वर्ष 1988-89 के 54.3 प्रतिशत से घट कर वर्ष 1989-90 में 52.7 प्रतिशत रह जाएगा। इससे पूर्व वर्ष 1984-85 में यह 59.6 प्रतिशत था और तब से इसमें धीरे-धीरे गिरावट आती रही है (सारणी 8.4)। हाल के वर्षों में राजकोषीय परिचालनों का यह एक चिन्ताजनक पक्ष रहा है।

योजनेतर व्यय की वृद्धि

8.13 वर्ष 1989-90 में 54,347 करोड़ रुपये (वाणिज्यिक विभागों से प्राप्त राशियां घटाकर) का योजनेतर व्यय होने का अनुमान है जो कि 1988-89 की तुलना में 5,470 करोड़ रुपये (11.2 प्रतिशत) की वृद्धि प्रदर्शित करता है जबकि 27,814 करोड़ रुपये का योजना व्यय 1988-89 के मुकाबले 3.4 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित करेगा। *योजनेतर व्यय के अन्तर्गत वृद्धि का लगभग 60 प्रतिशत दो मदों अर्थात् ब्याज अदायगियों में वृद्धि (2,850 करोड़ रुपये) तथा उर्वरकों से संबंधित आर्थिक सहायता (401 करोड़ रुपये) के कारण है। वर्ष 1988-89 के 14,150 करोड़ रुपये के मुकाबले वर्ष 1989-90 के दौरान ब्याज की अदायगी पर कुल व्यय 1,7000 करोड़ रुपये होने का अनुमान है और कुल योजनेतर व्यय में इसका हिस्सा पिछले वर्ष के 29 प्रतिशत से बढ़कर 31 प्रतिशत हो जाएगा। यहां तक कि 8,959 करोड़ रुपये की शुद्ध ब्याज अदायगी अर्थात् ब्याज प्राप्तियां घटाने के बाद की ब्याज अदायगी भी वर्ष 1988-89 के 7,003 करोड़ रुपये की तुलना में 27.9 प्रतिशत अधिक होगी। कुल आर्थिक सहायता पर 8,454 करोड़ रुपये का व्यय होने का अनुमान है जो कि वर्ष 1988-89 की तुलना में 664 करोड़ रुपये (8.5 प्रतिशत) की वृद्धि प्रदर्शित करता है। ऐसी आशा है कि इनमें से निर्यात संवर्धन संबंधी आर्थिक सहायता तथा निर्यात बाजार विकास संबंधी सहायता की राशि वर्ष 1989 90 के 1,391 करोड़ रुपये (अथवा योजनेतर व्यय का 2.8 प्रतिशत) से बढ़कर 16.21 करोड़ रुपये (अथवा 3.0 प्रतिशत) हो जाएगी। रक्षा व्यय 13,000 करोड़ रुपये होगा जो कि वर्ष 1988-89 के 13,200 करोड़ रुपये (सं०अ०) की तुलना में थोड़ा-सा कम होगा। योजनेतर व्यय के तीन मुख्य घटक अर्थात् ब्याज अदायगी, रक्षा तथा मुख्य आर्थिक सहायता के अंतर्गत 37,472 करोड़ रुपये व्यय होंगे जो कि कुल योजनेतर व्यय का 68.9 प्रतिशत होगा। जबकि वर्ष 1988-89 में यह राशि 34,191 करोड़ रुपये अथवा 70 प्रतिशत थी इन घटकों ने वर्ष 1988-89 के दौरान केन्द्र के शुद्ध कर राजस्व के लगभग 105 प्रतिशत का पहले ही उपयोग कर लिया तथा ऐसी आशा है कि ये 1989-90 में लगभग 98 प्रतिशत राशि का उपयोग करेंगे।

सारणी 8.4: केन्द्र तथा राज्यों के विकासात्मक एवं गैर विकासात्मक व्यय

(करोड़ रुपये)

वर्ष	केन्द्र			राज्य				केन्द्र और राज्यों को मिलाकर			
	विकासात्मक व्यय	गैर-विकासात्मक व्यय	कुल@	विकासात्मक व्यय	गैर-विकासात्मक व्यय	अन्य*	कुल	विकासात्मक व्यय	गैर-विकासात्मक व्यय	अन्य££	कुल
	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1980-81	13,932 (57.6)	10,245 (42.4)	24,177 (100.0)	15,961 (70.1)	4,289 (18.8)	2,520 (11.1)	22,770 (100.0)	25,845 (66.0)	11,977 (30.6)	1,338 (3.4)	39,160 (100.0)
1981-82	16,084 (60.9)	10,331 (39.1)	26,415 (100.0)	17,960 (70.2)	4,996 (19.6)	2,615 (10.2)	25,571 (100.0)	28,796 (64 7)	13,609, (30.6)	2,074 (4.7)	44,479 (100.0)
1982-83	19,557 (60.7)	12,673 (39.3)	32,230 (100.0)	20,649 (71.0)	5,883 (20.2)	2,565 (8.8)	29,097 (100.0)	33,643 (64.6)	16,473 (31.7)	1,941 (3.7)	52,057 (100.0)
1983-84	22,207 (58.8)	15,564 (4.12)	37,771 (100.0)	23,972 (71.2)	6,882 (20.4)	2,814 (8.4)	33,668 (100.0)	38,352 (63.9)	19,936 (33.3)	1,701 (2.8)	59,989 (100.0)
1984-85	27,375 (59.6)	18,525 (40.4)	45,900 (100.0)	27,958 (70.3)	8,340 (21.0)	3,448 (8.7)	39,746 (100.0)	46,265 (64.6)	23,390 (32.6)	1,999 (2.8)	71,654 (100.0)
1985-86	29,979 (58.9)	20,927 (41.1)	50,906 (100.0)	31,733 (70.7)	9,617 (21.4)	3,519 (7.9)	44,869 (100.0)	55,032 (65.1)	27,332 (32.4)	2,106 (2.5)	84,470 (100.0)
1986-87	35,498 (57.7)	26,060 (42.3)	61,558 (100.0)	36,827 (70.6)	11,220 (21.5)	4,149 (7.9)	52,196 (100.0)	64,441 (63.4)	33,682 (33.2)	3,479 (3.4)	101,602 (100.0)
1987-88£	36,573 (54.7)	30,261 (45.3)	66,834 (100.0)	42,141 (70.2)	13,754 (22.9)	4,104 (6.9)	59,999 (100.0)	69,087 (62.2)	39,460 (35.5)	2,614 (2.3)	111,161 (100.0)

	1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
1988-89£	42,337	35,647	77,984	47,343	16,423	4,183	67,949	79,873	46,586	2,772	129,231
(पु०अ०)	(54.3)	(45.7)	(100.0)	(69.7)	(24.1)	(6.2)	(100.0)	(61.8)	(36.0)	(2.2)	(100.0)
1989-90	44,560	39,965	84,525	49,473	21,787	1,156	75,716	83,170	55,069	2,943	141,182
(ब०अ०)	(52.7)	(47.3)	(100.0)	(65.3)	(28.8)	(5.9)	(100.0)	(58.9)	(39.0)	(2.1)	(100.0)

टिप्पणी : (i) कोष्टकों में दिये गये आंकड़े संबंधित कुल व्यय के प्रतिशत प्रदर्शित करते हैं ।

(ii) अंतर-सरकारी समायोजनों के कारण केन्द्र तथा राज्यों के आंकड़े संयुक्त स्थिति में शामिल नहीं किये गये हैं ।

(@)इनमें आंतरिक तथा बाह्य ऋणों की चुकौती शामिल नहीं है ।

£आंकड़े 25 राज्यों से संबंधित हैं ।

££इनमें आंतरिक ऋणों की चुकौती स्थानीय निकायों तथा पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति एवं समनुदेशन, आकस्मिक निधियों के लिए विनियोजन राज्य सरकारों के शुद्ध प्रेषण शामिल हैं तथा ये राशियां राज्य सरकारों द्वारा केन्द्र सरकार को उन ऋणों की अदायगी से संबंधित आंकड़ों के अंतरों के लिए समायोजित की गयी हैं जो कि उनके संबंधित बजटों में दिये गये थे ।

*इनमें आंतरिक ऋणों की चुकौती, केन्द्र सरकार को ऋणों की अदायगी, आकस्मिक निधियों तथा प्रेषणों (शुद्ध) के लिए विनियोजन, स्थानीय निकायों तथा पंचायतीराज संस्थाओं से संबंधित समनुदेशन शामिल हैं ।

बजट प्रस्ताव तथा राजस्व प्रवृत्तियां

8.14 वर्ष 1989-90 के बजट प्रस्तावों के दो स्पष्ट स्वरूप हैं : अधिक आय वाले निवासी कर दाताओं पर एक नया अधिभार लगाकर ऐसे संसाधन जुटाना जो कि विशेष रूप से गहन ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के वित्तपोषण से संबद्ध है, तथा उच्च आयात अंतर्वस्तु वाली अनावश्यक किस्म की विलास संबंधी वस्तुओं के उपभोग को निरुत्साहित करने के लिए व्यय कर तथा अप्रत्यक्ष करों को लगाना एवं समाज के अपेक्षाकृत समृद्ध वर्गों से संसाधन प्राप्त करना ।

8.15 जहां तक प्रत्यक्ष कर प्रस्तावों का संबंध है, वर्ष 1987-88 में धन-कर पर लगाया गया 10 प्रतिशत का तथा 50,000 रुपये से अधिक की व्यक्तिगत एवं कंपनी आय पर लगाया गया 5 प्रतिशत का सूखा संबंधी अधिभार क्रमश: निर्धारण वर्ष 1989-90 तथा 1990-91 से समाप्त कर दिया गया है । जवाहर लाल नेहरू रोजगार योजना नामक एक नये गहन ग्रामीण रोजगार कार्यक्रम के वित्तपोषण के लिए संसाधन जुटाने की दृष्टि से निर्धारण वर्ष 1990-91 से 50,000 रुपये से अधिक की आय वाले निवासी कर दाताओं पर 8 प्रतिशत की दर से एक नया अधिभार शुरू किया गया है । इस नये प्रस्ताव से एक पूरे वर्ष में 500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होने की आशा है (225 करोड़ रुपये कंपनी कर से तथा 245 करोड़ रुपये व्यक्तिगत आय कर के माध्यम से) । व्यक्तिगत तथा कंपनी आय से संबंधित वर्तमान कर ढांचे को अपरिवर्तित रखा गया है, सिवा इसके कि 18,000 रुपये से 25,000 रुपये तक के प्रारंभिक चरण वाले अलग-अलग व्यक्तियों के लिये कर की दर 25 प्रतिशत से घटा कर 20 प्रतिशत कर दी गयी है । व्यय कर अधिनियम, 1987 के अन्तर्गत प्रत्यक्ष उपभोग को नियंत्रित करने के लिए व्यय कर की दर 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दी गयी है । इससे एक पूरे वर्ष में 30 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व प्राप्त होगा । अप्रत्यक्ष करों के अंतर्गत कर प्रस्तावों को इस तरह रखा गया है कि अपेक्षाकृत समृद्ध वर्गों पर मुख्य रूप से बोझ पड़े तथा अधिक लोगों के उपभोग की वस्तुओं को नये करों से मुक्त रखा जाए । उत्पाद शुल्क के अन्तर्गत विशिष्ट दरों वाले अधिकांश पण्यों के मामले में शुल्क की दरों में 5 प्रतिशत की वृद्धि की गयी है । अधिकांश लोगों के उपभोग की वस्तुओं जैसे कि चीनी, चाय, काफी, पेट्रोलियम उत्पाद, वनस्पति तेल तथा वनस्पति को इस समायोजन से परे रखा गया है । कतिपय अन्य पुनरीक्षणों सहित उपर्युक्त उत्पाद शुल्क की दरों में वृद्धि से 863 करोड़ रुपये का कुल राजस्व प्राप्त होने का अनुमान जबकि उत्पाद संबंधी छूटों एवं रियायतों से 71 करोड़ रुपये के राजस्व की हानि होगी । सीमा शुल्क संबंधी बजट प्रस्तावों से वर्ष 1989-90 में 117 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने का अनुमान है जबकि परियोजना निर्यात तथा मशीनरी और इलेक्ट्रानिक वस्तुओं से संबंधित शुल्क में दी गयी रियायतों के परिणामस्वरूप 237 करोड़ रुपये की राजस्व राशि का घाटा होगा । इसके फलस्वरूप सीमा शुल्क संबंधी राजस्व में 120 करोड़ रुपये की शुद्ध हानि होगी । मूल किराये के 10 प्रतिशत की दर पर बजट में अंतर्देशीय हवाई यात्रा कर नामक एक नया कर भी लगाया गया है । वित्तीय वर्ष 1989-90 के दौरान इस नये कर से 10 करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति का अनुमान है । विदेश यात्रा कर जो कि पड़ोसी देशों की यात्रा करने वाले यात्रियों पर प्रति टिकट 50 रुपये तथा अन्य देशों की यात्रा करने वाले यात्रियों पर 100 रुपये की दर से लगाया जाता है, बढ़ाकर क्रमश: 150 रुपये तथा 300 रुपये कर दिया जाएगा । इस उपाय से वर्ष 1989-90 में 45 करोड़ रुपये के अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति की संभावना है ।

8.16 इन उपायों के परिणामस्वरूप अनुमान है कि केन्द्र की कुल कर वसूली में 17.3 प्रतिशत की वृद्धि हो सकेगी और यह वर्ष 1988-89 के 43,321 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 1989-90 में 50,825 करोड़ रुपये हो जाएगी (सारणी 8.5) । उच्च आय समूहों पर विशेष अधिभार के बावजूद केन्द्र की कुल कर वसूली में प्रत्यक्ष करों के हिस्से में गिरावट आयेगी और इस तरह आठवें दशक के मध्य से देखी जा रही राजकोषीय प्रणाली के स्वरूप का पुनर्संतुलन होगा । ऐसा अनुमान है कि प्रत्यक्ष कर, जो कि वर्ष 1984-85 में केन्द्र की सकल कर प्राप्तियों का 19.7 प्रतिशत थे, वर्ष 1989-90 में घट कर 18.1 प्रतिशत रह जायेंगे ।

केन्द्र सरकार द्वारा अधिव्यय

8.17 केन्द्र सरकार के व्यय में सतत एवं तीव्र वृद्धि के कारण सरकारी प्रशासन की बचतों तथा सकल पूंजी निर्माण में तीव्र गिरावट आयी है । हाल के वर्षों में बजटीय संसाधनों में से सकल पूंजी निर्माण की वृद्धि दर में सामान्यत: गिरावट प्रदर्शित हुई है । यह 1985-86 के 22.4 प्रतिशत से घटकर 1987-88 में 6.0 प्रतिशत हो गयी । तथापि, वृद्धि दर बढ़कर 1988-89 में 15.0 प्रतिशत हो गयी । कुल व्यय में बजटीय संसाधनों में से सकल पूंजी निर्माण के हिस्से में भी गिरावट आयी और यह घटकर वर्ष 1988-89 में 36.1 प्रतिशत रह गया जबकि वर्ष 1987-88 में यह 36.6 प्रतिशत था । यह अनुपात 1985-86 में 40.4 प्रतिशत था । वर्ष 1988-89 में केन्द्र सरकार की कुल बचत में भी और गिरावट आयी । वर्ष 1988-89 में अधिव्यय 6,093 करोड़ रुपये अथवा कुल देशी उत्पाद का लगभग 1.6 प्रतिशत होने का अनुमान था जबकि वर्ष 1987-88 में अधिव्यय 4,294 करोड़

सारणी 8.5: केन्द्र तथा राज्यों के प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष कर

(करोड़ रुपये)

वर्ष	केन्द्र (कुल)			राज्य			संयुक्त		
	प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष	कुल	प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष	कुल	प्रत्यक्ष	अप्रत्यक्ष	कुल
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1980-81	2,907	10,242	13,149	686	5,929	6,615	3,593	16,171	19,764
(क)	(22.1)	(77.9)	(100.0)	(10.4)	(89.6)	(100.0)	(18.2)	(81.8)	(100.0)
(ख)	[2.1]	[7.6]	[9.7]	[0.5]	[4.4]	[4.9]	[2.7]	[11.9]	[14.6]
1984-85	4,626	18,802	23,428	1,230	11,108	12,338	5,856	29,910	35,766
(क)	(19.7)	(80.3)	(100.0)	(10.0)	(90.0)	(100.0)	(16.4)	(83.6)	(100.0)
(ख)	[2.0]	[8.2]	[10.2]	[0.6]	[4.8]	[5.1]	[2.5]	[13.0]	[15.5]
1985-86	5,563	23,109	28,672	1,401	12,919	14,320	6,964	36,018	42,992
(क)	(19.4)	(80.6)	(100.0)	(9.8)	(90.2)	(100.0)	(16.2)	(83.8)	(100.0)
(ख)	[2.1]	[8.8]	[10.9]	[0.5]	[4.9]	[5.4]	[2.7]	[13.7]	[16.4]
1986-87	6,234	26,559	32,793	1,685	14,934	16,619	7,919	41,493	49,412
(क)	(19.0)	(81.0)	(100.0)	(10.1)	(89.9)	(100.0)	(16.0)	(84.0)	(100.0)
(ख)	[2.1]	[9.1]	[11.2]	[0.6]	[5.1]	[5.7]	[2.7]	[14.1]	[16.8]
1987-88£	6,751	30,861	37,612	1,960	17,438	19,398	8,711	48,299	57,010
(क)	(17.9)	(82.1)	(100.0)	(10.1)	(89.9)	(100.0)	(15.3)	(84.7)	(100.0)
(ख)	[2.1]	[9.3]	[11.4]	[0.6]	[5.3]	[5.9]	[2.6]	[14.6]	[17.3]
1988-89£	8,100	35,221	43,321	2,271	19,792	22,063	10,371	55,013	65,384
(क)	(18.7)	(81.3)	(100.0)	(10.3)	(89.7)	(100.0)	(15.9)	(84.1)	(100.0)
(ख) (पु०अ०)	[2.1]	[9.0]	[11.1]	[0.6]	[5.1]	[5.7]	[2.7]	[14.1]	[16.7]
1989-90*	9,198	41,627	50,825	2,531	22,348	24,879	11,729	63,975	75,704
(क)	(18.1)	(81.9)	(100.0)	(10.2)	(89.8)	(100.0)	(15.5)	(84.5)	(100.0)
(ख) (ब०अ०)	[2.1]	[9.6]	[11.7]	[0.6]	[5.1]	[5.7]	[2.7]	[14.8]	[17.5]

£आंकड़े 25 राज्यों से संबंधित हैं।

*केन्द्रीय करों में राज्यों के हिस्सों को छोड़कर जैसा कि केन्द्र के बजट प्रलेखों में उल्लिखित है।

टिप्पणी: (क) कुल कर राजस्व में प्रतिशतता प्रदर्शित करता है।

(ख) सकल देशी उत्पाद से कर के अनुपात की प्रतिशतता।

वर्ष 1987-88 में अधिव्यय 4,294 करोड़ रुपये अथवा कुलदेशी उत्पाद का 1.3 प्रतिशत था। केन्द्र सरकार के बचत संबंधी कार्य निष्पादन में गिरावट का मुख्य कारण था सरकारी प्रशासन के अधिव्यय में तीव्र वृद्धि। वर्ष 1988-89 में सरकारी प्रशासन का अधिव्यय 8,602 करोड़ रुपये अथवा कुलदेशी उत्पाद का 2.2 प्रतिशत था जो कि पिछले वर्ष के 6,092 करोड़ रुपये अथवा कुलदेशी उत्पाद के 1.8 प्रतिशत से अधिक था। इसमें प्रशासनिक विभागों के स्वामित्व वाली अचलपूंजी के उपभोग के प्रावधान की आवश्यकता को शामिल नहीं किया गया है जिसे अब केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन (सी०एस०ओ०) ने पूंजी निर्माण तथा घरेलू बचत के अपने अनुमान में शामिल करना शुरू कर दिया है।

*उपलब्ध आंकड़े 1988-89 बजट के अनुमानों से संबंधित हैं

@आंकड़े 25 राज्यों से संबंधित हैं।

राज्यों का बजट 1989-90

8.18 वर्ष 1988-89 के कराधान की दरों पर 1988-89 के पुनरीक्षित अनुमानों में 862 करोड़ रुपये के घाटे तथा वर्ष 1987-88 (लेखा) में 234 करोड़ रुपये के अधिशेष के मुकाबले राज्यों की संयुक्त बजटीय स्थिति 1989-90 में 1,337 करोड़ रुपये का समग्र घाटा प्रदर्शित करती है। इस अंतराल को भरने के लिए 12 राज्यों ने अतिरिक्त संसाधन संग्रहण उपाय के प्रस्ताव रखे हैं जिनसे वर्ष 1988-89 में 14 राज्यों द्वारा प्रस्तावित उपायों से प्राप्य 636 करोड़ रुपये के मुकाबले वर्ष 1989-90 में 446 करोड़ रुपये का अतिरिक्त राजस्व

प्राप्त होने की संभावना है। अपने स्वयं के अतिरिक्त संसाधन संग्रहण प्रयासों के अतिरिक्त राज्यों को 1989-90 में केन्द्र के अतिरिक्त कराधान में अपने हिस्से के रूप में 384 करोड़ रुपये प्राप्त होने की आशा है। परिणामतः वर्ष 1989-90 में राज्यों का घाटा कम होकर 507 करोड़ रुपये रह जाएगा। राज्यों को यह उम्मीद है कि वे वर्ष के दौरान प्रस्तावित परेषण कर, कर वसूली के आधिक्य तथा खर्चे में मितव्ययिता बरत कर अतिरिक्त राजस्व की प्राप्ति से इस अंतराल को भर सकेंगे। राज्यों का समग्र बजटीय परिकलन यह प्रदर्शित करता है कि राजस्व घाटे में तीव्र अपकर्ष आयेगा और यह घाटा वर्ष 1988-89 के 2,069 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 1989-90 में 3,454 करोड़ रुपये हो जाएगा राजस्व घाटे का केवल आंशिक निवारण पूंजी लेखे के सुधार से हो सकेगा जिसका अधिशेष 1988-89 के 1,207 करोड़ रुपये से बढ़कर वर्ष 1989-90 में 2,947 करोड़ रुपये हो जाएगा।

8.19 वर्ष 1988-89 की 11.4 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले ऐसा अनुमान है कि कराधान की पुनरीक्षित दरों पर राज्यों की कुल प्राप्तियों में 12.1 प्रतिशत की वृद्धि होगी और वे बढ़कर 75,201 करोड़ रुपये हो जाएगी। वर्ष 1988-89 में दर्ज की गयी 13 3 प्रतिशत की वृद्धि के मुकाबले 1989-90 में कुल वितरण अनुमानतः 75,716

सारणी 8.6: केन्द्र और राज्य सरकारों की संयुक्त प्राप्तियां और वितरण

(1987-88 से 1989-90 तक के राजकोषीय वर्ष)

(करोड़ रुपये)

मदें	1987-88 (लेखे)	1988-89 (बजट अनुमान)	1988-89 (संशोधित अनुमान)	1989-90 (बजट अनुमान)	कालम 2 की तुलना में कालम 4 के प्रतिशत का अंतर	कालम 4 की तुलना में कालम 5 का अंतर
1	2	3	4	5	6	7
I. कुल प्राप्तियां (अ+आ)	105,579	114,934	120,429	133,338	+14.1	+10.7
अ. राजस्व प्राप्तियां जिसमे से	70,878	79,732	81,576	95,141	+15 1	+16.6
कर प्राप्तियां (क+ख)	57,010	61,158	65,384	75,704	+14.7	+15.8
(क) प्रत्यक्ष कर	8,711	9,996	10,371	11,729	+19.1	+13.1
(ख) परोक्ष कर	48,299	54,162	55,013	63,975	+13.9	+16.3
आ. पूंजीगत प्राप्तियां	34,701	35,202	38,853	38,197	+12.0	+1.7
II. कुल वितरण (अ+आ+इ)	111,161	123,082	129,231	141,182	+16.3	+9.2
अ. विकासात्मक व्यय (क+ख+ग)	69,087	74,160	79,873	83,170	+15.6	+4.1
(क) राजस्व	45,131	47,706	52,231	54,834	+15.7	+5.0
(ख) पूंजी	12,479	13,743	13,953	14,533	+11 8	+4 1
(ग) ऋण और अग्रिम	11,477	12,711	13,689	13,803	+19.3	+0 8
आ. गैर विकासात्मक व्यय						
(क+ख+ग)	39,460	46,967	46,586	55,069	+18.1	+18.2
(क) राजस्व	35,660	42,145	41,933	50,204	+17.6	+19.7
(ख) पूंजी	3,393	4,278	4,137	4,445	+22.0	+7.4
(ग) ऋण और अग्रिम	408	544	516	420	+26.5	+18.6
इ. अन्य	2,614	1,955	2,772	2,943	+6.0	+6.2
III. समग्र अधिशेष (+)/घाटा (—)	-5,582	8,148	8,802	-7,844	+57.7	—10.9

*इसमें बजट प्रस्तावों के प्रभाव शामिल हैं और बजट के बाद की कर रियायतों को नहीं लिया गया है।

टिप्पणी : 1 आंकड़े 25 राज्यों के बजटों से संबंधित हैं।

2. अन्य वितरणों में आंतरिक ऋण चुकाना, स्थानीय निकायों और पंचायती राज संस्थाओं को क्षतिपूर्ति और दी गई राशियां, आकस्मिक निधियों में विनियोजन और शुद्ध प्रेषण शामिल हैं और राज्य सरकारें द्वारा अपने संबंधित बजटों में दर्शाये गये केन्द्र सरकार को किये गये ऋण भुगतान के आंकड़ों के लिए उन्हें समायोजित किया गया है।

3. असम, गोवा, कर्नाटक, केरल, नागालैण्ड, पंजाब, राजस्थान और पश्चिम बंगाल के आंकड़े लेखानुदान व्यय बजटों से हैं।

करोड़ रुपये का होगा जो कि 11.4 प्रतिशत अधिक होगा। बजट के अनुसार वर्ष 1989-90 में राज्यों के कुल विकासात्मक व्यय में 4.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी और यह 49,473 करोड़ रुपये का होगा जब कि वर्ष 1988-89 में इसमें 12.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी (सारणी 8.4)। दूसरी ओर, वर्ष 1988-89 की 19.4 प्रतिशत की वृद्धि की तुलना में वर्ष 1989-90 में राज्यों के गैर-विकासात्मक खर्च में 33 प्रतिशत की वृद्धि होगी और यह 21,787 करोड़ रुपये होगा। इसके परिणामस्वरूप सकल वितरण में विकासात्मक खर्च का हिस्सा वर्ष 1988-89 के 69.7 प्रतिशत से घट कर वर्ष 1989-90 में 65.3 प्रतिशत हो जाएगा। गैर-विकासात्मक व्यय का हिस्सा 1988-89 के 24.1 प्रतिशत से बढ़कर 1989-90 में 28.8 प्रतिशत हो जाएगा।

समेकित बजटीय स्थिति : केन्द्र एवं राज्य

8.20 केन्द्र तथा राज्य सरकारों की संयुक्त वित्तीय स्थिति से संबंधित आंकड़े सारणी 8.6 में दिये गये हैं। पुनरीक्षित कराधान की दरों पर वर्ष 1989-90 के दौरान केन्द्र तथा 25 राज्यों की संयुक्त बजटीय स्थिति वर्ष 1988-89 के 8,802 करोड़ रुपये के घाटे के मुकाबले 7,844 करोड़ रुपये का घाटा प्रदर्शित करती है।

8.21 बजट के अनुसार वर्ष 1989-90 में केन्द्र तथा राज्यों की कुल प्राप्तियां 1,33,338 करोड़ रुपये के स्तर तक पहुंचती है जो कि वर्ष 1988-89 की प्राप्तियों की तुलना में 10.7 प्रतिशत की वृद्धि प्रदर्शित करती है। जबकि राजस्व प्राप्तियों (95,141 करोड़ रुपये) में 16.6 प्रतिशत की वृद्धि होगी वर्ष 1989-90 में पूंजी प्राप्तियां (38,197 करोड़ रुपये) वर्ष 1988-89 की पूंजी प्राप्तियों की तुलना में कम बनी रहेंगी। प्रत्यक्ष कर प्राप्तियों में 13.1 प्रतिशत तथा अप्रत्यक्ष करों में 16.3 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कर प्राप्तियों में अनुमानतः 15.8 प्रतिशत की वृद्धि होगी (सारणी 8.6)।

8.22 वर्ष 1989-90 में केन्द्र तथा राज्यों के सकल वितरण में जो कि बजट के अनुसार 1,41,182 करोड़ रुपये का है, वर्ष 1988-89 के कुल वितरण के मुकाबले 9.2 प्रतिशत की वृद्धि होगी। वर्ष 1988-89 के मुकाबले 83,170 करोड़ रुपये का अनुमानित विकासात्मक व्यय 3,297 करोड़ रुपये (4.1 प्रतिशत) की वृद्धि प्रदर्शित करेगा जबकि 55,069 करोड़ रुपये का गैर-विकासात्मक व्यय 8,483 करोड़ रुपये (18.2 प्रतिशत) की वृद्धि प्रदर्शित करेगा। कुल व्यय में विकासात्मक व्यय का हिस्सा जो कि 1985-86 के 65.1 प्रतिशत से निरंतर गिरकर 1988-89 में 61.8 प्रतिशत हो गया था 1989-90 में और अधिक गिरकर 58.9 प्रतिशत हो जाने का अनुमान है (सारणी 8.4)।

बाजार उधार+

8.23 वर्ष 1988-89 के दौरान केन्द्र सरकार पांच बार बाजार में उतरी और उसने कुल 7,725 करोड़ रुपये की राशि उधार ली। 475 करोड़ रुपये के परिपक्व होने वाले ऋणों की अदायगी के लिए प्रावधान करने के पश्चात् शुद्ध बाजार उधारों की राशि 7,250 करोड़ रुपये रही जो कि वर्ष 1987-88 की राशि के मुकाबले 250 करोड़ रुपये (3.6 प्रतिशत) अधिक (सारणी 8.7)। 7,725 करोड़ रुपये के कुल बाजार उधारों में 7,376 करोड़ रुपये का नकदी अभिदान तथा 349 करोड़ रुपये के परिपक्व होने वाले ऋणों का परिवर्तन शामिल है। वर्ष 1988-89 के दौरान केन्द्र सरकार के बाजार उधार कुल एवं शुद्ध दोनों बजट अनुमानों से 250 करोड़ रुपये अधिक थे।

8.24 वर्ष 1988-89 के दौरान राज्य सरकारों के बाजार उधारों की कुल राशि 2,285 करोड़ रुपये की थी जिसमें से 2,258 करोड़ रुपये नकद अभिदान के रूप में प्राप्त हुए थे तथा शेष 27 करोड़ रुपये परिवर्तन के रूप में प्राप्त हुए थे। 283 करोड़ रुपये के परिपक्व होने वाले ऋणों के लिए प्रावधान करने के पश्चात् राज्यों के बाजार की शुद्ध राशि 2,002 करोड़ रुपये थी जो कि वर्ष 1987-88 के मुकाबले 496 करोड़ रुपये (32.9 प्रतिशत) की वृद्धि प्रदर्शित करती है।

सारणी 8.7 : केन्द्र सरकार और राज्य सरकारों, स्थानीय निकायों एवं केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित संस्थाओं द्वारा बाजार से लिये गये ऋण

1987-88 और 1988-89

(राजकोषीय वर्ष)*

(करोड़ रुपये)

केन्द्र सरकार/निकाय	सकल बाजार ऋण		मुक्तियां (कुल ऋण जिनकी अवधि पूरी हुई)		शुद्ध बाजार ऋण	
	1987-88	1988-89	1987-88	1988-89	1987-88	1988-89
1	2	3	4	5	6	7
1. केन्द्र सरकार	7,821	7,725	821	475	7,000	7,250
2. राज्य सरकार	1,790	2,285	284	283	1,506	2,002
3. सरकार के कुल ऋण (1+2)	9,611	10,010	1,105	758	8,506	9,252
4. केन्द्र सरकार द्वारा प्रायोजित संस्थाएं	1,932	2,244	249	309	1,683	1,935
5. राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित संस्थाएं (स्थानीय निकायों सहित)	1,213	1,420	325	376	888	1,044
6. संस्थाओं के कुल ऋण (4+5)	3,145	3,664	574	685	2,571	2,979
7. कुल बाजार ऋण (3+6)	12,756	13,674	1,679	1,443	11,077	12,231

+ रिजर्व बैंक के अभिलेखों के अनुसार आंकड़े वास्तविक हैं।

* रिजर्व बैंक के अभिलेखों के अनुसार वास्तविक आंकड़े।

8.25 वर्ष 1988-89 के दौरान स्थानीय प्राधिकरणों तथा केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित संस्थाओं के बाजार उधारों की कुल राशि 3,664 करोड़ रुपये थी। परिपक्व होने वाले ऋणों के लिए 685 करोड़ रुपये के प्रावधान के पश्चात्, इन संस्थाओं के बाजार उधारों की शुद्ध राशि 2,979 करोड़ रुपये थी जो कि पिछले वर्ष की तुलना में 408 करोड़ रुपये (15.9 प्रतिशत) अधिक थी।

8.26 वर्ष 1988-89 के दौरान कुल शुद्ध बाजार-उधारों की राशि (जिसमें केन्द्र, राज्यों, स्थानीय प्राधिकरणों तथा केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा प्रायोजित संस्थाओं के बाजार-उधार शामिल हैं) 12,231 करोड़ रुपये थी, जो कि पिछले वर्ष के मुकाबले 1,154 करोड़ रुपये (10.4 प्रतिशत) की वृद्धि प्रदर्शित करती है।

8.27 वर्ष 1988-89 के केन्द्रीय बजट में सकल बाजार-उधारों के लिए 8,039 करोड़ रुपये के ऋण की परिकल्पना की गयी है। परिपक्व होने वाले ऋणों के लिए 639 करोड़ रुपये का प्रावधान करने के पश्चात् शुद्ध बाजार-उधारों की राशि 7,400 करोड़ रुपये होने का अनुमान है जो कि वर्ष 1988-89 के मुकाबले 150 करोड़ रुपये (2.1 प्रतिशत) अधिक होगी।

केन्द्र सरकार के ऋणों पर कूपन दरें

8.28 वर्ष 1988-89 में विभिन्न परिपक्वता अवधि वाले केन्द्र सरकार के ऋणों पर कूपन दरों का ढांचा वैसा ही था जैसा कि 1987-88 में अर्थात् 20 वर्ष की परिपक्वता के लिए 11.5 प्रतिशत, 15 वर्ष के लिए 11 प्रतिशत तथा 10 वर्ष के लिए 10.5 प्रतिशत। इन परिपक्वताओं के अलावा केन्द्र सरकार ने क्रमशः 10 प्रतिशत तथा 10.3 प्रतिशत की ब्याज दरों पर 5 वर्ष एवं 8 वर्ष की परिपक्वता वाले दो ऋण भी जारी किये।

केन्द्र सरकार के ऋणों के लिए रिजर्व बैंक का समर्थन

8.29 वर्ष 1988-89 के दौरान केन्द्र सरकार के ऋणों में रिजर्व बैंक का प्रारंभिक अभिदान 2,513 करोड़ रुपये अथवा वर्ष के दौरान जारी किये गये कुल ऋणों का 32.5 प्रतिशत था जबकि वर्ष 1987-88 में प्रारंभिक अभिदान 2,513 करोड़ रुपये अर्थात् वर्ष के दौरान जारी किये गये कुल ऋणों का 32.5 प्रतिशत था जबकि वर्ष 1987-88 में प्रारंभिक अभिदान 2,200 करोड़ रुपये (कुल का 28.1 प्रतिशत) था। वर्ष 1987-88 की 368.4 करोड़ रुपये की वृद्धि के मुकाबले वर्ष 1988-89 में रिजर्व बैंक की केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों की धारिताओं में 1,935.8 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई।

आन्तरिक ऋण और अन्य देयताएं

8.30 बाजार-उधारों के अतिरिक्त, लघु बचतों एवं भविष्य निधियों की गैर-सरकारी भविष्य निधियों की विशिष्ट जमाराशियों सहित जैसी अन्य लिखतों के माध्यम से भी केन्द्र तथा राज्यों ने संसाधन जुटाये। इस तरह जुटाये गये संसाधनों को गणना में लेते हुए, वर्ष 1988-89 में केन्द्र तथा राज्यों के बकाया आंतरिक ऋणों तथा उनकी अन्य देयताओं में 34,045 करोड़ रुपये अथवा कुल देशी उत्पाद के 8.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई जबकि वर्ष 1987-88 में यह बढ़ोतरी 29,460 करोड़ रुपये अथवा कुल देशी उत्पाद का 8.9 प्रतिशत थी।

सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के बांण्ड

8.31 केन्द्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के कई उपक्रमों ने भी अपने विकासात्मक कार्यक्रमों के वित्तपोषण के लिए विदेश में वाणिज्यिक उधारों के माध्यम से तथा देशी बाजार में बॉण्ड जारी करके संसाधन जुटाये हैं। वर्ष 1989-90 के बजट में ऐसा अनुमान किया गया है कि सार्वजनिक क्षेत्र के ये उपक्रम वर्ष 1988-89 में जुटायी गयी क्रमशः 2,476 करोड़ रुपये तथा 1,056 करोड़ रुपये की तुलना में देशी बाजार में बॉण्ड जारी करके 3,115 करोड़ रुपये तथा विदेशी वाणिज्यिक उधारों के माध्यम से 1,112 करोड़ रुपये की राशि जुटा सकेंगे।

राज्य सरकारों को अर्थोपाय अग्रिम

8.32 रिजर्व बैंक राज्यों को अर्थोपाय अग्रिम प्रदान करता है ताकि नकदी प्रवाह के अस्थायी असंतुलनों को रोका जा सके। 1 मार्च 1988 से 23 राज्यों को उपलब्ध कुल सामान्य अर्थोपाय अग्रिमों की सीमाएं 744.8 करोड़ रुपये रही हैं। इसके अतिरिक्त, राज्यों को भारत सरकार की प्रतिभूतियों की गिरवी पर 266 करोड़ रुपये के अर्थोपाय अग्रिमों की विशेष सीमाएं प्रदान की जाती हैं। 23 राज्यों को उपलब्ध अर्थोपाय अग्रिमों की सीमाएं अब 1,010.8 करोड़ रुपये है।

8.33 वर्ष 1988-89 के दौरान 7 सतत कार्य दिवसों की निर्धारित सीमा से ऊपर कोई भी राज्य, ओवर ड्राफ्ट की स्थिति में नहीं था और इस तरह सभी राज्य सरकारों ने ओवर ड्राफ्ट विनियमन योजना का अनुपालन किया।

बचत लिखतें

8.34 नयी बचत लिखतों की शुरुआत तथा वर्तमान बचत लिखतों से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण परिवर्तनों की चर्चा नीचे की गयी है:

(i) डाकघर मासिक आय योजना

8.35 डाकघर मासिक आय खाता योजना 15 अगस्त 1987 से लागू की गयी थी। इस योजना के विवरण पिछले वर्ष की रिपोर्ट में दिये गये थे। इस योजना के अन्तर्गत सीमाओं में वृद्धि की गयी है और वर्तमान समय में, एकल खाते के लिए 2 लाख रुपये तथा संयुक्त खाते के लिए 4 लाख रुपये की सीमा है।

(ii) राष्ट्रीय बचत प्रमाण-पत्र निर्गम-VIII

8.36 बचत संबंधी विभिन्न लिखतों की कर-प्रोत्साहनों के युक्तीकरण की प्रक्रिया के एक अंश के रूप में, वर्तमान राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्रों के छठे एवं सातवें निर्गमों को, 1 अप्रैल 1989 से समाप्त कर दिया गया है। 8 मई 1989 से राष्ट्रीय बचत प्रमाण पत्र निर्गम VIII की एक नयी श्रृंखला आरंभ की गयी है। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्रों की नयी श्रृंखलाओं में किये गये निवेशों को धारा 80 सी के अन्तर्गत कर संबंधी रियायतें प्राप्त होंगी तथा इस लिखत को आयकर अधिनियम की धारा 80 एल के अंतर्गत कर संबंधी रियायत प्राप्त नहीं होगी। राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र निर्गम VIII में अलग-अलग व्यक्ति तथा कम्पनियों, भागीदारी फर्मों, स्थानीय प्राधिकरणों, न्यासों एवं निगमों जैसी संस्थाएं भी निवेश कर सकती हैं। इस योजना के अन्तर्गत किये गये निवेशों पर 12 प्रतिशत (चक्रवृद्धि) ब्याज प्राप्त होता है। इसमें की गयी निविष्टियां छः वर्ष के पश्चात् परिपक्व होंगी।

8.37 इसके अतिरिक्त, यह घोषित किया गया है कि केन्द्र तथा राज्य सरकार के सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों के लिए एक इक्विटी संबद्ध बचत योजना तथा एक बचत योजना शुरू की जाएगी।

9 पूंजी बाजार

9.1 वर्ष 1988-89 के दौरान आधारभूत आर्थिक मूल सिद्धांतों में सुधार तथा निजी निगमित क्षेत्र द्वारा बेहतर कार्य निष्पादन की पृष्ठभूमि में पूंजी बाजार में पर्याप्त उछाल आया। गत वर्ष की तुलना में वर्ष 1988-89 में नये पूंजी निर्गमों की संख्या पर्याप्त अधिक रही। मीयादी ऋण देने वाली संस्थाओं द्वारा वित्तीय सहायता की स्वीकृति और वितरण में भी काफी वृद्धि हुई। गौण बाजार में शेयर कीमतों में वर्ष भर तेजी से वृद्धि आयी जो पिछले वर्ष की शांति की पूर्ति से भी अधिक रही। निवेश प्रवृत्ति और निवेश आशयों के कतिपय संकेतकों यथा कम्पनी पंजीयनों आशय पत्र, निर्गमों पूंजीगत माल के अनुमोदनों

तथा विदेशी प्रत्यक्षिदाताओं के लिए ग्रहणाधिकार कर्ज में वृद्धि की प्रवृत्ति देखी गयी। मियादी ऋण देने वाली संस्थाओं द्वारा वित्त पोषित परियोजनाओं के आंकड़ों पर आधारित पूर्वानुमान, निजी निगमित क्षेत्र द्वारा पूंजी व्यय में वृद्धि की प्रवृत्ति दर्शाते हैं। इस वर्ष के दौरान नयी बचत लिखतों के विकास को प्रोत्साहन देने के लिए कुछ अतिरिक्त नीतिगत उपाय भी किये गये।

9.2 संस्थागत निवेशकों को जो कि भारतीय पूंजी बाजार के विकास में एक महत्वपूर्ण अंग रहे हैं, वर्ष के दौरान, भारतीय यूनिट ट्रस्ट तथा सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों द्वारा परिचालित दो अन्य पारस्परिक निधियों में जमा की गयी राशि में बड़ी मात्रा में वृद्धि से और अधिक प्रोत्साहन मिला।

नये निर्गम बाजार

9.3 1988-89 में गैर सरकारी सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा किये गये नये पूंजी निर्गम (बोनस शेयरों को छोड़कर) 1987-88 के 1,774 करोड़ रुपये से बढ़कर 3,117 करोड़ रुपये हो गये अर्थात् उनमें 75.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई (सारणी 9.1) लिखतवार दृष्टि से डिबेंचर निर्गम जो वर्ष 1987-88 में 664 करोड़ रुपये थे वह वर्ष 1988-89 में बढ़कर 2,113 करोड़ रुपये अर्थात तिगुने से भी अधिक हो गये। इस समूह में परिवर्तनीय डिबेंचर 1987-88 के 526 करोड़ रुपये से बढ़कर 1988-89 में 1,734 करोड़ रुपये यानी तिगुने से भी अधिक हो गये और, उक्त अवधि में गैर परिवर्तनीय डिबेंचर 139 करोड़ रुपये से बढ़कर 379 करोड़ रुपये हो गये, जो लगभग तिगुने बैठते हैं। कुछ बड़े आकार के निर्गमों के कारण 1988-89 में डिबेंचर निर्गमों में वृद्धि आयी। इन बड़े आकार के निर्गमों में सदैव कुछ नयी विशेषताएं होती हैं जैसे सुरक्षा सुविधा अलग किये जा सकने वाले वारंट कूपन और/या निर्गमों के अभिदान के विनियोजन के लिए बैंक वित्त की व्यवस्था।

सारणी 9.1. गैर-सरकारी सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनियों का पूंजीगत निर्गम

(करोड़ रुपये)

निर्गम के प्रकार	निर्गमों की संख्या	1987-88@	निर्गमों की संख्या	1988-89@
1	2	3	4	5
1. ईक्विटी शेयर*	173	1,102.8	254	1,000.9
	(30)	(439.6)	(47)	(108.9)
2. अधिमान शेयर	5	6.9	5	3.3
3 डिबेंचर	46	664.2	77	2,112.9
(i) परिवर्तनीय	38	525.7	48	1,734.0
(ii) अपरिवर्तनीय	8	138.5	29	378 9
योग (1+2+3)	224	1,773.9	336	3,117 1

@अनन्तिम

*बोनस शेयर को छोड़कर

टिप्पणी : (1) कोष्ठक में दिए गये आंकड़े प्रीमियम राशि दर्शाते हैं जो ईक्विटी निर्गमों की राशि में सम्मिलित हैं।

(2) वित्तीय संस्थाओं आदि के पास निजी रूप से रखे गये निर्गम इन आंकड़ों में सम्मिलित नहीं हैं।

(3) अधिक प्राप्त अभिदान की राशि, जो रख ली गई है, आंकड़े उन मामलों में सम्मिलित हैं, जहां इस सम्बन्ध में विशिष्ट सूचना उपलब्ध थी।

9.4 ईक्विटी और अधिमान शेयर निर्गमों में गिरावट परिलक्षित हुई। ईक्विटी शेयर जो 1987-88 में 1,103 करोड़ रुपये थे घटकर 1988-89 में 1,001 करोड़ रुपये हो गये यानी इनमें 9.2 प्रतिशत की कमी आयी। वर्ष 1987-88 में कुल शेयर निर्गम 7 करोड़ रुपये के थे जो 1988-89 में कुल 3 करोड़ रुपये के रहे।

9.5 इन प्रवृत्तियों को प्रतिबिम्बित करते हुए सभी सार्वजनिक निर्गमों में डिबेंचरों का भाग, जो 1987-88 में 37.4 प्रतिशत था, वर्ष 1988-89 में 67.8 प्रतिशत यानी लगभग दुगुना हो गया जबकि अकेले परिवर्तनीय डिबेंचरों का अंश ही 55.6 प्रतिशत था। तदनुसार ईक्विटी निर्गमों का हिस्सा जो 1987-88 में 62.2 प्रतिशत था 1988-89 में घटकर 32.1 प्रतिशत हो गया। 1987-88 में 2,738.9 करोड़ रुपये के सार्वजनिक क्षेत्र बांड निर्गम किये गये थे जिनमें 1,060.0 करोड़ रुपये निजी क्षेत्र द्वारा निवेश के लिए और 1,678.9 करोड़ रुपये सार्वजनिक क्षेत्र द्वारा अंशदान के लिए थे। वर्ष 1988-89 में अनंतिम आंकड़ों के अनुसार 2,497.7 करोड़ रुपये के सार्वजनिक क्षेत्र के बांड निर्गम किये गये जिनमें केवल 100.0 करोड़ रुपए सार्वजनिक अंशदान के लिए और शेष 2,397.7 करोड़ रुपये निजी क्षेत्र के लिए थे।

9.6 सरकारी और गैर सरकारी कम्पनियों दोनों के लिए पूंजी निर्गम नियंत्रक द्वारा किए गए अनुमोदन (अर्थात बोनस शेयरों के लिए दी गयी सहमतियों/स्वीकृति को छोड़कर सहमतियां/(स्वीकृतियां) (1988-89 के दौरान 8,029 करोड़ रुपये जो विगत वर्ष में 5.278 करोड़ रुपये की तुलना में 52.1 प्रतिशत अधिक थे। (सारणी 9.2) 1988-89 के दौरान गैर सरकारी कम्पनियों के लिए 4,889 करोड़ रुपये के अनुमोदन किये गए जो पिछले वर्ष (2 163 करोड़ रुपये) की तुलना में दुगुने से भी अधिक थे। इसके विपरीत 1987-88 में इस तरह के कुल अनुमोदन 1986-87 के लगभग आधे के बराबर थे। सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा बांडों के निर्गम के लिए सहमतियों में पर्याप्त वृद्धि हुई। 1987 88 में ये 1,922 करोड़ रुपये थीं जो वर्ष 1988-89 में बढ़कर 3,140 करोड़ रुपये हो गयीं।

9.7 शेयर बाजार के आंकड़ों तथा जारी किए गये लगभग 80 प्रतिशत से अधिक निर्गमों पर आधारित भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड (सिक्योरिटीज एण्ड एक्सचेंज बोर्ड आफ इंडिया— एस ई. बी. आई) के अध्ययनों से पता चलता है कि गत वर्ष की तुलना में 1988-89 में सार्वजनिक निर्गमों के प्रति प्रतिक्रिया ज्यादा अच्छी रही। 1987-88 में 40 प्रतिशत की तुलना में 1988-89 में 60 प्रतिशत से भी अधिक संख्या में निर्गम अत्यभिदत्त (ओवर सब्सक्राईब्ड) रहे। 1988-89 में निर्गमों की संख्या के केवल 8 प्रतिशत न्यूनाभिदत्त (अण्डर सब्स्क्राईब्ड) रहे जबकि गत वर्ष यह संख्या 32 प्रतिशत थी।

नीतिगत उपाय

9.8 वर्ष 1988-89 में नयी लिखतों और नयी संस्थाओं के प्रारंभ के सम्बन्ध में महत्वपूर्ण गतिविधियां देखी गयीं। साथ ही पूंजी बाजार के सम्बन्ध में नई नीतियों की शुरुआत की गयी। आयकर अधिनियम की धारा 80 सीसी के अन्तर्गत कर की छूट का लाभ उठाने के लिए बचतकर्ताओं को सक्षम बनाने के वास्ते भारतीय स्टेट बैंक म्युच्युअल फंड और केनरा बैंक म्युच्युअल फंड दोनों ने एक समान विशेषता वाली सीमित अवधि वाली योजनाएं जारी कीं। भारतीय स्टेट बैंक म्युच्युअल फंड मैगनम कर बचत योजना 1988-89 एक वृद्धि उन्मुख योजना थी जिसकी परिपक्वता अवधि 5 से 7 वर्षों की थी। इसमें छह माह की अवधि तक पूंजी अवरुद्ध रखने की शर्त के साथ पुनर्खरीद की सुविधा भी परिकल्पित थी तथा अंकित मूल्य के 75 प्रतिशत तक ऋण की सुविधा भी थी। केनरा बैंक म्युच्युअल फंड की केन 80 सी सी योजना भी वृद्धि उन्मुख योजना थी जिसकी परिपक्वता अवधि 3 वर्षों की थी और इसमें

सारणी 9.3 पूंजी जुटाने के लिए सरकारी और गैर सरकारी कम्पनियों को पूंजी निर्गमों के नियंत्रक द्वारा मंजूर की गयी सहमतियां/स्वीकृतियां

(करोड़ रुपये)

निर्गम का प्रकार	1987-88 (अप्रैल-मार्च)	1988-89 (अप्रैल-मार्च)
1. शेयर	1541	1444
जिनमें से	(101)	(—)
(i) प्रारंभिक निर्गम	613	821
(ii) बाद के निर्गम*	(100)	(—)
	928	623
	(1)	(—)
2. डिबेंचर और बांड	3737	6585
जिनमें से	(3014)	(3140)
(i) परिवर्तनीय	377	3134
	(—)	(—)
(ii) अपरिवर्तनीय	3360	3451
	(3014)	(3140)
3. उप जोड़ (1+2)	5278 (—)	8029
	(3115)	(3140)
4. बोनस शेयर	297	195
	(1)	(—)
5. कुल योग (3+4)	5575	8224
	(3116)	(3140)

*वर्ष 1987-88 के लिए 408 करोड़ रुपये तथा वर्ष 1988-89 के लिए 111 करोड़ रुपये के प्रीमियम सहित।

टिप्पणी: कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों को दी गयी सहमतियां दर्शाते हैं।

स्रोत: पूंजी निर्गम नियंत्रक

एक वर्ष तक पूंजी अवरुद्ध रखने की अवधि के साथ पुन: खरीद की सुविधा थी। इसके अतिरिक्त भारतीय स्टेट बैंक म्युचुअल फण्ड नियमित आय योजना 1989 शुरू की जो वृद्धि और आय उन्मुख योजना थी और जिसमें 12 प्रतिशत की आश्वस्त वार्षिक आय थी।

9.9 भारतीय जीवन बीमा निगम ने तीन योजनाओं के साथ एक म्युच्युअल फंड की घोषणा की है। (i) सीमित अवधि वाली आय और विकास उन्मुख योजना-धनश्री (ii) आवर्ती निवेश योजना जिसमें जीवन रक्षा और दुर्घटना रक्षा शामिल है। धनरक्षा और (iii) एक मीयादी निवेश योजना जिसमें वृद्धि और जीवन रक्षा और दुर्घटना रक्षा शामिल है धनवृद्धि।

9.10 विदेशों में धन जुटाने और अनिवासी भारतीयों तथा अन्य विदेशी निवेशकों द्वारा भारतीय पूंजी बाजार में निवेश की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय यूनिट ट्रस्ट ने अगस्त 1988 में 60 मिलियन अमरीकी डालर के लिए संयुक्त राज्य अमरीका, कनाडा और अन्य देशों में इण्डिया ग्रोथ फण्ड इनकारपोरेटिड की शुरुआत की। इस राशि का पूर्ण अभिदाय हुआ। इण्डिया ग्रोथ फण्ड विशालीकृत निवेश कम्पनी है जो अमरीका के सिक्युरिटीज एक्सचेंज कमीशन के यहां पंजीकृत है। उक्त निधि का निवेश गत उद्देश्य है, निवेश के माध्यम से प्रथमत: भारतीय कम्पनियों की इक्विटी प्रतिभूतियों में दीर्घकालीन पूंजी में वृद्धि की तलाश। इण्डिया ग्रोथ फण्ड न्यूयोर्क स्टाक एक्सचेंज की सूची में सूचीबद्ध है। फण्ड ने 31 दिसम्बर 1989 को समाप्त अवधि के लिए 2.5 प्रतिशत (12 अमरीकी डालर के प्रत्येक शेयर पर 30 सेंट का) अन्तरिम लाभांश घोषित किया है। फण्ड का शुद्ध आस्तिमूल्य (नेट एसेट वैल्यू) अगस्त 1988 के (जबकि इसकी शुरुआत की गयी थी) 10.94 डालर से बढ़कर 30 जून 1989 में 14.30 डालर हो गया।

9.11 1988-89 के दौरान पिछले अन्तराल में केन्द्रीय वित्त मंत्री ने अप्रत्यावर्तनीय आधार पर अनिवासी भारतीयों के लिए विदेशी करेंसी बांडों/जमा प्रमाणपत्रों की एक नयी योजना लागू करने के सरकारी निर्णय की घोषणा की। इस निर्णय के अनुसरण में भारतीय स्टेट बैंक ने नवम्बर 1988 में अमरीकी डालर मूल्य वाला अपना सात वर्षीय संचयी अप्रत्यावर्तनीय एन आर आई बांड (विस्तृत ब्यौरे के लिए रिपोर्ट भाग II देखें) जारी किया गया इस योजना के अधीन अनिवासी भारतीय द्वारा 138 करोड़ रुपये के बराबर राशि निवेश की गयी।

9.12 1989-90 के लिए केन्द्रीय बजट में वह मौद्रिक सीमा बढ़ायी गयी है जिस तक बांडों/डिबेंचरों पर प्राप्त ब्याज की आय पर स्रोत पर कर की कोई कटौती नहीं की जायेगी तदनुसार, अब वर्ष में 1,000 रुपये के बजाय 2,500 रुपए तक की ब्याज की रकम पर स्रोत पर कर की कटौती नहीं की जाएगी। इसके साथ अब बांडों/डिबेंचरों से होने वाली ब्याज आय की मौद्रिक सीमा लाभांश की आय के बराबर कर दी गयी है।

9.13 वर्ष के दौरान उठाया गया एक बड़ा कदम था जोखिम पूंजी कम्पनियों/जोखिम पूंजी निधियों (वी सी सी) / (वी सी एफ) की स्थापना के लिए विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धान्तों की घोषणा ताकि वे राजकोषीय छूट से लाभ उठा सकें। इन मार्गदर्शी सिद्धान्तों के अनुसार कोई अनुमोदित जोखिम पूंजी कम्पनी/जोखिम पूंजी निधि, पूंजीगत लाभ पर गैर निगमित निवेशकों के लिए लागू दर पर तर्जीही कराधान की पात्र है बशर्ते वह जोखिम पूंजी कम्पनी/जोखिम पूंजी निधि निर्धारित शर्तें पूरी करती हो। कुछ महत्वपूर्ण शर्तें निम्नलिखित है:—

(क) जोखिम पूंजी कम्पनी/जोखिम पूंजी निधि का न्यूनतम आकार 10 करोड़ रुपये होना चाहिए। (ख) अधिकतम ऋण इक्विटी अनुपात 1:1.5 होना चाहिए, और (ग) किसी कम्पनी में अधिकतम कुल निवेश 10 करोड़ रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए।

भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड

9.14 पिछली रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि अन्तरिम सन्धा, भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड की स्थापना की गयी है ताकि प्रतिभूति बाजार का सुव्यवस्थित और स्वस्थ तरीके से विकास हो सके और निवेशकों को संरक्षण प्रदान किया जा सके। वर्ष के दौरान पूंजी बाजार से सम्बन्धित वर्तमान विधान का अध्ययन करने के पश्चात भारतीय प्रतिभूति और एक्सचेंज बोर्ड ने इस सम्बन्ध में एक व्यापक विधान बनाने के लिए एक प्रारूप प्रस्तुत किया इसने शेयर बाजार बुनियादी आवश्यक तत्वों और प्रक्रिया में निरंतर आधार पर संभावित सुधार पर निगरानी रखने के लिए शेयर बाजारों के आधुनिकीकरण और कम्प्यूटरीकरण पर एक स्थायी समिति का गठन किया है।

भारतीय ऋण निर्धारण सूचना सेवा लि

9.15 गत वर्ष की रिपोर्ट में ऋण निर्धारण एजेंसी के रूप में भारतीय ऋण निर्धारण सूचना सेवा लि. के गठन का सन्दर्भ दिया गया था मार्च 1989 को समाप्त वर्ष के दौरान भारतीय ऋण निर्धारण सूचना सेवा लि. ने 24 ऋण निर्धारण कार्य पूरे किये। भारतीय ऋण निर्धारण सूचना सेवा लि. के ऋण निर्धारण के अन्तर्गत लगभग 875 करोड़ रुपये की कुल ऋण मात्रा आती है जिसमें लगभग 500 करोड़ रुपये की ऋण मात्रा के लिए चालू दर निर्धारण लागू होते है। 1988-89 में ऋण निर्धारण गतिविधियों में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है।

भारतीय स्टाक धारित निगम लि.

9.16 भारतीय स्टाक धारित निगम लि. एक आगार (डिपोजिटरी) संस्था है जिसका प्रायोजन सात अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं (यथा,

भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, भारतीय जीवन बीमा निगम, साधारण बीमा निगम और भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक) द्वारा किया गया है और अगस्त 1988 में परिचालन शुरू किया गया भारतीय स्टाक धारिता निगम लि. की स्थापना का मुख्य लक्ष्य यह है कि शेयरों के अन्तरण और अन्य प्रकार के स्क्रिपों के अन्तरण के लिए पूंजी प्रविष्टि प्रणाली (बुक एन्ट्री सिस्टम) आरम्भ की जाए ताकि विपुल-भार कागजी कार्रवाई से बचा जाए और अन्तरण में विलम्ब को कम किया जाये। भारतीय स्टाक धारिता निगम लि. ने मार्च 1989 तक 1,09,853 अन्तरण सम्बन्धी मामलों और 1,86,838 स्क्रिपों में सम्बन्धित 1 10 करोड़ रुपये मूल्य की खरीद की है।

वित्तीय संस्थाओं द्वारा सहायता

9.17 अखिल भारतीय वित्तीय संस्थाओं (यथा भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम, भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम, भारतीय यूनिट ट्रस्ट, भारतीय जीवन बीमा निगम, साधारण बीमा निगम और भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक और इसकी सहायक संस्थाओं) द्वारा स्वीकृत और वितरित सहायता, निवेश आशयों की महत्वपूर्ण निर्देशक है। साथ ही इनसे उद्योग में निवेश की गति का भी संकेत मिलता है। 1988-89 (अप्रैल-मार्च) के दौरान इन संस्थाओं द्वारा स्वीकृत सहायता अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार कुल 13,913 करोड़ रुपये थी जो गत वर्ष (8,868 करोड़ रु.) से 56.9 प्रतिशत अधिक थी। 1987-88 (अप्रैल-मार्च) में विकास दर केवल 20.1 प्रतिशत थी। मुख्यतः कुछ उर्वरक परियोजनाओं को बड़ी राशि की स्वीकृति के कारण से वर्ष 1988-89 में पर्याप्त वृद्धि हुई। वर्ष 1988-89 के दौरान 8,526 करोड़ रुपए (अनन्तिम) का वितरण हुआ जो वर्ष 1987-88 (6,323 करोड़ रुपये) से 34.8 प्रतिशत अधिक था। गत वर्ष वितरण में 19 2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी।

कम्पनी निवेश

9.18 1989 से भारतीय रिजर्व बैंक ने निजी कम्पनी क्षेत्र में निवेश पर पूर्वानुमान लगाना शुरू कर दिया है जो मीयादी ऋणदायी संस्थाओं द्वारा स्वीकृत तथा चरणबद्ध रूप से किये जाने वाले परियोजनाओं की पूंजी व्यय के अनुमानों सम्बन्धी उपलब्ध आंकड़ों पर आधारित है। वित्तीय संस्थाओं द्वारा 1988 के अन्त तक दी गयी स्वीकृतियों के आधार पर यह अनुमान लगाया जाता है कि कुल 7,026 करोड़ रुपये के पूंजी व्यय वर्ष 1988 के दौरान किये जाएंगे, यानी 1987 के दौरान किए गए व्यय की तुलना में 12 प्रतिशत की वृद्धि होगी। मिलों की पुनर्भराई और तकनीकी विकास निधि योजना के अन्तर्गत किसी कम्पनी की निवेश मांग सहित, कुल पूंजी व्यय 7,413 करोड़ रुपये आया जो 1988 में व्यय किया गया होगा। वर्ष 1989 के लिए मिलों की पुनर्भराई और तकनीकी विकास निधि योजना के अन्तर्गत निवेश वित्त सहित 1988 तक स्वीकृत कतिपय परियोजनाओं के सम्बन्ध में 1989 के लिए पूर्वानुमान में कुल 9,900 करोड़ रुपये के पूंजी व्यय का अनुमान लगाया गया है जो वर्ष 1988 के तदनुरूप प्राक्कलन पर 34 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक

9.19 1988-89 में भारत सरकार ने लघु उद्योगों के संवर्धन, वित्तपोषण और विकास के लिए तथा लघु क्षेत्र में उद्योगों के संवर्धन, वित्तपोषण और विकास में लगी संस्थाओं के कार्यों को समन्वित करने के वास्ते भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक के गठन की घोषणा की। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के पूर्ण स्वामित्व में एक सहायक संस्था के रूप में होगा और राष्ट्रीय इक्विटी निधि तथा लघु उद्योग विकास निधि के प्रशासन की पूरी जिम्मेदारी लेगा।

भारतीय पर्यटन वित्त निगम

9 20 भारतीय औद्योगिक वित्त निगम ने अन्य अखिल भारतीय संस्थाओं और बैंकों के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए भारतीय पर्यटन वित्त निगम लि. (भा. प. वि. नि. लि.) का गठन फरवरी 1989 में किया। भारतीय पर्यटन वित्त निगम की प्रारंभ में प्रदत्त पूंजी 50 करोड़ रुपये थी। पर्यटकों के लिए सुविधाएं तथा पर्यटन के विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करने के अलावा भारतीय पर्यटन वित्त निगम ऐसी परियोजनाओं के वित्तपोषण के वास्ते मार्गदर्शी सिद्धान्त और नीतियां बनाएगा और उनका समन्वय करेगा। अतः यह नई संस्था सरकार की समग्र नीतियों के अन्तर्गत पर्यटन सम्बंधी कार्य-कलापों में विकासात्मक भूमिका निभाएगी।

इक्विटी मूल्य

9.21 1988-89 में इक्विटी कीमतों में विस्तृत आधार पर लगभग 63 प्रतिशत की वृद्धि आयी। साधारण शेयर कीमतों की भारतीय रिजर्व बैंक की अखिल भारतीय सूचकांक संख्या (आधार 1980-81-100) जो 28 मार्च, 1988 को समाप्त सप्ताह में 189.3 थी 25 जून 1988 को समाप्त सप्ताह में बढ़कर 212.2 हो गई। इसके पश्चात् सितम्बर 1988 तक इसकी प्रवृत्ति वृद्धि की ओर अग्रसर रही और 29 अक्तूबर, 1988 को इसमें भारी वृद्धि देखी गयी। नवम्बर में सूचकांक में पुनः वृद्धि आयी और 26 नवम्बर, 1988 को यह 293.2 तक पहुंच गयी। तथापि, अगले माह में 31 दिसम्बर, 1988 को थोड़ा घटकर सूचकांक 286 3 पर रहा। जनवरी 1989 में सूचकांक की गति एक संकीर्ण दायरे में रही। फरवरी 1989 में मामूली वृद्धि आयी और 25 मार्च, 1989 को यह 308.2 के शिखर स्तर पर पहुंची।

सारणी 9 3 भारतीय रिजर्व बैंक—साधारण शेयर कीमतों का अखिल भारतीय सूचकांक

(आधार 1980-81-100)

माह/वर्ष	औसत	अधिकतम	न्यूनतम
1	2	3	4
1988 अप्रैल	189 5	195.6 (30-4-88)	187.1 (2-4-88)
मई	202 9	207.4 (28-5-88)	198.8 (7-5-88)
जून	215 0	218 6 (11-6-88)	212.2 (25-6-88)
जुलाई	212 3	215.1 (30-7-88)	209.5 (9-7-88)
अगस्त	215.2	216 5 (6-8-88)	214.2 (20-8-88)
सितम्बर	227.2	236 5 (24-9-88)	219.0 (3-9-88)
अक्तूबर	263 2	27.3 (29-10-88)	245.5 (1-10-88)
नवम्बर	284.6	293 2 (26-11-88)	274.7 (5-11-88)
1988 दिसम्बर	290.8	295.9 (3-12-88)	285.2 (24-12-88)
1989 जनवरी	285.9	288.0 (14-1-89)	283.5 (7-1-89)
फरवरी	290.3	292.4 (11-2-89)	287.3 (18 2-89)

1	2	3	4
मार्च	302.2	308.2 (25-3-89)	292.2 (4-3-89)
1987-88 (अप्रैल-मार्च)	207.3 (-10.1)@	227.1 (29-8-87)	189.3 (26-3-88)
1988-89 (अप्रैल-मार्च)	248.3 (+19.8)@	308.2 (25-3-89)	187.1 (2-7-88)

@पिछले वर्ष में प्रतिशत घट-बढ़ सूचित करता है।

9.22 वर्ष 1988-89 में साधारण मूल्यों के अखिल भारतीय सूचकांक का औसत 248.3 रहा जो गत वर्ष के लिए औसत सूचकांक में 19.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इसके विपरीत 1987-88 का औसत सूचकांक वर्ष 1986-87 में औसत स्तर के ऊपर के सूचकांक की तुलना में 10.1 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है (सारणी 9.3)

9.23 पिछले वर्ष (4.32 प्रतिशत) की तुलना में 1988-89 में ईक्विटी पर औसत कुल वृद्धि में गिरावट आयी यानी वह 3.85 प्रतिशत रही।

10. बाह्य क्षेत्र की गतिविधियां

भुगतान संतुलन

10.1 अच्छे निर्यात के होते हुए भी 1988-89 में भुगतान संतुलन भारी दबाव में रहा क्योंकि आयात बिलों में तेजी से वृद्धि आयी और बड़े पैमाने पर विस्तारित कोष सुविधा के अंतर्गत जो वर्ष के दौरान शिखर पर थी। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को बड़ी अदायगियां की गयीं। आयात बिलों में तेजी से वृद्धि के मुख्य कारण थे गत वर्ष के सूखे से आवश्यक हुए अनिवार्य वस्तुओं के आयात कुछ वस्तुओं के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में वृद्धि और समीक्षाधीन वर्ष के दौरान आर्थिक गतिविधियों में सुधार के संदर्भ में पूंजीगत माल का अधिक बड़ी मात्रा में आयात यद्यपि पूरे राजकोषीय वर्ष 1988-89 के भुगतान संतुलन संबंधी आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं है। प्राप्त सूचनाओं के आधार पर, अनुमान है कि सकल देशी उत्पाद (चालू बाजार मूल्य पर) से चालू खाते घाटे का अनुपात 1687 88 के 1 9 प्रतिशत से बढ़कर 2.8 प्रतिशत हो गया है। सारणी 10.1 और 10.2 में वर्ष 1985-86 से 1987-88 तक की अवधि का भारत के भुगतान शेष का सारांश प्रस्तुत किया गया है।

सारणी 10.1. चालू बाजार कीमत पर सकल देशी उत्पाद के अनुपात के रूप में चालू खाता लेनदेन

(प्रतिशत में)

	1980-81	1984-85	1985-86	1986-87	1987-88
1	2	3	4	5	6
1. निर्यात	4.8	5.2	4.4	4.5	5.0
2. आयात	9.2	8.1	8.1	7.7	7.8
3. व्यवसाय घाटा	4.4	2.9	3.7	3 2	2.8
4. अदृश्य प्राप्तियां (कार्यालयीन अनुदान सहायता सहित)	4.3	3.6	3 0	2.8	2.8
5. अदृश्य भुगतान	1.1	1.9	1.6	1.6	1.9
6 अदृश्य (शुद्ध 4—5)		1.7	1.4	+1.2	+0.9
7. चालू खाता** धारा (3—6)	1.2	1.2	2.3	2.0	1.9

**यहां आधिकारिक अनुदान को चालू प्राप्तियों के एक हिस्से के रूप में समझा जाता है। ये सारणी 2.2 में प्रस्तुत विदेशी संसाधनों के शुद्ध आगमन के अंदर आते हैं।

10.2 1988-89 के दौरान भारत की विदेशी मुद्रा की प्रारक्षित निधियों में (जिसमें भारतीय रिजर्व बैंक की विदेशी मुद्रा आस्तियां, स्वर्ण एवं विशेष आहरण अधिकार सम्मिलित है) 647 करोड़ रुपये की गिरावट आयी और वे 1988-89 में घटकर 7,040 करोड़ हो गयी जबकि उनमें 1987-88 में 465 करोड़ रुपये की गिरावट आयी थी। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) के रूप में ये प्रारक्षित निधियां मार्च 1989 के अंत में 3,715 मिलियन* विशेष आहरण अधिकार के बराबर थीं।

इस प्रकार ये वर्ष 1988 89 में 771 विशेष आहरण अधिकारों की गिरावट दर्शाती है, जबकि 1987-88 में 627 मिलियन विशेष आहरण अधिकारों की गिरावट आयी थी। सारणी 10.3 पिछले तीन वर्षों में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ विस्तारित कोष सुविधा लेनदेन और भारत की विदेशी विनियम मुद्रा प्रारक्षित निधि संबंधी आंकड़े प्रस्तुत करती है।

10.3 राजकोषीय वर्ष 1988-89 के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष को 1,749 करोड़ रुपये (1.547 करोड़ रुपये विस्तारित निधि सुविधा के अंतर्गत तथा 202 करोड़ रुपये अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष न्यास निधि सुविधा के संबंध में (की राशि की अदायगी की गयी, जबकि गत वर्ष में,)

सारणी 10 2 : भारत का भुगतान संतुलन (प्रारंभिक)

(करोड़ रुपये में)

	1987-88	1986-87	1985-86
1	2	3	4
(क) चालू खाता			
निर्यात	+16,396	+13,315	+11,578
आयात	—25,392	—22,669	—21,164
व्यापार संतुलन	—9,296	—9,354	—9,586
गैर मौद्रिक स्वर्ण	—	—	+29
आधिकारिक अंतरण (शुद्ध)	+532	+525	+307
अन्य अदृश्य (शुद्ध)	+2,471	+2,999	3,323
चालू खाता (शुद्ध)	—6,293	—5,830	—5,927

*अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय आंकड़ों (आइ एफ एस) के अनुसार स्वर्ण का मूल्य प्रति औंस 35 विशेष आहरण अधिकार (एस डी आर) है।

1	9	3	4
(ख) पूंजी खाता			
निजी पूंजी	+2,248	+2,267	+2,091
बैंकिंग पूंजी	+75	--70	+186
कार्याधीन पूंजी			
ऋण	+6,832	+6,462	+3,683
परिशोधन	--2,834	--2,588	--1,152
विविध	+1,172	--172	+85
कुल पूंजी खाता	+7,493	+5,899	+4,893
(ग) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष	--1,209	--672	253
(घ) विशेष आहरण अधिकार विनियोजन			
(ङ) पूंजी खाता, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विशेष आहरण अधिकार विनियोजन (ख+ग+घ)	+6,284	+5,227	+4,640
(च) कुल चालू खाता, पूंजी खाता, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष और विशेष आहरण अधिकार विनियोजन (क+ङ)	--9	--603	—1,287
(छ) भूल चूक	--947	--129	+580
(ज) प्रारक्षित निधियों और मौद्रिक स्वर्ण (कमी+)	+956	+732	+707

सारणी 10.3 : भारत की विदेश मुद्रा प्रारक्षित निधियां

निम्नलिखित माह के अंत में	विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधियां (करोड़ रुपयों में)			जोड़ (स्तंभ) (2+3+4)	कुल प्रारक्षित निधियां (वि०आ०अ० मिलियन)	अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ विस्तारित निधि सुविधा (वि०आ०अ० मिलियन में)		
	वि०आ०अ० **	स्वर्ण	विदेशी मुद्रा*			सकल आहरण	संचयी पुनः खरीद	बकाया शुद्ध आहरण 7-8
1	2	3	4	5	6	7	8	9
मार्च 1986	161.40	274.28	7384.35	7820.03	5728	3900.00	131.25	3768.75
जून 1986	186.27	274.28	7084.91	7545.46	5338	3900.00	200.00	3700.00
मार्च 1987	231.76	274.28	7645.17	8151.20	5113	3900.00	562.50	3337.50
जून 1987	176.76	274.28	7276.44	7727.48	4908	3900.00	687.50	3212.40
मार्च 1988	125.25	274.28	7287.14	7686.67	4486	3900.00	1266.67	2633.33
जून 1988	149.70	274.28	5819.52	6243.50	3600	3900.00	1425.00	2475.00
मार्च 1989	160.74	274.28	6604.63	7039.65	3715	3900.00	2070.85	1829.15
जून 1989	212.46	274.28	6075.17	6561.91	3408	3900.00	2218.77	1681.23

*अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी के अनुसार स्वर्ण का मूल्यन 35 विशेष आहरण अधिकार (वि०आ०अ०) प्रति औंस की दर पर किया गया है।

**संबंधित महीनों के अंत में रुपया वि०आ०अ० विनिमय दर पर

टिप्पणी : सकल आहरण, पुनः खरीद राशियां अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (शुद्ध आहरण) विस्तारित निधि सुविधा के संबंध में हैं। इनमें ट्रस्ट निधि ऋण की राशियां शामिल नहीं हैं)

अन्तर्राष्ट्रीय कोष न्यास निधि ऋण के संबंध में (की राशि की अदायगी की गई। जबकि गत वर्ष 1,339 करोड़ रुपये की) (1,209 करोड़ रुपये ई एफ एफ के अंतर्गत और 180 करोड़ रुपये अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष न्यास निधि ऋण के कारण अदायगी करनी पड़ी थी। मार्च 1989 को अंत में अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के लिए बकाया ऋण ई एफ एफ और न्यास निधी के अंतर्गत क्रमशः कुल 1,829 मिलियन और 162 मिलियन विशेष आहरण अधिकार है और उस समय के विनियम दर पर थे क्रमशः : 3,697 रुपये करोड़ तथा 326 रुपये करोड़ के बराबर थे।,

विशेष आहरण अधिकार (वि. आ. अ.)

10.5 1988-89 के दौरान (जुलाई–जून) विशेष आहरण अधिकार की धारिताओं में 21.6 मिलियन वि. आ. अ. की वृद्धि हुई, जबकि 1987–88 (जुलाई–जून) के दौरान 26.6 मिलियन वि. आ. अ. की गिरावट आयी थी, 997 मिलियन वि. आ. अ. के मूल्य के बराबर वि. आ. अ० के अर्जन तथा पारिश्रमिक के रूप में 15.6 मिलियन वि. आ. आ. की प्राप्ति, अ. ठ. मु. कोष से 79: .8 मिलियन वि. आ. अ. की पुनखरीद अं. मु. कोष को 197.2 मिलियन वि. आ. अ. की राशि के प्रभारों / ब्याज की अदायगी (प्राप्त ब्याज अनुदान घटाकर) के कारण विशेष आहरण अधिकारों के स्तर में बढ़ोतरी हुई है।

स्वर्ण

10.6 जून 1989 के अन्त में भारतीय रिजर्व बैंक की 274 करोड़ रुपये की स्वर्ण धारिताएं उसी स्तर पर बनी रहीं जिस पर 9 जून 1988 के अन्त में थी।

वाणिज्यिक वस्तुओं का व्यापार

10.7 1986–87 तथा 1987–88 में देखी गयी घाटे में गिरावट की प्रवृत्ति आलोच्य वर्ष में प्रत्यावर्तित हो गयी। वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डी. जी. सी. आई. एस.) के द्वारा जारी किए गए अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार वर्ष 1988–89 में व्यापार घाटा बढ़कर 7412 करोड़ रुपये गया, जबकि मद् 1987–88 में 6.624 करोड़ रुपये था (आंशिक संशोधित आंकड़े 66581 करोड़ रुपये थे)। व्यापार घाटे में यह बढ़ोतरनिर्यात में लगातार बड़ी वृद्धि के बावजूद आयात में वृद्धि के कारण हुई (सारणी 10.4)।

सारणी 10.4 : भारत का विदेश व्यापार

मदें	1984-85	1985-86	1986-87	1987-88 (अ)	1988-89 (अ)
1	2	3	4	5	6
	(करोड़ रुपये में)				
1. निर्यात	11,744 (+20.2)	10,895 (—7.2)	12,452 (+14.3)	15,719 (+26.2)	20,281 (+29.0)
2. आयात	17,134 (+8.2)	19,658 (+14.7)	20,096 (+2.2)	22,343 (+11.2)	27,693 (+23.9)
3. व्यापार संतुलन	—5,390	—8,763	—7,644	—6624	
	(मिलियन अमेरिकी डालरों में)				
1. निर्यात	9878 (+4.5)	8,905 (—9.9)	9,745 (+9.4)	12,123 (+24.4)	—7412 (+15.5)
2. आयात	14,412 (—5.9)	16,067 (+11.5)	15,727 (—2.1)	17,232 (+9.6)	19,123 (+11.0)
3. व्यापार संतुलन	—4,534	—7,162	—5,982	—5,109	—5,118
	मिलियन में (विशेष आहरण अधिकार)				
1. निर्यात	9,842 (+10.2)	8,431 (—14.3)	8,061 (—4 4)	9,181 (+13.9)	10,520 (+14.7)
2. आयात	14,359 (—0.8)	15,211 (+5.9)	13,009 (—14.5)	13,050 (+0.3)	14,377 (+10.2)
3. व्यापार संतुलन	—4,517	—6,780	—4,948	—3,869	—3,848

84.39 रुपये प्रति 10 ग्राम के सांविधिक मूल्य पर मूल्यांकित।

(अ) अनन्तिम

स्रोत : वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय।

10.8 महानिदेशक, वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी के अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार 1988–89 में रुपयों के रूप में निर्यात 29.0 प्रतिशत बढ़ा और तदनुसार 20.281 करोड़ रुपये हो गया और इस प्रकार वर्ष के लिए निर्धारित लक्ष्य 18.795 करोड़ रुपये से उपर हो गया। विशेष आहरण अधिकार के रूप में 1988-89 के दौरान, निर्यात 14.7 प्रतिशत बढ़ा, जबकि पिछले वर्ष में 13.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। 1988-89 के दौरान 27,693 करोड़ रुपये का आयात 23.9 प्रतिशत अधिक था, जबकि 1987-88 में इसमें 11.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। विशेष आहरण अधिकार के रूप में, 1987-88 में आयात में केवल मात्र 0.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई, 1988-89 में 10.2 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई।

निर्यात

10.9 1988–89 के निर्यात की मात्रा में वृद्धि संबंधी आंकड़े अभी उपलब्ध नहीं है। वस्तुओं तथा निर्माण के अन्तर्राष्ट्रीय मूल्यों में तथा विदेशी मुद्रा की दरों में परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए 1988-89 के दौरान निर्यात मात्रा में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि अनुमानित है अर्थात लगभग पिछले दो वर्षों के बराबर ही वृद्धि अनुमानित है। मूलभूत राजकोषीय और ब्याज दर प्रोत्साहन के अलावा, निर्यात उत्पादन और तकनीकी उन्नति के लिए क्षमता प्रसार को प्रोत्साहित करने के लि उदार नीतियां और निर्यात लाभ में सुधार लाने के लिए उचित विदेशी मुद्रा दर नीति से निर्यात में वृद्धि को बढ़ावा मिला है। बहुआयामी अभियान के अन्तर्गत पता लगाए गए चुहुत क्षेत्रों में निर्यात क्षमता को सुदृढ़ करने पर भी विशेष बल दिया गया है। इसके अतिरिक्त विश्व व्यापार में उछाल के कारण आलोच्य वर्ष के दौरान निर्यात में वृद्धि आ गयी है।

10.10 1988–89 के दौरान 19,776 करोड़ रुपये के गैर पैट्रोलियक तेल और स्नेहकयुक्त पदार्थों के निर्यात किए गए जो 4,690 करोड़ रुपये की वृद्धि दर्शाते है अर्थात् गत वर्ष से 31.1 प्रतिशत ज्यादा है (सारणी 10.5)। वस्तुवार आंकड़ों से पता चलता है कि 1988-89 के दौरान निर्यात में इन वस्तुओं में महत्वपूर्ण वृद्धि रिकार्ड की गयी। रसायनों और संबंधित उत्पादनों में (86 प्रतिशत) रत्न और आभूषण (68 प्रतिशत), इंजीनियरी सामान (65 प्रतिशत), खनिज लौह (24 प्रतिशत), समुद्री उत्पादन (20 प्रतिशत) तथा बनी बनाई पोशाकों (17 प्रतिशत) में वृद्धि आयी। विशेष निर्यात प्रयास के लिए बल दिए जाने वाले क्षेत्रों के रूप में निर्धारित 14 मदों में 4,683 करोड़ रुपये अर्थात 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गयी।

10.11 इन वस्तुओं के निर्यात में कमी रही : कपास (71 प्रतिशत), काजू गिरी (10 प्रतिशत) तम्बाकू (5 प्रतिशत) जबकि इन वस्तुओं के निर्यात में मामूली सी वृद्धि रही, काफी (6 प्रतिशत), चाय (1 प्रतिशत) और फल तथा सब्जियां (9 प्रतिशत) पिछले वर्ष के सूखे की स्थिति और विदेशी बाजारों में बढ़ी हुई स्पर्धा के कारण कृषि और इससे संबंधित उत्पादनों के निर्यात पर बुरा प्रभाव पड़ा।

10.12 जहां तक निर्यात व्यापार की दिशा का प्रश्न है, यूरोपीय आर्थिक समुदाय के देशों के पक्ष में झुकाव विशेष महत्व रखता है। भारत के निर्यात में इसका शेयर 1985–86 में 17.7 प्रतिशत था, जो बढ़कर 1988-89 में 24.4 प्रतिशत हो गया।

आयात

10.13 खाली हुए खाद्य भण्डारों की पूर्ति तथा 1987 के सूखे के कारण देश में हुई अनाज की कमी को पूरा करने के लिए कुछ वस्तुओं यथा तेल और दालों के आयात की आवश्यकता पड़ी और मुख्य रूप से इस कारण 1988-89 में आयात में अचानक वृद्धि आयी। इसके

सारणी 10.5 : भारत द्वारा प्रमुख पण्यों का निर्यात
(करोड़ रुपये)

पण्य	1984-85	1985-86	1986-87	1987-88 (अ)	1988-89 (अ)
1	2	3	4	5	6
I. कृषि और सम्बद्ध उत्पादन	2,996.5	3,018.3	3,422.0	3,146.9	3,347.3
II. कच्चे माल और खनिज	637.6	784.7	717.2	710.1	1,027.1
इसमें:					
कच्चा लोहा	459.4	578.8	546.6	542.8	672.5
III. निर्मित सामान	6,210.1	6,374.2	7,808.4	10,076.1	14,631.0
इसमें:					
1. वस्त्र और उनसे निर्मित सामान (हस्त निर्मित कालीनों को छोड़कर)	1,717.5	1,795.1	2,178.8	3,110.9	3,699.5
(क) सूती धागे, बने हुए फैब्रिक	620.4	573.7	637.2	1,063.8	1,131.3
(ख) समस्त वस्त्र संबंधी वस्तुओं की बनी-बनाई पोशाकें	953.3	1,067.0	1,330.5	1,790.8	2,096.9
2. चमड़ा और निर्मित चमड़ा तथा चमड़े की चप्पलें-जूते आदि	724.1	769.9	922.1	1,148.2	1,487.7
3. हस्तकला की वस्तुएं (हस्त निर्मित कालीनों सहित)	1,750.8	1,881.4	2,547.6	3,253.2	5,193.2
जिसमें:					
रत्न तथा आभूषण	1,237.1	1,502.7	2,074.3	2,613.5	4,398.1
4. रसायन और सम्बद्ध उत्पादन	462.9	497.5	583.2	822.9	1,531.0
5. मशीनरी, परिवहन उपकरण और धातु निर्मितियां (लोहे और इस्पात सहित)	956.1	954.1	1,132.7	1,432.0	2,359.8
IV. खनिज और स्नेहक	1,822.9	644.7	411.2	633.1	505.0
योग (अन्य वस्तुओं सहित)	11,743.7	10,894.6	12,452.4	15,719.4	20,280.9

अ. अनन्तिम।
केवल कच्चे पेट्रोलियम और पेट्रोलियम की वस्तुओं से सम्बद्ध।

अतिरिक्त 1988-89 के दौरान आर्थिक गतिविधियों में उछाल के कारण बढ़ित आयात आवश्यकता, धातुओं, खाद्य तेलों, रासायनिक पदार्थों के आयात मूल्यों में वृद्धि और निर्यात की सहायता के लिए आवश्यक कच्चे मालों और आयातित पूंजी वस्तुओं के सुगम आगमन के परिणामस्वरूप आयात का बिल अधिक हो गया।

10.14 तेल के शुद्ध आयात (पेट्रोलियम निर्यातों में तेल आयात घटाकर) में 1987–88 के दौरान 1,050 करोड़ रुपये की वृद्धि हुई थी; 1988–89 में इसमें 290 करोड़ रुपये की मामूली बढ़त हुई और वह 3,740 करोड़ रुपये हो गयी। गैर तैलीय आयातों में वृद्धि को 1987–88 के दौरान 5.8 प्रतिशत पर रोक रखा गया था। 1988–89 में इनके आयात में तेजी आई और इनमें 28.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई। 1988–89 में वस्तुवार ब्यौरे से स्पष्ट होता है कि गैर तैलीय आयातों में महत्वपूर्ण वृद्धि निम्नलिखित वस्तुओं में देखी गयी : अनाजों और अनाजों से बने पदार्थ (598 करोड़ रुपये), निर्मित उर्वरक (321 करोड़ रुपये), अलौह धातु (210 करोड़ रुपये), लोहा और इस्पात (478 करोड़ रुपये), धात्विक लौह खनिज और धातु स्क्रैप (255 करोड़ रुपये) मोती, रत्न और उपरत्न (872 करोड़ रुपये), मशीनरी और परिवहन के उपकरण (577 करोड़ रुपये) और आर्गेनिक तथा गैर आर्गेनिक रासायनिक पदार्थ (851 करोड़ रुपये) (सारणी 10.6)

10.15 भारत के आयात का भौगोलिक विन्यास यह दर्शाता है कि यूरोपीय आर्थिक समुदाय का भाग 1985–86 में 26.6 प्रतिशत था इस स्तर से यह अधिक रूप से बढ़कर 1988–89 में 31.4 प्रतिशत हो गया।

सारणी 10.6 : भारत द्वारा प्रमुख पण्यों का आयात

(करोड़ रुपये)

मदें	1984-85	1985-86	1986-87	1987-88 (अ)	1988-89 (अ)
1	2	3	4	5	6
क. थोक आयात	10,039	10,574	7,790	8,561	10,476
(i) अनाज और अनाज से बने सामान	242	110	87	33	631
(ii) उर्वरक	1,346	1,436	921	486	928
(क) कूड	137	163	145	138	185
(ख) गंधक और बिना सफाई के लौह (पायराइट्स)	202	220	200	176	250
(ग) निर्मित	1,007	1,053	576	172	493
(iii) खाद्य तेल	950	749	634	920	727
(iv) अलौह वस्तुएं	412	542	517	576	786
(v) कागज, गत्ता और उनसे निर्मित वस्तुएं (न्यूज प्रिंट सहित)	195	226	217	258	306.
(vi) चीनी	96	418	224	174	नग.
(vii) कच्चा रबर	87	101	107	108	173
(viii) पेट्रोलियम, पेट्रोलियम से बने उत्पादन और उनसे सम्बद्ध सामान	5,409	4,989	2,811	4,083	4,245
(xi) लुगदी और रद्दी कागज	176	245	244	228	252
(x) धात्विक लौह खनिज और धातु स्क्रैप	185	363	472	422	677
(ix) लोहा और इस्पात	941	1,395	1,556	1,273	1,751
ख. मोती, रत्न और उपरत्न	1,032	1,100	1,489	1,994	2,866
ग. मशीनरी और परिवहन उपकरण	3,027	4,084	6,279	6,136	6,713
(i) विद्युत चालित मशीन	663	810	1,212	1,115	1,598
(ii) गैर-विद्युत चालित मशीन	1,995	2,705	4,263	2,889	2,919
(iii) परिवहन उपकरण	369	569	804	740	766
(iv) परियोजना वस्तुएं@		अनुपलब्ध		1,392	1,430
घ. आर्गेनिक और गैर-आर्गेनिक रासायनिक पदार्थ	857	1,089	1,145	1,051	1,932
ङ. अन्य	2,179	2,811	3,393	4,601	5,706
च. कुल आयात (क+ख+ग+घ+ङ)	17,134	19,658	20,096	22,343	27,693

अ अनन्तिम

@ पहले मशीनरी में सम्मिलित थे ।

सारणी 10.7 : वाणिज्यिक व्यापार

(करोड़ रुपये)

वर्ष	वा.आ.सां.म. के आंकड़े			रिजर्व बैंक के आंकड़े		
	निर्यात	आयात	व्यापार घाटा	निर्यात	आयात	व्यापार घाटा
1	2	3	4	5	6	7
1982-83	8,803	14,293	—5,490	9,137	14,913	—5,776
1983-84	9,771	15,831	—6,060	10,168	16,039	—5,871
1984-85	11,744	17,134	—5,390	11,959	18,680	—6,721
1985-86	10,895	19,658	—8,763	11,578	21,164	—9,586
1986-87	12,452	20,096	—7,644	13,315	22,669	—9,354
1987-88	15,741 (आ०सं०)	22,399 (आ.सं.)	—6,658 (आ.सं.)	16,396	25,692	—9,296

(आ.सं.)-आंशिक रूप से संशोधित

भारतीय रिज़र्व बैंक तथा वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय के आंकड़ों में अंतर

10.16 वाणिज्यिक पण्य व्यापार से सम्बन्धित आंकड़ों को लेकर भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा प्रकाशित भुगतान संतुलन के आंकड़ों और भारतीय वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (भा० वा० आ० व० सां० म०)) द्वारा प्रकाशित व्यापार संबंधी आंकड़ों के बीच हमेशा ही अंतर पाया जाता रहा है। आयात से संबंधित रिज़र्व बैंक के आंकड़े उक्त महानिदेशालय के आंकड़ों से उच्चतर होते हैं। आंकड़ों में यह अंतर व्याप्ति, मूल्य निर्धारण, और अवधि के कारण पाया जाता है, (सारणी 10.7)।

10.17 निर्यात के संबंध में मुख्य अंतर इन कारणों से आता है: (क) उक्त महानिदेशालय के आंकड़ों में पार्सल डाक द्वारा किये गये निर्यातों के आंकड़े शामिल न होना, (ख) मूल्य निर्धारण सम्बन्धी अपनायी गयी प्रक्रिया में अंतर, और (ग) आंकड़ों के स्रोतों की भिन्नता। जहां तक मूल्य निर्धारण का प्रश्न है, रिज़र्व बैंक के आंकड़ों के लिए विदेशी मुद्रा में बीजकीकृत निर्यातों को सम्बन्धित महीने की औसत विनिमय दरों में परिवर्तित किया जाता है, जबकि वाणिज्यिक आसूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय के आंकड़ों के लिए ऐसे निर्यात बीजकों को वाणिज्य मंत्रालय द्वारा अधिसूचित दरों पर परिवर्तित किया जाता है और ये दरें तीन महीनों में एक बार संशोधित की जाती हैं। रिज़र्व बैंक के आंकड़े जी आर/पी पी फार्मों* पर आधारित होते हैं। इन फार्मों में सीमाशुल्क प्राधिकारियों द्वारा भेजे जाने के लिए अनुमत निर्यात प्रदर्शित होते हैं तथा सीमाशुल्क प्राधिकारियों से प्राप्त अल्प निर्यात और अवरुद्ध निर्यात संबंधी नोटिसों को भी इन फार्मों में समायोजित किया जाता है जबकि उक्त महानिदेशालय के आंकड़े लदान-पत्र (शिपिंग बिल) पर आधारित होते हैं और वे वास्तविक पोतलदान को व्यक्त करते हैं।

10.18 जहां तक आयातों का प्रश्न है, रिज़र्व बैंक के आंकड़े भुगतान पर आधारित होते हैं जबकि उक्त महानिदेशालय के आंकड़े सीमाशुल्क के पास पहुंचे माल पर आधारित होते हैं। आंकड़ों के इन दो स्रोतों में पाया जाने वाला प्रमुख अंतर निम्नलिखित कारणों से है: (क) गतिशील उपस्कर (जैसे जहाज और हवाई जहाज) प्राप्त करने के लिए किये गये भुगतानों को रिज़र्व बैंक के आंकड़ों में पूरी तरह शामिल किया जाता है, परन्तु उक्त महानिदेशालय के आंकड़ों में उन्हें तभी शामिल किया जाता है जब वे उपस्कर भारतीय बंदरगाहों पर पहुंच जाते हैं। इस प्रकार, यदि प्राप्त किये गये जहाज मरम्मत इत्यादि के लिए विदेशी बंदरगाहों पर हों या उनका उपयोग अंतर्राष्ट्रीय जलक्षेत्र में माल ढोने के लिए किया जाता है तो उनसे सम्बन्धित आंकड़ों का समावेश उक्त महानिदेशालय के आंकड़ों में नहीं होता। (ख) जिन आयातों के लिए भुगतान कर दिया गया हो और जिसके लिए सीमाशुल्क प्राधिकारियों की अनुमति अपेक्षित न हो, वे रिज़र्व बैंक के आंकड़ों में शामिल होते हैं परन्तु उक्त महानिदेशालय के आंकड़ों में उनका समावेश नहीं होता। (ग) आपूर्तिकर्ताओं के ऋण के संबंध में तथा नकदी भुगतान के आधार पर आयातित मशीनों और उपस्करों के संबंध में, आयातकों के लिए 10.15 प्रतिशत तक अग्रिम भुगतान करना आवश्यक होता है। रिज़र्व बैंक के आंकड़ों में इनका समावेश आयात के भुगतानों के रूप में होता है जबकि उक्त महानिदेशालय के आंकड़ों में इस प्रकार की पूंजीगत वस्तुओं के आयातों के आंकड़ों को तभी शामिल किया जायेगा जब वे देश में पहुंच गयी हों। बढ़ते हुए आयातों की अवधि में इससे आयातों का भुगतान बढ़ सकता है। (घ) विदेशी सहायता और वाणिज्यिक उधारों के अंतर्गत आयातों के लिए किये गये भुगतानों के संबंध में आयातों को उस समय दर्ज किया जाता है जब आपूर्तिकर्ता को भुगतान किया जाता है। उक्त महानिदेशालय के आंकड़ों में इस प्रकार के आयातों का समावेश देश में माल पहुंच जाने के बाद किया जाता है। इससे भी रिज़र्व बैंक के भुगतान के आंकड़ों में अधिकता आ जाती है। (ङ) रिज़र्व बैंक के आंकड़ों में विदेशी मुद्रा से संबंधित आंकड़ों को माह की औसत विनिमय दरों पर परिवर्तित किया जाता है जबकि उक्त महानिदेशालय के आंकड़ों में रुपयों में परिवर्तन उन विनिमय दरों पर किया जाता है जो वाणिज्य मंत्रालय द्वारा अग्रिम रूप से अधिसूचित की जाती है और जो तीन महीने में एक बार संशोधित की जाती है। यदि इस तथ्य को ख्याल में रखा जाय कि विनिमय दरें हर माह में बदलती रहती हैं, तो इससे आंकड़ों के दो स्रोतों में अंतर आयेगा।

अदृश्य प्राप्तियां

10.19 उपलब्ध जानकारी इस बात की ओर संकेत करती है कि 1988-89 के दौरान अदृश्य प्राप्तियों के खाते में कुछ वृद्धि हुई है। यह वृद्धि पिछले तीन वर्षों के दौरान शुद्ध प्राप्तियों में गिरावट की प्रवृत्ति परिलक्षित होने के बाद आयी है। उस अवधि के दौरान गिरावट इसलिये आयी क्योंकि, अन्य बातों के साथ-साथ, विदेशी सहायता और वाणिज्यिक उधार राशियों पर दिये गये ब्याज में काफी अधिक बढ़ोत्तरी हुई है। आलोच्य अवधि के दौरान अदृश्य प्राप्तियों में वृद्धि इसलिए हुई कि भोपाल गैस पीड़ितों के लिए क्षतिपूर्ति के रूप में 642 करोड़ रुपये की राशि देश को प्राप्त हुई। विगत वर्षों की तरह विदेशी सहायता और वाणिज्यिक शर्तें दोनों के अंतर्गत उधार राशियां बढ़ने के फलस्वरूप निवेश-आय के भुगतानों में वृद्धि जारी रही। हो सकता है कि निजी अंतरणों के अंतर्गत आवक प्रेषण राशियों का स्तर वही बना रहा हो जो पिछले वर्ष था। अप्रैल-दिसम्बर 1988 के दौरान विदेश पर्यटकों का आगमन 5.7 प्रतिशत अधिक रहा, हालांकि यह दर 1987 की तदनुरूप अवधि की 7.2 प्रतिशत की वृद्धि दर से कम थी। अदृश्य प्राप्तियों के अंतर्गत अन्य मदों में समग्रतः देखा जाये तो, हो सकता है, वर्ष के दौरान कोई उल्लेखनीय घटबढ़ न हो।

विदेशी सहायता, द्विपक्षीय लेनदेन और वाणिज्यिक उधार राशियां

10.20 1988-89 के दौरान विदेशी सहायता के अंतर्गत सकल संवितरण 5,167 करोड़ रुपये रहा, जो 1987-88 के सकल संवितरण से 135 करोड़ रुपये अधिक है। विदेशी ऋण सहायता की चुकौती राशि 1,659 करोड़ रुपये रही जो 1987-88 के 1,581 करोड़ रुपये की तुलना में अधिक थी, (सारणी 10.8)। इसके परिणामस्वरूप 1988-89 के दौरान विदेशी ऋण सहायता की शुद्ध आवक (चुकौतियों को घटाकर) 3,508 करोड़ रुपये की हुई, जबकि 1987-88 में वह 3,457 करोड़ रुपये थी, क्योंकि जापान और अंतर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और विकास बैंक से प्राप्त शुद्ध ऋण सहायता अधिक थी। फिर भी, अमेरिकी डालर में 1988-89 में विदेशी सहायता की शुद्ध आवक 2,422 मिलियन डालर रही जो 1987-88 के 2,662 मिलियन डालर की तुलना में कम है। आलोच्य वर्ष के दौरान द्विपक्षीय खाता देशों के साथ लेन-देन से 264 करोड़ रुपये की शुद्ध आवक हुई, जबकि 1987-88 के दौरान 165 करोड़ रुपये की शुद्ध आवक हुई थी। 1987-88 में वाणिज्यिक उधार राशियों का उपयोग 2,106 करोड़ रुपये (1.6 बिलियन अमेरिकी डालर) का था, (सारणी 10.9), जबकि 1988-89 की तदनुरूप राशि अधिक होने की संभावना है।

अनिवासी (विदेशी) रुपया खाते और विदेशी मुद्रा अनिवासी खाते की जमाराशियां

10.21 1988-89 के दौरान अनिवासी (विदेशी) रुपया खाता योजना के अंतर्गत 245 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जबकि पिछले वर्ष 300 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे। विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता योजना के अंतर्गत 1988-89 के दौरान 2,075 करोड़ रुपये प्राप्त हुए, जबकि इसकी तुलना में, 1987-88 के दौरान 1,398 करोड़ रुपये प्राप्त हुए थे, (सारणी 10.10)। इन योजनाओं के अंतर्गत निधियों की आवक में जो स्थिरता आयी उससे पिछले कुछ वर्षों के दौरान भुगतान संतुलन को काफी बल मिला।

* पोत लदान और पोस्ट पार्सलों के लिए संबंधित रिपोर्ट घोषणाएं

सारणी 10.8 : विदेशी सहायता

(करोड़ रुपये)

	1985-86	1986-87	1987-88	1988-89
	1	2	3	4
1. ऋण	2,495	3,176	4,575	4,709
2. अनुदान	443	420	457	458
3. सकल उपयोग	2,938	3,596	5,032	5,167
4. अदायगी	776	1,176	1,581	1,659
5. शुद्ध (3—4)	2,162	2,420	3,451	3,508

टिप्पणी 1. ऋण और अनुदान, लेनदेन की तारीख को प्रचलित दरों पर रुपयों में परिवर्तित किये जाते हैं ।

2. "ऋण" में सरकार और गैर-सरकारी दोनों ऋण शामिल हैं परन्तु उसमें आपूर्तिकर्ता का ऋण और विदेशी सहायता शामिल नहीं है ।

3. "अनुदान" में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपाती निधि, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, अन्तर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कार्यक्रम निधि, संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक सामाजिक सांस्कृतिक संगठन जैसी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से प्राप्त अनुदान शामिल नहीं है ।

सारणी 10.9 : वाणिज्यिक उधार राशियां

(करोड़ रुपये)

	1984-85	1985-86	1986-87	1987-88
	1	2	3	4
उपयोग (सकल)	1,472	1,827	3,115*	2,106*

*अग्रिम भुगतानों को छोड़कर

टिप्पणी : 1. ऋण और अनुदान, लेनदेन की तारीख को प्रचलित दरों पर रुपयों में परिवर्तित किये जाते हैं ।

2. "ऋण" में सरकारी और गैर-सरकारी दोनों ऋण शामिल हैं परंतु आपूर्तिकर्ता का ऋण और विदेशी सहायता शामिल नहीं है ।

3. "अनुदान" में संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय बाल आपाती निधि, संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम, अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कार्यक्रम निधि, संयुक्त राष्ट्र शैक्षणिक सामाजिक सांस्कृतिक संगठन जैसी अंतर्राष्ट्रीय संस्थाओं से प्राप्त अनुदान शामिल नहीं है ।

सारणी 10.10 : अनिवासी (विदेशी) खाता और विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता योजना के अंतर्गत प्राप्त राशियां

(करोड़ रुपये)

राजकोषीय वर्ष	अनिवासी (विदेशी) खाता@	विदेशी मुद्रा (अनिवासी) खाता	कुल
1	2	3	4
1984-85	358	275	633
1985-86	287	1,151	1,438
1986-87	483	1,169	1,652
1987-88	300	1,398	1,698
1988-89 (अनंतिम)	289	2,075	2,364

@अनुमानित उपचित ब्याज को छोड़कर

10.22 मार्च 1989 के अंत में अनिवासी जमाराशियां 14,154 करोड़ रुपये थीं (अनिवासी विदेशी) खाता योजना के अंतर्गत 5,899 करोड़ रुपये और विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता योजना के अंतर्गत 8,255 करोड़ रुपये। (सारणी 10—11) ।

अनिवासी जमाराशियों पर ब्याज दरें

10.23 विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता योजना पहले केवल पौंड स्टर्लिंग और अमेरिकी डालर पर ही लागू थी, अब इसे पहली अगस्त, 1988 से डयूश मार्क और येन पर भी लागू किया गया है । विदेश में प्रचलित ब्याज दरों की प्रवृत्तियों को ध्यान में रखते हुए अनेक अवसरों पर ब्याज दरें संशोधित की गयीं । आलोच्य वर्ष के दौरान विभिन्न मुद्राओं के लिए विदेशी मुद्रा अनिवासी खाते की जमाराशियों पर ब्याज दरें सारणी 10.12 में दर्शायी गयी हैं ।

सारणी 10.11 : अनिवासी भारतीयों की जमा देयताएं

विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता@

(करोड़ रुपये)

मार्च के अंत में	अनिवासी विदेशी (रुपया) खाता*	अमेरिकी डालर	पौंड स्टर्लिंग	ड्यूश मार्क	येन	विदेशी मुद्रा अनिवासी (3 से 6)	कुल जोड़ (2+7)
1	2	3	4	5	6	7	8
1985	2,861	618 (499)	337 (218)			955	3,819
1986	3,461	1,759 (1,419)	430 (236)			2,189	5,650
1987	4,336	3,047 (2,360)	464 (224)			3,511	7,847
1988	5,107	4,406 (3,410)	541 (222)			4,947	10,054
1989	5,899	6,648 (4,245)	535 (203)	700 (848)	372 (31,571)	8,255	14,154

*उपचित ब्याज सहित

@इसमें उपचित ब्याज शामिल नहीं है।

टिप्पणी—कोष्ठकों में दिये गए आंकड़े सम्बन्धित विदेशी मुद्रा की बकाया जमा राशियां हैं जो मिलियन में हैं।

विदेशी ऋण

10.24 सातवीं योजना के दौरान चालू खाते का घाटा काफी अधिक रहा तथा उसकी पुनरावृत्ति होती गयी। इस घाटे का वित्तपोषण अधिकतर बहुपक्षीय और द्विपक्षीय सहायता के रूप में विदेशों से प्राप्त पूंजी, वाणिज्यिक उधार राशियों और अनिवासी जमाराशियों के माध्यम से ही करना पड़ा। इसके परिणामस्वरूप भारत के विदेशी ऋण में पिछले कुछ वर्षों में बहुत अधिक वृद्धि हुई। भारत का दीर्घावधि ऋण मार्च 1980 के अंत में अपेक्षाकृत कम (13,430 करोड़ रुपये) था, वह मार्च 1985 के अंत में बढ़कर लगभग 36,000 करोड़ रुपये हो गया तथा मार्च 1988 के अंत तक लगभग 55,000 करोड़ रुपये हो गया। मार्च 1989 के अंत में वह और बढ़कर 69,700 करोड़ रुपये हो गया (सारणी 10.13)।

10.25 विभिन्न स्रोतों ने भारत की विदेशी ऋणग्रस्तता का जो मूल्यांकन किया है वह सरकारी आंकड़ों में दर्शायी गयी ऋणग्रस्तता से कहीं अधिक है। ये अन्तर अधिकतर संकल्पनागत हैं और सरकारी अनुमानों तथा दूसरे अनुमानों के बीच के अन्तरों का मोटे तौर पर समाधान किया जा सकता है। ये अन्तर निम्नलिखित कारणों से हैं : सर्वप्रथम, सरकारी आंकड़ों में अनिवासी भारतीयों की जमा संबंधी देयतायें सम्मिलित नहीं हैं, दूसरे विनिमय दर के मूल्यांकन में अन्तर (अर्थात् बही मूल्य और बाजार-मूल्य में अन्तर) है। और तीसरे यह अन्तर इसलिये भी है कि

@इसे ऐसे किसी भी ऋण के रूप में परिभाषित किया गया है जिसकी मूल या विस्तारित अवधि एक वर्ष से अधिक की है।

सारणी 10.12 : विदेशी मुद्रा अनिवासी खातों की जमाराशियों की ब्याज दरें

(प्रतिशत)

		अमेरिकी डालर				पौंड स्टर्लिंग				ड्यूश मार्क				येन			
निम्न दिनांक से लागू	अवधि समाप्ति	6 माह से 1 वर्ष तक	1 वर्ष से 2 वर्ष तक	2 वर्ष से 3 वर्ष तक	केवल 3 वर्ष	6 माह से 1 वर्ष तक	1 वर्ष से 2 वर्ष तक	2 वर्ष से 3 वर्ष तक	केवल 3 वर्ष	6 माह से 1 वर्ष तक	1 वर्ष से 2 वर्ष तक	2 वर्ष से 3 वर्ष तक	केवल 3 वर्ष	6 माह से 1 वर्ष तक	1 वर्ष से 2 वर्ष तक	2 वर्ष से 3 वर्ष तक	केवल 3 वर्ष
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14	15	16	17	18
23 मई, 1988		8.25	9.00	9.5	9.5	8.25	9.00	9.25	9.5	लागू नहीं							
13 जुलाई, 1988		8.5	9.25	9.75	9.75	8.5	9.25	9.5	9.75								
1 अगस्त, 1988		9.0	9.5	10.00	10.0	11.25	11.5	11.75	11.75	5.75	6.00	6.25	6.5	5.25	5.5	5.75	5.75
9 अगस्त, 1988		9.0	9.5	10.00	10.0	11.25	11.5	11.75	12.00	6.00	6.25	6.5	6.75	5.25	5.5	5.75	5.75
15 अगस्त, 1988		9.5	10.0	10.5	10.5	11.5	11.75	12.0	12.0	6.5	6.75	7.0	7.25	5.75	6.0	6.25	6.25
31 अक्तूबर, 1988		9.25	9.75	10.5	10.5	11.5	11.75	12.0	12.0	5.75	6.0	5.5	7.0	5.25	5.5	5.75	6.0
5 दिसम्बर, 1988		9.75	10.25	10.5	10.5	11.5	11.75	12.0	12.00	5.75	6.10	6.0	7.00	5.25	5.5	5.75	6.0
2 जनवरी, 1988		10.0	10.25	10.5	10.5	11.5	11.75	12.0	12.0	6.0	6.25	6.75	7.0	5.25	5.5	5.75	6 0
30 जनवरी, 1989,		9.75	10.5	10.5	10.5	11.5	11.75	12.0	12.0	5.75	6.75	7.25	7.0	5.25	5.5	5.75	6.0
22 फरवरी, 1989		10.5	10.75	11.0	11.0	11.5	11.75	12.0	12.0	7.0	7.25	.7.5	7.75	5.25	5.5	5.75	6.0
14 मार्च, 1989		10.75	11.0	11.25	11.25	11.5	11.75	12.0	12.0	7.75	7.50	7.5	7.75	5.25	5.50	5.75	6.0
17 मई, 1989		10.25	10.5	10.75	10.75	11.5	11.75	12.0	12.0	7.5	7.75	7.75	8.0	5.5	5.75	6.0	6.0
16 जून, 1989		9.5	9.75	10.0	10.0	11.5	11.75	12.0	12.0	7.5	7.75	7.75	8.0	5.75	6.0	6.25	6.25

टिप्पणी : दिनांक 1 अगस्त, 1938 से विदेशी मुद्रा अनिवासी खाता योजना को ड्यूश मार्क और येन पर भी लागू की गयी।

सरकारी आंकड़ों में अल्पावधि-ऋण को सामान्य व्यापारिक उधार के स्वरूप का माना गया है और इसलिए उसे ऋण नहीं समझा जाता। इन अन्तरों को स्वीकार करने पर यह देखा गया है कि विदेशी ऋण के आंकड़ों के विभिन्न सेटों में पाये गये अन्तर का समाधान करने में कोई विशेष कठिनाई नहीं है।

10.26 वर्तमान बाजार मूल्यों पर संकल देशी उत्पाद के एक भाग के रूप में, विदेशी ऋण जो मार्च 1980 की समाप्ति पर 12.5 प्रतिशत था, बढ़कर मार्च 1988 की समाप्ति तक 16.6 प्रतिशत हो गया। इसी अवधि के दौरान ऋण-निर्यात (माल का निर्यात तथा अमूर्त प्राप्तियां) अनुपात 131 प्रतिशत से तीव्रतापूर्वक बढ़कर 218 प्रतिशत हो गया। ऋण-सेवा अनुपात पिछले कुछ वर्षों से बढ़ता रहा है। ऋण सेवा अनुपात अर्थात् ऋण सेवाएं चालू प्राप्तियों के प्रतिशतवार (निर्यात तथा सकल अमूर्त प्राप्तियां, इनमें प्राधिकारिक अन्तरण शामिल नहीं हैं) जो 1985-86 में 16 प्रतिशत था, 1986-87 में बढ़कर 22 प्रतिशत हो गया, 1987-88 में यह प्रतिशत और भी बढ़कर 24 हो गया, जो कि सातवीं योजना के दस्तावेजों में परिकल्पित 17.6 प्रतिशत की औसत वृद्धि से काफी अधिक रहा।

सारणी 1013 : भारत का विदेशी ऋण

(करोड़ रुपए)

	मार्च के अन्त में					
	1980**	1985	1986	1987	1988	1989अ
1	2	3	4	5	6	7
1. विदेशी सहायता	12,178	24,004	26,638	32,312	36,578	46,838
2. अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष	—	4,888	5,271	5,548	4,732	3,696
3. विदेशी वाणिज्य उधार राशियां*	1,251	6,908	8,075	11,243	13,543	19,147
4. जोड़ (1+2+3)	13,430	35,800	39,984	49,103	54,853	69,681

** भारत की अन्तर्राष्ट्रीय निवेश स्थिति के सर्वेक्षण पर आधारित भारतीय रिजर्व बैंक बुलेटिन, अप्रैल, 1985

* इसमें विदेशी ऋण सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत गैर-सरकारी ऋण शामिल है।

अ—अंतिम

प्रमुख मुद्राओं की विनिमय दरों में घट-बढ़

10.27 अमरीकी मुद्रा को स्थिर करने के संबंध में जी-7 (कनाडा, फ्रांस, पश्चिमी जर्मनी, इटली, जापान, ब्रिटेन और अमेरिका) के मंत्रियों के बयान तथा वाशिंगटन में अप्रैल 1988 में तथा टोरंटो में जून 1988 में जी-7 की बैठक के बाद, प्रमुख औद्योगिक देशों के बीच वर्ष के दौरान और अधिक सहयोग बढ़ा और मुद्रा विनिमय बाजार पर इसका बहुत अच्छा प्रभाव हुआ। विशेषकर मुद्रा-स्फीति की प्रवृत्तियों के उभरने के भय से अमरीकी मुद्रा नीतियों में और कसाव आ जाने के कारण अमरीकी डालर ने एक पक्का धीमा स्तर बनाये रखा। ड्यूश मार्क के पर्याप्त रूप में कमजोर हो जाने से पश्चिमी जर्मनी में आयातित मुद्रास्फीति के बारे में चिन्ता हो गयी, जबकि जापान में मजबूत देशी मांग के कारण वहां उच्चतर आर्थिक वृद्धि हुई जिससे येन/डालर स्तर में और भी वृद्धि हो जाने के बावजूद जापानी उत्पादक क्षेत्र की प्रतिस्पर्धिता की सुनिश्चितता बढ़ी। अक्टूबर से दिसम्बर 1988 की अवधि को छोड़कर वर्ष के अधिकांश भाग में पौण्ड स्टर्लिंग नरम रहा। सितम्बर 1988 में जी-7 की विज्ञप्ति ने प्रचलित विदेशी मुद्रा दर की व्यवस्था सम्बन्धी पद्धति की पुष्टि की परंतु विदेशी मुद्रा दरों में और स्थिरीकरण के लिए नयी पहलों के संबंध में यह सुस्पष्ट नहीं हो सका। फरवरी 1989 की बैठक में जी-7 ने अपना जोर मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने की ओर लगा दिया। अप्रैल 1989 में जी-7 के अधिकारियों ने वर्तमान विदेशी मुद्रा विनिमय दर की स्थिरता का स्वागत किया और सहयोग के लिए अपनी वचनबद्धता को दोहराया।

10.28 तीन लगातार वर्षों तक नरम रहने के पश्चात् 1988-89 (जुलाई-से-जून) के दौरान अमरीकी डालर प्रायः मजबूत रहा। विशेष आहरण अधिकारों और ड्यूश मार्क की तुलना में अमरीकी डालर सितम्बर और नवम्बर 1988 के बीच की अवधि को छोड़कर मजबूत रहा। अक्टूबर और नवम्बर 1988 को छोड़कर सभी महीनों में येन के मुकाबले डालर ऊंचाई का रुख बनाये रहा। पौण्ड स्टर्लिंग के मुकाबले डालर अक्टूबर से दिसम्बर 1988 तक की अवधि को छोड़कर मजबूत रहा। अधिकांश अवधि के दौरान पौण्ड स्टर्लिंग, डालर, येन और विशेष आहरण अधिकारों की तुलना में नरम रहा। ड्यूश मार्क की तुलना में पौण्ड स्टर्लिंग का भाव अगस्त 1988 और अक्टूबर 1988 से जनवरी 1989 तक बढ़ा।

10.29 जुलाई-जून 1987-88 के मुकाबले जुलाई-जून 1988-89 में आवधिक औसतों के आधार पर, डालर विशेष आहरण अधिकार, पौण्ड स्टर्लिंग तथा ड्यूश मार्क के मुकाबले क्रमशः 2.4 प्रतिशत, 2.0 प्रतिशत तथा 7.2 प्रतिशत मजबूत रहा, जबकि पहले वर्ष की इसी अवधि में यह क्रमशः 7.3 प्रतिशत, 12.9 प्रतिशत और 12.4 प्रतिशत नरम रहा था। फिर भी येन के मुकाबले यह 2 प्रतिशत नरम रहा, जबकि 1987-88 की इसी अवधि में इसमें 10.5 प्रतिशत का मूल्यह्रास हुआ। पौण्ड स्टर्लिंग 1988-89 (जुलाई-से-जून) के दौरान ड्यूश मार्क के मुकाबले 1.6 प्रतिशत और विशेष आहरण अधिकारों के मुकाबले 0.5 प्रतिशत बढ़ा, परन्तु डालर के मुकाबले इसमें 1.8 प्रतिशत और येन के मुकाबले 4.0 प्रतिशत का मूल्य ह्रास हुआ। येन ड्यूश मार्क के मुकाबले (9.3 प्रतिशत) विशेष आहरण अधिकार की तुलना में (4.5 प्रतिशत), डालर की तुलना में (1.3 प्रतिशत) और स्टर्लिंग की तुलना में (2.3 प्रतिशत) मजबूत हुआ। ड्यूश मार्क में सभी मुद्राओं की तुलना में मूल्यह्रास हुआ, जो येन से 8.4 प्रतिशत, स्टर्लिंग से 4.9 प्रतिशत, डालर से 6.7 प्रतिशत और विशेष आहरण अधिकार से 4.4 प्रतिशत रहा।

सारणी : 10.14 रुपया विनिमय दरें

(वि.आ.अ./विदेशी मुद्रा की प्रति यूनिट रुपए)

अवधि	वि.आ.अ.	अमेरिकी डालर	स्टलिंग	ड्यूश मार्क	येन
1	2	3	4	5	6
अ. वार्षिक औसत दरें (जुलाई-जून)					
1984-85	12.1618	12.2623	14.9567	3.9861	0.0492
1985-86	13.44.93	12.2366	17.6343	4.9358	0.0621
	(—9.6)	(+0.2)	(—15.2)	(—)19.2	(—20.8)
1986-87	15.9537	12.8528	19.6081	6.6747	0.0842
	(—15.7)	(—4.8)	(—10.1)	(—26.1)	(—26.2)
1987-88	17.5798	13.1300	23.0232	7.5982	0.0984
	(—9.2)	(—2.1)	(—14.8)	(—12.2)	(—14.4)
1988-89	19.7755	15.1414	25.9501	8.1634	0.1154
	(—11.1)	(—13.3)	(—11.3)	(—6.9)	(—14.7)
ब. मासिक औसत दरें					
जून, 1987	16.5140	12.8503	20.9345	7.0691	0.0890
जून, 1988	18.5573	13.8269	24.5718	7.8700	0.1086
	(—11.0)	(—7.1)	(—14.8)	(—10.2)	(—18.0)
जून 1989	20.4079	16.4349	25.6284	8.3079	0.1141
	(—9.1)	(—15.9)	(—3.7)	(—5.3)	(—4.8)
ई. निम्न तारीख को विनिमय दरें:					
जून 30, 1987	16.4317	12.9335	20.70	7.0697	0.0882
जून 30, 1988	18.4787	14.1225	24.10	7.7206	0.1055
जून 30, 1989	20.7035	16.5808	25.75	8.4807	0.1156

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े रुपये में प्रतिशत मूल्य वृद्धि (+)/मूल्यह्रास (—) का संकेत करते है।

रुपये की विनिमय दर

10.30 भारत के प्रमुख व्यापार सहभागियों के भारित मुद्रा समूह के संबंध में रुपये का मूल्य लगातार पौण्ड स्टर्लिंग की मध्यस्थ मुद्रा के संबंध में निर्धारित होता रहा है। 1988-89 (जुलाई-से-जून) के दौरान रुपया-स्टर्लिंग दर में समायोजनों की संख्या बढ़कर 229 हो गयी जबकि 1987-88 (जुलाई-जून) में वह संख्या 150 थी। जून 1988 के अंतर और जून 1989 के अन्त के बीच रुपये में जापानी येन की तुलना में 8.7 प्रतिशत, डालर की तुलना में 14.8 प्रतिशत और स्टर्लिंग की तुलना में 6.4 प्रतिशत की गिरावट आयी।

रुपया-रूबल विनिमय दर

10.31 ऋण के निपटारे और वाणिज्यिक सौदों के लिए रुपया-रूबल विनिमय दर में 1988-89 (जुलाई से जून) के दौरान तीन बार अर्थात 10 और 24 अक्टूबर तथा 20 नवम्बर 1988 को परिवर्तन हुए। तदनुसार, रुपया-रूबल दर में 9.5 प्रतिशत की नरमी आयी। जून 1988 के अंत में प्रति रूबल रु० 16.39 के मुकाबले जून 1989 में यह दर रु० 18.11 प्रति रूबल हो गयी।

अन्तर्राष्ट्रीय आर्थिक गतिविधियां

10.32 वर्ष 1988 की मुख्य बात उत्पादन की उच्चतर वृद्धि दर के साथ-साथ औद्योगिक देशों में नियंत्रित मुद्रा स्फीति रही। इसके साथ ही विश्व व्यापार की मात्रा में लगभग 9 प्रतिशत की विशाल वृद्धि हुई जो कि चालू दशाब्दी में सर्वोच्च थी। विनिमय दरों में पर्याप्त रूप से एकरूपता होने के बावजूद तीन प्रमुख औद्योगिक देशों के बीच व्यापक विदेशी असंतुलन बने रहे। अनेक विकासशील देशों की वृद्धि पर ऋण समस्या एक अवरोध के रूप में बनी रही और इन विकासशील देशों के लिये संसाधनों के आगम में कोई स्पष्ट वृद्धि नहीं हो पायी है।

10.33 विश्व उत्पादन की वृद्धि दर 1988 में 4.1 प्रतिशत बढ़ी, जबकि 1987 में यह 3.2 प्रतिशत थी। औद्योगिक देशों में वर्तमान आर्थिक उत्कर्ष अपना छठा वर्ष पूरा कर चुका है। औद्योगिक देशों में उत्पादन की समग्र वृद्धि दर 1988 में 4.1 प्रतिशत बढ़ी, जबकि 1987 में यह 3.4 प्रतिशत थी। विकासशील देशों की स्थिति भी उत्साहवर्धक रही, यद्यपि इसकी गणना केवल एशिया के संदर्भ में ही की गयी। विकासशील देशों की वृद्धि दर 1988 में 4.3 प्रतिशत थी, जबकि 1987 में यह 3.3 प्रतिशत रही।

10.34 औद्योगिक देशों की आर्थिक गतिविधियों में हाल ही में आई मजबूती के बावजूद उनकी मुद्रास्फीति की दरों में उपभोक्ता मूल्यों के साथ बढ़ने की प्रवृत्ति दिखाई। यह 1988 के दौरान 3.2 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जबकि 1987 में यह दर 2.9 प्रतिशत रही। इसका एक प्रमुख कारण रहा है—1987-88 में तेल से इतर पण्यों के मूल्यों में भारी वृद्धि। 1988 में अमरीकी डालर के संदर्भ में तेल मूल्यों में 20 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई। विकासशील देशों में मुद्रा-स्फीति की भारित औसत दर उपभोक्ता मूल्यों के माप के अनुसार 1988 में

67.1 प्रतिशत बढ़ी, जबकि 1987 में यह 40.5 प्रतिशत थी। इसका मुख्य कारण पश्चिमी गोलार्द्ध के देशों में रिकार्ड की गई उच्च मुद्रास्फीति की दर 1988 में 14.6 प्रतिशत की उच्च सीमा पर थी, जबकि 1987 में यह 9.8 प्रतिशत थी।

10.35 1988 में विश्व व्यापार 9.3 प्रतिशत बढ़ा, जबकि 1987 में यह 6.1 प्रतिशत ही बढ़ा था। यद्यपि औद्योगिक देशों के निर्यात वृद्धि की दर में 1987 में 5.3 प्रतिशत से बढ़कर 1988 में 8.7 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि हुई। विकासशील देशों में निर्यात वृद्धि की दर 1987 की 10.6 प्रतिशत से मामूली रूप में बढ़ कर 11.00 प्रतिशत हो गई। वास्तव में तेल निर्यातकों ने इतर विकासशील देशों के निर्यात की दर कम होकर 1988 में 10.8 प्रतिशत तक बढ़ी, जबकि 1987 में यह दर 14.3 प्रतिशत थी। औद्योगिक देशों में संयुक्त राज्य अमेरिका ने अपने निर्यात को वास्तविक अर्थों में 24.1 प्रतिशत तक बढ़ाया, जबकि 1988 में जापान और पश्चिमी जर्मनी की निर्यात वृद्धि दर क्रमशः 4.3 प्रतिशत और 7.6 प्रतिशत थी। उसी वर्ष में अमरीका के निर्यात वास्तविक अर्थों में 7.1 प्रतिशत बढ़े, जबकि जापान और पश्चिमी जर्मनी के मामलों में ये क्रमशः 16.7 प्रतिशत और 6.9 प्रतिशत रहे।

10.36 नीति समन्वय तथा विनिमय दर में परिवर्तनों के फलस्वरूप अमरीका और जापान के संबंध में चालू खाते के असंतुलनों को कुछ कम किया जा सका। अमरीका के चालू खाते का घाटा 1987 के 154 बिलियन डालर से गिरकर 1988 में 135.3 बिलियन रह गया, जबकि जापान के अधिशेष 1987 के 87.0 बिलियन से घटकर 79.5 बिलियन रह गये। परन्तु पश्चिमी जर्मनी के चालू खाते के अधिशेष 1988 में 3.5 बिलियन डालर से बढ़कर 48.5 बिलियन डालर हो गये। व्यापार और भुगतान असंतुलन के निरंतर बने रहने से विदेशी मुद्रा बाजारों की स्थिरता प्रभावित होती है और अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय पद्धति में तनाव पैदा करती है। तीन प्रमुख औद्योगिक देशों के भारी विदेशी असंतुलनों में और अधिक कमी, यह अपेक्षा करती है कि घाटे वाले देशों में बचतों को बढ़ाने की नीतियों को मजबूत बनाया जाये और अधिशेष वाले देशों में देसी प्रोत्साहन को बढ़ावा दिया जाये। उनके लिये भी समायोजन उतना ही प्रासंगिक है जितना कि विकासशील देशों के लिए तथा विकसित अर्थव्यवस्था में उपयुक्त समायोजन के बिना विकासशील देश अपने ही समायोजन कार्यक्रमों से यथोचित लाभ उठाने में कठिनाइयों का सामना करते हैं। विकासशील देशों की मिलीजुली चालू खाते की शेष राशियां 1988 में, 19.1 बिलियन डालर के घाटे में चली गयी, जबकि, इसके विपरीत 1987 में 1.4 बिलियन डालर का अधिशेष था। यह आयातों में 17.0 प्रतिशत वृद्धि के कारण हुआ जिसने उनके निर्यातों में हुई 12.5 प्रतिशत की वृद्धि को निष्फल कर दिया।

10.37 मुद्रास्फीति के बढ़ने के भय के फलस्वरूप 1988 में मुद्रागत स्थितियां तनावपूर्ण रहीं और साथ ही ब्याज दरों पर पर्याप्त दबाव रहा। छः माह के लिए जमाराशियों पर यूरो डालर दर 30 जून 1989 को बढ़कर 9.2 प्रतिशत हो गयी, जबकि 30 जून 1988 में यह दर 8.0 प्रतिशत थी। तदनुसार यूरो मार्क और यूरो येन दरें भी बढ़कर 30 जून 1989 को क्रमशः 7.2 प्रतिशत और 5.6 प्रतिशत हो गयीं, जबकि एक वर्ष पहले ये दरें क्रमशः 4.6 प्रतिशत और 4.7 प्रतिशत थीं।

10.38 ऋण समस्या अनेक विकासशील देशों में निवेश और वृद्धि के लिए एक प्रमुख बाधा बनी रही। विकासशील देशों का विदेशी ऋण (इसमें अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष द्वारा दिया गया ऋण सम्मिलित नहीं है) 1987 के 1231 बिलियन डालर से बढ़कर 1988 में 1240 बिलियन डालर हो गया। विकासशील देशों के संसाधनों का शुद्ध आगम 1988 में भी पिछले वर्ष की तरह कम स्तर पर रहा। विश्व ऋणसारणियों के अनुसार विकासशील देशों से संसाधनों का बाहरी अंतरण (दीर्घकालीन ऋणों के संबंध में संवितरणों से ज्यादा ऋण चुकाने की अधिक राशि), 1988 में लगातार पांचवें वर्ष भी जारी रहा। 1984 से 1988 की पांच वर्ष की अवधि के बाद इस प्रकार के विपरीत अंतरण की राशि कुल मिलाकर 142.9 बिलियन डालर थी। 1988 में संसाधनों के विपरीत शुद्ध अंतरण लगभग 43.0 बिलियन रहने का अनुमान है, जबकि 1987 में यह 38.1 बिलियन डालर था।

10.39 इस बात की व्यापक रूप से मान्यता के बावजूद कि अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के संसाधनों को बढ़ाया जाये, कोटाओं की नौवीं सामान्य समीक्षा पर अभी तक कोई निर्णय नहीं हो पाया है। नये विशेष आहरण अधिकारों के आबंटन में जो कई देशों को चलनिधि संबंधी समस्याओं का सामना करने में तथा वृद्धि-उन्मुख समायोजन प्रयासों को बढ़ाने में उनकी सहायता करते, अभी भी रुके पड़े हैं।

11 मूल्यांकन और संभावनाएं

11.1 वर्ष 1988-89 सातवीं पंचवर्षीय योजना का चौथा वर्ष था। इस वर्ष के दौरान भारतीय अर्थ व्यवस्था का कार्य निष्पादन विशेषतः अच्छा रहा। वास्तविक सकल देशी उत्पाद की वृद्धि लगभग 10 प्रतिशत रही। इस योजना के प्रथम तीन वर्षों के दौरान धीमी वृद्धि के बाद वस्तुतः यह एक स्वागत योग्य राहत थी। पिछले दो वर्षों के दौरान कृषि उत्पादन में गिरावट आती रही। परंतु इसके ठीक विपरीत आलोच्य वर्ष में लगभग 23 प्रतिशत की रिकार्ड वृद्धि का अनुमान है। औद्योगिक उत्पादन में तेजी से सुधार परिलक्षित हुआ जिसकी वृद्धि दर 1987-88 की 7.3 प्रतिशत के मुकाबले 8.8 प्रतिशत रही। उद्योगों के बीच इस वृद्धि का वितरण भी काफी अच्छा रहा। इसमें निर्यात क्षेत्र का उल्लेखनीय योगदान रहा। 1988-89 के दौरान निर्यात में वृद्धि रुपयों की दृष्टि से 29 प्रतिशत और विशेष आहरण अधिकार के संदर्भ में लगभग 15 प्रतिशत रही। 1986-87 से 1988-89 की तीन वर्ष की अवधि के दौरान निर्यात में लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि हुई। तदनुसार निर्यात की मात्रात्मक वृद्धि में तीव्र वृद्धि दर्ज की गयी, जबकि पिछले साढ़े तीन दशकों में यह वृद्धि 2 से 3 प्रतिशत की कम दर पर बनी रही थी परंतु निर्यात में वृद्धि होने के बावजूद तथा लगातार मुद्रास्फीति के दबाव के कारण भुगतान संतुलन में भारी गिरावट एक चिंता का विषय बनी हुई है।

11.2 1988-89 में भी वृद्धि संभावनाएं काफी उत्साहवर्द्धक प्रतीत होती हैं। जटिल मौसम प्रणालियों के विभिन्न मानदंडों के अध्ययन के आधार पर संपूर्ण 1989 के लिए संभावना व्यक्त की गयी थी कि मानसून की वर्षा लगातार सामान्य रहेगी। साथ ही संपूर्ण देश में उसका वितरण काफी अच्छा रहेगा। वर्षा से संबंधित इन अनुमानों की पुष्टि इन रिपोर्टों से हुई है कि दक्षिण-पश्चिमी मानसून की वर्षा औसत से अधिक तथा सामयिक और बेहतर ढंग से वितरित रही है। खाद्यान्नों और नकदी फसलों के लिए विशेष उत्पादन कार्यक्रम सुचारू रूप से चलाये गये। इससे सातवीं योजना के अंतिम वर्ष के लिए उत्पादन के जो लक्ष्य निर्धारित किये गये थे, अब उनके प्राप्त होने की आशा की जाती है।

11.3 जहां तक उद्योग क्षेत्र का प्रश्न है, इस क्षेत्र में पिछले वर्ष की प्रलंबित वृद्धि का प्रसार और निवेश मांग के पुनरुद्धार का बढ़ती हुई प्रवृत्ति जैसे कि सरकारी ऋण देने वाली संस्थाओं द्वारा मंजूरियों और पूंजी निर्गम के लिये अनुमतियों से यह संकेत मिलता है कि 1989-90 में औद्योगिक वृद्धि में आयी गतिशीलता बनी रहेगी, भले ही उसमें वृद्धि न हो। निर्यात मांग में पर्याप्त वृद्धि भी इसमें सहायक होनी चाहिए।

11.4 अतः यह आशा की जाती है कि 1989-90 में कृषि उत्पादन में पिछले वर्ष के उच्च उत्पादन स्तर की तुलना में लगभग 2 प्रतिशत

की वृद्धि होगी और उद्योग में हाल ही के वर्षों में परिलक्षित 8 से 9 प्रतिशत की वृद्धि बरकरार रखी रहेगी तो वास्तविक सकल देशी उत्पादन में लगभग 5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। वृद्धि की इस रूपरेखा को देखते हुए, सातवीं पंचवर्षीय योजना के लिए निर्धारित वार्षिक औसत लक्ष्यों से अधिक वृद्धि होगी, अर्थात सकल देशी उत्पाद के लिये 5 प्रतिशत, कृषि उत्पादन के लिए 4 प्रतिशत और औद्योगिक उत्पादन के लिए 8 प्रतिशत। इस सर्वतोमुखी उपलब्धि की तुलना में यदि पिछली पंचवर्षीय योजनाओं से की जाये तो यह बेहतर साबित होती है। आठवीं पंचवर्षीय योजना, जिसे इस समय तैयार किया जा रहा है, के लिए भी यह एक शुभ संकेत है।

11.5 किन्तु फिर भी ऐसे अनेक मसले हैं जिनकी ओर ध्यान देना आवश्यक है। उनमें से एक मसला है कृषि का असंतुलित विकास। 1988-89 में जोरदार फसल हुई। इसके नौवें दशक के दौरान खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि की वार्षिक यौगिक दर यह दर्शाती है कि जहां आठवें दशक में वृद्धि 2.3 प्रतिशत थी वहां नौवें दशक में बढ़कर वह 2.7 प्रतिशत हो गयी है। परन्तु पूर्वी क्षेत्र में कुछ बढ़ोत्तरी के बावजूद अंतर राज्यीय असमानताएं अभी भी जारी हैं। इसी तरह फसलों के बीच भी असमानता बनी हुई है। अखिल भारतीय औसत से अधिक उत्पादन में वृद्धियों के माध्यम से होने वाली खाद्यान्न उत्पादन में वृद्धि केवल हरियाणा, पंजाब, उत्तर प्रदेश और आंध्र प्रदेश तक ही सीमित रही। ये राज्य देश के कुल खाद्यान्न उत्पादन का लगभग 13 प्रतिशत उत्पन्न करते हैं। देश के उत्पादन का लगभग 57 प्रतिशत भाग उत्पन्न करने वाले शेष राज्यों की उत्पादन वृद्धि अखिल भारतीय औसत से कम रही। बुआई का क्षेत्र बढ़ने की गुंजाइश न के बराबर है, इसलिए प्राकृतिक वर्षा पर निर्भर क्षेत्रों में समेकित कृत्रिम जल संचय और लघु सिंचाई कार्यक्रमों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाना सर्वाधिक महत्वपूर्ण हो गया है। तिलहन और दालों के उच्चतर उत्पादन के लिए अनेक योजनाएं बनायी गयी हैं। भूमि और जल प्रबंधन, फसल उत्पादन और पशुपालन के संबंध में समन्वित पद्धति के माध्यम से कृषि जलवायु उन्मुख क्षेत्रीय योजना बनाना कृषि संसाधनों के इष्टतम उपयोग में सहायक होगा। प्रौद्योगिकी वातावरण संबंधी पहलुओं के अतिरिक्त संस्थागत संरचना को मजबूत बनाने के प्रश्न पर, जिसमें भूमि सुधार, मूल्य समर्थन संबंधी कार्यकलाप और विपणन शामिल है, एक समान बल देने की आवश्यकता है।

11.6 1988-89 के खरीफ के मौसम में और 1989 के रबी के मौसम में खाद्यान्नों का अच्छा उत्पादन होने के बावजूद खाद्यान्नों के सरकारी स्टॉक निम्न स्तर पर बने रहे। जून 1989 के अंत में सरकारी क्षेत्र का चावल का स्टॉक 3.6 मिलियन टन रहा जबकि इसके मुकाबले पिछले वर्ष 4.2 मिलियन टन का स्टॉक था। मौसमी निकासी के बाद यदि स्टॉक का जायजा लिया जाये तो सितम्बर 1989 के अंत में चावल का स्टॉक 1.5 मिलियन टन होगा। इसी संदर्भ में यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि इस स्टॉक का उपयोग इस प्रकार किया जाए कि समाज के कमजोर वर्गों को उसका अधिकाधिक सहारा मिले।

11.7 जहां तक उद्योग का प्रश्न है, पिछले पांच वर्षों से लगभग 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि लगातार बनी रही। यह वास्तव में उत्साहजनक है। ऐसा प्रतीत होता है कि औद्योगिक और व्यापार संबंधी नीतियों में हाल ही में किये गये परिवर्तनों से औद्योगिक तंत्र में अधिक कार्यकुशलता लाने पर अपेक्षित प्रभाव पड़ा है प्रौद्योगिकी का स्तर बढ़ाने के लिए उल्लेखनीय प्रयास किये गये। औद्योगिक विस्तार की तेजी पर संरचनात्मक दबाव कम हुए हैं। भारतीय उद्योग अब लागत और गुणवत्ता के प्रति लगातार सजग हो रहा है। इस बात के प्रमाण हैं कि हाल ही के वर्षों में कुछ उद्योगों में पूंजी उत्पादन अनुपात में सुधार हुआ है हालांकि यह अभी तक ऊंचा ही बना हुआ है। क्योंकि निवेश--सकल देशी उत्पाद अनुपात को बढ़ाने के प्रयास किये जा रहे हैं, इसलिए आठवीं योजना में उच्चतर वृद्धि दर उन प्रयासों पर निर्भर होगी जो वृद्धिमान पूंजी-उत्पादन अनुपात को बढ़ाने के लिए किये जाते हैं। सुरक्षित परिवेश से अधिक मुक्त परिवेश की ओर संक्रमण हमेशा सरल नहीं होता। ऐसे में क्योंकि प्रतिस्पर्धा के तत्व मजबूत होते जाते हैं इसलिए औद्योगिक पुनर्विन्यास भी अनिवार्य हो जाता है। इसी संदर्भ में अक्षम रुग्ण औद्योगिक इकाइयों को व्यवस्थित करने के लिये उपयुक्त नीति तैयार करना आवश्यक है।

11.8 नौवें दशक में उच्चतर वृद्धि दर हासिल करने के बाद भी अर्थ व्यवस्था में सकल देशी बचत की दर लगभग दस वर्ष तक सकल देशी उत्पाद के 21 प्रतिशत के आसपास बनी रही है। 1987-88 की 21.1 प्रतिशत की दर और 1988-89 का 21 प्रतिशत का प्रारंभिक अनुमान भी वस्तुतः क्रमशः 1980-81 और 1981-82 में दर्ज की गयी दर के बराबर ही हैं।

11.9 समग्र बचत दर में गतिरोध आ गया है क्योंकि क्षेत्रीय स्तरों पर प्रतिकूल प्रवृत्तियां मौजूद थीं। सरकारी क्षेत्र की बचत, 1981-82 में बाजार मूल्यगत सकल देशी उत्पाद के 1.6 प्रतिशत के शिखर स्तर पर थी। बाद के वर्षों के दौरान इसमें गिरावट आयी और 1988-89 में यह 2.1 प्रतिशत पर आ गयी। निजी बचतों का तदनुरूप अनुपात इसी अवधि के दौरान 16.6 प्रतिशत से बढ़कर 18.9 प्रतिशत हो गया। निजी बचतों में निजी कंपनी क्षेत्र का योगदान अपेक्षाकृत कम रहा और बाजार मूल्यगत सकल देशी उत्पाद के रूप में उसमें कोई खास वृद्धि नहीं पायी गयी। परंतु इसी अवधि के दौरान घरेलू बचत दर में वृद्धि हुई।

11.10 इसमें कोई संदेह नहीं कि भारतीय अर्थव्यवस्था में बचत दर बढ़ाने की काफी गुंजाइश है। कतिपय विकासशील देशों का बचत संबंधी अनुभव यह बताता है कि उच्चतर बचत अनुपातों को निरंतर हासिल किया जा सकता है। बचत अनुपात बढ़ाने के लिए सरकारी क्षेत्र की बचत दर बढ़ाने के लिए विशेष प्रयत्न किये जाने चाहिए। परंतु यदि सरकारी क्षेत्र की बचत बढ़ाने के लिए राजकोषीय उपाय किये जाते हैं तो उसका निजी क्षेत्र की प्रयोज्य आय पर प्रभाव पड़ेगा। इसलिए बाजार मूल्यगत सकल देशी उत्पाद के अनुपात के रूप में यदि घरेलू क्षेत्र की बचत दर भी बढ़ानी है तो उस की प्रयोज्य आय में से की जानेवाली थोड़ी सी बचत तेजी से बढ़ानी होगी।

11.11 इन दीर्घकालीन और मध्यकालीन मसलों के अतिरिक्त वर्तमान संदर्भ में और भी कुछ विषय हैं जिनका उल्लेख करना आवश्यक है। ये विषय हैं--मुद्रास्फीति की दर; अर्थव्यवस्था में नकदी में वृद्धि; राजकोषीय घाटा और विदेशी भुगतान की स्थिति।

11.12 1988-89 के राजकोषीय वर्ष के दौरान यद्यपि थोक मूल्यों में वृद्धि की समग्र दर नरम रही फिर भी बाजार में अधिक मात्रा में फसल आने के बावजूद मूल्यों में बढ़ोत्तरी की प्रवृत्ति बनी रही। 1988-89 के दौरान थोक मूल्य सूचकांक की औसत दर में केवल थोड़ी सी कमी आयी। सामान्य उपभोग की अनेक वस्तुओं के मूल्यों में काफी बढ़ोत्तरी हुई जिसके परिणामस्वरूप 1988-89 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक में लगभग 9.0 प्रतिशत की उच्च वृद्धि दर लगातार बनी रही; हालांकि, खाद्यान्नों के बहुत बड़े स्टॉक की निकासी करके आपूर्ति को बढ़ाया गया और पण्यों का आयात भी किया गया।

11.13 विभिन्न वर्षों में पण्यों के मूल्यों में जिन तत्वों के कारण वृद्धि हुई वे इस प्रकार हैं: क्षेत्रीय मांग और आपूर्ति में असंतुलन, आयात लागत में वृद्धि, सरकारी मूल्यों को बढ़ाना और बजट लेखों में बढ़ोत्तरी। परन्तु मुद्रानिधि का अत्यधिक विस्तार किये बिना अनेक वर्षों तक निरंतर मुद्रास्फीति की स्थिति सम्भव नहीं की जा सकती। अतः मुद्रागत विस्तार को नियंत्रण में रखने के लिए कतिपय उपाय करने के बावजूद मुद्रानिधि का काफी अधिक विस्तार हुआ। इसका मुख्य कारण राजकोषीय क्षेत्र से उत्पन्न दबाव है। पिछले चार वर्षों के दौरान बैंकों द्वारा सरकार को दिया गया शुद्ध ऋण लगभग दुगुना हो गया; मार्च 1985 के अंत में

यह 48,950 करोड़ रुपये था, इस स्तर से बढ़कर यह मार्च 1989 के अंत में 96,867 करोड़ रुपये हो गया। रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को दिये गये शुद्ध ऋण में दुगुने से भी अधिक की बढ़ोत्तरी हुई, अर्थात् यह 29,771 करोड़ रुपये के स्तर से बढ़कर 60,618 करोड़ रुपये हो गया। यदि प्रतिशत के रूप में देखा जाए तो बैंक द्वारा सरकार को दिये गये शुद्ध ऋण में 18.6 प्रतिशत की वार्षिक यौगिक दर से वृद्धि हुई है जबकि रिजर्व बैंक द्वारा सरकार को दिये गये शुद्ध ऋण में 19.2 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढ़ोत्तरी हुई। मुख्यतः राजकोषीय घाटे के मौद्रीकरण के परिणामस्वरूप चार वर्ष की अवधि के दौरान आरक्षित निधि में 18.6 प्रतिशत प्रति वर्ष की उच्चतर वृद्धि हुई और समग्र नकदी (एम-3) में 17.0 प्रतिशत प्रति वर्ष की वृद्धि हुई। नकदी आरक्षित निधि में वृद्धि करके, जो अब 15 प्रतिशत की सांविधिक सीमा तक पहुंच चुकी है, बैंकों की निधियों को काफी मात्रा में अवरुद्ध करने के बावजूद चलनिधि में यह तीव्र वृद्धि हुई। चलनिधि में हुई इस विशाल वृद्धि को इस अवधि के दौरान वास्तविक आय में हुई 5 प्रतिशत से कुछ ज्यादा की वृद्धि के संदर्भ में देखना होगा। चलनिधि में इस प्रकार की भारी मात्रा में निरन्तर वृद्धि निश्चय ही सामान्य मूल्य स्तर पर दबावों के रूप में परिलक्षित होगी। अतः बेहतर राजकोषीय संतुलन प्राप्त करने की आवश्यकता पर बल दिया जाना नितांत आवश्यक है।

11.14 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में केन्द्रीय और राज्य सरकारों के बजट घाटों में वृद्धि तथा सरकारी वित्त में उभरकर आने वाले संरचनात्मक असंतुलन का उल्लेख किया गया था। 1988-89 के लिए संशोधित अनुमानों के अनुसार केन्द्र सरकार के घाटे का अनुमान 7,940 करोड़ रुपये किया गया है, जबकि बजट में 7,484 करोड़ रुपये का घाटा दिखाया गया था। फिर भी लेखाबंदी पर आधारित आंकड़ों के अनुसार वास्तविक घाटा काफी कम अर्थात् 5,810 करोड़ रुपये का रहा है। जैसा कि पहले उल्लेख किया जा चुका है, घाटे का स्तर पूरे वर्ष काफी ऊंचा रहा है और केवल वित्तवर्ष के अंत में आकर घाटा काफी संयमित हो पाया। 1988-89 में बजट घाटे का पाक्षिक औसत 8,114 करोड़ रुपये था जो कि 1987-88 में 6,790 करोड़ रुपये के औसत घाटे से काफी ऊपर था। यह साल के अंत में घाटे के आंकड़ों से लगभग 40 प्रतिशत अधिक था। यह वांछनीय होगा कि घाटे को पूरे राजकोषीय वर्ष के दौरान धीरे-धीरे बढ़ाया जाए, ताकि मुद्रागत वृद्धि पूर्व अनुमेय सीमा के अंदर रहे।

11.15 सातवीं पंचवर्षीय योजना में (सरकार को रिजर्व बैंक के शुद्ध ऋण में यथा परिभाषित 14,000 करोड़ रुपये के घाटे के वित्तपोषण का अनुमान किया गया था। इसके मुकाबले पहले चार वर्षों में वास्तविक घाटा तथा योजना के पांचवें वर्ष के लिए बजट पूर्व अनुमान 33,10 करोड़ रुपये तक बढ़ गये अर्थात् योजना के अनुमानों से यह राशि लगभग ढाई गुनी हो गयी है। स्वस्थ आयगत वृद्धि और मूल्यों की स्थिरता के लक्ष्य को प्राप्त करने की दृष्टि से यह आवश्यक होगा कि हमारी योजनाएं राजकोषीय घाटों पर निर्भर रहना छोड़ दें।

11.16 बजट का घाटा संयमित करने के लिए केन्द्र के राजस्व घाटे को यथाशीघ्र समाप्त करने को प्राथमिकता देनी होगी। यह राजस्व घाटा तेजी से बढ़ता रहा है और (संशोधित अनुमानों के अनुसार) 1988-89 में 11,030 करोड़ रुपयों तक पहुंच गया। यह स्थिति सरकारी प्रशासन में बचत की वृद्धि की मांग करती है जो कि वर्षों से गिरती चली आ रही है। केन्द्र सरकार प्रशासन के अधिव्यय 1980-81 में 266 करोड़ रुपये के थे, जो 1984-85 में 1,906 करोड़ रुपय तक पहुंच गये। इसके पश्चात् सातवीं योजना के पहले चार वर्षों में अधिव्ययों की यह स्थिति निरंतर रूप से और अधिक बिगड़ती चली गयी तथा 1988-89 में यह 8,602 करोड़ रुपय तक पहुंच गयी। इसके फलस्वरूप सरकार के चालू व्यय का बहुत बड़ा भाग अधिक बढ़े उधारों से चलाया जा रहा है। 1989-90 के लिए केन्द्र के ब्याज क भुगतानों का अनुमान 17,000 करोड़ रुपये लगाया गया है जो कि पूरे राजस्व व्यय का 27.4 प्रतिशत तथा कुल कर-राजस्व का 44.3 प्रतिशत बैठता है। 1989-90 में शुद्ध ब्याज के भुगतान कुल राजस्व व्यय का 14.4 प्रतिशत और कर-राजस्व का 23.3 प्रतिशत होंगे।

11.17 सरकार तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा उधार के बढ़ते हुए स्तरों से दो प्रमुख चिंताएं सामने आती हैं। पहली चिंता सरकार द्वारा उधार की राशियों के वर्तमान स्तर की अविवेकपूर्णता से संबंधित है। जब तक कि सरकार के चालू व्यय में सार्थक कटौती न हो जिसे कि ऋण चुकाने के लिए प्रयोग में लाया जा सके, तब तक बजट घाटा निरंतर बढ़ता रहेगा। ऋण चुकाने के लिए बढ़े हुए उधार, उच्चतर ब्याज के बोझ को निरंतर बढ़ाने वाला दूषित चक्र पैदा करेंगे तथा अधिक उधार और बढ़ता जायेगा। दूसरी चिंता है सरकार के साथ-साथ सरकारी क्षेत्र उपक्रमों के उधार के बढ़ते हुए स्तर से निजी क्षेत्र के निवेशों पर पड़ने वाले प्रभाव के संबंध में क्योंकि अर्थ व्यवस्था में हुए कुल निवेश को सार्वजनिक और निजी क्षेत्र में लगभग बराबर-बराबर जाता है अतः यह सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है कि दोनों क्षेत्रों की आवश्यकताओं को भली भांति पूरा किया जाये ताकि राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के समग्र वृद्धि के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सके। इस संदर्भ में जिस बात पर बल देने की आवश्यकता है, वह यह है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा बाजार से लिये गये उधारों की लागत बढ़ रही है। अतः यह आवश्यक होगा कि उनके निवेशों पर पर्याप्त आय हो जिससे वे ब्याज संबंधी देयताओं को पूरा करने के पश्चात् कुछ लाभ बाकी बचे।

11.18 अर्थव्यवस्था में परिवर्तन तथा औद्योगिक उत्पादन में आयी वृद्धि के कारण 1988-89 के दौरान भारतीय पूंजी बाजार की स्थिति में तेजी से सुधार दिखायी दिया। निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों द्वारा प्राथमिक बाजार से जुटाये गये स्रोत नयी ऊंचाइयों तक पहुंच जो कि 1986-87 की उच्चतम सीमा से भी आगे बढ़ गये। बाजार को ठोस आधारभूत तत्वों से शक्ति प्राप्त हुई जिसका प्रमाण है 1988-89 के दौरान निगमित क्षेत्र का बेहतर कार्यनिष्पादन। संस्थागत निवेशकर्ता, बाजार में वृद्धिशील महत्वपूर्ण भूमिका अदा करने के लिए आगे आये। विशेषकर वाणिज्यिक बैंकों द्वारा प्रत्यक्षतः या अपने बैंकों के माध्यम से बाजार के साथ पारस्परिक लेनदेन तेजी से बढ़ रहे हैं। यह एक स्वागत प्रवृत्ति है क्योंकि बढ़ती हुई मात्रा में संस्थागत भागीदारी प्राथमिक और गौण बाजारों को स्थिरता तथा प्रोत्साहन दोनों प्रदान करेगी, अभिरुचि का बढ़ावा देगी और वित्तीय सेवाओं के क्षेत्र में वृद्धिशील नवोन्मेष लायेगी। भारतीय यूनिट ट्रस्ट के अलावा कुछ अन्य पारस्परिक निधियां (म्युचुअल फंड) भी स्थापित हो चुकी हैं। यह आवश्यक है कि म्युचुअल फंड जैसे एक निर्दिष्ट क्षेत्र में कार्यरत सभी संस्थाएं एक ही राजकोषीय व्यवस्था और विनियामक ढांचे के अंतर्गत कार्य करें ताकि वे एक स्तर के क्षेत्र में प्रतिस्पर्धा कर सकें।

11.19 स्रोतों से संबंधित समग्र बाधाओं के संदर्भ में, बड़ी-बड़ी निगमित संस्थाओं को अपनी वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए पूंजी बाजार का अधिक से अधिक सहारा लेने के लिए प्रेरित किया जाता है। इसके होते हुए भी मीयादी ऋणदात्री संस्थाओं से वित्तीय सहायता कई गुना बढ़ चुकी है और अभी भी उद्योग के लिए वित्त का एक प्रमुख स्रोत है। भारतीय निगमित क्षेत्र के ऋण ईक्विटी अनुपात में कोई गिरावट नहीं दिखायी दी है, हालांकि उन्होंने पूंजी बाजार से प्रत्यक्षतः काफी संसाधन जुटाये हैं। मीयादी ऋणदात्री संस्थाओं की निधियों की लागत में तेजी से वृद्धि हुई है क्योंकि ब्याज की रियायती दरों पर जुटाये गये उनके संसाधनों का भाग कम हो गया है। उधार देने की स्थिति की ओर देखा जाये तो इन निधियों की आय में गिरावट आयी है क्योंकि इन निधियों का निरंतर बढ़ता हुआ अंश रियायती ब्याज दरों पर उधार दिया जाता है। मीयादी ऋणदात्री संस्थाओं के लिए उपलब्ध विस्तार क्षेत्र सिकुड़कर एक ऐसे बिन्दु पर आ गये हैं जहां उनकी लाभदायकता बाधित हो सकती है। साथ ही बढ़ती हुई मांग की पूर्ति के वास्ते मीयादी ऋणदात्री वित्तीय संस्थाओं को भी निधियां नियंत्रित बाजार से उधार

के कार्यक्रम के बाहर से जुटाने पड़ सकते हैं। इसके फलस्वरूप गैर-रियायती श्रेणियों को सीधे उधार देने के लिये सीमान्त ऋण की दरों में काफी लचीलापन तथा अनेक प्रकार की रियायती दरों में युक्तिसंगतता आयेगी।

11.20 हाल के वर्षों में, मुद्रा और ऋण नीतियों के निर्धारण में संरचनात्मक पहलुओं पर और ज्यादा बल दिया जाता रहा है। ये नीतियां ब्याजदर के विनियमों में ढील देने, ऋण सुपुर्दगी पद्धति में परिचालनगत अवरोधों को शिथिल करने तथा नयी मुद्रा बाजार लिखतें शुरु करने से संबंधित हैं। ये उपाय चाहे वह ऋण प्राधिकरण योजना के अंतर्गत पूर्व प्राधिकार की आवश्यकता को समाप्त करने के रहे हों या ऋणकर्ताओं को अपने खातों को बैंकों के बीच अंतरित करने की छूट देने को अथवा वे बैंकों की उधार देने की दरों के संबंध में दिये गये लचीलेपन से संबद्ध हों, या वाणिज्यिक पत्र (सीपी) या जमा प्रमाणपत्र (सीडी) शुरु करने से, इनका उद्देश्य नियमों की कठोरता को कम करना, लचीलेपन को बढ़ाना और सामान्य रूप से आर्थिक और वित्तीय पद्धति में अधिक निपुणता तथा स्पर्धा की भावना लाना है। निस्संदेह वित्तीय उदारता की इस गति को राष्ट्रीय नीति के संश्लिष्ट उद्देश्यों के अनुसार समायोजित करना होगा। साथ ही साथ, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है कि वित्तीय प्रणाली मजबूत आधार पर विकसित हो और वित्तीय संस्थाओं की शक्ति बनी रहे।

11.21 इस वर्ष के दौरान वाणिज्यिक बैंकों की ब्याज दरों पर लागू नियामक सिद्धांतों के संबंध में कई महत्वपूर्ण परिवर्तन किये गये हैं। अक्तूबर 1988 में, ऋण पर ब्याज की उच्चतम सीमा को हटा दिया गया और इसके बदले में 16 प्रतिशत की न्यूनतम दर निर्धारित की गयी जिसके कारण अब बैंकों को ग्राहकों से उनकी साख के रिकार्ड के अनुसार ब्याज वसूल करने की छूट है। साख निर्धारण की प्रक्रियाओं को स्थापित करने के संबंध में बैंकों ने समन्वित प्रयास करने की पद्धति का अनुसरण किया है और अपने विवेकाधिकारों का प्रयोग करने में न्यायोचितता दिखाई है।

11.22 समीक्षाधीन वर्ष मुद्रा बाजार में अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियों का वर्ष रहा है। सभी मुद्रा बाजार लिखतों पर ब्याज दरों को मुक्त छोड़ दिया गया है और नयी लिखत जैसे अंतर बैंक सहभागिताएं, जमा प्रमाणपत्र और वाणिज्यिक पत्र विकसित किये गये हैं। भारतीय मितीकाटा और वित्त गृह इन लिखतों को चलनिधि उपलब्ध करा कर एक सक्रिय गौण बाजार संवर्धित करने में सहायक रहा है। भारतीय मितीकाटा एवं वित्त गृह ने सर्वप्रथम वित्त वर्ष 1988-89 के अन्त में, और फिर 1 मई 1989 को जब ब्याज दरों की उच्चतम सीमा के हटने के बाद ब्याज की दरें एकदम चढ़ी थीं, बाजार में चालू प्रवृत्ति के विरुद्ध समर्थन देकर, मुद्रा बाजार में व्याप्त आर्थिक तंगी को दूर करने का प्रयास किया। यह संतोष का विषय है कि ब्याज दरें थोड़े समय तक बहुत ऊंची रहने के पश्चात् मुद्रा बाजार ब्याज दर के युक्तिसंगत स्तरों पर स्थिर हो गया। हालांकि भारतीय मितीकाटा और वित्तगृह मुद्रा बाजार की लिखतों को चलनिधि उपलब्ध कराता रहेगा, परन्तु भारतीय रिजर्व बैंक पर इसकी निर्भरता को मुद्रा नियंत्रण के समग्र उद्देश्यों के अनुरूप सीमित करना होगा। अतः भारतीय मितीकाटा और वित्त गृह को लम्बी अवधि के लिए संसाधन जुटाने वाली एजेंसी के रूप में नहीं बल्कि मुद्रा बाजार में अल्पावधि के लिए आये असंतुलनों को कम करने वाले मध्यस्थ के रूप में देखा जाना चाहिए। मुद्रा बाजार को अल्पावधिक अधिशेष निधियों का निवेश करने के लिए एक अवसर के रूप में तथा संसाधनों और निधियों के प्रयोगों के बीच आयी अल्पावधिक असंगतियों को दूर करने के एक माध्यम के रूप में देखा जाना चाहिये। कोई भी मुद्रा बाजार भले ही वह कितना ही सुविकसित क्यों न हो सहभागियों के संसाधनों और निधियों के प्रयोगों के बीच संरचनात्मक असंतुलनों को पूरा करने का साधन नहीं बन सकता, विशेषकर जबकि उधार पर ब्याज की दरों को मुक्त छोड़कर बाजार पर संरचनात्मक निर्भरता को दुष्कर बना दिया गया हो। यह माना गया है कि नयी शुरु की गयी मुद्रा बाजार लिखतें जैसे जमा प्रमाणपत्र और वाणिज्य पत्र कुछ समय के बाद ही विकसित होंगे। अतः यह आवश्यक है कि ब्याज दरों की निर्धारण की छूट को उधारकर्ता और निवेशकर्ता दोनों ही न्यायोचित रूप से प्रयोग में लायें। जमाप्रमाणपत्रों के मामलों में बैंकों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि ब्याज दरों और परिपक्वता अवधियों का अन्य जमाराशियों पर ब्याज दरों के साथ तथा निधियों के निवेश पर आय से संबंध बना रहे। वाणिज्यिक पत्रों के संबंध में यह सुनिश्चित करना आवश्यक होगा कि निर्गमों में बाजार का विश्वास सुनिश्चित करने के लिए कठोर मानदण्ड बनाये रखे जायें। केवल ऐसी स्थिति में ही वाणिज्यिक पत्र सक्षम मुद्रा बाजार लिखत के रूप में विकसित हो सकेंगे। मुद्रा बाजार सक्रिय हो जाने पर बैंकों और संस्थाओं को निधियों के प्रबंध पर और अधिक ध्यान देने की आवश्यकता होगी।

11.23 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह संकेत दिया गया था कि ग्रामीण क्षेत्र में ऋण देने की नयी कार्यनीति अर्थात् सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण ग्रामीण सुपुर्दगी प्रणाली को सुधारने की दिशा में एक प्रमुख कदम है। यह योजना लागू हो चुकी है और इसकी आयोजनाएं 1 अप्रैल 1989 से कार्यान्वित की जा रही है। आधार स्तर की एजेंसियों से प्राप्त प्रतिसूचनाओं से यह संकेत मिलता है कि इस कार्यक्रम ने बैंकों और अन्य विकासात्मक एजेंसियों में अनुकूल प्रतिक्रिया जागृत की है—पिछले वर्ष के मुकाबले वर्ष 1989-90 के दौरान सेवा क्षेत्र कार्यक्रम कुल मिलाकर उच्चतर ऋण वितरण को प्रदर्शित करता है। यह एक महत्वपूर्ण बात है कि बैंकों का शीर्ष प्रबंध तंत्र तथा नियंत्रक वर्ग कार्यक्रम की भलीभांति निगरानी रखता है तथा सभी शाखाओं द्वारा कार्यक्रम का सफल कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है। कार्यक्रम का लक्ष्य यह देखना है कि ऋण उत्पादनोन्मुख हो तथा संबंधित क्षेत्रों में उससे आर्थिक विकास को गति मिले ताकि और अधिक लोगों को रोजगार प्राप्त हो तथा उनकी आय में वृद्धि हो।

11.24 यह प्रस्ताव है कि आगामी 3 से 4 वर्षों के दौरान, निम्नलिखित प्रयोजनों के लिए केन्द्रीय बिन्दुओं के रूप में सभी जिलों में नाबार्ड के कार्यालय खोले जाएं : (i) स्थानीय क्षमता एवं संसाधनों से संबंधित वास्तविक ऋण योजनाएं तैयार करने में सहकारी समितियों तथा बैंकों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान करना (ii) ऋण योजनाओं को तैयार करने तथा उनके कार्यान्वयन के बारे में सूचना संगृहीत करना, उसका विश्लेषण करना तथा उसे प्रचारित करना, (iii) बैंकों तथा सहकारी ऋणदात्री संस्थाओं की ऋण योजनाओं के बीच समन्वय में सुधार लाना तथा (iv) अग्रणी बैंक अधिकारियों सहित, जिले के अधिकारियों से सम्पर्क सुदृढ़ करना। सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण का समर्थन देने, उत्पादकता बढ़ाने और ऋण दान की गुणवत्ता तथा उसकी आयोजना में और अधिक सुधार लाने की दृष्टि से यह कदम उठाया गया है।

11.25 हाल के वर्षों में बैंकिंग प्रणाली के समन्वय पर काफी जोर दिया गया है। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वाणिज्य बैंकों द्वारा तैयार की गई व्यापक कार्य योजनाएं कुछ समय से कार्यान्वित की जा रही हैं। संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण, आंतरिक पर्यवेक्षण तथा नियंत्रण प्रणाली के उन्नयन, मानव संसाधन विकास के लिए प्रशिक्षण की क्षमता तथा उसकी गुणवत्ता में वृद्धि ग्राहक सेवा तथा लेखा संबंधी आंतरिक कार्य में सुधार, बेहतर ऋण प्रबंध, उच्चतर उत्पादकता, मितव्ययता तथा बैंक की देय राशियों की वसूली एवं चरणबद्ध तरीके से नयी तकनीक के प्रवर्तन द्वारा इनका लक्ष्य उनकी परिचालनात्मक कार्यकुशलता में सुधार लाना है। इन प्रयासों के परिणाम सामने आ रहे हैं। इसके अतिरिक्त सरकारी बाण्डों की कूपन दरों में सुधार करके, जिनमें बैंक अपनी राशियों का निवेश करते हैं, रिजर्व बैंक द्वारा अवरुद्ध किए गए धन पर बेहतर प्रतिफल द्वारा तथा कीमतों के साथ और अच्छे मानदंडों की स्थापना के लिए सेवा प्रभारों में संशोधन करके बैंकों को लाभप्रदता के मार्ग की अनेक रुकावटों को दूर किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानिक अंतरालों

को भरने पर जोर देते हुए, शाखा लाइसेंसीकरण नीति यह अपेक्षा करती है कि शहरों तथा कस्बों में नए कार्यालय स्पष्ट आवश्यकता तथा सम्भाव्य अर्थक्षमता के आधार पर खोले जाने चाहिएं।

11.26. यद्यपि इन उपायों से सहायता मिली है, फिर भी बैंकों की लाभप्रदता पर दबाव बना हुआ है जिसका कारण मुख्यत: रुग्ण अथवा कुप्रबंधित औद्योगिक इकाइयों अनियमित खातों तथा अन्य क्षेत्रों से संबंधित बैंक देयताओं की असंतोषजनक वसूली है। उपर्युक्त पहलू के संबंध में यह आवश्यक है कि अधिमान्यतः विशिष्ट न्यायाधीकरणों की स्थापना के माध्यम से बैंकों के दावों को लागू करने की प्रक्रिया को और अधिक त्वरित एवं प्रभावी बनाया जाए। अन्य बातों के बारे में जबकि बैंकों के लिये यह आवश्यक है कि वे अपनी निधियों के पुनः प्रवर्तन के संबंध में अपने स्वयं के प्रयासों में तेजी लायें, इस बात का बहुत महत्व है कि वाणिज्य तथा सहकारी बैंकों की देय राशियों की वसूली के लिए सामान्य वातावरण में सुधार लाया जाए। प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित उधारकर्ताओं को राहत प्रदान करने के लिए सुस्थापित प्रक्रियाएं विद्यमान हैं। तथापि, सहकारी संस्थाओं की देय राशियों के संबंध में ब्याज संबंधी छूटों तथा ऋणों की पूर्णतः माफी के कारण बहु अभिकरण ग्रामीण ऋण प्रणाली के सभी अंगों से संबंधित उधारकर्ताओं के बीच ऋण अनुशासन को गंभीर क्षति पहुंची है, उन लोगों के विरुद्ध भेदभाव हुआ है जो कि अपने ऋण दायित्वों की अदायगी करते हैं, निधियों का पुनः प्रवर्तन हतोत्साहित हुआ है तथा ऋणदात्री संस्थाओं पर बुरा असर पड़ा है एवं ग्रामीण समुदाय के लोगों को क्षति पहुंची है। वातावरण को और खराब होने से बचाने के लिए रिज़र्व बैंक तथा नाबार्ड को निश्चय करना पड़ा है कि सहकारी बैंकों का पुनर्वित्तीयन, ब्याज दर तथा अन्य निर्धारित अनुशासनों के अनुपालन पर निर्भर होगा।

11.27 भारत में वित्तीय बाजार एक महत्वपूर्ण परिवर्तन के दौर से गुजर रहे हैं, बैंकों का विविधीकरण हुआ है तथा उन्होंने विभिन्न संबद्ध गतिविधियों जैसे कि पट्टे के कारोबार, व्यापारी बैंकिंग, आवास एवं पारस्परिक निधियों के क्षेत्रों में सीधे अथवा उक्त प्रयोजनों के लिए सहयोगी संस्थाओं की स्थापना करके प्रवेश किया है। बैंकेतर संस्थाओं के कार्यों में वृद्धि हो रही है तथा बैंकों एवं बैंकेतर संस्थाओं के बीच का भेद मिट रहा है। बाजार के विकास संबंधी गतिविधियों से तालमेल बनाये रखने के लिए तथा अपने कार्यों को अच्छी तरह करने के लिए बैंकों तथा उनकी सहयोगी संस्थाओं को अपने आप को आवश्यक कौशल से सुसज्जित करना है तथा जोखिम प्रबंधन विषयक अपने तरीकों में सुधार लाना है। बैंकों द्वारा स्थापित पारस्परिक निधियों का दक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए हाल ही में मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किए गये हैं। बुद्धिमत्तापूर्ण मानदण्डों का अनुपालन भी बैंकों की सहयोगी संस्थाओं तथा बैंकेतर वित्तीय संस्थाओं के लिए उतना ही आवश्यक है।

11.28 आवधिक निरीक्षणों को एक प्रधान उपकरण के रूप में जारी रखते हुए बैंकों के पर्यवेक्षण के उपयुक्त तौर, तरीकों को अपनाया जाना चाहिए ताकि बदलती हुई परिस्थितियों का सामना किया जा सके। बैंकों के लिए बुद्धिमत्तापूर्ण मानदंडों को मजबूत बनाने के लिए उपाय किये गये हैं—जैसे कि अपेक्षित जोखिम प्रबंध, निष्क्रिय ऋणों का अभिज्ञान ताकि ऐसे ऋणों के ब्याज को आय में शामिल न किया जा सके तथा बैंकों के पूंजी आधार को मजबूत बनाना। निधि आधारित तथा गैर-निधि आधारित दोनों तरह की प्रतिबद्धताओं के जोखिम के संबंध में पूंजी की पर्याप्तता से संबंधित उपयुक्त मानदण्डों को लागू करने के प्रस्ताव विचाराधीन हैं। प्रथम बार भारत में प्रवेश करने वाले विदेशी बैंकों के लिए एक न्यूनतम शुरुआती पूंजी की शर्त पहले ही लागू कर दी गयी है। बैंकों के शीर्ष प्रबंध तंत्र द्वारा ऋण पोर्टफोलियो की गुणवत्ता की सूक्ष्म निगरानी की आवश्यकता है ताकि इस समय उपलब्ध हो रहे आंकड़ों को ध्यान में रखते हुए सतत एवं दृश्यमान सुधार किये जा सकें।

11.29 निर्यात विषयक अति उत्तम निष्पादन के बावजूद, मुख्यतः भारी आयात मांग, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के भुगतान संबंधी दायित्वों के एकत्रीकरण तथा विदेशी ऋणों से संबंधित ऋण वापसी अदायगियों में वृद्धि के कारण वर्ष 1988-89 के दौरान शेष अदायगियों की स्थिति पर अत्यधिक दबाव पड़ा। यद्यपि अमरीकी डालर के संदर्भ में वृद्धि दर वर्ष 1987-88 के 24.4 प्रतिशत से घटकर वर्ष 1988-89 के दौरान 15.5 प्रतिशत रह गयी तथापि सातवीं योजना के दूसरे वर्ष से देखी गयी निर्यात संबंधी तीव्र वृद्धि लगातार बनी हुई है। निर्यात के संबंध में परिणाम वृद्धि लगभग 10 प्रतिशत होने का अनुमान है जो कि वर्ष 1988 में हुई लगभग 9 प्रतिशत की विश्व व्यापार संबंधी वृद्धि से सामंजस्य रखती है। यह सचमुच उत्साहवर्धक बात है कि लगातार तीसरे वर्ष निर्यात संबंधी परिमाण वृद्धि 7 प्रतिशत की उस वृद्धि से अधिक रही जिसकी अवधारणा योजना संबंधी प्रलेख में की गयी थी।

11.30 अमेरिकी डालर के रूप में निर्यात में वर्ष 1988-89 में वृद्धि दर (11.0 प्रतिशत) वर्ष 1987-88 की (9.6 प्रतिशत) की दर के मुकाबले तीव्रतर रही जिस के लिए कई तत्व जिम्मेदार रहे जैसे कि भंडारों की पूर्ति तथा उपभोग संबंधी आवश्यकताओं से निपटने के लिए 1987 के सूखे के कारण अपेक्षित आवश्यक निर्यातों का फैलाव, खाद्य तेलों उर्वरकों तथा अलौह धातुओं-जैसी कतिपय आवश्यक वस्तुओं के अंतर्राष्ट्रीय मूल्यों में वृद्धि अर्थव्यवस्था में हुए सराहनीय सुधार सहित निर्यात की अधिक मांग तथा निर्यात के लिए वस्तुओं के विनिर्माण एवं संसाधन के वास्ते उच्चतर आयात। जब कि व्यापारिक लेखे में जिसमें सातवीं योजना के प्रथम तीन वर्षों के दौरान बड़े घाटे प्रदर्शित हुए थे, वर्ष 1988-89 में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई, शुद्ध अदृश्य आय से लगातार व्यापारिक घाटे के अपेक्षाकृत कम अंश की पूर्ति हो रही है। व्यापारिक घाटे के वित्तपोषण में शुद्ध अदृश्य के अंश में तीव्र गिरावट आयी और वह घटकर वर्ष 1980-81 के 72 प्रतिशत के मुकाबले वर्ष 1985-86 तथा 1986-87 में 38 प्रतिशत एवं वर्ष 1987-88 में 32 प्रतिशत रह गया। चालू खातों में उभरने वाले घाटों का वित्तपोषण अंशतः प्रारक्षित निधियों की निकासी से परंतु मुख्यतः वाणिज्यिक उधारों सहित विदेश से अपेक्षाकृत अधिक पूंजी की आवक के माध्यम से हुआ है जिसके कारण देश के विदेशी ऋण में लगातार वृद्धि हुई है।

11.31 वर्ष 1988-89 के दौरान वर्ष 1987-88 के मुकाबले निरपेक्ष तथा सकल देशी उत्पाद से संबद्ध दोनों रूपों में चालू खाते के घाटे में पर्याप्त वृद्धि परिलक्षित होती है। अब ऐसा प्रतीत होता है कि सातवीं योजना के प्रथम चार वर्षों के दौरान सकल देशी उत्पाद की तुलना में चालू खाते के घाटे का वार्षिक औसत अनुपात लगभग 2.2 प्रतिशत अर्थात् सातवीं योजना अवधि के लिए 1.6 प्रतिशत के औसत के लक्ष्य से काफी अधिक होगा। यद्यपि भारत का चालू खाता घाटा, सकल देशी उत्पाद अनुपात अनेक विकासशील देशों की तुलना में काफी कम है फिर भी चालू खाते से संबंधित काफी बड़े घाटे के कारण देश की विदेशी मुद्रा प्रारक्षित निधियों पर पर्याप्त दबाव पड़ा है जिसके कारण यह आवश्यक हो गया है कि सकल देशी उत्पाद के अनुपात में चालू खाते के घाटे के स्तर में कमी की जाए।

11.32 बाह्य सहायता की शुद्ध आवक, वाणिज्यिक उधारों तथा अनिवासी जमा राशियों ने चालू खाते के घाटे के वित्त पोषण में लगभग बराबर की भूमिका अदा की है जबकि प्रारक्षित निधियों ने इसमें गौण भूमिका निभायी है। योजना अवधि के प्रथम चार वर्षों के दौरान विशिष्ट आहरण अधिकारों के रूप में प्रारक्षित निधियों में 2,289 मिलियन विशेष आहरण अधिकारों की गिरावट आयी। इसके साथ ही, विदेशी ऋण में तीव्र वृद्धि हुई और वह मार्च 1985 के अंत के लगभग 36,000 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 1988 के अंत में लगभग 55,000 करोड़ रुपये तथा मार्च 1989 के अंत में और बढ़कर 70,000 करोड़ रुपये हो गया जो कि चालू बाजार मूल्यों के आधार पर सकल देशी उत्पाद का 17.8

प्रतिशत बैठता है। पुनश्च उसी अवधि के दौरान कुल ऋण में वाणिज्यिक उधारों के हिस्से में वृद्धि हुई और वह 19 प्रतिशत से बढ़कर लगभग 27.5 प्रतिशत हो गया। अनिवासी जमाराशियों की देयताओं में सिगुनी से अधिक वृद्धि हुई है और वह मार्च 1985 के अंत के 3,819 करोड़ रुपये से बढ़कर मार्च 1989 के अंत में 14,154 करोड़ रुपये हो गयी है। विदेशी ऋणों में वृद्धि के परिणामस्वरूप निर्यात में हुई निरंतर वृद्धि के बावजूद ऋण अदायगी अनुपात (निर्यात और कुल अदृश्य प्राप्तियों की तुलना में विदेशी उधारों से संबंधित ऋण वापसी) में तीव्र वृद्धि हुई है और यह 1984-85 के 13.6 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 1988-89 में लगभग 25.00 प्रतिशत हो गया है।

11.33 पिछले तीन वर्षों के दौरान निर्यात में न केवल रुपये के रूप में बल्कि परिमाण के रूप में भी अत्यधिक वृद्धि प्रदर्शित हुई है। भारतीय निर्यात का अब अच्छी तरह विविधीकरण हो गया है। विनिर्मित निर्यात के हिस्से में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है और यह वर्ष 1983-84 के 50 प्रतिशत से बढ़कर वर्ष 1988-89 में 70 प्रतिशत से अधिक पहुंच गया है। नीति संबंधी विभिन्न प्रयासों—आयकर अथवा कारपोरेशन कर से निर्यात संबंधी लाभों को संपूर्ण छूट सहित राजकोषीय रियायतों, ब्याज दर संबंधी रियायतों, औद्योगिक कच्चा माल प्राप्त करने में आसानी तथा रुपये के लिए एक समर्थक विनिमय दर के कारण भारतीय निर्यात प्रतिस्पर्धात्मक हो सका है।

11.34 निर्यातों की आयात संबंधी आवश्यकताओं में हाल में वृद्धि प्रदर्शित हुई है। कुछ सीमा तक यह प्रत्याशित था। तथापि चूंकि भुगतान संतुलन में सुधार के लिए शुद्ध विदेशी मुद्रा की आय सही मापदण्ड है अत: इस ओर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। नीतियों में यथा-वश्यक परिवर्तनों के माध्यम से निर्यातकों को अधिकाधिक देशी सामग्रियों का उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करने के साथ-साथ अपेक्षाकृत कम आयात की आवश्यकता वाले उत्पादों के निर्यातों जैसे कि कृषि आधारित निर्यातों के पक्ष में भी निर्यात समूहों की संरचना में परिवर्तन होना चाहिए। इसके अतिरिक्त निर्यात की आवश्यकता वाले अभिज्ञात क्षेत्रों में निर्यात बढ़ाने की व्यापक योजनाओं का समायोजन सूक्ष्म स्तर पर अलग-अलग बड़ी और मझौली इकाइयों के साथ किया जाना चाहिए। वास्तव में अपनी पर्याप्त प्रबंधन क्षमताओं एवं विश्वव्यापी संपर्कों वाले कारपोरेट क्षेत्र के लिए यह आवश्यक है कि वह निर्यात संवर्धन के लिए अब तक निभायी गयी अपनी भूमिका से काफ़ी अधिक सक्रिय भूमिका निभाये।

11.35 वर्ष 1988-89 के दौरान आयात में हुई अत्यधिक वृद्धि चिंता का कारण बनी हुई है। सातवीं योजना में प्रथम चार वर्षों के दौरान आयात में रुपये के रूप में 13.0 प्रतिशत तथा अमरीकी डालर के रूप में 7.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। तथापि उसी अवधि के दौरान तेल से इतर आयात में अधिक तीव्र दर से वृद्धि हुई—रुपये के रूप में 19.2 प्रतिशत और अमेरिकी डालर के रूप में 13.4 प्रतिशत। योजना के प्रथम चार वर्षों के दौरान आयातों की आय का लोच औसतन लगभग 1.5 रहा है। व्यापारिक घाटे को रोकने के लिए आयात की सावधानी-पूर्ण योजना बनायी जानी चाहिए। यद्यपि अधिक व्यापक आर्थिक लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए आयातों से संबंधित नीतियों को जारी रखना होगा, यह वांछनीय होगा कि थोक एवं रख-रखाव संबंधी आयातों पर बारीकी से नजर रखी जाय। उपभोक्ता वस्तुओं के उत्पादन में सीधी बढ़ोत्तरी करने वाले कच्चे मालों और घटकों को खुले सामान्य लाइसेंस से अधिक प्रतिबंधित वर्गों में अंतरित करने की आवश्यकता है। पैट्रोलियम उत्पादनों के प्रयोग को नियंत्रित रखने के लिए बड़े बचत उपायों की आवश्यकता है। यद्यपि 1985-86 से 1988-89 के दौरान कच्चे तेल का उत्पादन 30.32 मिलियन टन के आसपास स्थिर रहा है, पैट्रोलियम, तेल और स्नेहक पदार्थों का उत्पादन प्रति वर्ष 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। इस क्षेत्र में निश्चित कार्रवाई की आवश्यकता है। किसी स्तर पर उपभोग पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से अंतिम उपभोक्ता द्वारा देय मूल्यों में वृद्धि करना आवश्यक हो सकता है। पूंजीगत वस्तुओं और घटकों के आयात के संबंध में समग्र उद्देश्य यह होना चाहिये कि उनमें निहित तकनीक को अपना लिया जाए न कि उसके बार-बार आयातों को जारी रखा जाए।

11.36 वर्षों तक लगातार चालू खाता घाटे के कारण भारत की विदेशी ऋणग्रस्तता में वृद्धि हुई है। तथापि, सकल देशी उत्पाद के संबंध में भारत की विदेशी देयताएं और ऋण भुगतान अब तक उचित स्तरों पर रहे हैं। वे नियंत्रण में हैं। तथापि, आठवीं योजना के लिये जिसमें पिछली योजनाओं में निर्धारित विकास की दरों की तुलना में और अधिक विकास की दर का लक्ष्य रखा गया है विदेशी देयताओं को एक विवेकपूर्ण सीमा के भीतर रखने की नीति बरकरार रखनी चाहिए। उत्पादन सकल उत्पाद में 6 प्रतिशत विकास की अपेक्षित दर के लक्ष्य के साथ यह उचित लगता है कि अगली योजना के दौरान विदेशों से संसाधनों की शुद्ध आवक को सकल देशी उत्पाद के 1.5 से लेकर 1.6 से अधिक रखने का लक्ष्य न रखा जाए।

11.37 मोटे तौर पर आर्थिक नीति के तीन बड़े उद्देश्य हैं, विकास, सामाजिक न्याय जिसका अर्थ है आय का अधिक न्यायसंगत वितरण और मूल्य स्थिरता। जबकि ये सभी उद्देश्य मुद्रा नीति के लिए प्रासंगिक हैं, मूल्य स्थिरता को इसका मुख्य केन्द्र बिन्दु बनाया जाना चाहिए। तथापि, इसका अर्थ यह नहीं है कि यह नीति अन्य उद्देश्यों की प्राप्ति में योगदान नहीं दे सकती। सीधे ऋण विनिधान और ब्याज दर परिवर्तन की अनेक योजनाओं के माध्यम से ऋण और बैंकिंग नीति ने विशेषत: पिछले दो दशकों में इन उद्देश्यों की पूर्ति में सहायता पहुंचायी है—तथा समाज के कमजोर वर्गों की उन्नति और संतुलित क्षेत्रीय विकास में। तथापि, अन्य उद्देश्यों की अपेक्षा, मुद्रा नीति मूल्य स्थिरता के उद्देश्य के लिए अधिक प्रभावशाली योगदान देती है। आर्थिक और मुद्रा नीति, के उद्देश्य के रूप में मूल्य स्थिरता की महत्ता को सर्वत्र महत्व नहीं दिया जाता। कुछ परिस्थितियों में विकास के लिए थोड़े समय के लिए मुद्रास्फीति की उपेक्षा कर दी जाती है। दीर्घावधि विकास को बढ़ते हुए मूल्यों की सहायता से नहीं लाया जा सकता और यह सिद्ध करने वाला कोई साक्ष्य नहीं है कि एक उच्चतर विकास दर उच्चतर मुद्रास्फीति से जुड़ी हुई है। भारत में स्थिति इसके विपरीत है। वास्तव में यह मूल्य स्थिरता ही है जो ऐसा उचित वातावरण पैदा करती है जिसमें स्वस्थ और टिकाऊ विकास हो सके। एक ऐसी अर्थ व्यवस्था में जहां जनसंख्या का अधिकांश भाग असंगठित क्षेत्र में काम करता है और जहां मुद्रास्फीति संरक्षण उपलब्ध नहीं है, मूल्यों को स्थिर रखना प्रगाढ़ रूप से सामाजिक न्याय के साथ जुड़ा हुआ है।

11.38 मुद्रा आपूर्ति के विनियमन के लिए जो, असली उत्पादन के साथ, सामान्य मूल्य स्तर निर्धारित करते हैं प्रारक्षित मुद्रा पर एक उचित हद तक नियंत्रण रहना आवश्यक है। वर्षों से एक प्रथा बन गयी है कि केन्द्र सरकार के पूरे बजट घाटे की पूर्ति रिजर्व बैंक के वित्तपोषण द्वारा की जाती है, फलत: घाटे का स्वत: मुद्रीकरण हो रहा है। यह उस के अलावा है जो रिजर्व बैंक बाजार से उधार को समर्थन प्रदान करता है। अत: रिजर्व बैंक को लगातार घाटे के बढ़ते हुए प्रभाव को शून्य करने के लिए यथासंभव स्वयं ही निरंतर प्रयास करने होते हैं। प्रारक्षित मुद्रा के बढ़ते हुए स्तरों के कारण बैंकिंग क्षेत्र की वृद्धिशील नकदी निधि को निरंतर आधार पर कम करने का प्रयास आवश्यक है। बैंकिंग प्रणाली में अतिरिक्त नकदी राशि को नियंत्रित करने का कार्य अतीत काल में मुख्यतः नकदी प्रारक्षित अनुपात को बढ़ाकर किया गया है। बारम्बार तथा तेजी से वृद्धि के कारण, नकदी प्रारक्षित अनुपात अब अपनी सांविधिक सीमा तक पहुंच चुका है।

11.39 एक प्रभावी मुद्रा नीति के अंतर्गत घाटे के धवढ का स्वत: मुद्रीकरण वांछनीय नहीं है। इस दिशा में कदम उठाने के लिए सकल देशी उत्पाद के हिस्से के रूप में राजकोषीय घाटे के स्तर को वर्तमान स्तर से

बहुत कम करने की आवश्यकता है। इससे मुद्रा आपूर्ति के विनियमन पर बेहतर नियंत्रण हो सकेगा। किन्तु मध्यम अवधि में, सरकार को यह लक्ष्य रखना चाहिए कि परस्पर सहमत सीमा तक रिजर्व बैंक से मार्गोपाय निभाव से अतिरिक्त अपने पूरे ऋणों को उपयुक्त ब्याज दरों पर बाजार में रखे। केन्द्र के राजस्व घाटे में पर्याप्त कमी करके इस लक्ष्य को सुविधापूर्वक प्राप्त किया जा सकता है। इससे संपूर्ण आर्थिक नीति ढांचे में सुधार परिलक्षित होगा और रिजर्व बैंक को आवश्यक स्वतंत्रता मिलेगी कि वह प्रारक्षित मुद्रा निर्माण के स्तर का और साथ ही मुद्रा आपूर्ति के स्तर का निर्धारण करे। मुद्रा आपूर्ति इस बात पर निर्भर होगी कि अर्थ-व्यवस्था में किस तरह वास्तविक उत्पादन विकसित हो रहे हैं। इस प्रकार रिजर्व बैंक मूल्य स्थिरता के साथ विकास के लक्ष्य में योगदान देने की अधिक प्रभावी भूमिका निभाने में सक्षम हो सकेगा।

भाग II—बैंकिंग एवं अन्य गतिविधियां 12 मुख्य बातें

12.1 इस रिपोर्ट में भाग 1 में समग्र आर्थिक प्रवृत्तियों की पृष्ठ-भूमि में मौद्रिक तथा ऋण नीति संबंधी गतिविधियों की समीक्षा की गयी है। रिपोर्ट के इस भाग में बैंकिंग संबंधी अन्य गतिविधियों की प्रमुख विशेषताओं और साथ ही रिजर्व बैंक की परिचालन संबंधी गतिविधियों, संगठनात्मक मामलों और लेखों का समावेश किया गया है।

12.2 आलोच्य वर्ष के दौरान बैंकिंग तंत्र में परिचालनगत कुशलता बढ़ाने की दिशा में सर्वतोमुखी प्रयास बैंकिंग गतिविधियों की विशेषता थी। साथ ही, सामाजिक लक्ष्यों पर भी विशेष बल दिया गया। इस संबंध में मुख्य बातें निम्नलिखित है :

(i) पहली अप्रैल 1989 से, सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण के माध्यम से ग्रामीण ऋण के लिए नई कार्य नीति लागू की गयी। कुल 33,410 बैंक शाखाओं के लिए ऋण योजनाएं तैयार की गयीं तथा इन शाखाओं को 5.06 लाख गांवों का आबंटन किया गया। खंड स्तर पर बैंकरों की समितियां गठित की गयीं। इन समितियों का उद्देश्य ऋण संस्थाओं तथा क्षेत्रस्तरीय विकास एजेंसियों में समन्वय स्थापित करना तथा ऋण योज-नाओं के कार्यान्वयन पर निगरानी रखना है।

(ii) हालांकि शाखा बैंकिंग के समेकन की व्यापक नीति जारी रही है, फिर भी अतिरिक्त शाखाओं की अनुमति देना आवश्यक हो गया ताकि सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण की संकल्पना के अनुसार ग्रामीण शाखाओं को आबंटित ग्रामों की संख्या 15 से 20 ग्रामों तक सीमित रहे और उनकी समुचित देखभाल हो सके।

(iii) कृषि प्रयोजनों के लिए अनुसूचित वाणिज्य बैंकों (क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित) द्वारा कृषकों को प्रदान किये जाने वाले कतिपय अल्पावधि ऋण सीमाओं संबंधी शर्तों में ढील दी गयी है और कृषि को दी जाने वाली सीधी वित्तीय सहायता का लक्ष्य 17 प्रतिशत से बढ़ाकर 18 प्रतिशत कर दिया गया है। भारतीय वाणिज्य बैंकों को यह लक्ष्य मार्च 1990 तक हासिल करना है।

(iv) सिंचाई का क्षेत्र, विशेष रूप से खाद्यान्नों के लिए, प्रभावी रूप से बढ़ाने के उद्देश्य से तथा कृषि में निरंतर सुधार के लिए अन्य निविष्टियों की समय पर उपलब्धता को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा प्रारंभ किये गये विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम के वित्तपोषण में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों सहित वाणिज्य बैंकों को शामिल किया गया। कार्य-क्रम के कार्यान्वयन के दूसरे वर्ष अर्थात् 1989-90 में प्राथमिकता के आधार पर कार्यक्रम को ऋण समर्थन जुटाने के लिए बैंकों को सूचित किया गया है।

(v) भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों के लिए यह आवश्यक कर दिया गया कि वे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों को ऋण प्रदान करें। इन बैंकों से अपेक्षा की गयी है कि वे मार्च 1989 के अंत तक कुल ऋण के 10 प्रतिशत मार्च, 1990 के अंत तक 12 प्रतिशत और मार्च 1992 के अंत तक 15 प्रतिशत ऋण का लक्ष्य हासिल करें।

(vi) हाल ही के वर्षों में वाणिज्य बैंकों ने नवीन्मेषण और विशाखन की प्रक्रिया प्रारंभ की है। आलोच्य वर्ष के दौरान इस प्रक्रिया को और भी सघन बनाया गया। बैंकों ने व्यापार बैंकिंग (मर्चेंट बैंकिंग), पारस्परिक निधि (म्युच्युअल फंड) पट्टेदारी और उद्यम पूंजी तथा आवास वित्त के क्षेत्र में अपने कार्यकलापों का विस्तार किया। कुछ बैंकों ने अपनी सहयोगी संस्थाओं के माध्यम से तथा कुछ बैंकों ने स्वयं ही इन क्षेत्रों के कार्यकलापों का विस्तार किया।

(vii) जुलाई 1988 में सर्वोच्च स्तर पर आवास वित्त संस्था के रूप में राष्ट्रीय आवास बैंक (राआबैं) की स्थापना देश में विशिष्ट आवासीय वित्त पद्धति के निर्माण तथा आवास के लिए संस्थागत वित्त को व्यापक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम था। राष्ट्रीय आवास बैंक ने अनुसूचित बैंकों, आवास-वित्त कंपनियों और शिखर सहकारी आवास वित्त सोसाइटियों द्वारा आवास ऋण के संबंध में पुनर्वित्त योजनाएं शुरू की हैं।

(viii) अनुसूचित वाणिज्य बैंकों का पूंजीगत आकार बढ़ाने के अति-रिक्त आलोच्य वर्ष के दौरान विवेकपूर्ण पर्यवेक्षण के क्षेत्र को मजबूत करने के लिए कतिपय अन्य कदम उठाये गये।

(ix) विदेशी बैंकों से अब यह अपेक्षा की गयी है कि वे अपने घोषित शुद्ध लाभ का 20 प्रतिशत अपनी भारतीय बहियों में अपने पास रखें।

(x) परिचालनगत कार्यकुशलता में और बैंकों की कार्य पद्धति में सुधार लाने के लिए लागू की गई कार्य योजना के दूसरे दौर में मार्च 1990 तक की अवधि शामिल की गयी है। बैंकों ने इन विस्तृत योज-नाओं को कार्यान्वित करने के लिए विभिन्न उपाय किये हैं।

(xi) "माइकर" प्रौद्योगिकी के प्रयोग के साथ मशीनीकृत चेक समा-शोधन पद्धति का पहला दौर पूर्ण हुआ तथा यह व्यवस्था अब देश के सभी चार प्रमुख महानगरों के कार्य कर रही है।

(xii) निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम की गारंटी सुरक्षा का विस्तार किया गया है और अब इस का लाभ कृषि, लघु उधारकर्ता, लघु उद्योग को प्रदान किये जानेवाले संपूर्ण प्राथमिकता प्राप्त अग्रिमों को मिलेगा।

13. वाणिज्य बैंकों से संबंधित गतिविधियां

बैंकों के लिए कार्य योजना 1988-89

13.1 बैंकों की परिचालनगत कार्यकुशलता और कार्य पद्धति में सुधार लाने के एक उपाय के रूप में कार्य योजनाओं का दूसरा चरण प्रारंभ किया गया था। इसमें मार्च 1990 तक की अवधि शामिल है। बैंकों ने इन ब्योरेवार योजनाओं का कार्यान्वयन करने के लिए विभिन्न उपाय किये हैं। इन योजनाओं के कार्यान्वयन की प्रगति की समीक्षा सरकारी क्षेत्र के बैंकों के संबंधित अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यपालकों द्वारा तिमाही रूप से की जाती है। इन योजनाओं के कार्यान्वयन के परिणाम-स्वरूप ग्राहक सेवा, आंतरिक प्रशासन, संगठनात्मक और नियंत्रण व्यवस्था, ऋण प्रशासन, लाभप्रदता और स्टाफ की उत्पादकता जैसे विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

शाखा विस्तार

13.2 "शाखा लाइसेंसिंग नीति 1985-90" के अन्तर्गत नये बैंक कार्यालय खोलने के लिये राज्य सरकारों से प्राप्त निर्धारित केन्द्र की सूचियों के आधार पर केन्द्रों का आबंटन कार्य पूर्ण कर लिया गया है। 30 जून 1989 तक ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में 5,360 केन्द्रों का आबंटन किया गया। तदनुसार क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को 2,024 केन्द्र ग्रामीण बैंकों को तथा 3,336 केन्द्र वाणिज्य बैंकों को आबंटित किये गये। 775 खंड कमी वाले थे और इनके लिए अतिरिक्त बैंक शाखाओं की आवश्यकता थी। सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण अपनाने के बाद अतिरिक्त शाखाएं खोलना आवश्यक

हो गया ताकि एक ग्रामीण शाखा को आबंटित किये जाने वाले ग्रामों की संख्या 15 से 25 ग्रामों तक सीमित रहे और उनकी देखभाल ठीक से हो सके। इन दोनों पहलुओं को एक साथ ध्यान में रखकर 30 जून, 1989 तक 1,236 अतिरिक्त केन्द्रों का आबंटन किया गया। इस प्रकार चालू योजना के अंतर्गत शाखाएं खोलने के लिए 30 जून 1989 तक 6,596 ग्रामीण और अर्ध शहरी केन्द्र आबंटित किये गये।

13.3 30 जून 1989 को अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की संख्या 78 तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की संख्या 196 थी। 30 जून 1989 को बैंक कार्यालयों की कुल संख्या 57,744 थी। जुलाई 1988 से जून 1989 तक की एक वर्ष की अवधि के दौरान कुल 2322 नई शाखाएं खोली गयीं जिनमें 1,857 ग्रामीण, 104 अर्ध शहरी, 200 शहरी और 171 महानगरीय, पत्तन नगर केन्द्र शामिल हैं। जून 1989 के अंत में ग्रामीण शाखाएं कुल शाखाओं की 57.2 प्रतिशत बैठती हैं जबकि इसकी तुलना में, जून 1969 में, इनकी संख्या 22 प्रतिशत थी।

विदेश में भारतीय बैंक

13.4 1988-89 के दौरान भारतीय बैंकों ने कोई भी विदेशी शाखा नहीं खोली। दो शाखाएं और एक मोबाइल एजेंसी बंद हो जाने से 30 जून 1989 को नौ भारतीय बैंकों को विदेश स्थित शाखाओं की संख्या 116 रह गयी। चार भारतीय बकों के प्रतिनिधि कार्यालयों की संख्या 10 बनी रही। जमाराशियां प्राप्त करने वाली तीन कंपनियां पूर्णतः स्वामित्व वाली तीन सहयोगी संस्थाएं और 6 संबद्ध संस्थाएं कार्यरत थीं। आलोच्य वर्ष के दौरान इनकी संख्या में कोई परिवर्तन नहीं हुआ।

भारत में विदेशी बैंक

13.5 आलोच्य वर्ष के दौरान ड्यूश बैंक ने अपनी शाखा खोली। ड्रेस्डनर बैंक और बी एच एफ बैंक (पश्चिम जर्मनी) बांका कमर्शियल इटालियाना (इटली), बांक इंडोसुएज (फ्रांस) मित्सुई बैंक लिमिटेड (जापान) और नेशनल बैंक ऑफ आस्ट्रेलिया (आस्ट्रेलिया) ने अपने-अपने प्रतिनिधि कार्यालय खोले। इस प्रकार 30 जून 1989 को भारत में कार्यरत विदेशी बैंकों की शाखाओं और प्रतिनिधि कार्यालयों की संख्या क्रमशः 137 (21 बैंकों के) और 21 (21 बैंकों के) थी। आलोच्य अवधि के दौरान तीन बकों अर्थात् बार्कलेज बकक (यू.के.) सानवा बैंक (जापान) रूस के बैंक फार फॉरेन इकानॉमिक अफेयर्स में से प्रत्येक को शाखा खोलने के लिए लाइसेंस दिये गये।

13.6 विदेशी बैंकिंग क्षेत्र में निम्नलिखित नये नीति संबंधी उपाय लागू किये गये :

(क) इस क्षेत्र में प्रविष्टि होने वाले नये बैंकों के लिये 15 करोड़ पये की प्रारंभिक पूंजी निर्धारित कर दी गयी।

(ख) प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को उधार देना अनिवार्य कर दिया गया और इन बैंकों से यह अपेक्षा की गयी कि वे कुल ऋण का मार्च 1989 के अंत तक 10 प्रतिशत, मार्च 1990 तक 12 प्रतिशत और मार्च 1992 तक 15 प्रतिशत का लक्ष्य स्तर हासिल करें।

(ग) घोषित शुद्ध लाभ का 20 प्रतिशत भारतीय बहियों में रखना आवश्यक होगा।

क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक

13.7 आलोच्य अवधि के दौरान एक भी क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक नहीं खोला गया। इस समय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की कुल संख्या 196 है जिनके कार्य क्षेत्र में 365 जिले शामिल है। दिसंबर 1988 के अंत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की 13,787 शाखाएं थीं। दिसंबर 1988 के अंत में क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की कुल जमाराशियां और अग्रिम क्रमश: 2,942 करोड़ रुपये और 2,798 करोड़ रुपये थे।

सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण

13.8 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में ग्रामीण ऋण प्रदान करने की नई नीति अर्थात् क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और वाणिज्य बैंकों द्वारा ग्रामीण ऋण प्रदान करने की प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण अपनाने का उल्लेख किया गया था। यह सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण योजना पहली अप्रैल 1989 से लागू की गयी। गांवों का सर्वेक्षण करने और गांववार आर्थिक रूपरेखा तैयार करने के बाद बैंक शाखाओं ने अपने सेवा क्षेत्र में शामिल गांवों के लिए ऋण योजनाएं तैयार कीं। मार्च 1989 के अंत में लगभग 42,000 शाखाओं और 6 लाख गांवों में से 33,410 शाखाओं के लिए ऋण योजनाएं तैयार की गयीं जिनमें इन शाखाओं को आबंटित 5.06 लाख गांव शामिल किये गये। वार्षिक शाखा ऋण योजनाओं को खंड योजनाओं से और खंड ऋण योजनाओं को जिला ऋण योजनाओं से जोड़ा गया। प्रत्येक शाखा के सेवा क्षेत्र सामान्यतः 15 से 25 गांव शामिल किये जाते हैं। अग्रणी बैंक वालों ने उन क्षेत्रों में शाखाएं खोलने के लिये नये केन्द्रों का पता लगाया है जहां आबंटित गांवों की संख्या निर्धारित मानदण्डों से अधिक है। इन केन्द्रों में शाखाएं खोलने के लिए बैंकों को लाइसेंस जारी कर दिये गये हैं। ऋण संस्थाओं और क्षेत्रीय स्तर पर कार्यरत विकास एजेंसियों के बीच समन्वय स्थापित करने और ऋण योजनाओं के कार्यान्वियन पर निगरानी रखने के लिए खंड स्तरीय बैंकर समितियों का गठन किया गया है। कार्यान्वियन में लोचलापन सुनिश्चित करने के लिये बैंकों को मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये गये हैं जिससे कि नई प्रणाली की ओर संक्रमण आसानी से हो सके और ग्रामीण ऋण प्रदान करने संबंधी कार्यक्रम भी अस्तव्यस्त न हो।

कृषि ऋण-शर्तों को उदार बनाना

13.9 15,000 रुपये से 25,000 रुपये तक की राशि के लिए कृषि के प्रयोजन से अनुसूचित वाणिज्य बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा किसानों को दिये जाने वाले अल्पावधि ऋण की ब्याज दरें पहली मार्च 1989 से घटा दी गयी, अर्थात उन्हें 12.0 से 14.0 प्रतिशत वार्षिक से घटाकर 12 प्रतिशत वार्षिक कर दिया गया। इसी प्रकार मार्जिन और प्रतिभूति मानदंडों में भी ढ़ील दी गयी। मार्जिन मन माफी संबंधी रियायत, ऋण की कुल श्रेणियों के संबंध में 5,000 रुपये तक की राशि से बढ़ाकर सभी कृषि ऋणों के लिए 10,000 रुपये तक की राशि कर दी गयी। बैंकों को यह सूचित किया गया कि जहां चल आस्तियां सृजित हुई हैं वहां 10,000 रुपये तक के फ़सल ऋणों के लिए और 10,000 रुपये तक के मीयादी ऋणों के लिए भूमिबंधक भूमिप्रभार या तीसरे पक्ष को गारंटी के रूप में सम्पार्श्विक प्रतिभूतियों की मांग न करें। जहां भूमिबंधक/भूमि प्रभारित करना अनिवार्य हो जाये वहां यदि भूमिबंधक/या भूमिप्रभारित करने में वास्तविक कठिनाईयां आती हों तो बैंक तीसरे पक्ष की गारंटी प्राप्त कर सकते हैं या अन्य ऐसी प्रतिभूति ले सकते हैं जिसे वे उपयुक्त समझें। 24 नवम्बर 1988 से व्यक्ति या व्यक्ति समूह अर्थात सहकारी संस्थाओं के मामले में बंजर भूमि के विकास के वास्ते लिये जाने वाले मीयादी ऋण की ब्याज दरें 10 प्रतिशत तथा निगमित निकायों और अन्य ऋण कर्ताओं के लिए 12.5 प्रतिशत निश्चित की गयीं।

विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम

13.10 कृषि में निरंतर सुधार लाने के उद्देश्य से सिंचाई का क्षेत्र प्रभावी रूप से बढ़ाने की आवश्यकता, विशेष रूप से खाद्यान्नों के लिए और ऋण सहित अन्य निवेशिटियों की पर्याप्तता और समय पर उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने 1988 के खरीफ मौसम से एक विशेष खाद्यान्न उत्पादन कार्यक्रम चलाया है। यह द्विवर्षीय कार्यक्रम 14 राज्यों के 169 संभावनायुक्त "उत्कमित (थस्ट) जिलों में लागू किया गया है। इसका मुख्य उद्देश्य 1988-89 के दौरान खाद्यान्नों का कुल उत्पादन बढ़ाकर 166 मिलियन टन तथा 1989-90

में 175 मिलियन टन तक पहुंचाना है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत 5 फसलें शामिल हैं; चावल, गेहूं, मक्का, चना और अरहर इस कार्यक्रम के लिए अपेक्षित ऋण का अधिकांश भाग सहकारी बैंकों द्वारा जुटाये जाने की आशा है। वाणिज्य बैंक और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक भी इस कार्यक्रम के वित्तपोषण में शामिल हैं। इस कार्यक्रम के लिए वाणिज्य बैंकों द्वारा 318 करोड़ रुपये का ऋण प्रदान किया गया।

विशेष योजनाओं के अंतर्गत प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को बैंकों की सहायता

13.11 जून 1987 के अंत में सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिये गये कुल अग्रिम की राशि 25,406 करोड़ रुपये थी। इस स्तर से बढ़कर वह दिसंबर 1988 के अंत में 32.56 करोड़ रुपये हो गयी, जो दिसंबर 1988 के अंत में इन बैंकों द्वारा प्रदान किये गये कुल अग्रिमों का 45.1 प्रतिशत (40 प्रतिशत के लक्ष्य के मुकाबले) रहा। यह जून 1987 के अंत में 44.8 प्रतिशत था। प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अंतर्गत समाज के कमजोर वर्गों को प्रदान किये गये अग्रिमों की राशि 8,298 करोड़ रुपये रही जो इन बैंकों द्वारा प्रदान किये गये कुल अग्रिमों का 11.5 प्रतिशत हैं, जबकि इसका लक्ष्य 10 प्रतिशत का था। दिसबंर 1988 के अंत में सरकारी क्षेत्र द्वारा 20 सूत्री कार्यक्रम के अंतर्गत हिताधिकारियों को 202.17 लाख ऋण खातों पर 9,760 करोड़ रुपये की सहायता दी गयी। कृषि उत्पादन बढ़ाने की नीति के एक भाग के रूप में यह आवश्यक समझा गया कि बैंकों द्वारा दिये जाने वाले ऋण में और बढ़ोतरी की जाये। तदनुसार, 28 फ़रवरी 1989 को बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे कृषि (सम्बद्ध कार्य-कलापों सहित) को प्रदान किये जाने वाले सीधे वित्त में और बढ़ोतरी करें जिससे मार्च 1990 तक ऋण सहायता का स्तर पूर्व निर्धारित 17 प्रतिशत के लक्ष्य की तुलना में कुल बकाया ऋण के कम से कम 18 प्रतिशत के स्तर तक पहुंच जाये।

विभेदक ब्याज दर योजना

13.12 दिसंबर 1988 के अंत में विभेदक ब्याजदर योजना के अंतर्गत सरकारी क्षेत्र के बैंकों की बकाया अग्रिम राशि 46.19 लाख खातों पर 646.58 करोड़ रुपये हुई, जबकि इसके मुकाबले पिछले वर्ष 48.14 लाख खातों पर 597.65 करोड़ रुपये की राशि थी। इस योजना के दिसंबर 1988 के अंत में इन बैंकों की अग्रिम राशियां कुल अग्रिमों का 1.0 प्रतिशत रहीं। इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति/जनजाति के हिताधिकारियों को प्रदान की गयी अग्रिम राशियां 40 प्रतिशत के निर्धारित लक्ष्य से अधिक है।

स्वरोजगार और अन्य योजनाएं

13.13 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में यह उल्लेख किया गया था कि शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिए स्वरोजगार योजना के अंतर्गत 1987-88 में 1.25 लाख हिताधिकारियों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया था जबकि 1987-87 में यह लक्ष्य 2.50 लाख था। 1988-89 के दौरान फिर 2.50 लाख हिताधिकारियों को लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार बैंकों ने 1988-89 (अप्रैल मार्च) के दौरान 0.94 लाख हितादिकारियों को 185.86 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया गया। 1989-88 में 0.85 लाख हिताधिकारियों को कुल 178.39 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया गया था।

13.14 1986-87 के दौरान शहरी गरीबों के लिये स्वरोजगार के अवसर प्रदान करने के लिये भारत सरकार ने एक कार्यक्रम आरंभ किया था जिसे 1988-89 के दौरान जारी रखा गया। इस योजना के अंतर्गत 5 लाख व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का अनुमानित लक्ष्य रखा गया। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार 1988-89 (अप्रैल-मार्च) के दौरान बैंकों ने 1.97 लाख हिताधिकारियों को कुल 74.95 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया जबकि पिछले वर्ष 3.63 लाख हिताधिकारियों को 131.7 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया गया था। शहरी बेरोजगार युवकों के लिए स्वरोजगार और शिक्षित बेरोजगार युवकों के लिये स्वरोजगार इन दोनों योजनाओं के मामले में लक्ष्य पूरा न होने का मुख्य कारण पर्याप्त संख्या में आवेदन-पत्र प्राप्त न होना था।

समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम

13.15 वर्ष 1988-89 में समन्वित ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत बैंक ने 3.20 मिलियन परिवारों के लक्ष्य की तुलना में 3.77 मिलियन परिवारों को सहायता प्रदान की। सातवीं योजना के प्रथम चार वर्षों के दौरान बैंक ने चार वर्षों के लिए 13.13 मिलियन परिवारों के संचयी लक्ष्य की तुलना में 14.83 मिलियन परिवारों को सहायता प्रदान की। सहायता प्राप्त 14.83 मिलियन परिवारों में 6.65 मिलियन अनुसूचित जाति/जनजाति के और 2.57 मिलियन महिलाएं थी। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वाणिज्य बैंकों और सहकारी संस्थाओं द्वारा वर्ष 1986-87, 1987-88 और 1988-89 में क्रमश 1,014.88 करोड़ 1,175.35 करोड़ तथा 1,231.62 करोड़ रुपये के बैंक ऋण हिताधिकारियों को वितरित किये गये।

अल्पसंख्यक समुदायों को ऋण

13.16 जून 1988 के अंत में सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा पता लगाये गये 40 जिलों में अल्पसंख्यक समुदायों को प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र को दिये जाने वाले अग्रिम की राशि 9.68 लाख खातों पर 505.82 करोड़ रुपये रही।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति को ऋण बैंकों का निरीक्षण

13.17 अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा दिसम्बर 1987 में 71 लाख खातों पर 1,814.28 करोड़ रुपयों के अग्रिम प्रदान किये गये। दिसम्बर 1988 में 81 लाख खातों पर 2,502.39 करोड़ रुपये के अग्रिम प्रदान किये गये थे।

13.18 जुलाई 1988 से जून 1989 की अवधि के दौरान 31 दिसंबर 1987 को समाप्त वर्ष के लिए सभी सरकारी क्षेत्र के बैंकों की वार्षिक वित्तीय समीक्षा पूरी की गई और उनकी रिपोर्ट बैंकों को जारी की गई उक्त अवधि के दौरान 9 सरकारी क्षेत्र के बैंकों 9 निजी क्षेत्र के बैंकों और 6 विदेशी बैंकों के वित्तीय निरीक्षण भी पूरे किए गए।

बैंकों का पूंजीगत आधार

13.19 राष्ट्रीयकृत बैंकों का पूंजीगत आधार बढ़ाने के लिए 1988-89 के दौरान भारत सरकार ने 200 करोड़ रुपये का अंशदान दिया। इस अंशदान के साथ 1985 से इस योजना के अंतर्गत कुल अंशदान 1,200 करोड़ रुपये हुआ है। अतिरिक्त पूंजी जुटाकर तथा प्रारक्षित निधि बढ़ाकर निजी क्षेत्र के बैंकों की स्वाधिकृत निधियों को मजबूत करने संबंधी उपाय जारी हैं।

विवेकपूर्ण पर्यवेक्षण

13.20 बैंकों के कार्यनिष्पादन का समालोचन और अनुवर्तन स्थानीय निरीक्षण का एक प्रमुख साधन बने रहे। साथ ही आलोच्य वर्ष के दौरान विवेक पूर्ण पर्यवेक्षण को और प्रभावी बनाने के लिये अनेक कदम उठाये गये। अंतर्राष्ट्रीय गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए जोखिम आस्तियों और तुलनपत्र से इतर कारोबार के संदर्भ में पूंजीगत पर्याप्त संबंधी उपयुक्त मानदण्डों के विषय में प्रस्ताव विचाराधीन हैं। जैसाकि इस रिपोर्ट के भाग 1 में बताया गया है, व्यक्तिगत और सामूहिक जोखिम के संबंध में मानदंड निर्धारित करके घरेलू क्षेत्र के जोखिम अभि-मुखता के प्रबंधन के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किये गए

हैं जिनमें स्वाधिकृत निधि को देखते हुये निधिकृत और गैरनिधिकृत दोनों सीमाएं शामिल की गयी हैं। बैंकों के विदेशी परिचालनों के संबंध में इस प्रकार के मानदंड पहले से हैं। प्रचलित हैं अच्छी सत्य स्थिति संबंधी कोडिंग (हैल्थ कोडिंग) पर आधारित अनिष्पादक ऋणों की मान्यता के संबंध में उपयुक्त मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किये गये हैं और इस प्रकार वर्गीकृत ऋणों पर आवक ब्याज को आय में शामिल न करने की सूचना बैंकों को दी चुकी है बैंकों की लेखांकन नीतियों की स्पष्टता और व्यवहारिकता की आवश्यकता पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

बैंकों द्वारा वित्तीय विविधीकरण

13.21 अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय बाजारों की गतिविधियों के अनुरूप भारत के बैंकों ने भी अपनी गतिविधियों का विविधीकरण किया है ये गतिविधियां इस प्रकार हैं—मर्चेंट बैंकिंग पट्टेदारी बिल आवास वित्त उद्यम पूंजी इत्यादि रिजर्व बैंक के अनुमोदन से उपकरण पट्टेदार तथा मर्चेंट बैंकिंग सहयोगी संस्थाएं (सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा 5 और निजी क्षेत्र के बैंकों द्वारा एक) स्थापित की गयी। केवल आवास वित्त प्रदान करने के लिए और तीन सहयोगी संस्थाएं स्थापित की गयीं। शेयर समाशोधन और स्टाकधारिता सेवा प्रदान करने के लिए रिजर्व बैंक ने सरकारी क्षेत्र के एक बैंक को बम्बई शेयर बाजार के साथ संयुक्त रूप से एक सहयोगी संस्था स्थापित करने की अनुमति दी सरकारी क्षेत्र के दो बैंकों ने भी पारस्परिक निधि (म्यूचुअल फंड की) स्थापना की बैंकों द्वारा स्थापित म्यूच्यूअल फंड के सुचारु संचालन को सुनिश्चित करने तथा निवेशक के विश्वास को बनाये रखने के लिए रिजर्व बैंक ने इन म्यूचुअल फंड व्यवसाय के महत्वपूर्ण पहलुओं पर विस्तृत मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किए। बैंकों की सहयोगी संस्थाओं की भी निरीक्षणीय पर्यवेक्षण की व्याप्ति को लाने के प्रश्न पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

वाणिज्य बैंकों के लेखा-वर्ष में परिवर्तन—बैंकिंग उद्योग में मशीनीकरण / कम्प्यूटरीकरण

13.21 बैंकिंग सार्वजनिक वित्तीय संस्थाओं की संबंधित संविधियों तथा परिक्राम्य लिखत कानून (संशोधन) अधिनियम, 1988 में हुए संशोधनों के अनुसरण में वाणिज्य बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के लेखा वर्ष कैलेण्डर वर्ष से बदलकर अप्रैल मार्च कर दिया गया।

13.23 अप्रैल 1989 के अंत में सरकारी क्षेत्र के बैंकों द्वारा अपनी शाखाओं में लगायी गयी एडवान्स्ड लेजर पोस्टिंग मशीनों (ए.एल.पी.एम.) की संख्या 4,364 थी। इनमें से 3,977 मशीनों का परिचालन प्रारंभ हो गया है। अप्रैल 1985 के अंत तक इन बैंकों ने अपने क्षेत्रीय / आंचलिक कार्यालयों में 218 मिनी कम्प्यूटर प्रणालियों की स्थापना की। 1 मार्च 1989 के अंत तक इसके प्रधान कार्यालयों में 5 मैन फ्रेम कम्प्यूटर प्रणालियों की स्थापना करने का प्रस्ताव था। परंतु उनके लिए उपयुक्त स्थान तैयार करने और अन्य संबद्ध समस्याओं के कारण केवल दो बैंकों ने इस प्रणाली की स्थापना की। एक अंतर बैंक दल अग्रणी बैंक योजना निगरानी और सरकारी खाता समन्वयन इन दो क्षेत्रों के लिए मानकीकृत साफ्टवेयर विकसित कर रहा है मशीनीकरण/कम्प्यूटरीकरण के क्षेत्र में लगभग 34,000 बैंक कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया।

13.24 रिजर्व बैंक ने अपने एक गवर्नर की अध्यक्षता में एक समिति का गठन किया है। इस समिति का उद्देश्य 1990 से 1994 तक की पांच वर्ष की अवधि के लिए बैंकिंग उद्योग के कम्प्यूटरीकरण की संभावित योजना तैयार करना है और अब तक की गयी प्रगति तथा भावी आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर अन्य संबद्ध मामलों पर विचार करना है। आशा है कि यह समिति शीघ्र ही अपनी रिपोर्ट को अंतिम रूप दे। देगी रिजर्व बैंक "बैंक नेट" की स्थापना की दिशा में सक्रिय है। यह बैंक नेट बैंकिंग उद्योग के लिए समर्पित संप्रेषण नेटवर्क होगा। बैंकों की आवश्यकता का जायजा लेने के साथ ही बैंक नेट चरण I को तेजी से कार्यान्वित करने के उद्देश्य से उपयोगकर्ता बैंकों के कार्यकलापों में समन्वय स्थापित करने के लिए एक उपयोगकर्ता दल का गठन किया गया है। रिजर्व बैंक सहित भारत के 37 बैंकों को विश्वस्तरीय अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय दूर संचार समिति (स्विफट) के सदस्यों के रूप में स्वीकार किया गया है। यह समिति ब्रसेल्स, बेल्जियम की एक सहकारी समिति है। बम्बई में स्विफट" का क्षेत्रीय संसाधक (रीजनल प्रोसेसर) लगाने की तैयारी चल रही है यह संसाधक एक अंतर्राष्ट्रीय प्रवेश द्वार की तरह कार्य करेगा। रिजर्व बैंक और भारतीय बैंक संघ द्वारा "स्विफट" निर्देशों के अनुरूप संदेश फार्मेट को मानकीकृत किया जा रहा है।

चेक समाशोधन का कम्प्यूटरीकरण

13.26 रिजर्व बैंक द्वारा बम्बई, मद्रास, नयी दिल्ली और कलकत्ता क्रमश: जून 1987, जुलाई, 1987 मार्च, 1988 और मई 1989 से स्थानीय और अंतर शहरी चेकों के संसाधन के लिए द्रुतगामी पृथक्कीकरण प्रणाली (हाई स्पीड रीडर सार्टर सिस्टम) के शुभारंभ के साथ मैग्नेटिक इंक कैरेक्टर रिकग्नीशन (माइकर) प्रौद्योगिकी का प्रयोग करते हुए मशीनीकृत चेक समाशोधन का प्रथम चरण पूर्ण हुआ। अहमदाबाद, बंगलूर, हैदराबाद और कानपुर के अतिरिक्त अब नागपुर में भी समाशोधन गृह के भुगतान परिचालनों का कम्प्यूटरीकरण कर दिया गया है मीडियम स्पीड रीडर सार्टरों का उपयोग करके जयपुर और गोहाटी में समाशोधन गृह के भुगतान परिचालनों का कंप्यूटरीकरण करने की व्यवस्था की जा रही है।

13.27 आलोच्य वर्ष के दौरान बम्बई, नई दिल्ली, कलकत्ता और मद्रास समाशोधन गृहों में बाहरी माइकर चेकों का राष्ट्रीय स्तर पर समाशोधन चालू हो गया है इसके अतिरिक्त उक्त चार महानगरीय केन्द्रों में स्थित बैंकों पर आहरित बाहरी माइकर चेकों का एकतरफा समाशोधन अहमदाबाद, बंगलूर और हैदराबाद में पहले से ही चल रहा है। यह प्रणाली मई 1989 से नागपुर में भी प्रारंभ हो गयी है।

13.28 मद्रास और बम्बई में 1 लाख रुपये से अधिक की राशि के चेकों का विशेष समाशोधन प्रारम्भ किया गया। इसके परिणामस्वरूप अब अधिक मूल्य के चेकों को उसी दिन ग्राहकों के खातों में जमा करना संभव हो गया है।

ऋण निगरानी व्यवस्था

13.29 इस रिपोर्ट के भाग I में बताया गया है कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों द्वारा सीमा से अधिक कार्यशील पूंजी की सीमाओं वाले ऋणों को मंजूर करने के लिए ऋण प्राधिकरण योजना के अंतर्गत रिजर्व बैंक से पूर्व प्राधिकरण प्राप्त कर करने की प्रणाली को 10 अक्तूबर 1988 से समाप्त किया गया है। फिर भी मूल वित्तीय अनुशासन का निर्बाध पालन सुनिश्चित करने के लिए यह निर्णय किया गया है कि बैंकिंग तंत्र से प्राप्त होने वाले 5 करोड़ रुपये से अधिक कुल कार्यशील पूंजी सीमाओं वाले प्रस्तावों की मंजूरी प्रदान करने के पश्चात् रिजर्व बैंक द्वारा जांच की जायेगी। जहां तक मीयादी ऋणों का प्रश्न है, उन प्रस्तावों में बैंकों का हिस्सा 2 करोड़ रुपये से अधिक है उन सभी प्रस्तावों की मंजूरी प्रदान करने के उपरांत जांच की जायेगी जो बैंक इस मूल वित्तीय अनुशासन को लागू नहीं करता उसे

रिजर्व बैंक अनुदेश देकर निर्धारित सीमा से अधिक के मामले पूर्व प्राधिकरण के लिए भेजने को कह सकता है इस बदते हुए संदर्भ में उस योजना का नाम बदल कर "ऋण निगरानी व्यवस्था" (क्रेडिट मानिटरिंग अरेंजमेण्ट) (सी.एम. एफ.) कर दिया गया है।

13.30 बैंकों को यह सूचित किया गया है कि इस समय ऋण देने के जिन मानदंडों का पालन किया जा रहा है उनमें कोई परिवर्तन नहीं किया गया है बैंकों द्वारा कार्यशील पूंजी की आवश्यकता का निर्धारण मूल वित्तीय अनुशासन के मानदंडों के अनुरूप होना चाहिए। ये मानदंड इस प्रकार हैं:—(i) बिक्री प्रभार्य चालू आस्तियों और चालू देयताओं (बैंक उधारों से इतर) और शुद्ध कार्यशील पूंजी अ अनुमानों प्रक्कलनों का औचित्य; (ii) रिजर्व बैंक द्वारा जारी किये गये सिद्धान्तों के अनुरूप चालू आस्तियों और चालू देयताओं का वर्गीकरण (iii) कुछ छूट प्राप्त वर्गों को 1.33:1 को छोड़कर न्यूनतम चालू अनुपात बनाए रखना;

(iv) तिमाही चालू विवरणों का अविलंब प्रस्तुतीकरण और (v) वार्षिक लेखे अविलंब प्रस्तुत करने संबंधी प्रत्येक ऋणकर्ता द्वारा वचनपत्र और जिन मामलों में ऋण सीमाओं का प्रश्न शामिल नहीं है उनकी भी संबंधित बैंक द्वारा नियमित वार्षिक समीक्षा करना।

13.31 बैंकों को सूचित किया गया है कि औद्योगिक इकाइयों की स्वीकृत मीयादी ऋण वित्तीय स्रोतों के आवंटन पर भारत सरकार द्वारा बनाए गए मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुसार होना चाहिए, और मीयादी ऋण चाहे वह ऋण के रूप में दिया गया हो, या गारंटी/स्वीकृतियों के रूप में हों जिन्हें प्रायः बजट साधनों से वित्तपोषित किया गया हो, आंतरिक सुविधा संबंधी गतिविधियों के लिए उपलब्ध नहीं कराया जाना चाहिए।

13.32 ऋण प्राधिकरण योजना/ऋण निगरानी व्यवस्था के अंतर्गत निर्धारित ऋण सीमावाली पार्टियों की संख्या मार्च 1989 में बढ़कर 931 हो गई जबकि मार्च 1988 के अंत में यह संख्या 712 थी। इन 931 पार्टियों के संबंध में लागू कुल ऋण सीमा मार्च 1989 के अंत में 22,857 करोड़ रुपया हो गई जबकि मार्च 1988 के अंत में यह राशि 20,936 करोड़ रुपये थी। मार्च 1989 के अंत में कुल ऋण सीमाओं में सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों का भाग 85.5 प्रतिशत अर्थात् 11,106 करोड़ रुपये था मार्च 1989 के अंत में लागू कुल सीमाओं की सुविधावार वितरण पद्धति कार्यकारी पूंजी के प्रयोजनों के लिए (जिसमें पैकिंग ऋण और बिल सम्मिलित हैं) 92.7 प्रतिशत मीयादी बिल के लिए 6.3 प्रतिशत तथा आस्थगित अदायगी आधार पर मशीनरी की बिक्री के लिए 1.0 प्रतिशत थी।

वस्तुसूची/प्राप्य माल संबंधी मानदंडों में संशोधन

13.33 निदेश समिति की सिफारिशों के आधार पर अतिरिक्त माल के मानदंडों को संशोधित किया गया और संशोधित मानदंडों की सूचना दिसम्बर 1988 में बैंकों को दी गयी। वस्तु सूची के भाग के रूप में हिसाब में लेने के बजाय उसे उपभोग के स्तर पर ही निश्चित कर दिया गया अर्थात् देश में बने माल के लिए 9 महीनों के उपभोग बराबर तक तथा आयातित अतिरिक्त माल के लिए 12 महीनों के उपभोग के बराबर तक निदेश समिति की उपसमिति के कागज उद्योग के मामलों पर विचार किया। इस उपसमिति की सिफारिशों के आधार पर दिसम्बर 1988 में कागज उद्योग से संबंधित माल संचय और प्राप्य माल के मानदंडों में संशोधन किया गया उसके अतिरिक्त हीरा उद्योग और आटा मिलों संबंधित मानदंडों में भी संशोधन किया गया; यह संशोधन संबंधित उद्योगों से प्राप्त प्रतिवेदनों और प्रचलित बाजार परिस्थितियों को देखते हुये किया गया।

13.34 टंडन समिति ने प्रमुख 15 उद्योगों के संबंध में मानदंड निश्चित किये थे। बदली हुई बाजार परिस्थितियों के संदर्भ में निदेश समिति ने उनकी उपादेयता की लगातार समीक्षा की और उनमें से अधिकतर उद्योगों के मानदंडों में संशोधन किया इसके अतिरिक्त वस्त्र उद्योग; इंजीनियरी और रसायन जैसे उद्योगों को उनकी विशिष्टताओं को देखते हुये उप समूहों में विभाजित किया गया तथा उनमें से प्रत्येक के लिए मानदंड निर्धारित किये गये। 45 उप समूहों के लिए वस्तुसूची और प्राप्य माल के संबंध में मानदंड निर्धारित किये गये।

सहायता संघ द्वारा ऋण

13.35 बैंकों से इस आशय के प्रतिवेदन प्राप्त हुए थे कि 50 करोड़ रुपये तक की ऋण सीमाओं के संबंध में सहायता संघ में शामिल होने वाले बैंकों की संख्या केवल पांच तक सीमित रखने से कुछ परिचालनगत समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं। इन प्रतिवेदनों के अनुसरण में यह निश्चय किया गया कि 10 अक्टूबर, 1988 से औपचारिक सहायता संघ व्यवस्था में शामिल होने वाले बैंकों की संख्या लगभग 10 तक सीमित रखनी चाहिए, इसके लिए ऋण सीमाओं को ध्यान में नहीं रखा जायेगा।

सहायता संघीय आधार पर बैंकों द्वारा ऋण देने के लिए एकल स्रोत संकल्पना

13.36 सहायता संघीय वित्त पोषण व्यवस्थाओं के अंतर्गत दिन-प्रतिदिन संवितरण और वसूलियों के लिए एक स्रोत दृष्टिकोण के अनुपालन में आयी कठिनाइयों की जांच करने के लिये रिजर्व बैंक और वाणिज्यिक बैंकों के पदाधिकारियों को लेकर गठित की गयी समिति ने "एकल स्रोत दृष्टिकोण" की सिफारिश केवल प्रलेखीकरण और प्रथम संवितरण के लिए ही की थी। इस समिति की सिफारिशों का अनुसरण करते हुए बैंकों को अगस्त 1988 में यह सूचित किया गया कि सभी सहायता संघीय व्यवस्थाओं में उधारकर्ताओं की प्रारम्भिक निधि संबंधी आवश्यकताओं को अग्रणी बैंक द्वारा पूरा किया जाना चाहिए और उसके बाद उसे सदस्य बैंकों से उसकी आनुपातिक प्रतिपूर्ति प्राप्त करनी चाहिए।

आवास वित्त

13.37 जुलाई 1988 में राष्ट्रीय आवास बैंक की स्थापना ने आवास वित्त को गति प्रदान की है अक्टूबर 1988 में घोषित आवास वित्त से संबंधित नीति गत उपायों की इस रिपोर्ट के पहले भाग में समीक्षा की गयी है। नवम्बर 1988 में रिजर्व बैंक ने अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों द्वारा आवास वित्त पर व्यापक संशोधित मार्गदर्शी सिद्धान्त जारी किये थे। अक्तूबर 1988 के नीति संबंधी परिवर्तनों को लागू करने के अलावा संशोधित मार्ग दर्शी सिद्धान्तों की मुख्य-मुख्य बातें निम्नलिखित हैं:—

(i) अलग-अलग व्यक्तियों को बैंक ऋण को 3 लाख रुपये तक की अनुमति दी गयी,

(ii) यदि आवास ऋण के लिए सम्पत्ति/सरकारी गारंटी को दृष्टिबंधक रखना व्यवहार्य न हो, तो बैंक जीवन बीमा निगम की पालिसी, सरकारी वचन पत्र, शेयर और डिबेंचर, या अन्य किसी उपयुक्त प्रतिभूति को स्वीकार कर सकते हैं।

(iii) बैंक मकान मालिक को मकान की मरम्मत, उसमें अतिरिक्त निर्माण आदि के लिए आवश्यकतानुसार ऋण प्रदान कर सकते हैं, भले ही उसमें मकान मालिक स्वयं रहता हो अथवा उसका किरायेदार।

(iv) बैंक सार्वजनिक एजेंसियों को भी भूमि खरीदने और उसका विकास करने के लिए वित्त प्रदान कर सकते हैं, बशर्ते कि यह एक ऐसी पूरी परियोजना का भाग हो जिसमें आन्तरिक सुविधाएं जैसे जल आपूर्ति पद्धति, जल निकासी, सड़क, बिजली की व्यवस्था आदि भी सम्मिलित हैं।

(v) बैंक आवास-वित्त संस्थाओं को एक निर्धारित स्तर तक मीयादी ऋण मंजूर कर सकते हैं, जिसके लिए उनके दीर्घावधिक ऋण ईक्विटी अनुपात पिछला रिकार्ड, वसूली की स्थिति तथा अन्य संबंधित तथ्यों को ध्यान में रखना होगा।

(vi) बैंक वाणिज्यिक शर्तों पर (अर्थात् 16 प्रतिशत वार्षिक की न्यूनतम दर पर) प्राईवेट बिल्डरों को मांग ऋण के माध्यम से, जो कि प्रत्येक विशिष्ट परियोजना से संबद्ध हो, अधिकतम 18 महीनों के लिए ऋण दे सकते हैं, बशर्ते कि उसके लिये सामान्य सुरक्षोपाय किये गये हों और यथोचित जमानत ले ली गयी हो।

13.38 बैंकिंग तन्त्र द्वारा आवास वित्त के लिए उपलब्ध करायी जाने वाली निर्धारित मात्रा 1988 के 225 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 1989 के लिए 300 करोड़ रुपये कर दी गयी। उनके लेखा वर्ष में हुये परिवर्तन को ध्यान में रखते हुए बैंकों को यह सूचित किया गया कि वे मार्च 1990 को समाप्त वर्ष के लिए आवास वित्त के अपने-अपने भाग की गणना पूर्ववर्ती 12 महीनों के दौरान अपनी वृद्धिशील जमाराशियों के 1.5 प्रतिशत की दर से करें। इस प्रकार 1989-90 के दौरान आवास वित्त के रूप में उधार देने के लिए 385 करोड़ रुपये की राशि उपलब्ध होने की सम्भावना है। यदि कोई बैंक अपने स्रोतों की स्थिति देखते हुए सांविधिक प्रारक्षित अपेक्षाओं के अनुपालन के पश्चात् आवास वित्त अपनी वृद्धिशील जमाराशियों के 1.5 प्रतिशत से अधिक एक तर्कसम्मत सीमा तक रखना चाहे तो इसमें कोई आपत्ति नहीं है।

राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा उपलब्ध कराया गया पुनर्वित्त इसके अतिरिक्त तथा चालू आबंटन से भिन्न होगा।

13.39 हिताधिकारियों को सीधे उधार दिये गये आवास वित्त के भाग को बढ़ाने की दृष्टि से निम्नलिखित उपलक्ष्य निर्धारित किये गये हैं:

(i) आबंटन की कम से कम 30 प्रतिशत राशि सीधे उधार देने के लिए सुरक्षित रखी जाये। इसमें से आधा भाग (कुल आबंटन का 15 प्रतिशत) ग्रामीण और अर्ध शहरी क्षेत्रों में बांटा जाये। (ii) आबंटन का शेष 30 प्रतिशत आवास वित्त कम्पनियों, आवास बोर्डों और अन्य सार्वजनिक आवास एजेंसियों को मीयादी ऋण देकर बांटा जाए, तथा (iii) आबंटन का शेष 40 प्रतिशत राष्ट्रीय आवास बैंक तथा आवास एवं शहरी विकास निगम के गारंटी बांडों और डिबेंचरों में अभिदान के रूप में उपलब्ध कराया जाये।

13.40 जून 1988 की समाप्ति पर कुल आवास वित्त के रूप में अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की 885 करोड़ रुपए की राशि बकाया थी। इसमें से 65 करोड़ रुपये की राशि (7.4 प्रतिशत) अलग-अलग व्यक्तियों तथा व्यक्तियों के समूहों जैसे सहकारी सोसाइटियों को प्रत्यक्ष दी गयी थी तथा शेष 820 करोड़ रुपये (92.6 प्रतिशत) की राशि से अप्रत्यक्ष वित्त पोषण किया गया था या तो आवास वित्त संस्थाओं को ऋण के रूप में दी गयी या हुडको और राज्य आवासीय बोर्डों के बांडों में उसका निवेश किया गया।

निर्यात ऋण

13.41 (भाग में संबंधित) 50 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों से संबंधित आकड़े जो कि बैंक ऋण का लगभग 95 प्रतिशत बनता है, यह दर्शाते हैं कि उनके बकाया निर्यात ऋण मार्च 1988 की समाप्ति पर 3,917 करोड़ रुपये से 55.8 प्रतिशत बढ़कर मार्च 1989 के अंत में 6,142 करोड़ रुपए हो गए। इन 50 बैंकों के संबंध में बकाया निर्यात ऋण कुल बैंक ऋण का मार्च, 1988 के अंत में 5.9 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 1989 के अंत में 7.7 प्रतिशत हो गया।

राष्ट्रीय आवास बैंक

13.42 राष्ट्रीय आवास बैंक 9 जुलाई, 1988 को 100 करोड़ रुपये की प्रारम्भिक शेयर पूंजी के साथ, जिसका अंशदान पूर्णतः रिजर्व बैंक द्वारा किया गया था, स्थापित हुआ था। 1988-89 के दौरान राष्ट्रीय आवास बैंक ने 11.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज वाले 20 करोड़ रुपये के बांड जारी किये। आवास बैंक को रिजर्व बैंक ने 50 करोड़ रुपये का दीर्घावधि ऋण मंजूर किया था।

13.43 मकान लेने के लिए बचतों को बढ़ाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय आवास बैंक ने "गृह ऋण खाता योजना" नाम की नयी योजना अनुसूचित बैंकों के सहयोग से शुरू की है। इस योजना की घोषणा केन्द्रीय वित्त मंत्री ने 1989-90 का केन्द्र सरकार का बजट प्रस्तुत करते समय की थी। इस बचत योजना के लिए न्यूनतम अंशदान 30 रुपये प्रतिमाह या 360 रुपये प्रतिवर्ष निर्धारित किया गया। इन बचतों पर 10 प्रतिशत वार्षिक का ब्याज अर्जित होगा। कोई भी व्यक्ति जिसका भारत में कहीं भी कोई घर नहीं है, इस योजना में सम्मिलित होने का पात्र होगा। कम से कम 5 वर्ष तक बचत करने के पश्चात् इसका कोई सदस्य ब्याज सहित संचित बचत की राशि के गुणजों के बराबर की राशि का ऋण लेने का पात्र हो जाएगा। इस योजना को आकर्षक बनाने के उद्देश्य से कुछ राजकोषीय रियायतें दी गयी हैं। राष्ट्रीय आवास बैंक के गृह ऋण खाता योजना में की गयी बचत आयकर अधिनियम की धारा 80 ग के अन्तर्गत सकल आय से कटौती की पात्र होगी। इसी प्रकार आवास ऋण की अधिकतम 10,000 रुपये वार्षिक तक की चुकौती भी धारा 80 ग के अंतर्गत कटौती की पात्र होगी। इसके अलावा आवास ऋण खाता योजना के अन्तर्गत किये गये निवेशों पर धन कर अधिनियम की धारा 5 के अन्तर्गत 5 लाख रुपये की उच्चतम सीमा तक धन कर से छूट प्राप्त होगी।

13.44 राष्ट्रीय आवास बैंक की दूसरी प्रमुख पहल, जो कि स्थानीय और क्षेत्रीय दोनों स्तरों पर आवास वित्त संस्थाओं को संवर्धित करने तथा ऐसी संस्थाओं को वित्तीय तथा अन्य समर्थन उपलब्ध कराने के लिए प्रधान एजेंसी के रूप में कार्य करने के लिए आवास बैंक को महत्वपूर्ण बनाती है, वह है निजी और संयुक्त क्षेत्रों में आवास वित्त कम्पनियों के गठन के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धान्तों का निर्माण। ये मार्गदर्शी सिद्धांत यह शर्त लगाते हैं कि किसी आवास वित्त कम्पनी के पास कम से 1 करोड़ रुपए की प्रदत्त पूंजी होनी चाहिए और यह कि शेयर पूंजी का कम से 30 प्रतिशत भाग किसी अनुसूचित बैंक, अथवा किसी सार्वजनिक वित्तीय संस्था अथवा किसी राज्य सरकार या राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा अनुमोदित किसी आवास वित्त कम्पनी का होना चाहिए। इसके कम से कम दो निदेशक बैंकिंग/वित्तीय संस्थाओं से होने चाहिए। ऐसा न होने पर राष्ट्रीय आवास बैंक को दो निदेशक नामित करने का अधिकार होगा। किसी आवास वित्त कम्पनी के कुल उधारों जो उस कम्पनी की शुद्ध स्वाधिकृत निधियों के गुणज में होगी, जमा राशियों की परिपक्वता पद्धति, जमा राशियों पर देय ब्याज दर, तथा आवास से इतर प्रयोजनों के लिए कोई आवास वित्त कम्पनी जो कुल उधार दे सकती है, की भी सीमायें बांध दी गयी हैं। मार्गदर्शी सिद्धान्तों में राष्ट्रीय आवास बैंक को नियामक और संवर्धनात्मक भूमिकाओं में संतुलन बनाए रखने पर जोर दिया गया है, क्योंकि इसका उद्देश्य एक ऐसे वातावरण का निर्माण करना है जिसमें आवास वित्त संस्थाएं स्वस्थ आधार पर बढ़ सकें।

13.45 राष्ट्रीय आवास बैंक ने अनुसूचित वाणिज्य बैंकों और आवास वित्त कम्पनियों द्वारा दिये जाने वाले आवास ऋणों के संबंध में

एक पुनर्वित्त योजना की भी घोषणा की है। अनुसूचित वाणिज्य बैंकों को केवल अलग-अलग व्यक्तियों या उधारकर्ताओं के समूहों को (सहकारी समितियों सहित वे भले ही औपचारिक हों या अनौपचारिक) सीधे दिए गये उधारों के संबंध में ही पुनर्वित्त उपलब्ध कराया जायगा। बैंकों द्वारा प्रायोजित क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के माध्यम से दिलाया गया आवास वित्त प्रायोजक बैंकों का "प्रत्यक्ष उधार" माना जायेगा। निर्धारित प्रत्यक्ष ऋण की शत-प्रतिशत सीमा तक पुनर्वित्त प्रदान किया जायेगा और यह उस आवास ऋण के अतिरिक्त और उससे अलग होगा जो रिजर्व बैंक द्वारा निर्धारित आवास के लिए वार्षिक ऋण आबंटन की सीमा के अन्तर्गत मंजूर किया गया हो तथा पांच हजार रुपये तक के उन आवास ऋणों के भी अलावा होगा जो अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के व्यक्तियों को 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की रियायती दर पर दिये गये हों। किसी भी हालत में पुनर्वित्त की कुल राशि अतिदेयों को छोड़कर पात्र श्रेणियों को दिये गये ऋणों की बकाया राशि से अधिक नहीं होगी। बैंकों के लिए पुनर्वित्त 15 वर्ष के लिये उपलब्ध है। भले ही अलग-अलग मामलों में उनकी चुकौती की वास्तविक अवधि अथवा उनके द्वारा दी गई चुकौती के लिए स्थगन अवधि कुछ भी क्यों न हो। बैंकों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे रिजर्व बैंक के मार्गदर्शी सिद्धांतों में दिये गये अनुसार 15 वर्ष की चुकौती अनुसूची की शर्तें लगाएंगे। राष्ट्रीय आवास बैंक ने एक पुनर्वित्त योजना शुरु की है जो ऐसी आवास वित्त कंपनियों पर लागू होती है जो कि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों के संबंध में लागू पुनर्वित्त योजना के समानान्तर चलती है। केवल वही आवास वित्त कम्पनियों पुनर्वित्त की पात्र हैं जो राष्ट्रीय आवास बैंक के मार्गदर्शी सिद्धांतों का पालन करती है। आवास वित्त कंपनियों से यह भी अपेक्षा की गयी है कि वे ब्याज की दरों के संबंध में रिजर्व बैंक की शर्तों का पूर्णतः पालन करें। शहरी क्षेत्रों में आवास वित्त कम्पनियां 40 स्क्वेयर मीटर तक के आवास को बनाने के लिये दिये गये एक लाख रुपये तक के ऋणों के संबंध में पुनर्वित्त के पात्र होंगे। परन्तु पुनर्वित्त की यह राशि केवल 50 हजार रुपये तक ही सीमित होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में 40 स्क्वेयर मीटर की क्षेत्र संबंधी सीमा में ऋण देनेवाली आवास वित्त कम्पनियों द्वारा अपने विवेकानुसार ढील दी जा सकती है—बशर्ते उक्त आवास ऋण लागत 65 हजार रुपये से अधिक न हो। आवास वित्त कंपनियों को पुनर्वित्त बीस वर्ष की अवधि के लिए उपलब्ध होगा, भले ही वास्तविक चुकौती की निर्धारित अवधि अथवा मंजूर की गयी स्थगन अवधि कितनी ही क्यों न हो।

13.46 अनुसूचित वाणिज्य बैंकों और आवास वित्त कम्पनियों के संबंध में पुनर्वित्त योजना 1 जनवरी, 1989 से लागू हो गयी है और तब से मंजूर किये गये निर्दिष्ट आवास ऋण उक्त योजना के अन्तर्गत आते हैं।

13.47 इस वर्ष के दौरान "अमरीकी सहायता" ने एक ऐसा कार्यक्रम अनुमोदित किया है जो अमरीकी सरकार की आवास गारंटी कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय आवास बैंक को 50 मिलियन अमरीकी डालर की ऋण गारंटी प्रदान करेगा। (अमेरिका के) इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विकासशील देश अमरीकी पूंजी बाजार से ऋण ले सकते हैं जिसके लिए 30 वर्ष की अवधि के लिए अमरीकी सरकार की गारंटी होगी।

13.48 आवास के लिए वित्तीय स्रोतों को जुटाने के अलावा राष्ट्रीय आवास बैंक ने आवास निर्माण के लिये वास्तविक स्रोत बढ़ाने के लिये भी कदम उठाये हैं। इस उद्देश्यों के लिये राष्ट्रीय आवास बैंक ने भूमि विकास की परियोजनाओं को वित्तपोषित करने के लिए मार्गदर्शी सिद्धान्त बनाये हैं। राष्ट्रीय आवास बैंक स्थानीय स्थितियों, तकनीकी व्यावहारिकताओं तथा विभिन्न आय समूहों के व्यक्तियों की अदायगी क्षमता को ध्यान में रखते हुए किसी भूमि विकास परियोजना का मूल्यांकन करेगा,– क्योंकि यह एक समन्वित योजना है अर्थात इसमें भूमि का अधिग्रहण तथा उसमें आंशिक सुविधाएं जुटाना सम्मिलित हैं। इसके लिए धन बाजार में प्रचलित ब्याज दर पर मियादी ऋणों के रूप में उपलब्ध कराया जाये। समय पर कार्य का निष्पादन सुनिश्चित करने के लिए राष्ट्रीय आवास बैंक निर्धारित समय से अधिक अवधि के लिए उच्चतर ब्याज दर वसूल करेगा। सामान्यतया भूमि के विकास और मकानों के निर्माण के लिए भू-खण्ड उपलब्ध कराने के वास्ते दो वर्ष तक की अवधि निर्धारित की गयी है।

13.49 राष्ट्रीय आवास बैंक ने उन उद्योगों को भी पूरी सहायता देने का प्रस्ताव किया है जो भवन निर्माण सामग्री की आपूर्ति करते हैं तथा/अथवा कम लागत के मकानों के निर्माण की ओर अग्रसर हैं। कुछ ऐसी गतिविधियां जिन्हें राष्ट्रीय आवास बैंक का समर्थन मिलेगा वे निम्नलिखित के उत्पादन और प्रयोग से संबंधित हैं (क) स्थानीय रूप से तैयार की गयी कम लागत की भवन निर्माण संबंधी सामग्री तथा निर्माण संबंधी उपकरण, (ख) मानकीकृत भवन निर्माण सामग्री और उपकरण, (ग) कृषि और उद्योगों के अवशिष्टों का प्रयोग करके तैयार की गयी भवन निर्माण सामग्री और उपकरण, (घ) ऐसी भवन निर्माण सामग्री और उपकरण जो लकड़ी जैसी कम मात्रा में उपलब्ध स्रोतों के प्रयोग के स्थान पर काम में लाये जा सकते हों अथवा उसे काफी मात्रा में कम कर सकते हों, (ङ) कम ऊर्जा की खपत वाली भवन निर्माण सामग्री और उपकरण।

रुग्ण औद्योगिक उपक्रम

13.50 बैंकों को निम्नलिखित के संबंध में मार्गदर्शी सिद्धांत जारी किये गये थे (i) वह अवधि के लिए किसी इकाई को एक से अधिक पैकेज होने की स्थिति में रियायतें मंजूर की जा सकती हैं, (ii) रुग्ण/कमजोर इकाइयों की सूचियों से औद्योगिक इकाइयों को हटाना, तथा (iii) बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा ब्याज वसूल करने के लिए एकसमान दृष्टिकोण आवश्यकता/गैर लघु-औद्योगिक "कमजोर" औद्योगिक इकाई की परिभाषा भी संशोधित कर दी गयी है क्योंकि यह देखा गया था कि "कमजोर" इकाइयों की परिभाषा में चालू अनुपात और नकदी की हानि से संबंधित मानदण्ड, इकाइयों के पुनर्जीवन के लिए उचित समय पर कदम उठाने के वास्ते उनकी पहचान करने में सहायक होने की अपेक्षा बाधक सिद्ध हो रहे हैं। संशोधित परिभाषा के अनुसार उस इकाई को कमजोर माना जायेगा जिसे किसी लेखा वर्ष की समाप्ति पर तुरंत पहले के पांच वर्षों में इसके सर्वोच्च शुद्ध हैसियत के बराबर या उसके 50 प्रतिशत से अधिक की संचित हानि हुई हो।

"कमजोर" इकाइयों के इस वर्गीकरण में औद्योगिक इकाइयों की सभी श्रेणियां आ जाती हैं। ऐसी इकाइयां भी जो रुग्ण औद्योगिक कम्पनी (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1985 के क्षेत्र में नहीं आती इस श्रेणी के अन्तर्गत आ जाती हैं। साथ ही रिजर्व बैंक ने यह अनुदेश जारी किया है कि कोई भी अकेली एजेंसी किसी इकाई को दी गयी राहतों को तब तक एकपक्षीय रूप में समाप्त नहीं कर सकती, जब तक कि सभी संबंधित पक्ष ऐसा करने के लिए सहमत न हो गये हों।

13.51 दिसम्बर 1987 की समाप्ति पर अनन्तिम आंकड़ों के अनुसार (रुग्ण औद्योगिक कम्पनी अधिनियम द्वारा यथा परिभाषित) बैंक द्वारा निर्दिष्ट गैर लघु औद्योगिक इकाइयों की कुल सं. 1119 थी, जिनके पास 2802 करोड़ रुपये का बैंक ऋण बकाया था। इन 119 इकाइयों में से 905 इकाइयों के संबंध में सक्षमता संबंधी अध्ययन पूरे किये गये और 343 इकाइयों को सक्षम माना गया। सक्षम मानी गयी 343 इकाइयों में से 223 इकाइयों को बैंकों द्वारा पोषण कार्यक्रमों के अंतर्गत रखा गया। ऐसी गैर लघु उद्योग इकाइयों की कुल संख्या जो बैंकों द्वारा "कमजोर" मानी गयी परन्तु रुग्ण औद्योगिक कम्पनी अधिनियम के अंतर्गत नहीं मानी थी, दिसम्बर 1987 के अंत तक 720 थीं, जिनके पास 1657 करोड़ रुपये का बैंक ऋण बकाया था। इन 720 कमजोर इकाइयों में से 555 इकाइयों के बारे में सक्षमता संबंधी अध्ययन पूरे किये गये और 270

इकाइयों को सक्षम माना गया । 270 सक्षम इकाइयों में से 158 इकाइयों को बैंकों द्वारा पोषण कार्यक्रमों के अंतर्गत रखा गया।

13.52 दिसम्बर 1987 की समाप्ति पर 2,04,259 रुग्ण लघु औद्योगिक इकाइयां थीं, जिन्हें 1797 करोड़ रुपये का बैंक वित्त दिया गया था। इन इकाइयों में से 12,484 इकाइयों को बैंकों द्वारा संभाव्य रूप से सक्षम माना गया और 84,70 इकाइयों को पोषण कार्यक्रम के अंतर्गत लाया गया।

वित्त कंपनियों को रिज़र्व बैंक की सहायता

13.53 इस प्रकार दिसम्बर 1987 की समाप्ति पर रुग्ण अथवा कमजोर इकाइयों पर बकाया कुल ऋण 6,256 करोड़ रुपये (अथवा कुल बैंक अग्रिमों का 9.1 प्रतिशत) था।

13.54 रिज़र्व बैंक ने प्रारंभ में 1988-89 (जुलाई से जून) की अवधि के लिए राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) को 1,500 करोड़ रुपये का ऋण मंजूर किया था जो चरणबद्ध रूप में 2,700 करोड़ रुपये तक बढ़ा दिया गया। 18 मार्च 1989 को अधिकतम बकाया राशि 2,467 करोड़ रुपये तक पहुंच गयी। 1 मार्च, 1988 से सहकारी बैंकों, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों तथा वाणिज्य बैंकों द्वारा अल्पावधि कृषि ऋणों पर वसूल की जाने वाली ब्याज दरों को 1 प्रतिशत बिन्दु तक घटाकर 2.5 प्रतिशत बिन्दु पर ले आया गया। ब्याज दर आय में होने वाली इस हानि की सहकारी बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों को प्रतिपूर्ति करने की दृष्टि से नाबार्ड ने राज्य सहकारी बैंकों तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों द्वारा मौसमी कृषि कार्यों के लिए वित्तपोषण के वास्ते दिये गये वित्त पर ब्याज की दर को 7 प्रतिशत से घटाकर 3 से 5 प्रतिशत तक कर दिया गया जो कि बैंकों के अपने स्रोतों के प्रयोग करने पर आधारित है। वसूली के स्वस्थ वातावरण का संवर्धन करने तथा ऋणों को सामान्यतया बट्टे खाते में डालने तथा ब्याज-दरों में कमी करने से रोकने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय किया गया है कि नाबार्ड को पुनर्वित्त तभी उपलब्ध कराया जायेगा जबकि ऋण और ब्याज की चुकौती तथा ऋण परिवर्तन चुकौती राहतों को रोकने के संबंध में भारती का कार्यक्रम निर्धारण के लिए निश्चित किये गये सभी विनियमों/मार्गदर्शन सिद्धांतों का, बिना किसी परिवर्तन के पूरी तरह से अनुपालन किया गया हो।

13.55 रिज़र्व बैंक ने राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि में से भारतीय औद्योगिक विकास बैंक को वर्ष 1988-89 (जुलाई से जून) के लिए कुल 375 करोड़ रु. के दीर्घकालीन ऋण स्वीकृत और सवितरित किये थे जो कि 8 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 15 वर्षों की अवधि में चुकाये जाने हैं, जबकि इससे पहले वर्ष में 360 करोड़ रुपये मंजूर किये गये थे। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने इस सीमा का पूर्णतया लाभ उठाया । इस वर्ष के दौरान भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने 45.25 करोड़ रुपये की राशि चुकाई और इस निधि से इसकी कुल बकाया उधार की राशि 30 जून, 1989 को 3528 करोड़ रुपये थी। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा पुनः भुनाये गये पात्र मीयादी बिलों की प्रतिपूर्ति पर 24 मई 1988 को उसे स्वीकृत 300 करोड़ रुपये की अल्पावधिक ऋण सीमा सितम्बर 1988 के अंत तक वैध थी। इस ऋण सीमा का उपयोग नहीं किया गया। इसके साथ ही 27 फरवरी, 1989 को भारतीय औद्योगिक विकास बैंक के लिए 300 करोड़ रुपये की नयी ऋण सीमा मंजूर की गयी जो कि जून 1989 के अंत तक वैध है। इस सीमा में से बकाया राशि 31 मार्च, 1989 को 262 करोड़ रुपये थी। इस सुविधा का उपयोग भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा कुछ ही अवसरों पर किया गया यद्यपि 30 जून, 1989 को इस सीमा के प्रति कोई भी राशि बकाया नहीं थी।

13.56 राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि में से भारतीय निर्यात-आयात बैंक को वर्ष 1988-89 (जुलाई से जून) के लिए 95 करोड़ रुपए का दीर्घावधि ऋण मंजूर किया गया था जो 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर 15 वर्षों की अवधि में चुकाया जाना है, जबकि इससे पहले वर्ष में 90 करोड़ रुपये स्वीकृत किया गया था। भारतीय निर्यात आयात बैंक ने इस सीमा का पूर्णतया उपयोग किया और निधि से लिए गए उधारों की इसकी ओर बकाया राशि 30 जून 1989 को 530 करोड़ रुपए थी।

13.57 भारतीय औद्योगिक पुनर्निर्माण बैंक को राष्ट्रीय औद्योगिक ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि में से वर्ष 1988-89 (जुलाई-जून) के लिए 25 करोड़ रुपए का दीर्घावधि ऋण मंजूर किया गया था जो कि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर पर 15 वर्षों की अवधि में चुकाया जाना है, जबकि पिछले वर्ष इसे 20 करोड़ रुपए दिए गए। भारतीय औद्योगिक विकास बैंक ने इस राशि का पूरा उपयोग किया तथा उक्त निधि से इसकी ओर ऋण की बकाया राशि 30 जून, 1989 को 70 करोड़ रुपए थी।

13.58 राष्ट्रीय आवास बैंक को भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 की धारा 46(घ) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय आवास ऋण (दीर्घकालीन प्रवर्तन) निधि में से रिज़र्व बैंक से उधार लेने के लिए पात्र बनाया गया । राष्ट्रीय आवास बैंक को वर्ष 1988-89 (जुलाई से जून) के लिए 50 करोड़ रुपए का दीर्घावधि ऋण प्रदान किया गया जो पांच प्रतिशत वार्षिक ब्याज की दर से 20 वर्ष की अवधि में चुकाया जाएगा। राष्ट्रीय आवास बैंक ने उक्त सुविधा का पूर्णतः लाभ उठाया और ऐसी आशा है कि उक्त निधि पूर्णतः ग्रामीण आवास निर्माण को बढ़ाने के लिए प्रयोग में लायी जाएगी।

13.59 कैलेंडर वर्ष 1989 के लिए भी भारतीय औद्योगिक वित्त निगम को 30 करोड़ रुपए की तदर्थ ऋण सीमा मंजूर की गयी, परन्तु 30 जून, 1989 को इस सीमा के प्रति बकाया राशि 15 करोड़ रुपये थी।

13.60 वर्ष 1988-89 (अप्रैल से मार्च) के लिए भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम को 25 करोड़ रुपए की एक तदर्थ ऋण सीमा मंजूर की गयी थी। इस सुविधा का उपयोग कई अवसरों पर किया गया हालांकि 1989 को इस सीमा के प्रति कोई भी राशि बकाया नहीं थी। वर्ष 1989-90 (अप्रैल से मार्च) के लिए भारतीय औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम को 30 करोड़ रुपए की एक नयी ऋण सीमा मंजूर की गयी है। 30 जून, 1989 को इस सीमा के प्रति बकाया राशि 9 करोड़ रुपए थी।

13.61 भारतीय रिज़र्व बैंक ने 17 राज्य वित्त निगमों (तमिलनाडु औद्योगिक एवं निवेश निगम को मिलाकर) को संबंधित राज्य सरकारों द्वारा गारंटीकृत तदर्थ बांडों के प्रति कुल 82.86 करोड़ रुपए की नयी तदर्थ ऋण सीमा मंजूर की। ये सीमाएं 25 जून, 1989 तक वैध हैं दोनों निगमों को अपनी उधार राशियों के चुकाने के लिए समयावधि बढ़ा कर दी गयी। 30 जून 1989 को इन सीमाओं के प्रति कुल बकाया राशि 12.50 करोड़ रुपए थी।

14. सहकारी बैंकिंग से संबंधित गतिविधियां

प्राथमिक सहकारी बैंक

(i) **प्रगति**

14.1 शहरी बैंकिंग सुविधा रहित जिलों में नए शहरी सहकारी बैंकों को लाइसेंस मंजूर करने के लिए 1986 में घोषित नीति वर्ष 1988-89 के दौरान भी जारी रही। रिज़र्व बैंक ने इस वर्ष के दौरान संबंधित राज्यों के सहकारी समितियों के रजिस्ट्रारों द्वारा पंजीकरण के लिए 15 प्रस्तावों को मंजूरी दी और बैंकिंग कारोबार शुरू करने तथा जारी रखने के लिए 7 बैंकों को लाइसेंस जारी किए। जून 1989 के अंत में देश में 92 वेतन भोगियों के बैंकों को मिलाकर (जिनमें से 47 परिसमापनाधीन थे) 1,331 प्राथमिक सहकारी बैंक थे, जबकि जून

1988 की समाप्ति पर 1,325 प्राथमिक सहकारी बैंक थे, जिनमें 33 महिला बैंक भी सम्मिलित हैं। इस वर्ष के दौरान 11 वर्तमान बैंकों को भी भारत में बैंकिंग कारोबार करने के लिए लाइसेंस मंजूर किए गए। इससे लाइसेंस प्राप्त प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों की संख्या 982 हो गयी। 1 जून 1989 के अन्त में बैंकिंग कारोबार शुरू करने और बनाए रखने के लिए लाइसेंस जारी करने हेतु जो आवेदन पत्र विचाराधीन थे उनमें से 20 प्रस्तावों को रिजर्व बैंक ने पंजीकरण के लिए पारित किया।

14.2 इस वर्ष के दौरान 29 प्राथमिक सहकारी बैंकों को 33 नए स्थानों पर कारोबार करने के लिए अनुमति दी गयी। इसके साथ ही दो शहरी सहकारी बैंकों तथा वेतन भोगियों के एक बैंक को एक-एक विस्तार काउंटर खोलने की अनुमति दी गयी। दिसंबर 1988 के अंत में प्राथमिक सहकारी बैंकों के कार्यालयों की सं. 3,183 थी, जबकि जून 1988 के अंत में इनके कार्यालयों की संख्या 3,119 थी।

14.3 ऐसे 11 प्राथमिक सहकारी बैंकों के नाम, जिनमें से प्रत्येक की मांग और मीयादी देयताएं 50 करोड़ रुपए से ऊपर थीं, भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की दूसरी अनुसूची में सम्मिलित कर लिए गए। यह पहला अवसर है जब प्राथमिक सहकारी बैंकों को अनुसूची में रखा गया है। इन बैंकों में से आठ महाराष्ट्र में और तीन गुजरात में है।

14.4 प्राथमिक सहकारी बैंकों को यह सूचित किया गया है कि वे अपने कुल अग्रिमों का 60 प्रतिशत उधार प्राथमिकता-प्राप्त क्षेत्र को दें। सूचित करने वाले 476 शहरी बैंकों में से 335 बैंकों ने जून 1988 के अंत में इस स्तर को प्राप्त कर लिया है।

14.5 दिसम्बर 1988 के अन्त में प्राथमिक सहकारी बैंकों की स्वाधिकृत निधियां, जमाराशियां और अग्रिम राशियां कुल मिलाकर क्रमशः 1,008 करोड़ रुपए, 6,300 करोड़ रुपए और 5,200 करोड़ रुपए थीं, जबकि दिसम्बर, 1987 के अन्त में ये राशियां क्रमशः 837 करोड़ रुपए, 5,251 करोड़ रुपए और 4,127 करोड़ रुपए थी।

(ii) पुनर्वित्त सुविधाएं

14.6 1988-89 (अप्रैल से मार्च) के दौरान कुटीर/लघु औद्योगिक इकाइयों के 22 व्यापक समूहों की कार्यकारी पूंजीगत अपेक्षाओं के वित्तपोषण के लिए 52 प्राथमिक सहकारी बैंकों की ओर से 5 राज्य सहकारी बैंकों को कुल 26 करोड़ रुपए की अल्पावधिक ऋण सीमाएं मंजूर की गयीं, जबकि इससे पहले वर्ष में 57 प्राथमिक सहकारी बैंकों को 28 करोड़ रुपए की ऋण सीमायें मंजूर की गयी थी। 1988-89 के दौरान कुल 24 करोड़ रुपए के आहरण हुए जिनमें से 31 मार्च 1989 को 22 करोड़ रुपए की राशि बकाया थी।

(iii) अनिवासी बाह्य सामान्य रुपया खाते खोलना और चालू रखना

14.7 जून 1989 के अंत में 40 प्राथमिक सहकारी बैंकों को अनिवासी (विदेशी/अनिवासी सामान्य) रुपया खाता खोलने और चालू रखने के लिए प्राधिकृत किया गया।

(4) सांविधिक निरीक्षण

14.8 इस वर्ष के दौरान 491 प्राथमिक सहकारी बैंकों के निरीक्षण किए गए। एक बैंक के संबंध में, जिसमें कि बड़ी-बड़ी कमियां पायी गयीं, भारत सरकार ने मार्च 1989 में छह माह की अवधि के लिए स्थगन आदेश जारी किया।

राज्य और मध्यवर्ती सहकारी बैंक

14.9 लाइसेंस प्राप्त राज्य सहकारी बैंकों और मध्यवर्ती सहकारी बैंकों की कुल संख्या क्रमशः 8 और 37 बनी रही। वर्ष के दौरान 6 राज्य सहकारी बैंकों को 18 कार्यालय/विस्तार काउंटर खोलने के लिए लाइसेंस जारी किए गए।

कृषि ऋण समीक्षा

14.10 वरिष्ठ विशेषज्ञ समूह ने जिसे कृषि ऋण पुनरीक्षण समिति का नाम दिया गया, मार्च 1989 में अपनी ड्राफ्ट (अन्तिम) रिपोर्ट रिजर्व बैंक को प्रस्तुत की। पांच परामर्शदाताओं ने भी जिन्हें विस्तृत अध्ययन करने के लिए नियुक्त किया था, अपनी-अपनी अन्तिम रिपोर्ट प्रस्तुत कर दी है।

15. अन्य गतिविधियां

निक्षेप बीमा एवं प्रत्यय गारंटी निगम

15.1 लघु औद्योगिक इकाइयों सहित प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्रों में ऋणकर्ताओं को बैंकों तथा अन्य अनुमोदित वित्तीय संस्थाओं द्वारा प्रदान की गयी ऋण सुविधाओं को गारंटी प्रदान करने तथा बैंकों में अल्प राशि जमाकर्ताओं को बीमा सुरक्षा प्रदान करने में समीक्षा वर्ष के दौरान निक्षेप बीमा एवं प्रत्यय गारंटी निगम ने और प्रगति की।

15.2 कृषि के लिए उधारकर्ताओं और लघु उद्योगों के लिए संपूर्ण प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र के अग्रिमों को सुरक्षा प्रदान करने के लिए 1 अप्रैल 1989 से गारंटी समर्थन का क्षेत्र बढ़ाया गया। अपनी जमा बीमा योजना के अतिरिक्त निक्षेप बीमा और प्रत्यय गारंटी निगम 5 ऋण गारंटी योजनाएं चलाता है, जिनमें से 4 छोटे उधारकर्ताओं के लिए है जो विविध प्रकार की गतिविधियों में लगे हुए है और एक लघु औद्योगिक इकाइयों के लिए है।

15.3 बीमाकृत बैंकों की संख्या जो 30 जून 1988 को 1,907 थी, 30 जून 1989 को बढ़कर 1,908 हो गयी।

15.4 16 राज्यों और 3 संघ शासित प्रदेशों में कार्यरत 81 वाणिज्य बैंकों, 996 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों और 1601 सहकारी बैंकों में जमा बीमा लागू है। बीमाकृत जमाराशियां कुल 99,194 करोड़ रुपए रही, जो कि जून 1988 की समाप्ति पर कुल निर्धारण योग्य जमाराशियों की 71.1 प्रतिशत बैठती हैं।

15.5 लघु ऋण गारंटी योजना, 1971 में भाग लेने वाली ऋण संस्थाओं की संख्या जून 1988 को 265 से बढ़कर जून 1989 के अन्त में 267 हो गयी, जबकि उन संस्थाओं की संख्या जो सेवा सहकारिता समिति गारंटी योजना, 1971 में भाग ले रही थी, 178 ही रही। लघु ऋण (वित्तीय निगमों) गारंटी योजना 1971 में भाग लेने वाली राज्य वित्तीय निगमों (राज्य औद्योगिक विकास निगमों को मिलाकर) की संख्या 20 ही बनी रही। लघु ऋण (सहकारी बैंक) गारंटी योजना 1984 में भाग लेने वाले प्राथमिक शहरी सहकारी बैंकों की संख्या जो जून 1988 की समाप्ति पर 87 थी, जून 1989 की समाप्ति पर भी 87 ही रही। उपर्युक्त 4 योजनाओं के अन्तर्गत छोटे ऋणकर्ताओं के लिए कुल गारंटीकृत अग्रिमों की राशि जून 1988 के अन्त में 14,291 करोड़ रुपए थी जो कि पिछले वर्ष की राशि से [illegible].6 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है।

15.6 निगम की लघु ऋण (लघु उद्योग) गारंटी योजना 1981 में भाग लेने वाली संस्थाओं की संख्या जून 1988 की समाप्ति की 536 से बढ़कर जून 1989 की समाप्ति पर 545 हो गयी। लघु उद्योग क्षेत्र को गारंटीकृत अग्रिमों की राशि जो जून 1987 की समाप्ति पर 7,738 करोड़ रुपए थी, जून 1988 की समाप्ति पर 35.2 प्रतिशत बढ़कर 10,465 करोड़ रुपए हो गयी।

15.7 जुलाई 1988 से मार्च 1989 की अवधि के दौरान लघु उधारकर्ताओं से संबंधित गारंटी योजनाओं के संबंध में 248 करोड़ रुपए के लिए निगम को 10.39 लाख दावे प्राप्त और लघु उद्योगों के लिए इसकी योजना के संबंध में 140 करोड़ रुपयों के लिए 0.64 लाख दावे प्राप्त हुए। इसी अवधि के दौरान छोटे ऋणकर्ताओं के संबंध में 169 करोड़ रुपयों के लिए 7.80 लाख दावे और लघु उद्योग योजना

के संबंध में 101 करोड़ रुपयों के लिए 0.53 लाख दावे निगम द्वारा निपटाए गए।

15.8 1984 से निगम द्वारा प्राप्त गारंटी दावों की राशि गारंटी शुल्क की प्राप्तियों से ज्यादा हो रही हैं। बीमागत हिसाब के आधार पर निगम की देयता के मूल्यांकन की पद्धति के अनुसार ऋण गारंटी निधि ने 31 मार्च 1989 को 149 करोड़ रुपए का घाटा दर्शाया है जिसका समायोजन जमा बीमा निधि से 221 करोड़ रुपए का अंतरण करके किया गया। इस प्रकार जमा बीमा निधि में 72 करोड़ रुपए की कमी आयी। पिछले वर्ष में भी ऋण गारंटी निधि हुए 265 करोड़ रुपए के घाटे को जमा बीमा निधि से 349 करोड़ रुपए अंतरित करके समायोजित किया गया। निगम ने अपने गारंटी शुल्क की दर 1 अप्रैल 1989 से एक समान रूप में 1.5 प्रतिशत वार्षिक कर दी है। निगम का लेखा वर्ष जनवरी-दिसम्बर से बदलकर अप्रैल से मार्च हो गया है।

गैर-बैंकिंग कंपनियां जमाराशियां स्वीकृत करने से संबंधित विनियम

15.9 वित्तीय कंपनियों पर लागू रिजर्व बैंक के 1977 के निदेश 28 मार्च 1989 की अधिसूचना के अनुसार संशोधित किए गए हैं। इस संशोधन में, अन्य बातों के साथ-साथ, उन न्यूनतम तथा अधिकतम अवधियों का प्रावधान किया गया है जिनके लिए किराया खरीद वित्तदायी पट्टे पर उपस्कर देने वाली तथा आवास वित्त प्रदान करने वाली कंपनियों द्वारा जमाराशियां स्वीकृत/नवीकृत की जा सकती हैं तथा इस संशोधन द्वारा पहली बार आवास वित्त कंपनियों द्वारा जमाराशियों पर दलाली तथा उनसे संबंधित मात्रा एवं ब्याज-दर से संबंधित प्रतिबंध लगाए गए हैं। दलालों को देय दलाली की दर में भी वृद्धि की गयी है तथा उसे गैर-वित्तीय कंपनियों द्वारा देय वृद्धि दर के समान बना दिया गया है। जमाकर्ताओं के हितों की सुरक्षा की दृष्टि से कंपनी (संशोधन) अधिनियम, 1988 ने, अन्य बातों के साथ-साथ, कंपनी कानून बोर्ड को यह अधिकार प्रदान किया है कि वह किसी गैर-बैंकिंग कंपनी द्वारा जमा-राशि की अदायगी न किए जाने का ध्यान रखते तथा ऐसी जमाराशियों की अदायगी करने के लिए व्यतिक्रमकर्ता कंपनी का आदेश जारी करके जमाकर्ताओं को पर्याप्त सहायता प्रदान करे।

गैर-बैंकिंग कंपनियां-चिट फण्ड अधिनियम, 1982

15.10 चिट फण्ड अधिनियम, 1982, 17 राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों में लागू हो गया है तथा 1 जुलाई 1989 से राजस्थान राज्य में उक्त अधिनियम लागू करने के लिए भारत सरकार ने एक अधिसूचना जारी की है। शेष राज्यों के बारे में आवश्यक प्रारंभिक कार्रवाई की जा रही है।

गैर-बैंकिंग कंपनियों द्वारा जमाराशियां स्वीकृत किया जाना

15.11 समीक्षाधीन वर्ष के दौरान, पांच अन्य राज्य सरकारों ने अधिसूचनाएं जारी करके अनिगमित निकायों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए उपर्युक्त अधिकारियों को प्राधिकृत किया है जैसाकि भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1943 की धारा 45 टी तथा 50 ई में परिकल्पित है इस तरह ऐसे राज्यों/संघ राज्यों क्षेत्रों की कुल संख्या 20 हो गयी है।

15.12 राज्य सरकारों द्वारा की गयी कार्रवाई के अलावा, भारतीय रिजर्व बैंक ने अकेले अथवा राज्य/पुलिस/सरकारी अधिकारियों के सहयोग से अब तक गुजरात, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु तथा दिल्ली में स्थित 114 अनिगमित निकायों के कार्यालय परिसरों में छापे मारे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के अध्याय IIIग के उपबंधों के उल्लंघन के लिए ऐसे 17 निकायों के विरुद्ध मुकदमे की कार्रवाई की गयी है। जबकि एक मामले में जुर्माना लगाया गया है, एक अन्य मामले में उसे रद्द कर दिया गया है। शेष मामले कार्रवाई के विभिन्न चरणों में हैं।

गैर-बैंकिंग कंपनी क्षेत्र से संबंधित जमाराशियों की प्रवृत्तियां

15.13 मार्च 1987 के अंत में 9,916 कंपनियों द्वारा धारित 21,400 करोड़ रुपए के मुकाबले 31 मार्च 1988 को 10,166 गैर-बैंकिंग कंपनियों की कुल जमाराशियां 24,917 करोड़ रुपए थी जोकि वर्ष के दौरान 3,517 करोड़ रुपए की वृद्धि प्रदर्शित करती है। 2,691 गैर-वित्तीय कंपनियों की कुल विनियमित जमाराशियां 3,706 करोड़ रुपए की थीं जोकि गैर-बैंकिंग कंपनी क्षेत्र में कंपनी जमाराशियों का एक प्रमुख हिस्सा है। मार्च 1988 के अन्त में 7475 वित्तीय कंपनियों (1,148 विविध गैर-बैंकिंग कंपनियों सहित) की विनियमित एवं छूट प्राप्त कुल जमाराशियां क्रमशः 739 करोड़ रुपए तथा 5,889 करोड़ रुपए की थीं। 31 मार्च 1988 को गैर-बैंकिंग कंपनी क्षेत्र की 4,445 करोड़ रुपए की विनियमित जमाराशियां मार्च 1987 के 4 प्रतिशत की तुलना में समस्त अनुसूचित वाणिज्य बैंक की कुल जमाराशियों का 3.8 प्रतिशत थीं। वर्ष 1987-88 के दौरान, गैर-बैंकिंग कंपनियों की विनियमित जमाराशियों में 9 प्रतिशत की वृद्धि हुई जबकि अनुसूचित वाणिज्य बैंकों की जमाराशियों में 14.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। मार्च 1987 तथा 1988 तक कंपनियों की विभिन्न श्रेणियों द्वारा धारित जमाराशियों के विवरण नीचे सारणी में दिए गए हैं।

गैर बैंकिंग कंपनी क्षेत्र की जमा राशियां मार्च के अंत में

(करोड़ रुपये)

श्रेणी	1986–87		1987–88	
	रिपोर्ट भेजनेवाली कंपनियों की संख्या	राशि	रिपोर्ट भेजने वाली कंपनियों की संख्या	राशि
1	2	3	4	5
कुल जमाराशियां (i+ii)	9,916	21,400	10,166	24,917
(i) विनियमित जमाराशियां		4,077		4,445
(ii) छूट प्राप्त जमा राशियां		17,323		20,472
(क) निम्नलिखित द्वारा धारित जमाराशियां				
(i) सरकारी कंपनियां	63 (0.6)	11,958 (55.9)	109 (1.1)	12,766 (51.2)
(ii) सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियां	3,143 (31.7)	7,924 (37.0)	3,176 (31.2)	9,961 (40.0)
(iii) निजी लिमिटेड कंपनियां	6,710 (67.7)	1,518 (7.1)	6,881 (67.7)	2,190 (8.8)
(ख) निम्नलिखित द्वारा धारित जमाराशियां				

1	2	3	4	5
(i) वित्तीय कंपनियां	5,957 (60.0)	5,206 (24.3)	6,327 (62.2)	5,852 (23.5)
(ii) गैर-वित्तीय कंपनियां	2,803 (28.3)	15,459 (72.3)	2,691 (26.5)	18,289 (73.4)
(iii) विविध गैर-बैंकिंग कंपनियां	1,156 (11.7)	735 (3.4)	1,148 (11.3)	776 (3.1)

*अनन्तिम

टिप्पणी : कोष्ठकों में दिये गये आंकड़े यथास्थिति रिपोर्ट करने वाली कंपनियों की कुल जमाराशियों का प्रतिशत है।

16. विदेशी मुद्रा नियंत्रण से संबंधित गतिविधियां

व्यापक विदेशी मुद्रा परमिट योजना उदारीकरण

16.1 जून 1987 में लागू की गयी निर्बाध विदेशी मुद्रा परमिट योजना के उदारीकरण के बारे में पिछले वर्ष की रिपोर्ट में उल्लेख किया गया था। वर्ष 1988-89 में उक्त योजना को और अधिक उदार बनाया गया। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी ग्रीन कार्ड रखनेवाली 100 प्रतिशत निर्यात उन्मुख इकाईयां को उनके परिचालन की प्रारंभिक दो वर्ष की अवधि के दौरान व्यापक परमिट के लिए पात्र बना दिया गया है चाहे निर्यात संबंधी उनका निष्पादन जो भी रहा हो। निर्यात अभि-संस्करण क्षेत्रों में कार्यरत नयी इकाईयों को यह सुविधा प्रदान की गयी है भले ही परिचालन की प्रारंभिक दो वर्ष की अवधि के दौरान न्यूनतम निर्यात निष्पादन की अपेक्षा को वे इकाईयां पूरा न करती हों इसके अतिरिक्त उन अनुमोदित प्रयोजनों की संख्या में भी काफी वृद्धि की गयी है जिनके लिए व्यापक परमिटों के अंतर्गत विदेशी मुद्रा का आहरण किया जा सकता है ताकि निर्यात संवर्धन तथा संबद्ध गतिविधियों से संबंधित व्यय अनेक अन्य मदों को भी इसमें शामिल की जा सके। अब अनुमोदित प्रयोजनों की कुल संख्या 24 है।

विदेशी राष्ट्रिकों की नियुक्ति करना

16.2 अगस्त 1988 से पूर्व विदेशी तकनीशियनों / तकनीकी विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए कंपनियों /फर्मों को भारत सरकार के संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय से पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक था। केवल उन मामलों में पूर्व अनुमति प्राप्त करना आवश्यक नहीं था जिनमें प्लांट/मशीनरी की खराबी अथवा किसी आकस्मिक समस्या के निराकरण के लिए तीन महीने से अनधिक की अल्पावधि के लिए ऐसी नियुक्ति की गयी हो। इस प्रक्रिया में संशोधन किया गया है और अब निम्न-लिखित शर्तों के अनुपालन के अधीन, भारत में कंपनियों तथा फर्मों द्वारा विदेशी तकनीशियनों/तकनीकी विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए सभी प्रकार के आवेदन पत्रों पर रिजर्व बैंक विचार करता है।

(i) किसी भारतीय कंपनी/फर्म द्वारा विदेशी तकनीशियन / तकनीशियनों अथवा तकनीकी विशेषज्ञ/विशेषज्ञों की नियुक्ति की कुल अवधि एक पूरे कैलेण्डर वर्ष में 12 महीने से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(ii) किसी एक विदेशी तकनीशियन/तकनीकी विशेषज्ञ के शुल्क पारिश्रमिक से संबंधित अदायगी की राशि प्रतिदिन 500/ अमरीकी डालर से अधिक नहीं होनी चाहिए।

(iii) कंपनी से कम्पनी के आधार पर विदेशी मुद्रा में दायगी के मामले में विदेशी तकनीशियनों/तकनीकी विशेषज्ञों की सेवाओं के लिए संयुक्त रूप से सभी विदेशी कंपनियों/फर्मों को किसी भारतीय कंपनी द्वारा की गयी अदायगी की कुल राशि एक पूरे वर्ष में 50,000/ अमरीकी डालर से अधिक नहीं होनी चाहिए।

पुनश्च, व्यापक विदेशी मुद्रा परमिट रखनेवाली कंपनियों / फर्मों को विदेशी तकनीशियनों / तकनीकी विशेषज्ञों की नियुक्ति के लिए विदेशी मुद्रा में उनसे संबंधित व्यय को वहन करने के लिए अपने व्यापक परमिटों का उपयोग करने की अनुमति प्रदान की गयी है बशर्ते कि उन्होंने ऐसी नियुक्ति के लिए भारतीय रिजर्व बैंक से पूर्व अनुमति प्राप्त की हो।

भारत में प्रत्यक्ष निवेश के लिए अनिवासी भारतीयों को रुपया ऋण/ओवर ड्राफ्ट

16.3 अनिवासी भारतीयों द्वारा भारत में निवेशकों को और अधिक प्रोत्साहन देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने गुणवत्ता के आधार विनिर्माण संबंधी गतिविधियों तथा निर्यात उन्मुख व्यापारिक गतिविधियों के साथ साथ निम्नलिखित क्षेत्रों में गैर-प्रत्यावर्तन आधार पर भारत में प्रत्यक्ष निवेश के लिए भारतीय नागरिकता/मूल के अनिवासियों को उनके अनिवासी/बाह्य/विदेशी मुद्रा अनिवासी खातों में मीयादी जमा प्रतिभूतियों के सहत रुपया ऋण/ओवरड्राफ्ट स्वीकृत करने के लिए प्राधिकृत व्यापारियों के आवेदन पत्रों पर विचार करना शुरू किया है :

(क) अस्पताल (निदान केन्द्रों सहित)

(ख) 3, 4 अथवा 5 सितारा श्रेणी के होटल

(ग) नौवहन कंपनियां

(घ) कंप्यूटर साफ्टवेयर का विकास

(ङ) तेल खोजी सेवाएं

(च) 2 फरवरी 1973 के उद्योग मंत्रालय के प्रेस नोट के परिशिष्ट 1 में उल्लिखित कोई उद्योग अथवा कोई अन्य निर्यातोन्मुख उद्योग।

सोने तथा चांदी के आभूषण तथा अन्य वस्तुओं के विनिर्माण एवं निर्यात से संबंधित योजना

16.4 "100 प्रतिशत निर्यात उन्मुख संकुलों तथा निर्यात अभि-संस्करण क्षेत्र से सोने तथा चांदी के आभूषणों एवं वस्तुओं के निर्यात के लिए योजना" नामक एक नयी योजना भारत सरकार ने प्रारंभ की है जिसके अंतर्गत इन क्षेत्रों/संकुलों में स्थित इकाईयों को आभूषणों के निर्यात एवं विनिर्माण के लिए सोने अथवा चांदी से निर्मित कच्चामाल मध्यवर्ती वस्तुएं तथा घटक आयात करने की अनुमति प्रदान की गई है। सरकार ने भारतीय स्टेट बैंक को इस बात की अनुमति प्रदान की है कि वह ऐसी इकाईयों को स्वर्ण आभूषण निर्यात संवर्धन एवं संपूर्ति योजना के अन्तर्गत अपने द्वारा आयातित स्वर्ण उपलब्ध करायें। इसी प्रकार भारतीय खनिज एवं धातु व्यापार निगम लिमिटेड को भी भारत सरकार द्वारा यह अनुमति प्रदान की गयी है कि वह ऐसी इकाईयों को निर्यात के लिए आभूषणों के विनिर्माण में समर्थ बनाने के लिए उन्हें आपूर्ति करने के वास्ते भारत में स्वर्ण का आयात करे। विदेशी मुद्रा विनियमन अधि-नियम 1973 की धारा 13(2) के अंतर्गत यथापेक्षित भारतीय रिजर्व बैंक से विशिष्ट आयात लाईसेंस प्राप्त करने से संबंधित आवश्यकता के निवारण के लिए भारतीय रिजर्व बैंक ने इन इकाईयों को उक्त योजना के उपबंधों के अंतर्गत स्वर्ण/चांदी के आभूषण भारत से बाहर भेजने के लिए विशेष अनुमति प्रदान की है।

प्रबंध/तकनीकी/परामर्श सेवाओं के लिए विदेशी टेके

16.5 प्राधिकृत व्यापारियों निर्यात आयात बैंक का तथा भारतीय निर्यात ऋण और गारंटी निगम से निधि आधारित और/अथवा गैर निधि आधारित सुविधाएं प्राप्त करने की अपेक्षा रखने वाली तथा विदेश

में विभिन्न प्रकार की सेवाओं से संबंधित ठेके लेने वाली कंपनियों/फर्मों से यह अपेक्षित था कि वे बोली पूर्व वित्तीय संस्थाओं के कार्य दल से पूर्वानुमति प्राप्त करें चाहे उनकी बोलियों/उनके प्रस्तावों का मूल्य जो भी हो। 1 मई 1989 से 2 करोड़ रुपये तथा 5 करोड़ रुपये मौद्रिक सीमा तक प्रबंध/तकनीकी/परामर्श सेवाओं के निर्यात के लिए क्रमश: 2 करोड़ रुपये तथा 5 करोड़ रुपये की मौद्रिक सीमा तक बोली पूर्व अनुमति स्वीकृत करने के वास्ते क्रमश: निर्यात-आयात बैंक तथा प्राधिकृत व्यापारियों को शक्तियां प्रत्यायोजित की गयी हैं।

भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अनिवासी भारतीय बाण्ड का निर्गम

16.6 भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अनिवासी भारतीय बाण्ड के निर्गम के संबंध में इस रिपोर्ट के भाग 1 में उल्लेख किया गया है। 14 नवम्बर 1988 को यह निर्गम खुला था तथा 15 फरवरी, 1989 को बंद हुआ था। बाण्डों की परिपक्वता अवधि 7 वर्ष की है तथा ये अर्धवार्षिक अन्तरालों पर गणना करके 11.5 प्रतिशत वार्षिक ब्याज प्रदान करते हैं। निवेशकर्ता द्वारा दिये गये विकल्प के आधार पर इन बाण्डों पर परिपक्वता के समय अथवा वार्षिक आधार पर ब्याज देय होता है अनिवासी भारतीय बांड धारकों द्वारा अन्य अनिवासी भारतीयों अथवा भारत में रहने वाले निकट के संबंधियों को ये बाण्ड उपहार में दिये जा सकते हैं। ये बाण्ड अमेरिकी डालर के मूल्यवर्ग में जारी होते रहेंगे भले हो बाण्डों की प्राप्ति के पश्चात उनका धारक भारत का निवासी हो जाए अथवा अनिवासी द्वारा यह बाण्ड भारत में निवास करने वाले निकट संबंधियों को उपहार स्वरूप दान कर दिया जाए। परिपक्वता के बाद बाण्डों की मूल राशि तथा उनसे संबंधित प्रासंगिक ब्याज राशि की अदायगी की तारीख को विद्यमान अमेरिकी डालर के लिए भारतीय बैंक की तार अंतरण खरीद दर पर रुपयों में परिवर्तित करने के पश्चात बाण्ड धारकों को उनकी अदायगी की जाएगी। अनिवासी भारतीय बाण्ड धारकों को भारत में उनकी वास्तविक वित्तीय आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए रुपया निधियां जुटाने में समर्थ बनाने के लिए उन्हें विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए बाण्डों की प्रतिभूति पर ऋण प्राप्त करने की सुविधा स्वीकृत की गयी है।

विनिमय जोखिम प्रबंध योजना

16.7 तीन वित्तीय संस्थाओं अर्थात भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम लि. भारतीय औद्योगिक विकास बैंक और भारतीय औद्योगिक वित्त निगम के उप उधारकर्ताओं को सुरक्षा प्रदान करने के उपाय को दृष्टि में रखते हुए, विदेशी मुद्रा में उनके मध्यावधि तथा दीर्घावधि उधारों में विद्यमान विनिमय जोखिम के विरुद्ध इन तीन वित्तीय संस्थाओं ने 1 अप्रैल 1989 से विनिमय जोखिम प्रबंध योजना नामक एक योजना प्रारम्भ की है। वित्तीय संस्थाओं द्वारा उनके बाह्य वाणिज्यिक उधारों में से 1 अप्रैल 1989 को अथवा उसके पश्चात वितरित नये विदेशी मुद्रा उप ऋण के संबंध में उक्त योजना के अंतर्गत सुरक्षा का लाभ प्राप्त होगा अप्रैल 1989 से पूर्व स्वीकृत विदेशी मुद्रा ऋणों के अवितरित भाग भी संबंधित वित्तीय संस्थाओं तथा उप उधारकर्ताओं के मध्य पारस्परिक सहमति से उक्त योजना के अंतर्गत सुरक्षा प्राप्त करने के पात्र होंगे। यद्यपि पात्र उधारकर्ताओं को प्रत्येक ऋण के संबंध में योजना में भाग लेने का विकल्प प्राप्त है परन्तु एक बार दिया गया विकल्प ऋण की विद्यमानता की अवधि के दौरान अपरिवर्तनीय होगा। प्रारंभ में उक्त योजना दो वर्ष के लिए लागू रहेगी। तथापि, दो वर्ष की अवधि के भीतर किये गये संपूर्ण वितरण ऋणों की पूर्ण अवधि के दौरान सुरक्षा के पात्र होंगे।

16.8 उप-ऋणों की मूल राशियों के संबंध में अदायगी का दायित्व वितरण की तारीख को विद्यमान दरों पर रुपये से सम्बद्ध होगा। उप उधारकर्ताओं की ब्याज संबंधी देयताओं, वित्तीय संस्थाओं के औसत लागत अंतर (स्प्रेड) तथा विनिमय जोखिम प्रीमियम को शीर्ष एवं न्यूनतम दरों के साथ, एक संमिश्र लागत (कम्पोजिट कास्ट) में मिला दिया जाएगा। इस श्रेणी के भीतर वास्तविक दरें समय समय पर घोषित की जायेंगी तथा त्रैमासिक अन्तरालों पर देय होंगी। संमिश्र लागत में विनिमय जोखिम प्रीमियम भारतीय औद्योगिक विकास बैंक द्वारा संस्थापित एवं संचालित विनिमय जोखिम प्रबंध निधि नामक निधि में जमा किया जाएगा।

लौटने वाले भारतीयों को विदेशी मुद्रा पात्रता (योजना आर.आई.एफ.ई.ई.)

16.9 भारत में स्थायी निवास के लिए वापस आनेवाले भारतीय नागरिकता अथवा भारतीय मूल के अनिवासियों द्वारा भारत को प्रेषित विदेशी मुद्रा की कुल राशि के 50 प्रतिशत तक विदेशी मुद्रा (अनिवासी बाह्य तथा विदेशी मुद्रा अनिवासी खातों में शेषों सहित) प्राप्त करने की सुविधा पहले भारत में वापस आने की तारीख से 10 वर्ष की अवधि तक के लिए प्राप्त था। अब इस अवधि को बढ़ा कर 15 वर्ष कर दिया गया है।

16.10 आर. आई. एफ. ई. ई. योजना के अंतर्गत निर्धारित प्रयोजनों के लिए परमिटधारियों अथवा उनके आश्रितों को भी विदेशी मुद्रा उस समय तक प्रदान की जाती है जब तक परमिटधारी भारत में निवास करते हैं। एक बार अनिवासी हो जाने के पश्चात अपने आर. आई. एफ. ई. ई. परमिटों के अंतर्गत परमिटधारी व्यक्ति विदेशी मुद्रा का आहरण नहीं कर सकते। अपवाद स्वरूप यह निर्णय किया गया है कि आर. आई. एफ. ई. ई. परमिटधारियों को उनके परमिटों पर आश्रित बच्चों / आश्रितों के विदेश में अध्ययन के लिए विदेशी मुद्रा के आहरण की अनुमति दी जाए भले ही बच्चे आश्रित विदेश में अपने माता पिता अभिभावकों के साथ ही निवास क्यों न करें।

अंतरणीय साख पत्र-योजना

16.11 अबतक प्राधिकृत व्यापारियों से यह अपेक्षित था कि वे भारत में आयात करने के लिए वस्तुओं के विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के पक्ष में हस्तांतरणीय साख-पत्र खोलने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की पूर्व अनुमति प्राप्त करें। अब प्राधिकृत व्यापारियों को भारत में वस्तुओं के आयात के लिए हस्तांतरणीय साख-पत्र खोलने की अनुमति प्रदान की गयी है जिसके द्वारा उन्हें एक हिताधिकारी से दूसरे हिताधिकारी को लाभ हस्तांतरित करने के लिए अनुमति प्रदान की गयी है बशर्ते कि दूसरा हिताधिकारी भी उसी देश का निवासी हो, परंतु यदि साख-पत्र का दूसरा हिताधिकारी दूसरे देश का निवासी हो तो हस्तांतरण की अनुमति तभी प्राप्त होगी जब कि दोनों देश "बाह्य समूह" (एक्सटर्नल ग्रुप) में आते हों तथा वे एशियन समाशोधन संघ के सदस्य न हों।

पोतलदान प्रलेखों का प्रेषण

16.12 प्राधिकृत व्यापारियों से यह अपेक्षित है कि वे पोतलदान प्रलेखों को अपनी समुद्रपारीय शाखाओं / प्रतिनिधियों को शीघ्रतापूर्वक भेजें ताकि वे वस्तुओं की सुपुर्दगी प्राप्त करने के लिए विदेशी खरीदारों को उक्त प्रलेख समय से दे सकें। प्राधिकृत व्यापारियों को अब यह अनुमति प्रदान की गयी है कि वे निर्यात विषयक पोतलदानों से संबंधित उन मामलों में जिनमें पूरा भुगतान अग्रिम रूप में प्राप्त हुआ हो अथवा परेषण के पूरे मूल्य के लिए अप्रतिसंहरणीय साख-पत्र खोला गया हो तथा संबंधित विक्रय संविदा / साख-पत्र में ही सीधे परेषिती को पोतलदान प्रलेख भेजने का प्रावधान निहित हो, पोतलदान संबंधी प्रलेखों को सीधे परेषिती को भेज सकते हैं।

भारत से निर्यात के बीजक मूल्य में कमी

16.13 पोतलदान प्रलेखों का कारबार करने वाले प्राधिकृत व्यापारियों को अबतक यह अनुमति प्राप्त थी कि वे 10,000/- रुपये की मौद्रिक शीर्ष सीमा के अधीन वैध कारणों से पोतलदान के मूल्य के 10 प्रतिशत तक बीजक मूल्य में छूट प्रदान करने के लिए अपने निर्यातक ग्राहकों के अनुरोधों को स्वीकार करें। इस बात को ध्यान रखते हुए कि प्राधिकृत व्यापारी स्वयं निर्यात संबंधी पोतलदानों के बीजक मूल्य में कमी करने के लिए निर्यातकों के और अधिक आवेदनों का निपटान कर सकें। 10 प्रतिशत की शीर्ष सीमा के भीतर मौद्रिक सीमा को बढ़ाकर 20,000/- रुपये कर दिया गया है।

कार्यालय खोलना (i) विदेश स्थित भारतीय कम्पनियों द्वारा

16.14 वर्ष 1988-89 (जुलाई–जून) के दौरान, भारतीय कंपनियों/फर्मों को विदेश में 30 व्यावसायिक तथा 90 गैर-व्यावसायिक कार्यालय खोलने के लिए अनुमति प्रदान की गयी। 26 भारतीय कंपनियों/फर्मों को विदेश में प्रतिनिधियों की नियुक्ति के लिए भी अनुमति प्रदान की गयी।

(ii) भारत स्थित विदेशी कंपनियों द्वारा

16.15 इसी अवधि के दौरान 64 विदेशी कंपनियों/फर्मों को भारत में नये संपर्क प्रतिनिधि कार्यालय खोलने की अनुमति प्रदान की गयी/इसके अतिरिक्त भारत में संविदाओं के निष्पादन में रत विदेशी कंपनियों को 15 परियोजना कार्यालय खोलने की भी अनुमति प्रदान की गयी।

एशियन समाशोधन संघ

16.16 एशियन समाशोधन संघ (एशियन क्लीयरिंग यूनियन) के निदेशक मण्डल की सत्रहवीं बैठक 2 और 3 मार्च 1989 को बम्बई में भारतीय रिजर्व बैंक की मेजबानी में संपन्न हुई। एशिया और पैसिफिक संबंधी आर्थिक और सामाजिक आयोग (एस्कैप) की प्रेरणा से दिसम्बर 1974 में एशियन समाशोधन संघ की स्थापना हुई थी तथा इसके लक्ष्य को बहुपक्षीय आधार पर चालू अंतर्राष्ट्रीय कारोबार संबंधी भुगतानों के निपटान के लिए सुविधा प्रदान करना, चालू लेन देन में सहभागियों की मुद्राओं के प्रयोग को बढ़ावा देना तथा सहभागियों के मध्य मुद्रासंबंधी सहयोग को बढ़ावा देना। छ: देशों, अर्थात बर्मा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान, नेपाल, पाकिस्तान, श्रीलंका तथा भारत के केंद्रीय बैंकों के गवर्नरों एवं उच्च अधिकारियों ने बम्बई में संपन्न एशियन समाशोधन संघ के निदेशक मण्डल की बैठक में भाग लिया। एशियन समाशोधन संघ के महाप्रबंधक तथा यू. एन. सी. टी. ए. डी. एवं इ. एस. सी. ए. पी. के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में भाग लिया। एशियन समाशोधन संघ के निदेशक मण्डल ने 1988 की वार्षिक रिपोर्ट पर विचार किया तथा यह उल्लेख किया कि पिछले वर्ष के मुकाबले इस वर्ष के दौरान इस संघ के तंत्र के माध्यम से किये गये कारोबार की मात्रा में पर्याप्त वृद्धि प्रदर्शित हुई है। निदेशक मण्डल ने इस बात पर भी संतोष व्यक्त किया कि वर्ष 1987 के 36 प्रतिशत के मुकाबले वर्ष 1988 में सहभागियों के मध्य हुए कुल कारोबार का केवल 26 प्रतिशत विदेशी मुद्रा में निपटाया गया पुनश्च, एशियन समाशोधन संघ की गतिविधि तथा उसकी सदस्यता के विस्तार के लिए अर्थोपाय के संबंध में भी चर्चा की गयी। निदेशक मण्डल का यह निर्णय बैठक की एक उल्लेखनीय उपलब्धि रही कि द्वैमासिक निपटानों के समय घाटे का सामना करनेवाले सदस्यों को एक अस्थायी सुविधा के रूप में एशियन समाशोधन संघ के सदस्यों के बीच एक अदला बदली की व्यवस्था शुरू की जाए।

17. संगठनात्मक मामले तथा बैंक के लेखे

17.1 मार्च 1989 के अंत में करेंसी चेस्टों की कुल संख्या (489 आधानों) (रिपोजिटरीज) को छोड़कर 3,730 करेंसी चेस्ट थी इनमें 17 करेंसी चेस्ट रिजर्व बैंक के पास, 2,703 भारतीय स्टेट बैंक तथा उसके सहयोगी बैंकों के पास 599 राष्ट्रीयकृत बैंकों के पास, 406 कोषागारों तथा उप कोषागारों के पास और 5 जम्मू और कश्मीर बैंक लिमिटेड के पास हैं।

नोएडा में नयी टकसाल

17.2 देश में सिक्कों की आपूर्ति बढ़ाने के लिए नोएडा में (उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में) 1988 में एक नयी टकसाल खोली गयी। इस टकसाल ने जुलाई 1988 से एक रुपया मूल्यवर्ग के ताम्र-निकल सिक्कों तथा 50 पैसे, 25 पैसे और 10 पैसे मूल्यवर्ग के स्टेनलेस स्टील सिक्कों की ढलाई शुरू की।

मुद्रा प्रबंध के बारे में समिति

17.3 आगामी दशक में भारतीय रिजर्व बैंक की निर्गम संबंधी कार्यों से उत्पन्न समस्याओं का सामना करने के लिए भारतीय परिस्थितियों के अनुकूल तरीकों/प्रणालियों, प्रक्रियाओं, तथा तकनीकों से संबंधित प्रश्नों सहित मुद्रा प्रबंध विषयक समस्त समस्याओं की छान बीन के लिए रिजर्व बैंक के एक उप-गवर्नर की अध्यक्षता में दिसम्बर 1988 में एक समिति का गठन किया गया।

सर्वेक्षण

17.4 अनिवासी भारतीयों द्वारा प्राधिकृत व्यापारियों के पास रखे विदेशी मुद्रा अनिवासी जमा एवं अनिवासी बाह्य खातों के संबंध में दिसम्बर 1988 में एक सर्वेक्षण शुरू किया गया। सर्वेक्षण का प्रयोजन इन जमाराशियों की परिपक्वता के विन्यास (पैटर्न) का आकलन करना है। जमाकर्ताओं के निवास के देश निधियों के स्रोतों आदि जैसे संबंधित पहलुओं के बारे में भी इस सर्वेक्षण से जानकारी मिलने की संभावना है। उपयुक्त प्रतिदर्श प्रणालियों को अपनाकर सर्वेक्षण के लिए कुल मिलाकर बैंक की 559 प्राधिकृत शाखाओं का चयन किया गया है। यह जांच तथा प्राप्त अनुसूचियों का संसाधन काफी प्रगति कर चुका है।

17.5 वर्ष 1987 में किये गये निवेश संबंधी उद्देश्यों के प्रथम सर्वेक्षण से प्राप्त उत्साहवर्धक नतीजों के पश्चात 1,541 चयनित कंपनियों से वर्ष 1987–88 के उनके वास्तविक निवेशों तथा वर्ष 1988–89 के लिए उनके वांछित निवेशों के बारे में सूचना प्राप्त करने के लिए कंपनी क्षेत्र में निवेश उद्देश्य के संबंध में एक दूसरा सर्वेक्षण जनवरी 1989 में शुरू किया गया। इस सर्वेक्षण के परिणामों से वर्ष 1988–89 तथा 1989–90 के दौरान निजी कंपनी क्षेत्र की संभावित आवश्यकताओं का पता चला है तथा वित्तीय संस्थाओं को अपने वित्तीय संसाधनों के बारे में उपयुक्त योजना बनाने में भी उससे सहायता मिली है।

17.6 1989 में कंपनी निवेश पूर्वानुमान से संबंधित एक नयी परियोजना दिसम्बर 1988 में शुरू की गयी थी। परियोजना का प्रयोजन भारतीय औद्योगिक विकास बैंक, भारतीय औद्योगिक वित्त निगम तथा भारतीय औद्योगिक ऋण और निवेश निगम लिमिटेड जैसी मीयादी ऋणदात्री संस्थाओं द्वारा स्वीकृत परियोजनाओं के संबंध में पूंजीगत व्यय की संभावित चरणबद्धता के आंकड़ों के आधार पर वर्ष 1989 में निजी कंपनी क्षेत्र से संबंधित निवेशों का पूर्वानुमान करना था। इस परियोजना पर आधारित वर्ष 1989 से संबंधित कंपनी निवेश विषयक पूर्वानुमान का इस रिपोर्ट के भाग I में किया गया है।

17.7 वर्ष के दौरान 31 मार्च 1987 को संदर्भ वर्ष मानते हुए, भारत की विदेशी देयताओं तथा आस्तियों की गणना पूर्ण की गयी। संगृहीत आंकड़ों को संसाधित करने का कार्य प्रगति पर है।

दूरसंचार तंत्र का विकास

17.8 पिछले वर्ष की रिपोर्ट में स्टोर एण्ड फारवर्ड नेटवर्क का उल्लेख किया गया था जोकि रिजर्व बैंक में सितम्बर 1987 से शुरू हो गया था। यह तंत्र बैंक में शीघ्र तर अंतकार्यालयीन सूचना के लिए आरम्भ किया गया था जिसके लिए अनन्य रूप से रिजर्व बैंक के उपयोग के लिये डाक और तार विभाग से पट्टे पर लाईनें किराये पर ली गयी है। इस तंत्र (नेटवर्क) की स्थापना के बाद से इसके उपयोग में निरंतर वृद्धि होती रही है।

मशीनीकरण कंप्यूटरीकरण

17.9 बैंक के केन्द्रीय लेखा अनुभाग, नागपुर में आंकड़ों के शीघ्रतर संसाधन के लिए अधिक क्षमतावाली एक उन्नत कंप्यूटर प्रणाली स्थापित की गयी है। प्रेषण सुविधा योजना केन्द्रीय राज्य सरकार की जमाराशियों की एकाउंटिंग तथा रेलवे रक्षा, डाक और तार के खर्चों जिनका पहले

ही कंप्यूटरीकरण हो गया था, से संबंधित कार्य के अतिरिक्त केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के कार्य का भी कंप्यूटरीकरण हो गया है।

17.10 करेंसी चेस्ट लेखों का काम करने के लिए भायखला, नागपुर अहमदाबाद और नयी दिल्ली के निर्गम विभाग के कार्यालयों के कंप्यूटरीकरण के प्रथम चरण के पश्चात कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम के विस्तारण के अंतर्गत नौ और कार्यालयों को लिया गया है। बम्बई में निर्गम विभाग के दावा अनुभाग का भी कंप्यूटरीकरण हो गया है। कंप्यूटरीकरण कार्यक्रम को अन्य कार्यालयों में चरणबद्ध रूप में लागू करने का प्रस्ताव है।

17.11 केन्द्रीय कार्यालय के बैंकिंग परिचालन और विकास विभाग में एक कंप्यूटर प्रणाली की स्थापना की गयी है। वित्तीय कंपनी विभाग बम्बई में भी एक प्रणाली स्थापित की गयी है तथा बंगलूर और नयी दिल्ली कार्यालयों में भी ऐसी ही प्रणाली की स्थापना की जानेवाली है। शहरी बैंक विभाग मुद्रा प्रबंध विभाग सरकारी और बैंक लेखा विभाग तथा विदेशी मुद्रा नियंत्रण विभाग में कंप्यूटर प्रणालियां स्थापित की जाएगी प्रभावी आंकड़ा प्रबंध के लिए कार्मिक नीति विभाग रिजर्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय (मद्रास) आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग तथा ऋण आयोजना कक्ष को व्यक्तिगत कंप्यूटर प्रदान किये गये हैं। रिजर्व बैंक में कंप्यूटरीकरण की एक संदर्श योजना तैयार की जा रही है।

17.12 कार्यालय स्वचलन के क्षेत्र में शीघ्रता पूर्वक काम करने तथा कार्यक्षमता सुधारने के लिए अनेक नये तकनीकी उपकरण लगाये गये हैं। बम्बई, मद्रास और नयी दिल्ली में जमा लेखा विभाग में एडवांस्ड लेजर पोस्टिंग मशीनें लगायी जा रही है। बम्बई तथा भायखला कार्यालयों में एक हस्ताक्षर प्रग्रहण और पुनः प्राप्ति प्रणाली सिग्नेचर कैप्चर एण्ड रीट्रीवल सिस्टम अस्थापित की जा रही है। इससे हस्ताक्षर की पुनः प्राप्ति एवं सत्यापन की संभावना है तथा उसके द्वारा ग्राहक सेवा में सुधार होने की आशा है। बाह्य निवेश और परिचालन विभाग तथा विदेशी मुद्रा नियंत्रण विभाग में अनुलिपि मशीन लगायी गयी शीघ्र ही नई दिल्ली मद्रास तथा कलकत्ता कार्यालयों में ऐसी ही मशीने लगायी जाएगी कार्मिक नीति विभाग तथा रिजर्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय (मद्रास) में डेस्क टाप पब्लिशिंग प्रणालियां शुरू की गयी है।

खातों का माइक्रोफिल्मांकन

17.13 स्थान संबंधी समस्या तथा बेहतर अभिलेख प्रबंध की आवश्यकता के संदर्भ में रिजर्व बैंक अपने अभिलेखों की माइक्रोफिल्मिंग की वांछनीयता पर विचार करता रहा है। केन्द्रीय कार्यालय के कुछ विभागों में अभिलेखों की माइक्रोफिल्मिंग के संबंध में काम शुरू किया गया है। आवश्यक उपस्कर चयनित किये गये हैं तथा उनके लिए आदेश दे दिये गये हैं।

सी.डी. देशमुख स्मारक व्याख्यान

17.14 विख्यात स्मारक व्याख्यान, जो बैंक द्वारा अपने प्रथम भारतीय गवर्नर, डॉ सी.डी. देशमुख की स्मृति में प्रवर्तित किया गया था, 4 अक्तूबर, 1988 को बंबई में अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के प्रबन्ध निदेशक श्री माइकेल कैमडेसस द्वारा दिया गया। श्री कैमडेसस ने "विकासशील अन्तर्राष्ट्रीय मुद्रा प्रणाली कुछ समस्याएं विषय पर व्याख्यान दिया। इस व्याख्यानमाला में यह पांचवां व्याख्यान था।

बैंकिंग विकास के संबंध में राष्ट्रीय सम्मेलन

17.15 भारत के स्वतंत्रता के 40 वर्षों तथा जवाहरलाल नेहरू की जन्मशती के स्मारक समारोहों के अंश के रूप में रिजर्व बैंक ने 12 नवम्बर 1988 को इंदिरा गांधी विकास अनुसंधान संस्थान (इंदिरा गांधी इंस्टिट्यूट ऑफ डेवेलपमेंट रिसर्च) में बैंकिंग विकास के संबंध में एक राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इस सम्मेलन में बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं के अध्यक्षों एवं वरिष्ठ अधिकारियों तथा शैक्षणिक क्षेत्र के प्रतिनिधियों ने भाग लिया तथा इसका उद्घाटन रिजर्व बैंक के गवर्नर ने किया बैंकरों, रिजर्व बैंक के अधिकारियों तथा प्रमुख शिक्षाशास्त्रियों द्वारा प्रस्तुत आलेखों के आधार पर सम्मेलन में निम्नलिखित विषयों पर चर्चा हुई:

(i) वित्तीय बाजारों का विविधीकरण तथा बैंकों के समक्ष उपस्थित समस्यायें,

(ii) बैंक और ग्रामीण विकास, तथा

(iii) बैंकों में दक्षता, उत्पादकता और ग्राहक सेवा।

बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय, बंबई

17.16 बैंकर प्रशिक्षण महाविद्यालय ने सामयिक अभिरुचि के विषयों पर यथा निर्यात, कम्प्यूटर, पूंजी/शेयर-बाजार, ऋण वसूली प्रबन्ध, सुरक्षा-प्रबन्ध और विदेशी मुद्रा पर संगोष्ठियों और कार्यशालाओं सहित अनेक नये/नवोन्मेषपूर्ण कार्यक्रम शुरू किये। बैंकिंग उद्योग में कम्प्यूटर के व्यवहार संबंधी ज्ञान के संसार में सुविधा प्रदान करने की दृष्टि से अधिकांश कार्यक्रमों में कम्प्यूटर निविष्टियाँ भी शुरू की गयी। बैंकों द्वारा चलायी जा रही प्रशिक्षण संस्थाओं में हिन्दी के प्रयोग में वृद्धि लाने के उद्देश्य से महाविद्यालय ने हिन्दी माध्यम से 14 कार्यक्रम चलाये। इनके अतिरिक्त विस्तृत बैंकिंग कारोबार में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए "बैंकिंग चिंतन-अनुचिंतन" नाम एक त्रैमासिक पत्रिका का प्रकाशन शुरू किया। वर्ष के दौरान महाविद्यालय ने 103 कार्यक्रम चलाये जिनमें 2,348 प्रशिक्षार्थियों ने भाग लिया। 1954 में महाविद्यालय की स्थापना के बाद से विभिन्न कार्यक्रमों में कुल मिलाकर 37,439 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

रिजर्व बैंक स्टाफ महाविद्यालय, मद्रास

17.17 रिजर्व बैंक स्टाफ शिक्षण महाविद्यालय ने इस वर्ष के दौरान जो उसका रजत जयंती वर्ष है, व्यापक परिदृश्य कार्यक्रम चलाना जारी रखा, जिसमें नयी भर्ती में आये पुनर्निर्मित गहन परिचय कार्यक्रम और प्रोन्नत/गुणवत्ता सूची के अधिकारियों के लिए विकास कार्यक्रम तथा विभिन्न विभागों की बढ़ती हुई आवश्यकता की पूर्ति के लिए विशिष्ट रूप से तैयार किये गये कार्य-मूलक कार्यक्रम चलाये। महाविद्यालय ने नकदी विभाग के कोषपालों के लिए मुद्रा-प्रबन्ध पर एक कार्यशाला तथा कार्यपालकों के स्वास्थ्य परामर्श कार्यक्रम चलाने के लिए एक मंच (फोरम) के रूप में भी काम किया। महाविद्यालय द्वारा शुरू किए गए नये कार्यक्रमों में और आर्थिक विश्लेषण एवं नीति विभाग तथा सांख्यिकी विश्लेषण और कम्प्यूटर सेवा विभाग में सीधे भर्ती किए गए अनुसंधान अधिकारियों के लिए परिचय कार्यक्रम के अलावा ऋण, प्रबन्धन, सांख्यिकी, व्यापार, बैंकिंग, कम्प्यूटर ज्ञान के क्षेत्रों से संबंधित कार्यक्रम भी थे। वर्ष के दौरान महाविद्यालय ने 72 कार्यक्रम चलाये और 1,671 अधिकारियों को प्रशिक्षित किया और इस प्रकार महाविद्यालय की 1963 की स्थापना से अब तक प्रशिक्षित अधिकारियों की कुल संख्या बढ़कर 2,4198 हो गयी। तंजानिया, केनिया, बोत्सवाना, मलावी, भूटान और युगांडा के केन्द्रीय बैंकों के अधिकारियों ने भी इन कार्यक्रमों में से कुछ में भाग लिया।

कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, पुणे

17.18 महाविद्यालय कृषि वित्त, ग्रामीण बैंकिंग और सम्बद्ध विषय संबंधी क्षेत्रों में सहकारी बैंक, वाणिज्य बैंक, नाबार्ड और रिजर्व बैंक के कार्मिकों की प्रशिक्षण संबंधी आवश्यकता की पूर्ति करता रहा है। वर्ष के दौरान महाविद्यालय ने अनेक नये कार्यक्रम शुरू किये जिनमें ग्रामीण वित्त पोषण कार्यक्रम, ग्रामीण विकास परियोजना कार्यतन्त्र, स्वैच्छिक एजेंसियों के लिए एक कार्यशाला, अनुसूचित जनजातियों के विकास के लिए सेमीनार, ऋणों की वसूली, ग्रामीण क्षेत्र के गरीबों के लिए बैंकिंग तथा दक्षिण एशिया ग्रामीण बैंकिंग प्रशिक्षक कार्यक्रम (एशियाई और प्रशांत क्षेत्रीय कृषि ऋण संघ के सहयोग से) जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। ऐसे अधिकांश कार्यक्रमों में सेवा क्षेत्र दृष्टिकोण पर ध्यान दिया गया। महाविद्यालय ने हिन्दी माध्यम से 11 कार्यक्रमों का संचालन किया। वर्ष के दौरान महाविद्यालय ने कुल 102 कार्यक्रम चलाये जिनमें 2,315

अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रकार 1969 में महाविद्यालय की स्थापना से अब तक प्रशिक्षित अधिकारियों की कुल संख्या बढ़कर 33,238 हो गयी।

आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्र

17.19 बैंक के भायखला (बंबई), कलकत्ता, मद्रास और नई दिल्ली में स्थित आंचलिक प्रशिक्षण केन्द्र, बैंक के तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की प्रशिक्षण आवश्यकताओं की पूर्ति करते रहे। लिपिकीय कर्मचारियों के लिए दो कार्यक्रम हिन्दी में चलाए गए। वर्ष के दौरान तृतीय श्रेणी के 1,473 तथा चतुर्थ श्रेणी के 366 कर्मचारियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किये। इस प्रकार प्रशिक्षित कर्मचारियों की कुल संख्या बढ़कर क्रमश 34,936 और 2,090 हो गयी।

वाणिज्य बैंकों में प्रशिक्षण

17.20 वर्ष 1986 में प्रारम्भ की गयी वाणिज्य बैंकों में रिजर्व बैंक के अधिकारियों के प्रशिक्षण की योजना के अन्तर्गत ग्रेड "ए" से "सी" तक के 38 अधिकारियों ने तथा 3 वरिष्ठ अधिकारियों ने वर्ष के दौरान वाणिज्य बैंकों में प्रशिक्षण पूरे किये। ग्रेड "ए" से "सी" तक के 38 अधिकारी दूसरे बैच में वाणिज्य बैंकों में प्रशिक्षण ले रहे हैं, जबकि 4 वरिष्ठ अधिकारी महत्वपूर्ण विभागों में कार्यप्रियों के गहन प्रशिक्षण के लिए वाणिज्य बैंकों से सम्बद्ध किए गए हैं।

भारत और विदेश में प्रशिक्षण हेतु स्टाफ की प्रतिनियुक्ति

17.21 बैंक ने भारत के ख्याति प्राप्त प्रबन्ध-संस्थानों द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों, सेमीनारों और सम्मेलनों में भाग लेने के लिए 358 अधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया। बैंक के 2 अधिकारी सेंटर फार डेवलपमेंट स्टडीज, त्रिवेन्द्रम में प्रायोगिक अर्थशास्त्र में एम. फिल. पाठ्यक्रम कर रहे हैं। बैंक ने 15 अधिकारियों को विदेश की बैंकिंग और वित्तीय संस्थाओं जिनमें संयुक्त राज्य अमेरिका, ग्रेट ब्रिटेन, स्विटजरलैण्ड, पश्चिम जर्मनी और जापान शामिल हैं, में प्रशिक्षण और अध्ययन दौरों के लिए भी प्रतिनियुक्त किया।

17.22 बैंक ने स्वर्ण जयंती समारोह के एक अंश के रूप में बैंक अधिकारियों को विदेश में उच्चतर अध्ययन के वास्ते छात्रवृत्ति प्रदान करने की योजना के अन्तर्गत, इस वर्ष के दौरान 4 अधिकारियों ने अपने अध्ययन पूरे किये। 4 अधिकारियों का तीसरा बैच विदेश के कई विश्वविद्यालयों में अध्ययन कर रहा है और योजना के अन्तर्गत 4 और अधिकारियों का विदेश में प्रशिक्षण के लिये चयन किया गया है।

विदेशी बैंकों के अधिकारियों को प्रशिक्षण सुविधाएं

17.23 विदेशी केन्द्रीय और वाणिज्य बैंकों से विशेष अनुरोध प्राप्त होने पर रिजर्व बैंक वहां के सहभागियों को प्रशिक्षण और अध्ययन की सुविधाएं प्रदान करता रहा और इसके अन्तर्गत कुल 65 विदेशी सहभागी लाभान्वित हुए जिनमें श्रीलंका से 12, भूटान से 8, केनिया से 7, अफगानिस्तान और ईरान में क्रमशः 6-6 तंजानिया से 5, नेपाल, जाम्बिया और सोमालिया, प्रत्येक से 4-4, बोत्स्वाना से 3 तथा उगांडा, रूस, नाइजीरिया, सूडान, इथियोपिया, मलावी प्रत्येक से एक-एक सहभागी ने वर्ष के दौरान रिजर्व बैंक में प्रशिक्षण सुविधाओं का लाभ उठाया।

कम्प्यूटर टेकनालोजी में प्रशिक्षण

17.24 कम्प्यूटर क्षेत्र में योग्यता अर्जित करने के लिए प्रोत्साहन देने की योजना के प्रति कर्मचारियों का आकर्षण, उत्साहवर्धक रहा।

नियोक्ता-कर्मचारी संबंध

17.25 धरने के कुछ छुट पुट उदाहरणों तथा एक दिन की कामगार कर्मचारियों की प्रत्येक यूनियन द्वारा की गई एक दिन की सांकेतिक हड़ताल को छोड़कर रिजर्व बैंक में औद्योगिक संबंध प्रायः शान्तिपूर्ण रहा। बैंक की सामान्य परंपरा बनाए रखते हुए बैंक उन दिनों अधिकांश कार्यालयों में आवश्यक ग्राहक सेवा बनाए रख सका। औद्योगिक संबंधों के क्षेत्र में उल्लेखनीय गतिविधियां अग्रलिखित हैं: (i) सरकार के सुझाव के अनुसार बैंक के भूतपूर्व कर्मचारियों के लिए संपर्क अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए बैंक के एक वरिष्ठ अधिकारी को नामित किया गया (ii) कामगार कर्मचारियों की सेवा शर्तों पर मांग पत्र पर बातचीत अच्छी प्रगति पर है तथा (iii) अधिकारियों की एसोसिएशनों की संयुक्त परामर्शदात्री परिषद की एक बैठक हुई।

17.26 कर्मचारी कल्याणकारी उपाय के रूप में बैंक ने रिजर्व बैंक के पूर्ण कालिक कर्मचारियों के लाभ के लिए भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा चलाई जा रही बचत संलग्न सामूहिक बीमा योजना 14 नवंबर 1988 से शुरू की है। उक्त योजना को कर्मचारियों का इतना भारी समर्थन मिला है कि वर्तमान कर्मचारियों का 91 प्रतिशत इसमें सम्मिलित हुए हैं।

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व

17.27 रिजर्व बैंक में 1 जनवरी 1989 को अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के कर्मचारियों की कुल संख्या क्रमशः चतुर्थ श्रेणी में 2050 और 552, तृतीय श्रेणी में 2283 और 1025 तथा प्रथम श्रेणी में 421 और 86 थी। वर्ष 1988 के दौरान बैंक की विभिन्न श्रेणियों की सेवा में सीधी भर्ती और कुल भर्ती में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के प्रतिनिधित्व का विवरण नीचे दिया गया है। बैंक के अहमदाबाद, बंगलूर, भोपाल, कलकत्ता, चण्डीगढ़, जयपुर, जम्मू, कानपुर, मद्रास, नागपुर, नयी दिल्ली और पटना कार्यालयों, में वर्ष 1988 के दौरान रोस्टरों का निरीक्षण किया गया।

भूतपूर्व सैनिकों का नियोजन

17.28 कैलेंडर वर्ष 1988 के दौरान तृतीय और चतुर्थ श्रेणी में भर्ती जाने वाली क्रमशः 356 और 395 रिक्तियों में से, 14.5 प्रतिशत और 24.5 प्रतिशत के आरक्षण की निर्धारित दर पर, भूतपूर्व सैनिकों के लिए क्रमशः 52 और 97 रिक्तियां आरक्षित रखना आवश्यक था। इनमें से तृतीय श्रेणी में 38 रिक्तियां और चतुर्थ श्रेणी में 48 रिक्तियां भूतपूर्व सैनिकों द्वारा भरी गयी। दिनांक 31 दिसम्बर 1988 को भूतपूर्व सैनिकों की कुल संख्या तृतीय श्रेणी में 695 और चतुर्थ श्रेणी में 977 थी। हाल ही में बैंक ने भूतपूर्व सैनिकों के पक्ष में टंकक पद के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता में छूट बढ़ाने का निर्णय लिया है। तदनुसार भूतपूर्व सैनिकों ने, जिन्होंने मैट्रिक परीक्षा या उसके समकक्ष परीक्षा सशस्त्र सेवा से पास की है और कम से कम 15 वर्षों तक प्रतिरक्षा सेवा में काम किया है, वे टंकक के पद के लिए शैक्षणिक दृष्टि से योग्य समझे जाएंगे।

वर्ग	भर्ती किए गए उम्मीदवारों की कुल संख्या	उनमें से		कुल प्रतिशत	
		अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन जाति	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जन. जाति
1	2	3	4	5	6
श्रेणी I	53	2	1	3.8	1.9
श्रेणी II	356	52	12	14.6	3.4
श्रेणी IV	395	131	42	33.2	10.6

हिन्दी की प्रगति

93. सिपाही राम	सीया राम	4-5-84	16-5-85	,,	,,
94. श्याम सुन्दर शर्मा	वेद प्रकाश	4-5-84	15-10-85	,,	,,
95. सीता राम	अनुरुद्ध राम	24-4-84	15-3-85	,,	,,
96. इंद्रशरणं राम	सुदर्शन	24-4-84	15-6-85	,,	,,
97. त्रिलौका राम	करना राम	28-6-84	11-7-85	,,	,,
98. कैलाश	दलगनजन	8-1-84	15-10-85	,,	,,
99. काले खां	गफूर खां	26-10-84	15-6-85	,,	,,
100. जगदीश	रामकुमार	6-3-83	15-3-85	,,	,,
101. सांवर मल	मूलाराम	8-1-84	15-6-85	,,	,,
102. शिम्भू	कुरड़ाराम	9-10-84	18-6-85	,,	,,
103. कैलाश	रामनाथ	18-6-83	14-4-85	,,	,,
104. रामप्रसाद मीणा	कन्हैया लाल	8-1-84	15-6-85	,,	,,
105. सोहन लाल	प्रभू राम	5-6-83	15-3-85	,,	,,
106. गया राम	साहेब शरण	24-4-84	15-3-85	,,	,,
107. राममरेश	परसराम	30-4-83	15-9-83	,,	,,
108. शरमन लाल	राधाकिशन	24-8-84	15-6-85	,,	,,
109. दया राम	कमले प्रसाद	22-7-84	18-6-85	,,	,,
110. मोहर सिंह	कौशल पाल	27-10-84	18-6-85	,,	,,
111. महावीर	धीसाराम	18-12-83	15-6-85	,,	,,
112. सुमेर सिंह	रिछपाल	3-6-83	19-5-85	,,	,,
113. कानाराम	लक्ष्मण	1-12-83	18-6-85	,,	,,
114. उदाराम	रामचन्द्र	5-6-83	19-5-85	,,	,,
115. मनोहर सिंह	बखतावर सिंह	8-9-83	14-5-85	,,	,,
116. मूलचन्द्र	सूबेदार	23-3-83	15-9-83	,,	,,
117. मनोहर सिंह	सुर्जन सिंह	3-6-83	15-3-85	,,	,,
118. भंवर सिंह	हुक्माराम	9-1-84	15-7-85	,,	,,
119. राम विलास	नारायण सिंह	28-12-83	15-5-85	,,	,,
120. भंवर लाल	हनमान	12-5-83	15-3-85	,,	,,
121. मेघनाथ	रामस्वरूप	30-6-83	15-3-85	,,	,,
122. देवसिंह	सीयाराम	9-1-84	1-8-85	,,	,,
123. राजेंद्र प्रसाद	श्री वीरम सिंह	8-1-84	15-5-85	,,	,,
124. मुनीम	ककम सिंह	9-1-84	21-12-85	,,	,,
125. भंवर लाल	धरा	9-1-84	21-2-86	,,	,,
126. प्रकाशचन्द्र	मालू राम	1-3-84	15-5-85	,,	,,
127. महावीर	सीया राम	9-1-84	15-3-85	,,	,,
128. भगवान सिंह	तुलाराम	8-1-84	15-5-85	,,	,,
129. गोविंद राम	उगमा राम	15-1-84	15-5-85	,,	,,
130. महेन्द्र सिंह	लालराम	8-1-84	6-7-85	,,	,,
131. राम सिंह	जग्गा	10-1-84	15-3-85	,,	,,
132. रामसजीवन	दुखी	5-6-83	15-3-85	,,	,,
133. शीशपाल	कुम्भा राम	8-1-84	16-6-85	,,	,,
134. अमर सिंह	चरण सिंह	11-9-84	15-10-85	,,	,,
135. बीरबल	अमरनाथ	17-3-85	6-11-85	,,	,,
136. भोमबीर शाह	राजन	30-4-84	15-10-85	,,	,,

1	2	3	4	5	6
137. विश्वकर्मा शर्मा	समरथी शर्मा	24-4-84	16-5-85	1-8-86 एफ.एन.	पी. डब्ल्यू. आई.
138. बाल किशन	ताराचन्द	31-12-83	15-3-85	,,	एलनाबाद
139. राम लाल	रामपाल	5-6-83	15-5-85	,,	,,
140. हजारी लाल	गणपत	8-1-84	16-3-85	,,	,,
141. बिलाल खान	लखवीर	26-1-84	15-5-85	,,	,,
142. उमाशंकर	रामसिंह	24-4-84	15-5-85	,,	,,
143. महेन्द्र सिंह	बनवारी	24-4-84	15-12-85	,,	,,
144. भोजराज सिंह	जीवाराम	24-1-85	16-3-85	,,	,,
145. जसवन्त सिंह	कालीचरन	26-7-83	15-5-85	,,	,,
146. राजू राम	भजनाराम	3-6-83	15-9-83	,,	,,
147. फूल सिंह	मौजी लाल	7-5-83	15-9-83	,,	,,
148. रामकुमारी गिरी	जुगलालगिरी	9-1-84	15-5-85	,,	,,
149. दानाराम	ईसर	8-1-84	15-6-85	,,	,,
150. राप्रताप	सूबेदार	1-1-83	16-6-85	,,	,,
151. ओमप्रकाश	रामनाथ	30-4-84	15-6-85	,,	,,
152. बाबू लाल	डालाराम	5-6-83	16-5-85	,,	,,
153. चन्द्र हास	पन्ना लाल	4-1-84	16-5-84	,,	,,
154. रामआसरे	बृजनाथ	30-4-84	15-6-85	,,	,,
155. रामचन्द्र	भंवर सिंह	29-5-84	15-3-85	,,	,,
156. श्री किशन	महीपाल	16-8-84	15-10-85	,,	,,
157. शीशपाल	भंवरा	3-6-83	15-6-85	,,	,,
158. सुखबीर	मालजी	3-6-83	15-6-85	,,	,,
159. जय कृष्ण	चन्द्रभान	6-1-84	18-6-85	,,	,,
160. भजन लाल	रामनाथ	5-4-83	15-6-85	,,	,,
161. राजेंद्र प्रसाद	रामनेही	8-11-83	16-5-85	,,	,,
162. पृथ्वीराज	गोपाल	8-1-84	18-6-85	,,	,,
163. सुरेशचन्द्र	रामस्वरूप	3-3-84	15-3-85	,,	,,
164. शंकर	रूरा	5-6-83	15-3-85	,,	,,
165. रामाशंकर	रोशन प्रसाद सिंह	22-4-84	18-6-85	,,	,,
166. प्रेम कुमार	खेमचन्द	8-1-84	16-10-85	,,	,,
167. श्यामलाल सिंह	विश्वनाथ सिंह	24-4-84	16-3-85	,,	,,
168. जमीर अहमद	गुलाम नबी	1-11-84	5-11-85	,,	पी. डब्ल्यू. आई. श्री गंगानगर
169. दया राम	मुंशी राम	12-7-83	2-8-85	,,	,,
170. चौथमल	बकशा राम	12-4-84	6-5-85	,,	,,
171. रमेश लाल	बग्ता राम	8-1-84	6-12-85	,,	,,
172. लालचन्द	मुखराम	24-4-84	3-5-85	,,	,,
173. द्वारका शाह	रामशाह	16-5-84	1-12-85	,,	,,
174. लाल सिंह	जेठा सिंह	9-1-84	2-8-85	,,	,,
175. श्रीकृष्ण	भादर	8-12-83	15-6-85	,,	पी. डब्ल्यू. आई. एलनाबाद
176. प्रेम सिंह	रेखा सिंह	1-9-84	10-8-85	5-7-86	पी. डब्ल्यू. आई. जैतसर
177. हेतराम	गणेशा राम	31-7-84	17-9-85	,,	,,
178. गिरधारी लाल	भैरा राम	31-7-84	1-10-85	,,	,,

1	2	3	4	5	6
179. शिव लाल	छेदी लाल	23-12-83	2-8-85	5-7-86	पी डब्ल्यू आई जैतसर
180. पालीराम	पूर्ण राम बालमीक	14-9-84	5-8-85	,,	,,
181. प्रह्लाद	बलदेवा राम	30-12-83	1-8-85	,,	,,
182. भंवर सिंह	बख्तावर सिंह	26-10-84	5-8-85	,,	,,
183. सोहन लाल	धन्ना राम	31-1-84	5-8-85	,,	,,
184. कैलाश मिश्रा	महावीर मिश्रा	24-12-83	5-8-85	,,	,,

184 श्रमिकों के संबंध में जो उपरोक्त तथ्य अंकित किये गये हैं उनके अतिरिक्त प्रत्येक के स्टेटमेंट आफ क्लेम में सामान्यतः निम्न तथ्य यूनियन की ओर से लिखे गये हैं। यह कि प्रत्येक श्रमिक को जहां कि उसे नियोजित किया गया वहां के सहायक अभियंता नोर्दर्न रेलवे एवं वहां के पथ निरीक्षक की देखरेख में गैंगमैन के पद एवं कार्य पर बतौर कैज्युअल लेबर कर्मचारी के रूप में नियुक्त किया गया था और उन्हें वेतनमान 200-250 में रखा गया था। आगे यह भी अभिवचन रखा कि प्रत्येक कर्मचारी ने एक कैलेण्डर वर्ष में सेवा समाप्ति से पूर्व 240 दिन कार्य कर लिया था और वह इस प्रकार 240 दिन से अधिक निरंतर कार्य करने वाला औद्योगिक कर्मचारी हो गया था। यह कि प्रत्येक कर्मचारी की सेवा उसके रेल पथ निरीक्षक ने मौखिक रूप से बिना लिखित आदेश किये समाप्त कर दी। आगे यह व्यक्त किया कि प्रत्येक कर्मचारी की सेवा समाप्ति रेन्ट्रेंचमेंट (छंटनी) के तौर पर की गई है। आगे यह भी व्यक्त किया गया कि प्रत्येक कर्मचारी को सक्षम नियोजक द्वारा कोई सेवा समाप्ति का आदेश नहीं दिया गया। इस कारण से प्रत्येक की सेवा अनाधिकृत रूप से समाप्त की गई है। इस संबंध में यह भी एतराज लिये गये कि प्रत्येक कर्मचारी की सेवा समाप्ति से पूर्व श्रमिकों के नियोजक द्वारा एक माह का सेवा समाप्ति का नोटिस नहीं दिया गया ना ही छंटनी का मोआवजा दिया गया, पहले आये पीछे जाए के सिद्धांत का पालन भी नहीं किया गया। इन कर्मचारियों से कनिष्ठ कर्मचारियों को रेलवे सेवा में कायम रखते हुये अनुचित तौर से उनकी सेवा समाप्त की गई। आगे यह भी एतराज लिया कि श्रमिकों जैसे कर्मचारियों की सेवा समाप्ति से पूर्व कोई वरिष्ठता सूची घोषित नहीं की गई ना ही भारत सरकार को उन की सेवा समाप्ति की सूचना निर्धारित परिपत्र में दी गई। आगे यह भी एतराज उठाया कि इन श्रमिकों की सेवा सामप्ति के पश्चात् भारत सरकार को सरासर गलत सूचना दी गई। चूंकि प्रार्थी श्रमिकों की सेवा समाप्त करने का कोई आधार, कारण एवं औचित्य नहीं था ऐसा होते हुये भी जो श्रमिकों की सेवा समाप्त की गई वह अवैध एवं अनाधिकृत रूप से सेवा समाप्त की गई है। जो छंटनी की परिभाषा में आती है। आगे यह भी व्यक्त किया गया है कि विपक्षीगण ने प्रार्थी श्रमिकों की सेवा समाप्ति को अनुचित तौर पर औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947 जिसे तत्पश्चात् अधिनियम लिखा जायेगा की धारा 2(00) (बी.बी.) की परिधि में लाने के खातिर प्रत्येक कर्मचारी को नोटिस पर हस्ताक्षर करने के लिये मजबूर करने की कार्यवाही की गई ताकि उस नोटिस की अवधि समाप्ति पर उसकी सेवा समाप्त कर दी जावे। और अधिनियम की धारा 25बी., 25एफ. और 25 जी में निर्धारित सुरक्षा कर्मचारी प्राप्त नहीं कर सके। इस पत्र पर कानूनी एतराज करने पर कर्मचारियों की सेवा समाप्त की गई। इस प्रकार कर्मचारियों के साथ अनफेयर लेबर प्रेक्टिस की प्रक्रिया अपनाई गई। और श्रमिकगण की सेवा समाप्ति अनुचित, अवैध, अनाधिकृत रूप से एवं अन फेयर लेबर प्रेक्टिस अपनाते हुए निरस्त की गई। आगे यह वयक्त किया कि उपरोक्त कर्मचारियों ने रेलवे कैजुवल लेबर यूनियन बीकानेर जिसके कि वे सदस्य हैं, के माध्यम से अपना औद्योगिक विवाद उठाया जिसके फलस्वरूप असफल वार्ता प्रतिवेदन केन्द्रीय सरकार को प्रस्तुत की गई और केन्द्रीय सरकार ने उक्त औद्योगिक विवाद इस न्यायाधीकरण को अधिनिर्णार्थ भेजा। अन्त में प्रार्थना की कि प्रार्थीगणकी सेवा अनुचित, अनाधिकृत एवं अवैध रूप से समाप्त की गई है और प्रार्थीगण सेवा समाप्ति से पूर्व गैंगमैन के पद पर नियुक्त थे इसलिये उन्हें सेवा समाप्ति से पूर्ववत पद पर बहाल किया जाये और सेवा समाप्ति से लगायत सेवा में बहाल किये जाने कि तिथि के मध्य की अवधि का पूरा वेतनभत्ता दिलाया जावे।

प्रत्येक प्रार्थी श्रमिक के स्टेटमेंट आफ क्लेम के प्रतिवाद में अप्रार्थीगण की ओर से सहायक अभियंता उत्तर रेलवे ने अलग-अलग स्टेटमेंट आफ क्लेम के उत्तर पेश किये हैं जिनमें सामान्यतः स्टेटमेंट आफ क्लेम का प्रतिवाद निम्न प्रकार से किया गया है :—

विपक्षीगण की ओर से इस तथ्य को नकारा गया है कि प्रत्येक कर्मचारी की सेवा समाप्ति छंटनी के तौर पर की गई है। इस तथ्य को भी स्वीकार नहीं किया गया है कि प्रत्येक कर्मचारी ने एक कैलेंडर वर्ष में 240 दिन से अधिक निरंतर कार्य करने के आधार पर वह लगातार काम करने वाला औद्योगिक कर्मकार हो गया था। यद्यपि यह स्वीकार किया कि प्रत्येक कर्मचारी को गैंगमेन के पद पर बतौर कैजुअल लेबर के नियोजित किया गया था और उन्हें वेतनमान 200-250 में वेतन भत्ता दिया गया था। इस तथ्य को भी नकारा कि प्रार्थी कर्मचारी की सेवा रेल पथ निरीक्षक ने मौखिक रूप से बिना लिखित आदेश लिये टर्मिनेट कर दी हो या समाप्त कर दी हो। आगे यह एतराज किया कि पक्षकारों के मध्य कोई औद्योगिक विवाद उत्पन्न नहीं हुआ है। आगे यह भी स्वीकार

नहीं किया कि कर्मचारी की सेवा रेट्रेंचमेंट की तौर पर अनाधिकृत, एवं अनुचित रूप से धारा 2 (00) लगाने की बदनियती से टर्मिनेट की गई। और टर्मिनेट करने के बाद कर्मचारी को मजबूर करने की कार्यवाही की गई हो। उज्रात मजीद में यह एतराज लिया कि कर्मचारीगण को अप्रार्थी नियोजक द्वारा निर्धारित अवधि के लिये ही सेवा में रखा गया था। अवधि समाप्ति के बाद स्वतः ही सेवा कानूनन धारा 2(00) अधिनियम के अन्तर्गत समाप्त हो गई। निर्धारित अवधि सेवा काल के लिये पक्षकारान के मध्य करार होने के आधार पर यह मामला रेन्ट्रेचमेंट की परिभाषा में नहीं आता है। अतः प्रार्थी कर्मचारी 25एफ, 25 जी अधिनियम या अन्य किसी धारा व नियम के अन्तर्गत लाभ प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। आगे यह भी एतराज लिया कि प्रार्थी कर्मचारीगण यूनियन के सदस्य नहीं हैं। और यूनियन के माध्यम से यह मामला चलाने तथा रेफरेंस कराने का उन्हें कत्तई अधिकार नहीं है। आगे यह भी एतराज लिया कि प्रत्येक कर्मचारी द्वारा उसका स्टेटमेंट आफ क्लेम नियमानुसार सत्यपति नहीं किया गया है जिसके कारण क्लेम खारिज होने योग्य है। आगे यह भी व्यक्त किया कि प्रार्थीगण के स्टेटमेंट आफ क्लेम में यह अस्पष्ट रहा है कि उसके पश्चात् किन-किन व्यक्तियों को नौकरी में रखा गया और कौन-कौन से व्यक्ति उससे कनिष्ठ हैं यह अस्पष्ट रहा है और इसी कारण से क्लेम खारिज होने योग्य है। अंत में यह एतराज लिया कि प्रत्येक कर्मचारी को अप्रार्थी द्वारा एक निर्धारित कार्य के लिये निर्धारित समय के लिये करार के आधार पर रखा गया था। करार समाप्त होने के बाद प्रार्थीगण की सेवा स्वतः ही समाप्त हो गई। उन्हें कार्य पर लगाने का प्रश्न ही नहीं उठता। है क्योंकि जिस काम के लिये तथा जिस आवश्यकता के लिए उन्हें रखा वही समाप्त हो गया। अब रेलवे को उनके काम की आवश्यकता ही नहीं रही ना ही कोई जगह खाली है अतः जवाब पेश कर प्रार्थना की कि प्रार्थीगण के क्लेमों को खारिज किया जावे। प्रार्थीगण कोई प्रतुतोष पाने के अधिकारी नहीं हैं।

केस संख्या सी. आई. टी. 64/164/88 में कर्मकार शंकर पुत्र रूरा का स्टेटमेन्ट आफ क्लेम प्रस्तुत नहीं किया गया ना ही कोई उसकी ओर से शपथ-पत्र पेश किया गया। केस संख्या 64/129/88 में प्रार्थी श्रमिक गोविन्द राम का देहावसान हो गया। और इस संबंध में उसकी सेवा श्रीमती प्रभाती ने अपना शपथ-पत्र पेश किया जो दिनांक 20-11-89 को रेकार्ड पर ले लिया गया। केस संख्या 64/172/88 के प्रार्थी श्रमिक श्री लालचन्द पुत्र मुकना राम को पुनः सेवा में रेलवे ने 2-12-86 को ले लिया। उपरोक्त तीन कर्मचारियों के केसेज को छोड़ कर बाकी 181 केसेज में उस केस के प्रार्थी श्रमिक का बयान यूनियन की ओर से कराया गया है। जिस पर विपक्षी रेलवे के योग्य अधिवक्ता ने प्रत्येक प्रार्थी श्रमिक से जिरह की।

विपक्षगण की ओर से प्रकरण संख्या 64/1/लगायत 64/88/88 और 64/168 लगायत 64/174/88 में श्री बलबीर सिंह रेल पथ निरीक्षक को तरदीदी साक्ष्य में परिक्षित किया गया। जिसने प्रत्येक केस में अपना शपथ पत्र प्रस्तुत किया जिसे न्यायाधिकरण द्वारा सत्यापित किया गया और यूनियन के अधिकृत प्रतिनिधि ने पी. डब्ल्यू. आई से प्रतिपरिक्षण किया और इन केसेज में साक्ष्य समाप्त हुई। प्रकरण संख्या 64/69/88 लगायत 64/87/88 एवं 64/176 टू 64/184/88 में विपक्षी रेलवे की ओर से श्री गुरुदयाल सिंह रेल पथ निरीक्षक को तरदीदी साक्ष्य में पेश किया गया जिन्होंने उक्त प्रत्येक प्रकरण में अपना शपथ-पत्र प्रस्तुत किया जिसे न्यायाधिकरण द्वारा सत्यापित किया गया। और यूनियन के अधिकृत प्रतिनिधि ने प्रत्येक शपथ-पत्र पर गवाह गुरूदयाल सिंह से जिरह की। प्रकरण संख्या 64/78 लगायत 64/67/88 एवं 64/175/88 में विपक्षी रेलवे की ओर से तरदीदी साक्ष्य में श्री अर्जुन लाल रेल पथ निरीक्षक को परिक्षित किया गया और इन प्रत्येक प्रकरणों में श्री अर्जुन लाल ने अपना शपथ-पत्र प्रस्तुत किया जिसे भी न्यायाधिकरण द्वारा सत्यापित किया और यूनियन के अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा श्री अर्जुन लाल पी. डब्ल्यू. आई. से प्रत्येक शपथ-पत्र पर प्रतिपरिक्षण किया। इस प्रकार उभय पक्षकारान ने अपनी साक्ष्य समाप्त की।

मैंने बहस योग्य अधिकृत प्रतिनिधि प्रार्थी यूनियन एवं योग्य अधिवक्ता अप्रार्थीगण सुनी है। पत्रावलीयों का ध्यान पूर्वक अवलोकन किया है। उभय पक्षकारान ने जुबानी बहस के अतिरिक्त लिखित बहस भी पेश की है।

उभय पक्षकाराने के अभिवचनों, साक्ष्य एवं पेश किये गये प्रलेखों के आधार पर निम्न विचार बिन्दु कायम किये जाते हैं :—

1. क्या प्रत्येक कर्मचारी द्वारा पेश किये गये स्टेटमेन्ट आफ क्लेम का नियमानुसार सत्यापन नहीं किये जाने से उसका क्लेम खारिज होने योग्य है ?

2. आया उपरोक्त सभी केसेज में प्रत्येक केस के श्रमिक ने सेवा समाप्ति से पूर्व 240 दिन निरन्तर कार्य कर लिया था और क्या इस प्रकार वह निरन्तर कार्य करने वाला औद्योगिक कर्मकार हो गया था।

3. आया दिनांक 1-8-86 को श्री गंगानगर के रेल पथ निरीक्षक ने उपरोक्त संबंधित श्रमिकों की सेवा समाप्त व पथ निरीक्षक जैतसर ने दिनांक 5-7-86 को उसके तहत प्रत्येक श्रमिक की सेवा समाप्त की व एलनाबाद के पथ निरीक्षक ने उसके तहत जिन संबंधित श्रमिकों की सेवा समाप्त की यह सेवा समाप्त करने की छंटनी की परिभाषा में आती है ?

4. उपरोक्त विवादित बिन्दु संख्या 3 का उत्तर यदि हां में दिया जाता है तो क्या छंटनी सद्भाव से एवं विधिवत् की गई या छंटनी प्रार्थी श्रमिकों की अवैध, अनुचित तौर से की गई ?

5. प्रार्थी श्रमिकगण किस अनुतोष को प्राप्त करने के अधिकारी हैं ?

उपरोक्त विवादित बिन्दुओं को पत्रावली पर आई हुई साक्ष्य, बहस और पेश की गई कानूनी नजीरों के आधार पर निर्णीत किया जायेगा।

विवादित बिन्दु संख्या : —

यह बिन्दु अप्रार्थीगण के उत्तर क्लेम में उठाये गये एतराज के आधार पर कायम किया गया है जिसमें यह एतराज किया गया था कि प्रार्थी कर्मचारी द्वारा स्टेटमेन्ट आफ क्लेम का नियमानुसार सत्यापन नहीं किया गया है। इस कारण से क्लेम खारिज होने योग्य है। इस संबंध में प्रत्येक स्टेटमेन्ट आफ क्लेम को देखा गया। यह तो सही पाया गया कि प्रत्येक स्टेटमेन्ट आफ क्लेम के अन्त में सत्यापन नहीं किया गया है। प्रथम तो यह एतराज उत्तर क्लेम में तो लिया गया मगर उसके पश्चात् इस एतराज को अन्तिम बहस तक प्रेस नहीं किया गया। इससे एतराज वेव (waive) कर दिया जाना ही माना जायेगा। दूसरे प्रत्येक कर्मकार के शपथ पर बयान हो चुके हैं। प्रत्येक प्रार्थी श्रमिक ने यह सभी महत्वपूर्ण तथ्य शपथ पर अपने हलफनामे में व्यक्त किये हैं। इस प्रकार तथ्य शपथ पूर्वक ब्यान से प्रमाणित हो जाते हैं और महज स्टेटमेन्ट आफ क्लेम में सत्यापन नहीं होने से स्टेटमेन्ट आफ क्लेम निरस्त नहीं किया जा सकता। औद्योगिक न्यायाधिकरण (सेन्ट्रल प्रोसीजर नियम 1954 में इस प्रकार कोई प्रावधान नहीं किया गया है कि स्टेटमेन्ट आफ क्लेम का सत्यापन किया जावे। औद्योगिक विवाद (केन्द्रीय 1957) के नियम 3 में नियम 10-बी में न्यायाधिकरण के समक्ष कार्यवाही के संबंध में जो उपनियम (1) में यह प्रावधान दिया गया है कि जबकि कोई विवाद श्रम न्यायालय अधिकरण या राष्ट्रीय अधिकरण को केन्द्रीय सरकार द्वारा भेजा जाता है तो जिस पार्टी द्वारा विवाद उठाया गया है वह अपना पूर्ण स्टेटमेन्ट आफ क्लेम संगत प्रलेखों और उन गवाहों की सूची जिन पर कि वे अपने केस का आधार मानता है श्रम न्यायालय अधिकरण व राष्ट्रीय अधिकरण निर्देशन प्राप्ति के 15 दिन के अन्दर प्रस्तुत करेगा और जिसकी एक प्रतिलिपि जो उस विवाद से संबधित विपक्षी है को भेजेगा। उप नियम (2) के अनुसार लेबर कोर्ट न्यायाधिकरण, राष्ट्रीय न्यायाधिकरण यह निश्चित करने के पश्चात् कि स्टेटमेंन्ट आफ क्लेम की प्रतिलिपि विपक्षी को दे दी गई है। उस केस की सुनवाई के लिए आगे नियत करेगा। जिसमें की तारीख एक महीने से ज्यादा की नहीं दी जायेगी। तत्पश्चात् विपक्षी स्टेटमेन्ट आफ क्लेम का उत्तर अपने प्रलेखों सहित और गवाहों की सूची सहित जिन पर वे भरोसा करता है अगले 15 दिन में पेश करेगा। इस प्रकार से नियम 10 बी में जो प्रोसीजर दिया गया है। उसमें स्टेटमेन्ट आफ क्लेम को सत्यापित किये जाने के बारे में औद्योगिक विवाद नियम 1957 में भी ऐसा प्रावधान नहीं बताया गया है कि स्टेटमेंन्ट आफ क्लेम सत्यापित किया जावे। वैसे भी व्यवहार प्रक्रिया संहिता के अनुसार भी यदि किसी दावे की क्लेम पर सत्यापन नहीं हो तो महज उसे इसी कारण से निरस्त नहीं किया जा सकता। व्यवहार न्यायालय भी इस प्रकार के पेलेन्ट (दावा) को सत्यापित कराने के लिये समय देगा। इस व्यवहार प्रक्रिया संहिता के सामान्य प्रोसीजर को देखते हुए भी स्टेटमेन्ट आफ क्लेम को सत्यापन के अभाव में निरस्त नहीं किया जा सकता और इस मौजूदा विवाद में जबकि प्रत्येक प्रार्थी श्रमिक ने अपना शपथ पर बयान दिया है तो यह कमी पूर्ति पूरी हो जाती है जबकि रेफरेन्स में कार्यवाही पूरी होकर बहस की अवस्था पर ऐसी टेकनीकल कमी बताई जाती है तो औद्योगिक विवाद अधिनियम मे टेक्नीकलटीज में खामी के आधार पर ऐसी कमी को अधिक महत्व नहीं दिया जाता है यहां वास्तविक विवाद का निपटारा न्यायसंगत तरीके से शीघ्र किया जाना परम आवश्यक है। इसलिये परोक्त विवेचन के आधार पर प्रथम विचारण बिन्दु में कोई सार नहीं पाया जाता है और यह विवादित बिन्दु विपक्षी के विरुद्ध एवं प्रार्थी श्रमिक के हक में तय किया जाता है।

2. दूसरा विवादित बिन्दु प्रत्येक श्रमिक द्वारा सेवा समाप्ति से पूर्व एक कैलेण्डर वर्ष में 240 दिन से अधिक निरन्तर कार्य कर 240 दिन से अधिक निरन्तर कार्य करने वाला औद्योगिक कर्मकार होने के संबंध में है। इस संबंध में रेलवे की ओर से प्रत्येक प्रार्थी श्रमिक के स्टेटमेंन्ट आफ क्लेम के जवाब में उत्तर क्लेम पेश किया है उसका पैरा संख्या 2 काबिले गौर है। पैरा संख्या 2 इस प्रकार है-"यह कि कर्मचारी एक कैलेण्डर वर्ष में 240 दिन से अधिक कार्य करने के आधार पर लगातार काम करने वाला औद्योगिक कर्मचारी हो गया—यह तथ्य अस्वीकार है।" इस प्रकार उत्तर क्लेम में सेवा समाप्ति से पूर्व प्रत्येक कर्मकार का 240 दिन एक कैलेण्डर वर्ष में पूरे करने से इंकारी की है। मगर प्रत्येक प्रार्थी श्रमिक ने उसके स्टेटमेंन्ट आफ क्लेम में स्पष्टतः लिखा है कि उसने वर्ष में 240 दिन से अधिक काम करने के आधार पर लगातार काम करने वाला औद्योगिक कर्मचारी हो गया। उसके पश्चात् प्रत्येक प्रार्थी श्रमिक ने जब उसका शपथ-पत्र न्यायाधिकरण में प्रस्तुत किया उस प्रत्येक शपथ-पत्र में पैरा सं 2 में यह स्पष्टतः हलफ पर यह लिखाया कि "शपथकर्ता एक कैलेण्डर वर्ष में 240 दिन से अधिक काम करने के आधार पर लगातार काम करने वाला औद्योगिक कर्मचारी हो गया। "प्रार्थी श्रमिकों के इस शपथ पर कहे गये बयान की तरदीद विपक्षी के साक्ष्यों में नहीं कराई है। बल्कि श्री बलबीर सिंह पी.डब्ल्यू.आई. गंगानगर ने उसके बयान की प्रति-परिक्षण में यह स्वीकार कर लिया है कि "240 दिन कार्य दिवस एक कलेण्डर वर्ष में जैसा कि रेकार्ड बोल रहा है पूरे हो गये होंगे।"

गुरदयाल सिंह रेल पथ निरीक्षक, जैतसर ने प्रकरण संख्या 64/69 लगायत 64/87 एवं 64/176 लगायत 64/184, के संबंध में ब्यान देते हुए अपने प्रति-परिक्षण में यह स्पष्टतः माना है "यह सही है कि जब कर्मचारी को दिनांक 5-7-86 को हटाया उससे पूर्व कर्मचारी ने एक कलेण्डर वर्ष में 240 दिन से अधिक निरन्तर कार्य कर लिया था"। श्री अर्जुन लाल पथ निरीक्षक एलनाबाद ने प्रकरण संख्या 64/78 लगायत 64/167 व 64/175 के संबंध में ब्यान देते हुए यह कहीं नहीं कहा कि इन केसेज से संबंधित प्रार्थी श्रमिकों ने 240 दिन एक कलेण्डर वर्ष

में पूरे नहीं किये थे जबकि इसके मुद्दे मुकाबिल इन केसेज में प्रत्येक श्रमिक ने शपथ पर यह कहा है कि उसने एक कलैण्डर वर्ष में सेवा समाप्ति से पूर्व 240 दिन निरन्तर कार्य किया। इसके अतिरिक्त श्रमिक की ओर से जो कार्य दिवस का (ब्यौरा) चार्ट ई.एम. डब्ल्यू. 1 पेश किया गया है और विपक्षी की ओर से प्रत्येक केस में ई. एक्स. एम. 1 पेश किया गया है उनसे भी बखूबी प्रमाणित हो जाता है कि उपरोक्त केसेज के सभी प्रार्थी श्रमिकों ने सेवा समाप्ति से पूर्व प्रत्येक कर्मकार ने 240 दिन से अधिक एक कलैण्डर वर्ष में कार्य कर लिया था। यह निर्विवाद है कि रेलवे एक उद्योग है। इस प्रकार एक उद्योग में यदि एक श्रमिक सेवा समाप्ति से पूर्व 240 दिन निरन्तर कार्य कर लेता है तो वह एक कलैण्डर वर्ष में 240 दिन से अधिक निरन्तर कार्य करने वाला औद्योगिक कर्मकार बन जाता है। मौजूदा विवाद में प्रत्येक श्रमिक इस शर्त को पूरी करता है जैसा कि उपरोक्त विवेचन से प्रमाणित हो चुका है। इसलिये विवादित बिन्दु संख्या 2 भी प्रार्थीगण श्रमिकों के पक्ष में एवं विपक्षी रेलवे के खिलाफ इसी प्रकार निर्मित किया जाता है।

तीसरा विवादित बिन्दु—प्रार्थी श्रमिकों की सेवा समाप्त करने और उनकी सेवा समाप्ति एक छंटनी होने के संबंध में है। इस बारे में प्रत्येक प्रार्थी ने उसके स्टेटमेंट आफ क्लेम में एक नियत तिथि का उल्लेख करते हुए यह लिखाया है कि उसकी सेवा उस अमुक तारीख से समाप्त की गई। इसके जवाब में उत्तर क्लेम में रेलवे की ओर से पैरा संख्या 3 में इस तथ्य को इंकार किया है कि उसकी सेवा स्टेटमेंट आफ क्लेम के पैरा संख्या 3 में अंकित की गई तिथि से समाप्त हो गई हो। इसके साथ-साथ उत्तर क्लेम का उजरात मजीद का पैरा संख्या 12 और 17 भी काबिल गौर हैं उत्तर क्लेम के पैरा संख्या 12 में यह तहरीर किया गया है कि प्रार्थी कर्मचारी को अप्रार्थी नियोजक द्वारा निर्धारित अवधि के लिये ही सेवा में रखा गया था, अवधि समाप्ति के बाद स्वतः ही सेवा कानूनन धारा 2(00) अधिनियम के अन्तर्गत समाप्त हो गई। उत्तर क्लेम के पैरा संख्या 17 में यह लिखा गया है—"यह कि प्रार्थी कर्मचारी को अप्रार्थी द्वारा एक निर्धारित कार्य के लिये निर्धारित समय के लिये करार के आधार पर रखा गया था। करार समाप्त होने के बाद प्रार्थी की सेवा स्वतः ही समाप्त हो गई। इसलिये उसे पुनः कार्य पर लगाने का प्रश्न ही नहीं उठता।" उभय पक्षकारान के अभिवचनों से प्रार्थी श्रमिकों का यह केस जाहिर किया गया कि उनकी सेवा निश्चित तिथि पर समाप्त की गई जबकि विपक्षी रेलवे की ओर से यह डिफेंस लिया गया है कि प्रार्थी श्रमिकों को निर्धारित कार्य के लिये निर्धारित समय के लिये करार के आधार पर रखा जाता था। करार की तिथि समाप्त होने पर प्रार्थी श्रमिक की सेवा स्वतः ही समाप्त हो जाती थी इसलिये अप्रार्थी के द्वारा सेवा समाप्त करना नहीं माना जा सकता।

इस संबंध में अब हमें उभय पक्षकारान की साक्ष्य व प्रलेखों पर गौर करना है। इस संबंध में प्रार्थीगण के अधिकृत प्रतिनिधि ने बहस की कि प्रार्थी श्रमिकों की सेवा वास्तव में समाप्त की गई है। और यह सेवा समाप्ति छंटनी की परिभाषा में आती है। क्योंकि उनका केस धारा 2(00) (बीबी) के अपवाद में नहीं आता है। इस संबंध में योग्य अधिकृत प्रतिनिधि प्रार्थीगण ने श्रमिकों की ओर से पेश किये गये कार्य दिवसों के चार्ट प्रदर्श डब्ल्यू 1 व समझौता फेलियर रिपोर्ट डब्ल्यू-2 एवं पत्र प्रदर्श डब्ल्यू 3 दिनांक 7-9-87 को निर्देशित किया और आगे यह भी बहस की कि रेलवे की ओर से जो प्रलेख प्रदर्श एम 1 एम. 2 एम. 3 पेश किये गये है और जिनको बलबीर सिंह, गुरदयाल सिंह, अर्जुन लाल रेलवे पथ निरीक्षकों द्वारा प्रमाणित कराया गया है उन्होंने अपने प्रतिपरिक्षण में यह स्वीकार किया है कि टी. एल.ए. की समाप्ति पर श्रमिकों की सेवा समाप्त समझी जाती थी। इनकी जिरह से यह भी प्रमाणित है कि श्रमिक गण और उनके एम्प्लायर मंडल अभियंता द्वारा ऐसा कोई प्रारम्भ में मोहायदा नहीं लिखा गया था कि टी.एल.एल. की समाप्ति पर प्रार्थी श्रमिकों की सेवा समाप्त हो जायेगी। क्योंकि अधिकृत प्रतिनिधि प्रार्थी श्रमिकों ने यह भी बहस की कि प्रार्थी श्रमिकों की सेवा समाप्ति अधिकृत नियोजित द्वारा नहीं की गई जिन रेल पथ निरीक्षकों ने प्रार्थी श्रमिकों की सेवा समाप्ति व ऐसा करने का अधिकार नहीं रखते थे ऐसी सूरत में श्रमिकों की सेवा समाप्ति अवैध थी। योग्य अधिकृत प्रतिनिधि ने समझौता अधिकारी के द्वारा केन्द्रीय सरकार को भेजी गई असफल वार्ता प्रतिवेदन को निर्देशित करते हुये यह भी बहस की कि समझौता वार्ता में प्रबंध तंत्र के प्रतिनिधि ने यह माना था कि प्रार्थी श्रमिकगण को दिये गये नोटिस पर हस्ताक्षर कराने के लिये उनको धारा 25-बी, 25-एफ व 25-जी के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित करना नहीं था। इस प्रकार इस पैरा संख्या 3 असफल वार्ता प्रतिवेदन को निर्देशित करते हुये अधिकृत प्रतिनिधि प्रार्थीगण ने बहस की कि विपक्षी रेलवे प्रबंधक तंत्र ने अपनी प्रतिरक्षा धारा 2(00) (बीबी) के आधार पर नहीं रखी थी। और अब न्यायाधिकरण के समक्ष उन्होंने यह नई ली बिना (Reconciliation रिकंसीलेशन) में आधार बनाये ले ली है कि प्रार्थी श्रमिकगण की नियुक्ति एक निश्चित अवधि के लिए निश्चित कार्य के लिये की गई थी। और उस अवधि की समाप्ति पर प्रार्थी श्रमिकगण की सेवा स्वतः ही समाप्त हो गई। ऐसी प्ली उनके समझौता वार्ता में लिये गये स्टैण्ड के विपरीत है। जो अब काबिल पेशरफ्त नहीं है। रेलवे के योग्य अधिवक्ता ने 1980 लेब. आई. सी. 508 को निर्देशित करते हुये यह बहस की कि आकस्मिक श्रमिकों को एक विशेष आवश्यक कार्य के लिये लगाया और उस कार्य के खत्म हो जाने के बाद श्रमिकों की सेवा स्वतः समाप्त हो गई। और वह छंटनी की परिभाषा में नहीं आई है। इसके मुद्दे मुकाबिल योग्य अधिकृत प्रतिनिधि प्रार्थी श्रमिकगण ने 1976, लैब. आई. सी. 769 पर अवलम्ब

करते हुए बहस की कि इस केस स्टेट बैंक ग्राफ इण्डिया बनाम सुन्दर मनी में रेस्पाण्डेन्ट कर्मकार को 9 दिन के लिये रखा गया था और उसमें यह भी लिखा गया था कि उसके पश्चात् आपकी सेवा समाप्त कर दी जायेगी। जबकि इन 9 दिनों की अवधि में ही रेस्पान्डेंट श्रमिक के 240 दिन पूरे हो गये थे। ऐसी तुरन्त सूरत में माननीय उच्चतम न्यायालय ने यह विनिश्चय किया कि कर्मकारी की सेवा उस समय समाप्त हो जाती है जब कि उसकी सेवा अवधि समाप्त हो जाती है जो चाहे मालिक के द्वारा खत्म की जाती है या नियत समय की समाप्ति पर खत्म होती है। इस संबंध में योग्य अधिकृत प्रतिनिधि ने इस ओर भी मेरा ध्यान आकर्षित किया कि सेवा समाप्ति केवल सेवा समाप्त करने वाले के सेवा समाप्ति कृत्य से ही समाप्त नहीं होती है बल्कि सेवा समाप्ति का तथ्य किसी प्रकार भी बन जाता है उसे ही सेवा समाप्ति समझी जायेगी और उसको छंटनी की परिभाषा में माना जायेगा। योग्य अधिकृत प्रतिनिधि प्रार्थी श्रमिकगण ने ए. आई. आर. 1984 सुप्रीम कोर्ट पृ. 500 को निर्देशित करते हुए यह बहस की कि सेवा समाप्ति काम समाप्त होने या कम्पनी का कार्य घट जाने के कारण की जाती है तो वह छंटनी की परिभाषा में आती है। जहां छंटनी के आवश्यक तत्व पूरे न करते हुए छंटनी कर दी जाती है तो ऐसी सेवा समाप्ति बिलकुल अवैध होती है। उपरोक्त उभय पक्षकारान द्वारा की गई बहस और नजीरों को देखते हुए एवं पेश किये गये रेलवे बोर्ड के सर्कुलर 1774 जो पर्सनल ब्रांच से नोदर्न रेलवे ने 12-10-62 को जारी किया जिसका नं. 220ई/190/2ई. V/दिनांक 12-10-62 में यह निर्देश जारी किया है कि आकस्मिक श्रमिकों की छंटनी के संबंध में औद्योगिक विवाद अधिनियम के प्रावधान लागू होते हैं। इसके अतिरिक्त आर. एल. आर. 1988 (2) पृष्ठ 272 में यह विनिश्चय किया गया है कि धारा 25 एफ. के प्रावधान उन श्रमिकों के अन्दर कोई भेद या फर्क नहीं रखता है जो दैनिक वेतन पर या मंथली वेतन भत्ते पर लगाये गये हों। गोया कि आकस्मिक श्रमिकों पर धारा 25एफ. के तहत लाभ नहीं दिया जा सकता। यह स्वीकारणीय नहीं है। मौजूदा विवाद में यह स्वीकृत तथ्य कि प्रार्थी श्रमिकगण को टी. एल. ए. की स्वीकृति पर रेलपथ निरीक्षकों द्वारा नियोजित किया जाता था और वह टी. एल. ए. मंडल अभियंता बीकानेर स्वीकृत करते थे। इस प्रकार के नियोजन में यह प्रमाणित हो चुका है कि मंडल अभियंता और श्रमिकों के बीच सेवा अवधि का कोई मुहायदा या संविदा या एग्रीमेंट नहीं होता था। नियोजक के गवाहों ने केवल यह लिखा है कि वह श्रमिकगण को लगाते समय मस्टर रोल पर अंगूठा श्रमिक का कराते थे उससे उन्हें यह विदित होता था कि जितने दिन के लिये टी. एल. ए. स्वीकृत होता था उतने दिन के लिये ही उनकी सेवा अवधि होती थी। मैं इस तर्क से सहमत नहीं हूं क्योंकि इस तथ्य को प्रत्येक श्रमिक के संबंध में प्रमाणित नहीं कराया गया है कि अंगूठा लगाने वाला व्यक्ति श्रमिक को यह समझा भी देता हो कि अमुक तिथि के लिये वह टी. एल. ए. स्वीकृत है और उस टी. एल. ए. के अवधि के समाप्ति पर उसकी सेवा समाप्त हो जायेगी। यदि इस प्रकार का कथन पी. डब्ल्यू. आई. द्वारा भी देता हो तो सेवा संविदा प्रार्थी श्रमिक और मंडल अभियंता के बीच होना नहीं कही जा सकती। इस प्रकार महज मस्टर रोल पर अंगूठा लगाने से यह तथ्य प्रमाणित नहीं होता है कि उस अंगूठा के लगाने से एक अमुक अवधि लिये सेवा मुहायदा तय हुआ था। प्रत्येक के केस में एक निश्चित अवधि के लिये सेवा मुहायदा प्रमाणित कराना आवश्यक होता है। मौजूदा केसेज में न तो प्रार्थी श्रमिकों को लिखित में कोई नियोजित करने का आदेश दिया गया था नहीं उन्हें सेवा समाप्ति का आदेश दिया गया। विपक्षी रेलवे के योग्य अधिवक्ता ने यह भी बहस की है कि अप्रार्थी श्रमिकगण को अन्तिम टी. एल. ए. के तहत उन्हें अपनी स्वीकृति देने को पेशकश की गई थी मगर उन्होंने इस अन्तिम टी. एल. ए.-18-86 से 28-8-86 के मध्य में कार्य करना स्वीकार नहीं किया। इसलिये यह नहीं कहा जा सकता कि प्रार्थी श्रमिक की सेवा रेलवे के अधिकारियों ने समाप्त की है बल्कि सेवा उसके स्वयं के द्वारा स्वेच्छा से छोड़ी गई है। मैं योग्य अधिवक्ता रेलवे के इस बहस से सहमत नहीं हूं क्योंकि प्रथम तो उस नोटिस देने वाले सहायक अभियंता को प्रस्तुत नहीं किया गया है जिसके द्वारा ऐसे नोटिस दिये जाना गवाहों ने बताये हैं। इस संबंध में गुरदयाल सिंह रेल पथ निरीक्षक की जिरह काबिल गौर है उसने अपने प्रतिपरीक्षण में यह माना है कि प्रदर्श एम.-2 का नोटिस देने में हम कम्पीटेन्ट यानि सक्षम नहीं है। ऐसा करने के लिये केवल सहायक अभियंता ही सक्षम है। ई. एक्स. एम.-2 पर ए. टू बी. जो रिमार्क लगाया गया है वह मैंने लगाया है। इस पर सक्षम अधिकारी के हस्ताक्षर नहीं हैं। ई. एक्स. एम. 2 के रिमार्क पर तिथि अंकित नहीं है। वैसे हम उसी समय रिमार्क लगाते हैं जब कर्मचारी को लगाया जाता है। गुरदयाल सिंह की इस प्रतिपरीक्षण में विदित है कि नोटिस ई. एक्स. एम. II पर जो रिमार्क "हम जानते हैं कि हमें टी. एल. ए. नं. 4781 डब्ल्यू. 7/86-87/1 दिनांक 28-4-86 के अन्तर्गत 90 दिन के लिये रखा है आगे मंजूरी न आने पर हमारी सेवा स्वयं ही समाप्त समझी जायेगी हम इससे सहमत हैं।" जबकि यह नोटिस सहायक अभियंता द्वारा देना बताया गया है और इस पर नोट सहायक अभियंता द्वारा न लगाया जाकर रेल पथ निरीक्षक द्वारा लगाया जाना बताया जाता है और इस नोट के नीचे भी कोई तारीख नहीं लिखी जाती है अव्वल तो कोई मुहायदा सक्षम अधिकारी मंडल अभियंता और श्रमिक के बीच होना नहीं पाया जाना है और इस प्रकार गुरदयाल सिंह के पथनिरीक्षक के प्रतिपरीक्षण से यह

सम्भावना नजर आउट नहीं होती है कि यह नोट ई. एक्स. एम. 11 पर बाद में लगा दिया गया है। अगर ऐसा नोट यदि रेल निरीक्षक द्वारा लगाया गया था तो उसके हस्ताक्षर के नीचे तारीख लगाया जाना आवश्यक था। उक्त रेल पथ निरीक्षक की साक्ष्य से एक्जीबिट एम-11 के कन्टेन्ट विशेष तौर से इस पर लगाये गये रिमार्क की सत्यता में सन्देह पाया जाता है। वैसे भी जब कि प्रत्येक श्रमिकगण ने इस अंतिम टी.एल.ए. से पहले 240 दिन एक कलेण्डर वर्ष में निरन्तर कार्य कर लिया था तो वे क्यों ऐसी शर्त से पाबन्द होते जिसके कारण उनका केस अन्यथा धारा 2 (००) (बी बी) अधिनियम की परिधि (जद) में आता। इस प्रकार यह भी माना जाये कि श्रमिकगण को नोटिस प्रदर्श एम.-11 दिया गया तो उनके द्वारा इस प्रकार का नोटिस स्वीकार न करना स्वाभाविक था और उनके हित में था जो नोटिस किसी श्रमिक का उत्पन्न हुए लाभ को समाप्त कर देता हो ऐसा नोटिस उसके हित के निश्चित ही खिलाफ था। उपरोक्त विवेचन के आधार पर मैं इस परिणाम पर पहुंचता हूं कि विपक्षी रेलवे प्रत्येक प्रार्थी श्रमिक के संबंध में यह प्रमाणित कराने में असफल रही है कि सेवा समाप्ति से पूर्व के टी.एल.ए. में प्रार्थी श्रमिकगण और नियोजक सक्षम अधिकारी के मध्य कोई निश्चित समय के लिये सेवा संविदा तय हुई हो बल्कि यही प्रमाणित होता है कि टी.एल.ए. की समाप्ति और नया टी.एल.ए. पुराने टी.एल.ए. की समाप्ति से पूर्व प्रारम्भ कर देने से और उनको एक निश्चित अवधि के लिये कार्य करने को बाध्य करने की पेशकश से पाबन्द कर सेवा में आने का एक आमंत्रण जो दिया गया वह सदभाव से नहीं दिया गया ऐसी सूरत में प्रार्थीगण का जो सेवा समाप्ति की गई वह उचित सेवा समाप्ति नहीं थी। सेवा एक निश्चित समय की सेवा संविदा के अन्त पर धारा 25 एफ. अधिनियम के प्रावधानों की पूर्ति किये बिना किसी प्रकार भी श्रमिक की सेवा समाप्त कर दी जाती है या की जाती है वह एक अवैध छंटनी की परिभाषा में आती है और उसमें धारा 25 एफ. के प्रावधान लागू होते हैं। मैं अप्रार्थी रेलवे के अधिवक्ता की इस बहस को निस्सार पाता हूं कि विपक्षी रेलवे के रेलपथ निरीक्षकों ने प्रार्थीगण की सेवा समाप्त नहीं की बल्कि वह खुद छोड़कर चले गये। प्रार्थीगण ने उनके शपथ पूर्वक बयान में यह व्यक्त किया है कि श्रमिकों की सेवा समाप्ति से पूर्व एक माह का नोटिस नहीं दिया गया न नोटिस अवधि का उन्हें वेतन दिया गया था न ही छंटनी का मोआवजा दिया गया ना ही प्रार्थीगण जैसे श्रमिकों की वरिष्ठता सूची सेवा समाप्ति से पूर्व घोषित की गई ना ही केन्द्रीय सरकार को उनकी सेवा समाप्ति की सूचियां की गई। ऐसी सूरत में धारा 25 एफ. का परोक्ष रूप में उल्लंघन पाया जाता है इस संबंध में 1985 लेब.आई.सी. 1773 एच.डी. सिंह बनाम रिजर्व बैंक आफ इण्डिया पर भरोसा किया जाता है जिसमें यह विनिश्चय किया गया है कि जहां कर्मकार का नाम हाजरी रोल से काट दिया जाता है वह छंटनी की परिभाषा में आता है और धारा 25 एफ. के प्रावधानों की पूर्ति किये बिना सेवा समाप्त कर दी जाती है तो वह अवैध छंटनी होती है।

1985 लैब आई.सी. 1794 भवंर लाल एवं अन्य बनाम राजस्थान राज. पथ परिवहन निगम की नजीर में पैरा 118 में माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय ने यह विनिश्चय किया है कि चैप्टर ए. के मेंडाटरी प्रावधान धारा 25 एफ. 25जी. 25 जे. व 25 एन. में 5 रखे गये हैं जहां इन प्रावधानों में अधिनियम की उक्त किसी भी एक धारा का उल्लंघन कर सेवा समाप्त की जाती है वह अवैध होती है।

1981 लैब आई. सी. 1196-98 में नियम यानि औद्योगिक विवाद (केन्द्र) नियम 77, 2 (जी. (11) (सी) में संबंध में यह विनिश्चत किया गया है कि रेलवे में जहां आकस्मिक श्रमिको की छंटनी की जाती है और जहां सिनियर्टी लिस्ट तैयार करने का भी प्रश्न है और लिस्ट पुल निरीक्षक द्वारा तैयार की गई हो जो आकस्मिक श्रमिकों का नियोजक नहीं था ऐसी वरिष्ठता सूची वैध नहीं थी। और ऐसी सूची के आधार पर की गई सेवा समाप्त अवैध थी। नियम 77 की पूर्ति के लिये आवश्यक यह है कि एक श्रेणी के कर्मकारों की वरिष्ठता सूचि तैयार की जानी चाहिये। इसके अतिरिक्त भारतीय रेलवे स्टैब्लिशमेंट मैनुअल रूल के 2511 रूल (ए) IV में यह प्रावधान रखा गया है कि छंटनी के लाभ दिये गये जाने के संबंध में एक आकस्मिक श्रमिक ने जो भिन्न-भिन्न अधिकारियों के तहत एक ही डिस्ट्रिक्ट में कार्य किया हो या मंडल कार्मिक अधिकारी के तहत जितने समय कार्य किया उन सभी कार्य दिवसों को जोड़ कर वे लाभ दिया जावेगा। इस प्रकार रेलवे मैनुअल के हिसाब से श्रमिकों की सिनियर्टी लिस्ट मंडल स्तर पर तैयार की जानी चाहिये थी। मगर विपक्षी की साक्ष्य यह प्रमाणित हो चुका है कि मंडल स्तर पर प्रार्थी श्रमिकों के श्रेणी के कर्मकारों की कोई ऐसी वरिष्ठता सूची घोषित नहीं की गई। औद्योगिक विवाद अधिनियम 77 एक आज्ञापक प्रावधान है और इसके पालन न करने से भी छंटनी अवैध पाई जाती है। मौजूदा विवाद के सिलसिले में असफल समझौता वार्ता रिपोर्ट प्रदर्श डब्ल्यू. 2 पैरा संख्या 3 से विदित है कि अप्रार्थीगण ने 12 श्रमिकों को जो प्रार्थी श्रमिकगण के ही साथ काम करने वाले व्यक्ति थे उनको नौकरी पर इसलिये रख लिया क्योंकि उन्होंने विपक्षी के द्वारा दिए गये नोटिस पर हस्ताक्षर कर दिये थे इस प्रकार प्रार्थी श्रमिकगण जैसे 12 श्रमिकों को रख लिया गया और अन्य 184 कर्मचारियों को सेवा समाप्त कर दी गयी। जिसके लिये कोई समुचित कारण नहीं था इस प्रकार इस मौजदा विवाद के संबंध में प्रार्थी श्रमिकगण की सेवा समाप्ति धारा 25 एफ. 2 जी. एवं नियम 77 का उल्लंघन में किया जाना पाई जाती है। योग्य अधिवक्ता रेलवे द्वारा प्रस्तुत की गई नजीर 1980 लैब आई. सी. 508 में भिन्न तथ्य होने के कारण मौजूदा विवाद में विपक्षी को फायदा नहीं पहुंचाती है

जहां उस वक्त नजीर के तथ्य में कुछ आकस्मिक श्रमिकों को केवल ढकलने के अर्जेन्ट कार्य के लिये ही रखा गया था जिसकी समाप्ति पर यानि सेवा अवधि और कार्य की समाप्ति पर निकाले गये व्यक्तियों को रिक्रूटमेंट नहीं माना था। मौजूदा सूस में प्रार्थी श्रमिकगण को तौर गैंगमैन के रेलवे में योजित किया गया था उन्होंने रेलवे में वही कार्य किया जो नियमित गैंगमैन करते हैं। रेलवे में गैंगमैन के पद आज भी और ऊपर कार्य हो रहा है। गैंगमैन का पद रेलवे में स्थाई प्रकृति का है। रेलवे एक बहुत बड़ी उद्योग है। जिसका विस्तृत फैलाव है। यदि श्रमुक स्थान पर गैंगमैनों की आवश्यकता नहीं भी रही थी तो उनको अन्यत्र स्थानांतरित किया जा सकता था। भारत एक वेलफेयर राज्य हैं औद्योगिक विवाद अधिनियम एक बनिफिसियल लेजिसलेसन है इसके तहत कमजोर वर्ग के कर्मकारों की सेवा सुरक्षा को ध्यान में रखना भी उच्च अधिकारियों के लिये एक आवश्यक कर्म था और इस कर्तव्य परायणता की परिपालन करना भी आवश्यक ए. आई. आर. 197 सुप्रीम कोर्ट 170 पृष्ठ 172 पर यह विनिश्चित किया गया है कि उक्त नियोजक किसी विशेष काम को बंद कर सकता है जो किसी एक अंडरटेकिंग का भाग थी। परन्तु ऐसे भाग को एक स्वतंत्र अंडरटेकिंग नहीं कहा जा सकता। ऐसी परिस्थिति में और ऐसे कन्टक्स में किसी अंडरटेकिंग का बन्द किया जाना नहीं कहा जा सकता। ऐसी सूरत में जो कार्य बन्द होता है और श्रमिकों को हटाया जाता है वह छंटनी की परिभाषा में आता है और यदि छंटनी की शर्तों की पूर्ति नहीं की जाती है तो वह अवैध छंटनी होती है और ऐसे श्रमिकों को पूरे वेतन सहित बहाल किया जाना चाहिये। आर. एल. डब्ल्यू. 1986 पृ. 478 में यह विनिश्चत किया गया है कि जहां की प्रार्थी श्रमिक ने यह नहीं कहा कि वह और कहीं उस अवधि में नियोजित रहा हो और रेस्पांडेन्ट की ओर से ऐसी कोई साक्ष्य भी प्रस्तुत नहीं की गई जो उसका उस अवधि में नियोजित होना प्रमाणित करती हो। ऐसी सूरत में प्रार्थी श्रमिक को पीछे का वेतन दिलाया जाना चाहिये। यानि वेतन सहित बहाल किया जाना चाहिये।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर मैं इस निर्णय पर पहुंचता हूं कि विपक्षी उत्तर रेलवे के रेलपथ निरीक्षक गंगानगर एलानाबाद व चैतसर ने उनसे संबंधित उपरोक्त प्रार्थी श्रमिकों की सेवा समाप्त की और उनकी सेवा समाप्ति धारा 25 एफ. जी. अधिनियम व औद्योगिक विवाद नियम (केन्द्र 1957 के) नियम 77 के उल्लंघन में की गई है। इसके अतिरिक्त प्रार्थी श्रमिकगण को बार-बार नियोजित किया गया व हटाया गया यह अनफेयर लेबर प्रैक्टिस थी। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्रदर्श डब्ल्यू. 3 संख्या एल. 41011/38×86-डी. 11 (बी) दिनांक 7 सितम्बर, 1987 से यह विदित है कि उत्तर रेलवे प्रशासन ने भारत सरकार के श्रम विभाग को यह सूचित किया कि उत्तर रेलवे के प्रशासन तंत्र ने 184 संबंधित श्रमिकों को सेवा समाप्ति के नोटिस दिये और उसके पश्चात उन्होंने उन कर्मकारों को बीकानेर मंडल में नियोजित कर लिया है। इसको देखते हुए यह खेद है कि उत्तर रेलवे के प्रबंध तन्त्र के जिम्मेदार अधिकारियों ने भारत सरकार को प्रार्थी श्रमिकगण के संबंध में गलत सूचना दी कि बजाय नोटिस देने की और उन्हें पुनः नियोजित करने की दी। जिन अधिकारियों ने इस प्रकार की जानबूझकर गलत सूचना भेजी उनसे प्रार्थी श्रमिकगण के प्रति दुर्भावना (मैलाफाइड) रखना प्रतीत होता है और ऐसे अधिकारियों का यह कृत्य निन्दनीय था। इस आब्जरवेशन सहित विचारण बिंदु संख्या 3 व 4 को प्रार्थी श्रमिकगण के पक्ष में इस प्रकार निर्णित किया जाता है कि प्रार्थी श्रमिकगण की सेवा समाप्ति छंटनी की जो धारा 25 एफ. 25 जी. की अधिनियम व नियम 77 के उल्लंघन में पाई जाने से अवैध छंटनी पाई जाती है वह जो सेवा समाप्ति की अवैध अनुचित पाई जाने के कारण निरस्तनीय है।

विचार बिंदु संख्या 5:—प्रार्थी श्रमिकगण इस अनुतोष के पाने के अधिकारी हैं। इस संबंध में यह निर्विवाद है कि प्रकरण संख्या 64/164 के प्रार्थी श्रमिक शंकर पुत्र रूगा का स्टेटमेंट आफ क्लेम प्रस्तुत नहीं किया गया है ना ही उसके कथ के संबंध में साक्ष्य पेश की गई है। अतः श्रमिक शंकर पुत्र रूगा कोई अनुतोष पाने का अधिकारी नहीं है। उसकी हद तक नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किये जाने योग्य है। श्रमिक लालचन्द पुत्र मुकरा राम जिसके संबंध में पत्रावली संख्या 64/172/88 कायम की गई थी उसका 2-12-88 को पुनः सर्विस में विपक्षी रेलवे द्वारा ले लिया जाना मान लिया गया है। और उसके संबंध में कोई राहत भी नहीं मांगी गई है। ना ही वह साक्ष्य में आया है। ऐसी सूरत में राम की मृत्यु कार्यवाही के दौरान हो गई और श्रमिक के गोविंद राम के अधिकृत प्रतिनिधि के द्वारा प्रार्थना पत्र पेश करने पर उसकी विधवा श्री मती प्रभाती और उसकी पुत्रियों (अवयस्क) को 20-11-89 को रिकार्ड पर ले लिया गया है। श्री गोविंद राम के निरन्तर उसकी सेवा व अवयस्क पुत्रियां जरिये माता खुद उसकी सेवा समाप्ति से उसकी मृत्यु दिनांक 27-7-1989 की अवधि का उसको उत्पन्न होने वाली राशि यानि उसके वेतन भत्ते को प्राप्त करने की अधिकारिणी होंगी। आर. एल. डब्ल्यू. 1975 पृष्ठ 131 माननीय राज उच्च न्यायालय ने यह विनिश्चय किया कि जहां धारा 25 एफ. के उल्लंघन में छंटनी के साथ मोआवजा नहीं दिया गया है तो कर्मकार की सेवा समाप्त होना नहीं कहा जा सकता और वह सेवा में पुनः बहाल होने का अधिकारी है। मौजूदा में विवाद में शंकर पुत्र रूगा लालचन्द पुत्र मुकना राम व गोविंद राम के विधिक प्रतिनिधिगण को छोड़कर शेष उपरोक्त 181 श्रमिकगण सेवा में सेवा समाप्ति से पूर्ववत पद व वेतन पर बहाल होने के अधिकारी ही पाये जाते हैं और सेवा समाप्ति की तिथि से प्रत्येक सेवा में पुनः बहाल किये जाने तक का नियमानुसार वेतन भत्ता बतौर एरियर प्राप्त करेंगे। अतः निम्न प्रकार से अवार्ड पारित किया जाता है।

अवार्ड

मौजूदा विवाद में प्रकरण संख्या 64/164/88 के प्रार्थी शंकर पुत्र रूगा एवं प्रकरण संख्या 64/72/88 के प्रार्थी श्रमिक लालचन्द पुत्र मुकना राम की स्थित मौजूदा फरेंस में नो डिस्प्यूट अवार्ड पारित किया जाता है।

श्रमिक मृतक श्री गोविन्द राम पुत्र हुक्मा राम प्रकरण संख्या (./88/129 इसकी मृत्यु 27-7 1989 को होना प्रमाणित हुई है। उसकी बेवा श्रीमती प्रभाती जिसे उसके स्थान पर रिकार्ड पर लिया जा चुका है वह श्री गोविन्द राम की सेवा समाप्ति के दिन से 27-7-89 के मध्य उसको मिलने वाले वेतन भत्ते की राशि को प्राप्त करेगी श्री गोविन्द राम को सेवा समाप्ति से पूर्ववत पद का वेतन देय होकर उसकी मृत्यु की समय तक नियमानुसार देय होगा और इस दौरान में यदि मृतक गोविन्द राम को कोई अन्य देय लाभ और अर्जित होते हों उन लाभों की राशि भी उसकी बेवा प्रभाती को देय होगी और वे इस राशि को बतौर गोविन्द राम की विधिक वारिस होने के रूप में प्राप्त करेगी।

रेफरेंस सी. आई. टी. 04/88 के साथ संलग्न 184 प्रार्थी श्रमिकों में से उपरोक्त 3 व्यक्ति लालचन्द पुत्र मुकना राम, शंकर पुत्र रूगा मृतक गोविन्द पुत्र हुक्मा राम को छोड़ कर शेष 181 प्रार्थी श्रमिकगण की अवैध छटनी किये जाने के कारण वे पुनः सेवा में सेवा समाप्ति से पूर्ववत पद व वेतन पर बहाल होने के अधिकारी हैं। वे उनकी सेवा समाप्ति की तिथि से उन्हें सेवा में बहाल किये जाने की तिथि के मध्य अवधि का नियमानुसार वेतन व भत्ता एरियर के रूप में प्राप्त करेंगे। उनकी सेवा निरन्तर मानी जावेगी और सेवा समाप्ति एवं सेवा में पुनः बहाली की तिथि के बीच यदि अन्य कोई और लाभ अर्जित होते हों तो वे भी वे प्रत्येक पाने के अधिकारी होंगे।

पंचाट की प्रतिलिपि केन्द्रीय सरकार को अन्तर्गत धारा 17(1) अधिनियम केन्द्रीय सरकार को प्रकाशनार्थ भेजा जावे।

आज्ञा आज दिनांक 9-3-1990 को मुकाम बीकानेर लिखाई जाकर सुनाई गई।

प्रताप सिंह यादव, जज औद्योगिक न्यायाधिकरण

[सं. एल – 41011/38/86–डी. 2 (बी)]

का. आ. 1624 औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार सब डिवीजनल आफिसर, फोन्स, पानाजी, गोआ के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण और श्रम न्यायालय नं. 1 बम्बई के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को प्राप्त हुआ था।

S.O. 1624.—In pursuance of section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) the Central Government hereby publishes the following award of the CGIT-cum-Labour Court No. 1 Bombay as shown in the Annexure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Sub-Divisional Officer, Phones, Panaji, Goa and their workmen, which was received by the Central Government.

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL-CUM-LABOUR COURT NO. 1 AT BOMBAY

(Presiding Officer : Justice S. N. Khatri)

Reference No. CGIT-44 of 1989

PARTIES :

Employers in relation to the Management of Sub-Divisional Officer, Phones, Panaji, Goa

AND

Their Workmen

APPEARANCES:

For the Management : Shri Masurkar, Advocate.

For the Workman : Shri D. K. Deshpande, Advocate.

INDUSTRY : Telephones STAETE : Goa

Bombay, the 19th April, 1990

AWARD

The Central Government has referred the following industrial dispute between the Sub-Divisional Officer, Phones, Panaji and Workman C.A. Shethgaonkar to this Tribunal for adjudication under Section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947:

"Whether the action of the management of Sub-Divisional Officer, Phones, Parnaji, Goa in terminating the services of Shri C.A. Shethgaonkar, casual mazdoor w.e.f. 1-7-1988 is justified? If not, to what relief the said Workman is entitled to ?"

2. Most of the material facts are not in dispute. The Workman was employed as a Casual Worker by the Management on dily rate basis for the following periods :

1-8-1982 To 31-10-1983;

1-10-1984 To 31-5-1985;

1-4-1988 To 30-6-1988.

Now during the pendency of this reference he has again been appointed as a casual labourer on the same basis from 6-4-1990 to 31-5-1990. The ground on which the Management terminated his services on the three occasions, is that the work of the project on which the Workman was appointed, was over. It is also not in dispute that while terminating the employment, the provisions of Section 25-F of the Act were not observed by the Management.

3. The workman's grievance is that the termination of his employment amounts to retrenchment, and as such the Management had no valid power to retrench him without complying with the conditions of Section 25-F. According to him, the termination is abinitio void right from 1-11-1983, and as such he is entitled to get set aside the three terminations, all of which are illegal. He also claims full back wages with effect from 1-11-1983.

4. The Management submit that the Workman's services used to be terminated whenever work on a particular project came to an end. They further point out that he has not worked for the requisite minimum number of 240 days in a year, so far as the last two spells of his employment are concerned. They also contend that the Workman is not entitled to any back wages, for the reason that he did not approach the Tribunal immediately after the first termination and has accepted the subsequent offers of employment without ny protest.

5. In his rejoinder to the written statement, the Workman points out that he had made representations to the department in September 1986, and thereafter his Union had also taken up the matter with the Conciliation Authorities. According to him, the Assistant Labour Commissioner, Goa had been in correspondence with the Chief General Manager, Telecom, Maharashtra Circle, right up to the end of December 1988, and that the failure report came to be made only on 24-2-1989. On these facts he refutes the Management's charge of laches.

6. The parties have filed documents in the case, which have been exhibited. They did not lead any oral evidence. There could be no doubt whatever that the first termination of the Workman's employment will clearly amount to retrenchment within the meaning of Section 2(oo) of the Act. The Management have not in so many words admitted this position. However, they have not denied or pleaded any valid facts, to bring their case under any of the exceptions enacted in clause (a), (b), (bb), or (c) of Section 2(oo). The Management's representative made a faint attempt to bring his case within exception (bb) ibid. The appointment order which is produced by the Management at Ex. M-1 states, "Your appointment|reinstatement in this Department is purely on temporary basis and is likely to be terminated on the completion of cable digging work which is taken in hand throughout the entire Sub-Division" (emphasis supplied). The position in law cannot be disputed that to attract the exception contained in clause (bb), he contract must expressly provide for certain circumstances or situation in which the termination can be effected. The terminology used in the appointment order, "likely to be terminated" lack the requisite certainty. Without dilating further, I hold that the termination of the Workman's services with effect from 1-11-1983 amounts to retrenchment, and further that this retrenchment is void abinitio inasmuch as admittedly the mandatory provisions of Section 25-F have not been complied with. The Management's contention that the Workman has not worked for 240 days during the second spell of employment, is also factually wrong. Correctly calculated, this period comes to 243 days. All the same, this aspect or the aspect that during the 3rd spell the period of Workman's service was admittedly less than 240 days, will have no bearing on the final result, inasmuch as the first termination of service with effect from 1-11-193, is void ab initio.

7. Coming to the Workman's claim for back wages, I am not at all impressed by the Management's submission that he is guilty of laches. The record shows that the Workman first took the matter with the department and then approached the Conciliation Machinery which reported failure only on 24-2-1989. Even otherwise, the Management cannot legitimately argue that the Workman should be penalised for his so called laches, or acquiescence, particularly when they themselves are responsible for the gross breach of Section 25-F. It is not their case that the Workman had taken gainful employment anywhere else during the breaks. Their averments in the written statement that in December 1988 he was again offered employment, is denied by the Workman in his rejoinder. There is substance in his contention that if such an offer had been actually made by the Management, they would have brought it to the notice of the Assistant Labour Commissioner, which admittedly they did not do. In absence of any good cause, the Workman will be entitled to get full back wages from 1-11-1983. Of course, the wages that he has already received for the periods of employment referred to in paragraph 2 Supra will be given credit for.

8. All the three terminations of the Workman's service by the Management, with effect from 1-11-1983, 1-6-1986, and 1-7-1988 are illegal and set aside. He is directed to be reinstated in service with effect from 1-11-1983. The Management will pay to him his full back wages, including revised ones, if any. While doing so the Management will be entitled to get credit for the wages which they have already paid to him for the periods he has worked with them. The Workman will also be entitled to get his seniority on the basis of continuous service from 1-8-1982. The Management shall pay the dues within two months of the publication of the award. The Management shall bear their own costs and pay those of the Workman, which I quantify at Rs 300. Award accordingly.

S. N. KHATRI, Presiding Officer

[No. L-40012|37|89-IR(DU)]

का. आ. 1625 :—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में केन्द्रीय सरकार उत्तर रेलवे सूरतगढ़ के प्रबन्धतंत्र के सम्बद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को प्राप्त हुआ था।

S.O. 1625.—In pursuance of section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) the Central Government hereby publishes the following award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Northern Railway, Suratgarh and their workmen, which was received by the Central Government.

अनुबंध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

माननीय न्यायाधीश श्री प्रताप सिंह यादव, आर एच जे एस
केस नं. सी. आई. टी. 42/85

मध्य

जनरल सैक्रेट्री रेलवे केजुअल लेबर यूनियन, डागा स्कूल के पास, बीकानेर कमचारी गण सर्वश्री उमेशचन्द, पालाराम, बीरम सिंह, उम्मेद सिंह, अमृतलाल, द्वारका प्रसाद, भरतराम, गणेशप्रसाद, एवं रामप्रसाद

बनाम

सीनियर सिविल इंजीनियर (कन्स्ट्रक्शन), 1/नोर्दन रेलवे, सूरतगढ़।

रैफरेंस अंतर्गत धारा–10 (1) (डी) औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947

उपस्थित

यूनियन की ओर से :	श्री भरत सिंह सेंगर एवं श्री अरविन्द सिंह
नियोजक की ओर से :	श्री जे. पी. एम. जैन
दिनांक अवार्ड :	20-2-90

अवार्ड

भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के डेस्क अधिकारी ने उनकी आज्ञा सं. एल–41011 (36)/84–डी–II (बी) दिनांक 29-8-85 निम्न विवाद अंतर्गत धारा 10 (1) (डी) औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947, जिसे तत्पश्चात अधिनियम लिखा जायेगा वास्ते अधिनिर्णय इस न्यायाधिकरण को भेजा है जिसके साथ श्रमिक गण, जिनकी कि सेवा समाप्त की गई है, के बारे में भी ब्यौरा निर्देशन के साथ निम्न प्रकार से भेजा है :—

"Whether the action of the Senior Civil Engineer (Const) IVN. Rly. Suratgarh in terminating the services of following nine casual workers from the dates mentioned against their names is legal and justified? If not what relief they are entitled to?"

ANNEXURE

S. No. Name of worker Father's name Date of termination

1. Shri Umesh Chand—Shri Lakhan Singh—15-11-83
2. Shri Pala Ram—Shri Gurda Ram—15-11-83
3. Shri Biram Singh—Shri Jawala Prasad—16-12-83
4. Shri Ummed Singh—Shri Chandra Singh—18-11-83
5. Shri Amrit Lal—Shri Satya Narayan—15-11-83
6. Shri Dwarika Prasad Tiwari—Shri Chandram Prasad Tiwari— -20-10-83
7. Shri Bharatram—Shri Lakhan Singh—15-11-83
8. Shri Ganesh Prasad—Shri Bhawani Dutt—15-11-83
9. Shri Ram Prasad—Shri Manohar—15-12-83

2. बाद प्राप्ति निर्देशन इसे इस न्यायाधिकरण में पंजीकृत किया गया। उभय पक्षकारान को दिनांक 31-10-85 को उपस्थित आने के लिए नोटिस जारी किये गये। यूनियन की ओर से श्री अरविन्द सिंह उपाध्याय, रेलवे केजुअल लेबर यूनियन, डागा स्कूल के पास, बीकानेर ने दिनांक 8-9-86 को स्टेटमेंट आफ क्लेम निम्न प्रकार से पेश किया। यह कि प्रार्थी श्रमिकगण उमेश चन्द पुत्र श्री लाखन सिंह को दिनांक 9-3-83 को, पाला राम पुत्र श्री गुरुदारा 26-4-83 को, बीरम सिंह पुत्र श्री ज्वाला प्रसाद दिनांक 26-3-83 को, उम्मेद सिंह पुत्र श्री चन्द्र सिंह दिनांक 16-4-83 को, अमृत लाल पुत्र श्री सत्यनारायण दिनांक 15-11-83 को, द्वारिका प्रसाद पुत्र श्री चन्द्र प्रसाद दिनांक 7-3-83 को, भरथ राम पुत्र श्री लखन लाल दिनांक 19-4-83 को, गणेश प्रसाद पुत्र श्री भवानी 23-4-83 को, एवं रामप्रसाद पुत्र श्री मनोहर दिनांक 21-5-83 को सीनियर सिविल इंजीनियर सूरतगढ़ जिला गंगानगर ने दैनिक वेतन पर रेलवे सेवा में नियोजित किया। इस प्रकार इनका नियोजक सीनियर सिविल इंजीनियर (निर्माण) सूरतगढ़ हुआ।

3. यह कि उपरोक्त कर्मचारी गण कार्य निरीक्षक (निर्माण) एवं रेल पथ निरीक्षक (निर्माण) सूरतगढ़ की देखरेख में नियोजित हुए हैं, जिनको बाद में अस्थाई रेल कर्मचारियों का पद एवं वेतन दिया गया। इस कारण से उपरोक्त 9 श्रमिकगण की सेवा समाप्त करने का अधिकार कार्य निरीक्षक (निर्माण) एवं रेल पथ निरीक्षक (निर्माण) सूरतगढ़ का नहीं रहा। आगे व्यक्त किया कि तत्पश्चात प्रार्थी श्रमिक उमेश चन्द व पालाराम की सेवा दिनांक 15-11-83 से, बीरम सिंह की 16-12-83 से उम्मेद सिंह की 18-11-83 से, अमृत लाल की 15-11-83 से, द्वारका प्रसाद तिवारी की दिनांक 20-10-83 से, भरथ राम की 15-11-83 से, गणेश प्रसाद की 15-11-83 से व रामप्रसाद की सेवायें 15-12-83 से मौखिक रूप से समाप्त कर दी गई। आगे एतराज किया कि उक्त नौकश कर्मचारियों की सेवा उनके सक्षम अधिकारी द्वारा समाप्त नहीं की गई बल्कि कार्य निरीक्षक (निर्माण) एवं रेल पथ निरीक्षक (निर्माण) सूरतगढ़ ने अनुचित, अनधिकृत एवं अवैध रूप से उनका नाम टी. एल. ए. से हटा दिया और इस प्रकार अवैध रूप से उनकी सेवा समाप्त कर दी। आगे यह भी एतराज किया कि इन कर्मचारियों की सेवा समाप्त करने से पूर्व उनके सक्षम नियोजक द्वारा कोई सेवा समाप्ति का नोटिस नहीं दिया गया न ही सेवा समाप्त करने से पूर्व इन जैसे कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची घोषित की एवं पहले आये पीछे जाये के सिद्धान्त का भी पालन नहीं किया गया और उनको सेवायें उनसे कनिष्ठ कर्मचारियों को सेवा में कायम रखते हुए समाप्त की गई। भारत सरकार को भी इस छंटनी बाबत निर्धारित फार्म में कोई सूचना नहीं दी गई और न ही श्रमिकगण को कोई छटनी का मुआवजा दिया गया। इस प्रकार इनको सेवा समाप्त करने का कोई औचित्य एवं कारण नहीं था।

4. आगे यह भी आरोप लगाया कि उनकी सेवायें अनफेयर लेबर प्रेक्टिस के रूप में समाप्त की गई इस कारण से भी उनकी सेवा समाप्ति अनुचित एवं अवैध थी। कर्म-

चारीगण ने अपना औद्योगिक विवाद उठाया और असफलता रिपोर्ट केन्द्रीय सरकार को समझौता वार्ता विफल होने पर प्रस्तुत की गई, तत्पश्चात केन्द्रीय सरकार से यह विवाद इस न्यायाधिकरण को वास्ते अधिनिर्णय भेजा गया है।

5. सीनियर सिविल इंजीनियर (निर्माण) सूरतगढ़ ने स्टेटमैंट आफ क्लेम का उत्तर दिनांक 30-5-88 को निम्न प्रकार से प्रस्तुत किया। यह कि श्री उमेश चन्द्र और श्री पारसराम को दिनांक 26-3-83 को, बीरम सिंह को दिनांक 15-4-83 को, उम्मेद सिंह को 7-4-83 को, अमृतलाल को 7-3-83 को द्वारका प्रसाद को 7-3-83 को, भरथराम को 19-4-83 को, गणेश प्रसाद को 12-5-83 को, एवं राम प्रसाद को 21-5-83 को कार्य निरीक्षक (निर्माण) सूरतगढ़ एवं रेल पथ निरीक्षक (निर्माण) अनूपगढ़ द्वारा दैनिक वेतन पर लगाया था। कार्य निरीक्षक (निर्माण) सूरतगढ़ एवं रेल पथ निरीक्षक (निर्माण) अनूपगढ़ सीनियर सिविल इंजीनियर (कंस्ट्रक्शन) के अधीन कार्यरत हैं। प्रार्थी श्रमिकगण को बतौर केजुअल लेबर का दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी के रूप में लगाया था। आगे जाहिर किया कि इनके नियोजक रेल पथ निरीक्षक (निर्माण) अनूपगढ़ तथा कार्य निरीक्षक (निर्माण) सूरतगढ़ हैं, जिन्होंने उनको दैनिक वेतन पर लगाया था। आगे इस तथ्य को नकारा कि प्रार्थी श्रमिकगण को अस्थाई रेल कर्मचारियों का पद एव वेतन दिया गया इनको दैनिक वेतन पर ही रखा गया था तथा दैनिक वेतन ही दिया गया था। प्रार्थी श्रमिकगण का यह कथन गलत है कि श्रमिकगण की सेवायें समाप्त करने का अधिकार कार्य निरीक्षक (निर्माण) सूरतगढ़ तथा रेल पथ निरीक्षक (निर्माण) अनूपगढ़ को नहीं रहा प्रार्थी श्रमिकगण को जब तक इन्होंने कार्य किया उस दिन तक इनको पूरा-पूरा वेतन दिया गया और सही तौर पर इनकी सेवा समाप्त की गई थी। आगे यह भी जाहिर किया कि श्रमिकगण को उस दिन तक ही रखा गया था जिस दिन तक उन्होंने कार्य किया। प्रार्थी श्रमिकगण को सेवा समाप्ति का कोई नोटिस देने की आवश्यकता नही थी और न सेवा समाप्ति का नोटिस देने की ही जरूरत थी। इसे गलत बताया कि प्रार्थी श्रमिकगण को अनधिकृत एवं अवैध रूप से हटाया गया हो। इस संबंध में जाहिर किया कि अधिकृत अधिकारी ने ही उन्हें हटाया था। यह भी अस्वीकार किया कि प्रार्थीगण की सेवायें प्रार्थीगण से कनिष्ठ केजुअल लेबर रखते हुए समाप्त की गई हों। प्रार्थीगण को क्षतिपूर्ति देने का कोई प्रश्न ही नहीं उठता था। आगे यह एतराज लिया कि इस विवाद में अन-फेयर लेबर प्रैक्टिस प्रयोग किया जाना गलत है। विशेष कथन में आगे व्यक्त किया कि प्रार्थी श्रमिकगण ने सेवा समाप्ति के एक साल पूर्व के समय में कभी भी 240 दिन कार्य नहीं किया था। यह कि प्रार्थीगण को लगाते समय यह बता दिया गया था कि उनकी सेवायें सेवा समाप्ति के दिन तक ही ली जा रही हैं इस प्रकार उस दिनांक की बाबत नोटिस भी दिया गया था। आगे यह भी व्यक्त किया कि प्रार्थीगण से कोई भी कनिष्ठ केजुअल लेबर उनकी सेवा समाप्ति के दिन कार्यरत नहीं था। प्रार्थीगण ने प्रोजेक्ट में कार्य किया है वह इस प्रकार के लाभ पाने के अधिकारी नहीं हैं। क्लेम पिटीशन मियाद बाहर पेश करने का एतराज लिया आगे यह भी एतराज कि प्रार्थी श्रमिकगण को टेम्प्रेरी लेबर एप्लीकेशन पर कार्य पर रखा गया था जो कार्य नियत अवधि के लिए ही था और जो कार्य सक्षम अधिकारी द्वारा स्वीकृत किया गया था। अतः प्रार्थना की कि क्लेम पिटीशन खारिज किया जावे।

6. प्रार्थी यूनियन की ओर से स्टेटमेंट आफ क्लेम की सम्पुष्टि में तीन साक्षीगण साक्ष्य में आये प्रथम श्री द्वारका प्रसाद पुत्र श्री चन्द्रमा प्रसाद, दूसरा भरथराम मिश्रा पुत्र श्री लखनलाल मिश्रा, तीसरा अमृत लाल पुत्र श्री सत्यनारायण जिन्होंने अपना शपथपत्र इस न्यायाधिकरण के समक्ष प्रस्तुत किये। इन तीनों साक्षीगणों के शपथपत्रों को न्यायाधिकरण द्वारा सत्यापित किया गया। इन तीनों ही गवाहन से रेलवे के योग्य अधिवक्ता ने प्रतिपरीक्षण किया और साक्ष्य समाप्त की गई। रेलवे की ओर से तरदीदी साक्ष्य में श्री के. के. शर्मा पुत्र श्री देवदत्त शर्मा का शपथपत्र पेश किये जिसे भी न्यायाधिकरण द्वारा सत्यापित किया गया प्रार्थी यूनियन की ओर से इस गवाह से जिरह की। रेलवे का ओर से सीनियर सिविल इंजीनियर (कन्स्ट्रक्शन) उत्तर रेलवे सूरतगढ़ के आदेश दिनांक 1-8-85 की प्रति प्रदर्श एम—1 साक्ष्य में पेश की गई। बहस के दौरान प्रार्थी श्रमिकगण की ओर से सी. आई. टी. 36/85 इसी विवाद से बिल्कुल मिलता हुआ विवाद में पारित किये गये अवार्ड की प्रमाणित प्रतिलिपि प्रस्तुत की है। मैंने बहस योग्य अधिकृत प्रतिनिधि प्रार्थी श्रमिकगण एवं योग्य अधिवक्ता रेलवे सुनी है और पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया।

7. इस न्यायाधिकरण के समक्ष निम्न विचारणीय प्रश्न काबिल गौर यह है कि आया उपरोक्त नौकरा प्रार्थी श्रमिकगण की गई सेवा समाप्ति एक अवैध छंटनी की परिभाषा में आती है। यदि उपरोक्त प्रश्न का उत्तर सकारात्मक पाया जाता है तो प्रार्थी श्रमिकगण किस अनुतोष के अधिकारी हैं।

8. उपरोक्त विवादित प्रश्नों को निर्णित करने के लिए हमें पत्रावली पर आई साक्ष्य को गौर करना है। इस संबंध में श्री द्वारिका प्रसाद, भरथराम मिश्रा एवं श्री अमृत लाल ने उनके शपथपत्रों में उनको नियोजित किये जाने की तिथियां एवं उनको सेवा समाप्त किये जाने की तिथियां प्रमाणित कराई हैं मगर रेलवे की ओर से श्री के. के. शर्मा पुत्र श्री देवदत्त शर्मा के शपथपत्र की जिरह से एवं प्रदर्श एम—1 से सारे प्रार्थी श्रमिकगण को रेलवे में नियोजित किये जाने और उनको हटाये जाने की तिथियां प्रमाणित हो जाती हैं। इस प्रकार जो कमी प्रार्थी यूनियन की ओर रह गई थी उसे रेलवे के गवाह के प्रतिपरीक्षण में आये हुए तथ्यों ने पूरा कर दिया है। श्री द्वारका प्रसाद, भरत राम एवं अमृत लाल की साक्ष्य से निम्न तथ्य प्रमाणित हो जाते हैं कि प्रार्थी श्रमिकगण को विपक्षी उत्तर रेलवे में बतौर दैनिक वेतन भोगी

आकस्मिक कर्मचारी के रूप में नियोजित किया गया और उनमें से उमेशचन्द्र, पालाराम, अमृतलाल, भरथराम, गणेशप्रसाद व रामप्रसाद की सेवा दिनांक 15-11-83 को समाप्त की गई। श्री बीरम सिंह को 16-12-83 को, उम्मेद सिंह की 18-12-83 को व द्वारका प्रसाद की 20-10-83 को सेवा समाप्त की गई हैं। जहां तक सेवा समाप्ति का प्रश्न है यह निर्विवाद है। इन तथ्यों के अतिरिक्त श्री द्वारका प्रसाद, भरथराम एवं अमृतलाल की साक्ष्य से यह तथ्य भी प्रमाणित हुआ है कि प्रार्थी श्रमिकगण की सेवा समाप्ति से पूर्व सेवा समाप्ति का कोई नोटिस नहीं दिया गया और न ही सेवा समाप्ति का आदेश दिया गया। न ही नोटिस अवधि का कोई वेतन उन्हें दिया गया और छंटनी का मुआवजा भी नहीं दिया गया। सेवा समाप्ति से पूर्व कोई वरिष्ठता सूची भी घोषित नहीं की गई और उनकी सेवा बतौर अनुचित श्रम नीति के रूप में समाप्त की गई हैं। विपक्षी रेलवे की ओर से श्री के. के. शर्मा ने उसके शपथपत्र में यह व्यक्त किया कि श्री उमेश चन्द्र, पालाराम, उम्मेद सिंह, श्री अमृतलाल भरथ राम, गणेश प्रसाद, रामप्रसाद को अनूपगढ़, सूरतगढ़ बड़ी लाईन परियोजना बदलीकरण में दैनिक मजदूर कर्मचारी के रूप में 1983 में लगाया गया था और श्री द्वारका प्रसाद पुत्र श्री चन्द्रमा प्रसाद को अनूपगढ़ में श्री रामशरण शर्मा रेल पथ निरीक्षक (निर्माण) ने लगाया था। आगे यह भी लिखाया कि प्रार्थीगण को कार्य की अति आवश्यकता के कारण कार्यरत किया था और इन व्यक्तियों को बाद में उनके पास से काम पर से हटा दिया गया। बाद में उन्होंने कोई नई भर्ती नहीं की और यह भी लिखाया कि प्रार्थीपत्र से कनिष्ठ किसी भी नैमित्तक श्रमिक को कभी परियोजना कार्य में नहीं लगाया। जिरह में इस गवाह ने प्रदर्श एम—1 में अंकित 10 व्यक्तियों के नामों के सामने नियोजित किये जाने व हटाने की तिथियों को सही होना स्वीकार कर लिया। आगे जिरह में यह भी स्वीकार किया कि प्रदर्श एम—1 में अंकित 10 व्यक्तियों की सेवा समाप्ति से सात दिन पूर्व कोई वरिष्ठता सूची उन्होंने घोषित नहीं की। यह भी माना कि इन 10 कर्मचारियों को हटाने तक इनको कोई मुआवजा नहीं दिया गया न ही उन्हें सेवा समाप्ति का कोई नोटिस दिया और न ही इन 10 कर्मचारियों को हटाने की सूचना भारत सरकार को दी। उपरोक्त साक्ष्य के विवेचन से विशेष तौर से प्रार्थी नौकश श्रमिकगण की नियोजित किये जाने की तिथि उनको हटाये जाने की तिथियों को देखते हुए यह प्रमाणित होता है कि प्रार्थी उमेशचन्द्र व बीरमसिंह की क्रमशः सेवा समाप्ति 15-11-83 व 16-12-83 से पूर्व एक कलेण्डर वर्ष में दोनों ने 240 दिन से अधिक निरन्तर कार्य कर लिया था और रेलवे एक "उद्योग" होने के कारण वे सेवा समाप्ति से पूर्व एक कलेण्डर वर्ष में 240 दिन से अधिक निरन्तर कार्य करने वाले औद्योगिक कर्मकार हो गये थे। परन्तु प्रार्थी श्रमिकगण पालाराम, उम्मेद सिंह, अमृतलाल, द्वारका प्रसाद, भरथराम, गणेश प्रसाद व राम प्रसाद जैसा कि प्रार्थी श्रमिकगण के अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं ने माना है कि इन श्रमिकगणों में से प्रत्येक ने उसकी सेवा समाप्ति से पूर्व एक कलेण्डर वर्ष में 240 कार्य दिवस पूरे नहीं किये थे, इस प्रकार प्रार्थी श्रमिक उमेश चन्द व बीरम सिंह सेवा समाप्ति से पूर्व जबकि उन्होंने एक कलेण्डर वर्ष में 240 दिन से अधिक कार्य कर लिया था। उन दोनों की सेवा समाप्ति से पूर्व कोई सेवा समाप्ति का नोटिस नहीं दिया गया न ही नोटिस अवधि का कोई वेतन दिया गया और न ही उनको छंटनी का मुआवजा ही दिया गया। न ही इन जैसे कर्मचारियों की औद्योगिक विवाद अधिनियम के नियम—77 के तहत सेवा समाप्ति से पूर्व 7 दिवस पूर्व वरिष्ठता सूची जारी की गई, ऐसी सूरत में उनकी सेवा मुक्ति अवैध पाई जाती है। यहां यह तथ्य अवश्य काबिले गौर है कि योग्य अधिवक्ता अप्रार्थी रेलवे ने सभी श्रमिकगणों के संबंध में यह बहस की कि इन सभी श्रमिकगण की नियुक्ति अवैध थी क्योंकि आई. ओ. डब्ल्यू. (कन्स्ट्रक्शन) सूरतगढ़ और आई ओ डब्ल्यू (कन्स्ट्रक्शन) अनूपगढ़ ने बिना सक्षम अधिकारी की स्वीकृति के उन्हें नियोजित कर लिया था और नियोजित किये जाने के कृत्य के संबंध में इन आई. ओ. डब्ल्यू. ने कोई पर्याप्त कारण भी नहीं बताये थे, इस संबंध में योग्य अधिवक्ता रेलवे ने प्रदर्श एम—1 पत्र पर निर्भर किया। अव्वल तो प्रदर्श एम—1 जो कि सीनियर सिविल इंजीनियर (निर्माण) उत्तर रेलवे सूरतगढ़ जिसके कि द्वारा जारी किया जाना लिखा गया है वह साक्ष्य में पेश नहीं हुआ है जो इस संबंध में रोशनी डाल सकता था कि किस प्रकार बिना स्वीकृति के इन आई. ओ. डब्ल्यू. ने प्रार्थी श्रमिकगण को लगा लिया था और उनका इस प्रकार श्रमिकगण को लगाना अनुचित एवं अवैध था। दूसरे साक्ष्य में ऐसा कोई अन्य गवाह भी पेश नहीं हुआ जिसने रेलवे के पक्ष में यह कहा होता कि प्रार्थी श्रमिकगण की नियुक्ति ही प्रारम्भ में अवैध थी। इस प्रकार अवैध नियुक्ति किये गये श्रमिकों को यदि हटा दिया गया तो कोई अनुचित नहीं था। साक्ष्य के अभाव में यह प्रमाणित होना स्वीकार नहीं किया जा सकता कि प्रार्थी श्रमिकगण की प्रारम्भिक नियुक्ति अवैध अनुचित हो। बल्कि रेलवे की ओर से पेश किये गये गवाह श्री के. के. शर्मा ने उनकी साक्ष्य में प्रार्थी श्रमिकगण का नियोजित किया जाना कार्य की अति आवश्यकता का कारण लिखाया है। जब रेलवे को इन श्रमिकों की आवश्यकता थी और इस आवश्यकता की पूर्ति में इन श्रमिकों को नियोजित किया गया तो नियोजित किये जाने का पर्याप्त कारण यहां रेलवे के ही गवाह से प्रमाणित हो जाता है और यदि इस प्रकार की कोई स्वीकृति नहीं ली गई थी तो ऐसा रेलवे की ओर से प्रमाणित किया जाना आवश्यक था जो नहीं किया गया है। दूसरे रेलवे की ओर से यह अभिवचन उत्तर कलेम में रखा है कि प्रार्थी श्रमिकगण को एक नियत समय के लिए लगाया गया है और नियत अवधि समाप्त होने पर सही तौर पर उनकी सेवायें समाप्त हो गई। यह अभिवचन योग्य अधिवक्ता के उपरोक्त तर्क को स्वतः ही गलत करार देता है। एक ओर तो योग्य अधिवक्ता रेलवे ने यह बहस की कि प्रारम्भ से ही प्रार्थी श्रमिकगण की नियुक्ति अवैध थी फिर यह भी अभिवचन रखा और बहस की कि प्रार्थी श्रमिकगण की नियुक्ति एक नियत समय के लिए थी और नियत अवधि की समाप्ति

पर उनकी सेवा स्वतः ही समाप्त कर दी वे दोनों तर्क एक दूसरे के विपरीत हैं। जहां पहले श्रमिकगण का नियोजन प्रारम्भ से अवैध होना कहा गया वहां दूसरे तर्क के तहत उनको एम्पलोयमेन्ट नियत समय के लिए नहीं लगाया जाना जाहिर कर दिया है। इस प्रकार यह तर्क एक दूसरे की कोन्ट्राडिक्शन व निगेशन हैं। जैसा कि ऊपर विनिश्चित किया जा चुका है कि प्रार्थी श्रमिकगण की सेवा प्रारम्भ से अवैध होना प्रमाणित नहीं कराई गई है और यदि किसी प्रकार प्रार्थी श्रमिकगण की सेवा प्रारम्भ से अवैध भी मान ली जायें तो भी प्रार्थी श्रमिकगण की हटाये जाने से पूर्व कोई नोटिस नहीं दिया गया और नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त के तहत किसी भी ऐसे श्रमिक को हटाने से पूर्व नोटिस दिया जाना आवश्यक था। इस कारण से नैसर्गिक न्याय के सिद्धान्त की अवहेलना होने से प्रार्थी श्रमिकगण को हटाया जाना अवैध एवं अनुचित था। जहां तक प्रार्थी श्रमिकगण का एक नियत अवधि के लिए नियोजित करना और उस नियत अवधि की समाप्ति पर स्वतः सेवा समाप्त हो जाने का प्रश्न है इस बारे में विपक्षी रेलवे की ओर से ऐसा कोई नियोजन प्रमाणित नहीं कराया गया है। यहां साक्ष्य से इतना प्रमाणित हुआ है कि आई ओ डब्ल्यूज ने इन श्रमिकगण को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों के रूप में लगाया जबकि हटाया जाना सीनियर सिविल इंजीनियर (कन्स्ट्रक्शन) उत्तर रेलवे सूरतगढ़ के आदेश के फलस्वरूप जाहिर हुआ है जिससे यह विदित है कि जिन आई ओ डब्ल्यूज ने इन श्रमिकगण को लगाया था उनके द्वारा हटाया न जाकर सीनियर सिविल इंजीनियर (कन्स्ट्रक्शन) नोर्दन रेलवे के द्वारा हटाया गया। ऐसी भी कोई साक्ष्य नहीं आई कि जिन आई. ओ. डब्ल्यूज. ने प्रार्थी श्रमिकगण को लगाया था उनके द्वारा ऐसी कोई संविदा शर्त रखी गई हो कि उनको एक नियत अवधि के लिए ही लगाया जा रहा है और उस नियत अवधि की समाप्ति पर प्रार्थी श्रमिकगण की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगी इस प्रकार की कोई संविदा भी प्रमाणित रेलवे की ओर से नहीं कराई गई है, ऐसी सूरत में रेलवे का यह डिफेन्स निस्सार है और श्री उमेशचन्द एवं वीरम सिंह की सेवा समाप्ति धारा 25 (एफ) व औद्योगिक विवाद नियम 1957 के नियम–77 के उल्लंघन में की गई है और वह सेवा समाप्ति छंटनी की परिभाषा में आती है और छंटनी भी अवैध पाई जाती है।

9– श्रमिकगण पालाराम, उम्मेद सिंह, अमृतलाल, द्वारका प्रसाद, भरतराम, गणेश प्रसाद व रामप्रसाद जिनके कि संबंध में प्रार्थी यूनियन के अधिकृत प्रतिनिधि ने दबे शब्दों में यह स्वीकार किया कि उनकी सेवा समाप्ति से पूर्व एक कलेण्डर वर्ष में इनके द्वारा 240 दिन कार्य करना प्रमाणित नहीं होता है। इस संबंध में योग्य अधिकृत प्रतिनिधि श्रमिकगण ने यह प्रजोर बहस की है कि जहां ये श्रमिकगण 240 दिन पूरे करने जा रहे थे और उनके 240 दिन के पूरे करने पर मिलने वाले लाभ से वंचित करने के लिए कुछ दिन पहले ही उनकी सेवा समाप्त की गई वह एक अनफेयर लेबर प्रेक्टिस या अनुचित श्रम नीति थी। दूसरे इसके अतिरिक्त यह बहस की कि इनकी सेवा समाप्ति धारा 25 जी एवं औद्योगिक विवाद नियम 1957 के नियम–77 के उल्लंघन में की गई है। नियम 77 एक ऐसा नियम है जिसकी अनुपालना न किये जाने पर यह नहीं पता लगता कि क्या सीनियर आदमियों को रखा गया है या जूनियर आदमियों को रखकर सीनियर आदमियों को हटा दिया गया है। योग्य अधिकृत प्रतिनिधि प्रार्थी श्रमिकगण ने यह बहस की है कि रेलवे के गवाह स्वयं ने यह स्वीकार कर लिया है कि प्रार्थी श्रमिकगण की सेवा समाप्ति के सात दिन पूर्व कोई वरिष्ठता सूची घोषित नहीं की और जब उपरोक्त प्रार्थी श्रमिकगण को हटाया तो उन्होंने कोई मुआवजा नहीं दिया न ही कोई सेवा समाप्ति का नोटिस दिया न ही इन श्रमिकों को हटाने की सूचना भारत सरकार को दी गई। रेलवे के गवाह के इस प्रतिपरीक्षण से उपरोक्त सात प्रार्थी श्रमिकगण का हटाया जाना औद्योगिक विवाद नियम–77 के उल्लंघन में किया जाना बखूबी पाया जाता है। यद्यपि विपक्षी रेलवे के वकील ने यह बहस की है कि जब तक सेवा समाप्ति से पूर्व श्रमिक 240 दिन कार्य नहीं कर लेता है तो वह धारा 25जी अधिनियम का लाभ नहीं उठा सकता और औद्योगिक विवाद नियम–77 के लागू करने से भी पूर्व प्रार्थी श्रमिकगण को सेवा समाप्ति से भी पूर्व 240 दिवस पूरे करना भी आवश्यक है। मैं योग्य अधिवक्ता प्रार्थी रेलवे के इस तर्क से सहमत नहीं हूं। धारा 25(जी) एवं 25 (एफ) स्वतन्त्र धारायें हैं। धारा 25 (बी) के तहत एक कलेण्डर वर्ष में 240 दिन कार्यदिवस करने का प्रावधान है जब 25 (बी) के तहत कोई श्रमिक एक कलेण्डर वर्ष में 240 दिन कार्य कर लेता है तो उसके पश्चात धारा 25 (एफ) में वे शर्तें अंकित की गई हैं जिनकी परिपालना न किये जाने के संबंध में सेवा समाप्ति अवैध बन जाती है। मगर धारा 25 (जी) में इस प्रकार का कोई प्रावधान यानि ऐसी शरायत नहीं है जिससे कि यह विदित होता हो कि 25जी का उल्लंघन किये जाने से पहले यह आवश्यक हो कि संबंधित श्रमिक ने 240 कार्य दिवस सेवा समाप्ति से पूर्व एक कलेण्डर वर्ष में पूरे कर लिये हों। इस संबंध में डब्ल्यू. एल. एन. (यू. सी) 1978 पृष्ठ 224 पर अवलम्ब किया जाता है जिसमें यह विदित है कि जहां प्रार्थी श्रमिक ने सेवा समाप्ति से एक कलेण्डर वर्ष में 240 दिन पूरे नहीं किये थे वहां उसे धारा 25 (एफ) अधिनियम का लाभ नहीं दिया गया। मगर इसी नजीर के अनुसार 25 (जी) के प्रावधान पूरे नहीं किये जाने के कारण छंटनी को अवैध माना गया। मौजूदा प्रकरण में श्रमिक भरथ राम ने उसकी जिरह में यह व्यक्त किया है कि उसे जब हटाया तो उससे जूनियर आदमी भी काम कर रहे थे और उससे कनिष्ठ व्यक्तियों में जसबीर सिंह का नाम उसने अपनी साक्ष्य में लिया और औरों के नाम याद न होना कहा। इस साक्ष्य का कोई खंडन रेलवे की ओर से नहीं कराया गया है इससे यह भी प्रमाणित होता है कि प्रार्थी श्रमिक भरथराम को हटाया उससे कनिष्ठ व्यक्ति जसवीर सिंह को रखा गया। इससे पहले आये पीछे जाये के सिद्धांत का उल्लंघन किया जाना पाया जाता है। इसके अतिरिक्त

केन्द्रीय औद्योगिक विवाद नियम 1957 के नियम 77 का उल्लंघन निश्चित तौर पर प्रार्थी श्रमिकगण पालाराम, उम्मेद-सिंह, अमृतलाल, द्वारका प्रसाद, भरथराम, गणेशप्रसाद, राम-प्रसाद की सेवा समाप्त किया जाना प्रमाणित होता है। नियम 77 एक आज्ञापक प्रावधान है और इस आज्ञापक प्रावधान के उल्लंघन में किसी व्यक्ति की छंटनी की जाती है वह अवैध होती है। इस संबंध में 1984 लेब. आई. सी. 645 पर अवलम्ब किया जाता है। इस नजीर के प्रकरण में तो श्रमिकों की सेवा समाप्ति की जाने के छः दिन पहले वरिष्ठता सूची लगा दी गई थी मगर मौजूदा प्रकरण में उपरोक्त सात प्रार्थी श्रमिकगण की सेवा समाप्त करने से पहले कोई वरिष्ठता सूची प्रकाशित नहीं की गई जिस कारण से यह पता भी नहीं लग पाया कि कौन व्यक्ति सीनियर है और कौन जूनियर है। यहां नियम–77 का लिखा जाना संगत है –

Maintenance of seniority list of workmen—The employer shall prepare a list of all workmen in the particular category from which retrenchment is contemplated arranged according to the seniority of their service in that category and cause a copy thereof to be pasted on a Notice Board in a conspicious place in the premises of the Industrial Establishment at least seven days before the actual date of retrenchment."

10– उपरोक्त औद्योगिक विवाद (केन्द्रीय) नियम 1957 के नियम 77 में ऐसा कहीं नहीं है कि जिन व्यक्तियों की वरिष्ठता सूची घोषित की जानी है उनके द्वारा सेवा समाप्ति से पूर्व एक कलेण्डर वर्ष में 240 कार्य दिवस पूरा करना अनिवार्य है। 1984 लेब आई. सी. पृष्ठ 645 के पैरा सं. 4 में यह स्पष्ट किया गया है कि नियम–77 के प्रावधान इन नियमों में इसलिए रखे गये हैं ताकि औद्योगिक विवाद अधिनियम की धारा 25 (जी) का उद्देश्य वास्तविक रूप से पूरा हो सके। यह भी लिखा गया है कि छंटनी के संबंध में औद्योगिक नियम "पीछे आये पहले जाये" को काफी लम्बे समय से मान्यता दी जा रही है और यह नियम एक स्वस्थ सेफगार्ड डिस्क्रिमिनेशन के विरुद्ध है और छंटनी के इस नियम को एक स्टेच्यूट्री मान्यता 1953 में संशोधित किये जाने वाले अधिनियम के द्वारा दी गई और इसी नजीर में यह विनिश्चित किया गया है कि–

"Viewed from this angle, it should be held that the requirement mentioned in R. 77 is mandatory and its violation renders an order of retrenchment illegal."

इस प्रकार मौजूदा केस में औद्योगिक विवाद केन्द्रीय नियम 1957 के नियम 77 का उल्लंघन किया जाना, स्पष्टतया पाया जाता है और इस प्रकार नियम 77 के उल्लंघन के कारण पालाराम, उम्मेदसिंह, अमृतलाल, द्वारका प्रसाद, भरथलाल, गणेश प्रसाद व रामप्रसाद की सेवा समाप्ति अवैध छंटनी पाई जाती है।

11– उपरोक्त विवेचन के आधार पर सभी नौकरा प्रार्थी श्रमिकगण की सेवा समाप्ति अवैध छंटनी पाई जाती है और अवैध छंटनी के कारण वे पुनः सेवा में वेतन सहित बहाल होने के अधिकारी पाये जाते हैं। इस प्रकार विवादित बिन्दु सं. 1 व 2 प्रार्थी श्रमिकगण के पक्ष में निर्णित किये जाते हैं। और श्रमिकगण के पक्ष में उक्त रैफरेंस का निम्न प्रकार निर्णय किया जाता है कि–

अवार्ड

सीनियर सिविल इंजीनियर (निर्माण) 4, उत्तर रेलवे सूरतगढ़ के द्वारा श्री उमेश चन्द पुत्र श्री लाखन सिंह, पालाराम पुत्र श्री गुर्दाराम, बीरम सिंह पुत्र श्री ज्वाला प्रसाद, उम्मेद सिंह पुत्र श्री चन्दर सिंह, अमृत लाल पुत्र श्री सत्यनारायण, द्वारका प्रसाद पुत्र श्री चन्दराम तिवारी, भरत राम पुत्र श्री लखन सिंह, गणेश प्रसाद पुत्र श्री भवानी दत्त, राम प्रसाद पुत्र श्री मनोहर की उनके नामों के सामने अंकित तिथियों को की गई सेवा मुक्ति अवैध एवं अनुचित पाई जाती है। प्रत्येक प्रार्थी श्रमिक पुनः सेवा में सेवा समाप्ति से पूर्ववत पद व वेतन पर बहाल होने का अधिकारी पाया जाता है। प्रत्येक श्रमिक उसकी अंकित सेवा समाप्ति की तारीख से उसे सेवा में बहाल किये जाने तक की तिथि तक नियमानुसार वेतन भत्ते सहित प्राप्त करेगा और इस अवधि के दौरान यदि उन्हें कोई और लाभ अर्जित हुए हों तो वह भी वे पाने के अधिकारी होंगे। सेवा समाप्ति की तिथि से सेवा में पुनः बहाल किये जाने की तिथि के मध्य का अवधि प्रत्येक की सेवा में निरन्तरता कायम रखेगी। उक्त आशय का पंचाट पारित किया जाता है जिसे वास्ते प्रकाशनार्थ केन्द्रीय सरकार को अंतर्गत धारा 17 (1) अधिनियम भेजा जावे।

प्रताप सिंह यादव, न्यायाधीश

[सं. एल – 41011/36/84–डी. 2 (ब)]

का.आ. 1626.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार कैन्टीन स्टोर्स डिपार्टमेंट, जयपुर के प्रबन्धतंत्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में औद्योगिक अधिकरण, जयपुर के पंचाट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को प्राप्त हुआ था।

S.O. 1626.—In pursuance of section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) the Central Government hereby publishes the following award of the Industrial Tribunal, Jaipur as shown in the Annexure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Canteen Store Deptt., Jaipur and their workmen which was received by the Central Government.

अनुबन्ध

केन्द्रीय औद्योगिक न्यायाधिकरण, जयपुर

माननीय न्यायाधीश श्री प्रताप सिंह यादव, आर.एच.जे.एस.

केस नं. सी. आई.टी. 61/88

मध्य

सर्वश्री सुभाष चन्द गुप्ता एवं अन्य मार्फत कैन्टीन स्टोर विभाग सैबू लाइन्स, मिलीट्री अस्पताल के पीछे जयपुर एवं

एरिया प्रबन्धक, केन्द्रीय स्टोर विभाग, गैव नाउन्स मिलिट्री अस्पताल के पीछे, जयपुर।

रैफरेंस:
अन्तर्गत धारा 10(1)(घ) औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947

उपस्थिति:

प्रार्थी श्रमिकगण की ओर से: कोई उपस्थित नहीं।

अप्रार्थी नियोजक की ओर से: कोई उपस्थित नहीं।

दिनांक अवार्ड 4-4-90

अवार्ड

भारत सरकार के श्रम मंत्रालय के डैस्क अधिकारी ने उनकी आज्ञा सं. एल-14011/8/87-ii (बी) दिनांक 29 अगस्त 1988 के द्वारा निम्न विवाद अन्तर्गत धारा 10(1) (घ) औद्योगिक विवाद अधिनियम 1947, जिसे तत्पश्चात् अधिनियम लिखा जायेगा, वास्ते अधिनिर्णय इस न्यायाधिकरण को भेजा है:

"क्या प्रबन्धतन्त्र की श्री एस.सी. गुप्ता और 14 अन्य कर्मकारों को (सूची नीचे दी गई है) मजदूरी की अदायगी न करने, जैसी कि नियमित कर्मकारों को दी जाती है, और उन्हें दैनिक दर पर काम करने वाले कर्मकारों के रूप में समझने की कार्यवाही न्यायोचित है? यदि नहीं तो ये 15 कर्मकार किस अनुतोष के हकदार हैं और किस तारीख से।"

सूची:

1. सुभाष चन्द गुप्ता
2. महेश चन्द पाठक
3. त्रिलोक चन्द वशिष्ठ
4. रूप सिंह गौड
5. मुरली प्रकाश पारीक
6. राधामणि
7. श्री रणवीर सिंह
8. राजेन्द्र सिंह
9. संदीप भारद्वाज
10. हीर सिंह
11. देवेन्द्र कुमार
12. सुमेर सिंह
13. मंजू गुप्ता
14. भंवर सिंह
15. मंगू सिंह

2. उक्त निर्देशन कर्मकारों की लिस्ट सहित इस न्यायाधिकरण में दिनांक 8-9-88 को प्राप्त हुआ। जिसे इस न्यायाधिकरण में पंजीकृत किया जाकर उभय पक्षकारान को नोटिस जारी किये गये। प्रार्थी श्रमिकगण की ओर से श्री एस.एफ. दिनांक 29-11-88 को उपस्थित आये और उन्हें स्टेटमेंट आफ क्लेम पेश करने के लिए अवसर दिया गया। तत्पश्चात् दिनांक 6-1-89, 3-4-89, 29-4-89, 28-7-89, 5-10-89 को श्री एस.एफ. बेग कर्मकारों की ओर से उपस्थित आते रहे और उन्हें स्टेटमेंट आफ क्लेम प्रस्तुत करने के लिए अवसर दिया गये। पिछली तारीख पेशी 14-8-90 को भी उन्हें स्टेटमेंट आफ क्लेम पेश करने का अवसर दिया गया। आज भी स्टेटमेंट आफ क्लेम प्रस्तुत नहीं किया। न ही श्रमिकगण की ओर से कोई उपस्थित आया इससे विदित है कितनी बार अवसर दिये जाने के पश्चात् भी स्टेटमेंट आफ क्लेम प्रस्तुत नहीं किया गया इससे यह अनुमान निकलता है कि श्रमिकगण की ओर से इस विवाद को चलाने में कोई रुचि नहीं ली जा रही है। 10 अवसर दिये जाने पर भी स्टेटमेंट आफ क्लेम प्रस्तुत नहीं किया गया है। ऐसी सूरत में यह उचित होगा कि इस विवाद में नो डिस्पूट अवार्ड पारित किया जावे। अतः आज्ञा है कि इस विवाद के संबंध में "नो डिस्पूट" अवार्ड पारित किया जाता है। अवार्ड की प्रतिलिपि अन्तर्गत धारा 17(1) अधिनियम केन्द्रीय सरकार को वास्ते प्रकाशनार्थ भेजा जावे।

प्रताप सिंह यादव, न्यायाधीश

[सं. एल-14011/8/87-डी.2(ब)]

बी.के. शर्मा, डेस्क अधिकारी

नई दिल्ली, 18 मई, 1990

का.आ. 1627—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार बरेली कारपोरेशन बैंक लि. के प्रबन्धतन्त्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण व श्रम न्यायालय, कानपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 16 मई, 1990 को प्राप्त हुआ था।

New Delhi, the 18th May, 1990

S.O. 1627.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) the Central Government hereby published the following award of the Central Government Industrial Tribunal Cum Labour Court, Kanpur as shown in the Annexure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Bareilley Corporation Bank Ltd. and their workmen, which was received by the Central Government on 16-5-90.

ANNEXURE

BEFORE SHRI ARJAN DEV, PRESIDING OFFICER, CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL-CUM-LABOUR COURT, KANPUR

Industrial Dispute No. 233 of 1989

In the matter of dispute between:

Shri Anand Tandon,
C/o Shri V. N. Sekhari,
26/104 Birhana Road,
Kanpur.

AND

The General Manager,
Bareilley Corporation Bank Ltd.,
H. O. Bareilley,
Bareilley.

AWARD

1. The Central Government, Ministry of Labour, vide its notification No. L-12011|51|89-IR(B)-I dated 29-9-89, has referred the following dispute for adjudication to this Tribunal;

> Whether the action taken by the management of Bareilley Corporation Bank Ltd. in terminating the services of Shri Anand Tandon is justified? If not, to what relief the workman concerned is entitled?

2. In the instant case several notices were issued to the workman for filing of the statement of claim after furnishing of the address of the workman by Shri V. N. Sekhari, on 13-10-89 but neither the workman appeared nor he moved any application for time. The dates were 13-12-89, 30-1-90 and 8-3-90 but on all the above dates the workman remained absent which shows that the workman is not interested to press his case.

3. Thus from the above facts it appears that he is least interested in prosecuting the case. Accordingly a no claim award is given in the case.

ARJAN DEV, Presiding Officer

[No. L-12011|51|89-IR(B-I)]

का.आ. 1628.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार भारतीय स्टेट बैंक के प्रबन्धतन्त्र के संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण व श्रम न्यायालय कानपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 16 मई, 1990 को प्राप्त हुआ था।

S.O. 1628.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) the Central Government hereby published the following award of the Central Government Industrial Tribunal Cum Labour Court, Kanpur as shown in the Annexure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of State Bank of India and their workmen, which was received by the Central Government on 16-5-90.

अनुबन्ध

समक्ष

श्री अर्जन देव, पीठासीन अधिकारी
केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण एवं
श्रम न्यायालय, कानपुर।

औद्योगिक विवाद संख्या: 62/86

विवादित पक्षों के नाम:

प्रेसीडेन्ट,
यू.पी. बैंक एम्प्लाइज फेडरेशन
26/104 बिरहाना रोड, कानपुर।

एवम्

चीफ जनरल मैनेजर,
भारतीय स्टेट बैंक, हलजामिया प्लेस,
24 एम.जी. मार्ग, लखनऊ।

पंचाट:

1. भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली ने अपने आदेश संख्या एल.-12012/308/83-डी-ii (ए) दिनांक 19 मार्च सन् 1986 के द्वारा इस न्यायाधिकरण को निम्न वाद बिन्दु निर्णय हेतु प्रेषित किया है।

> "क्या स्टेट बैंक आफ इण्डिया लखनऊ के प्रबन्ध तन्त्र की सब्जी मण्डी किदवई नगर शाखा के सन्देशवाहक श्री सुभाष की सेवाओं को 14-1-83 से समाप्त करने की कार्यवाई न्यायोचित है? यदि नहीं, तो सम्बन्ध कर्मकार, किस अनुतोष का हकदार है?"

2. उपरोक्त विवाद में पक्षकारों ने दिनांक 4-12-89 को सुलह पत्र इस प्रार्थना के साथ प्रस्तुत किया कि उक्त विवाद सुलह पत्र के आधार पर निर्णित कर दिया जाये।

3. पक्षकारों द्वारा इस विवाद में दाखिल किया गया सुलह पत्र निम्न प्रकार से है:

(1) यह कि सेवायोजक बैंक श्रमिक श्री सुभाषचन्द्र को मैसेन्जर के पद पर नई नियमित नियुक्ति (रेगुलर अपाइन्टमेन्ट) करके पक्षों की सहमति से बैंक के किसी ब्रांच में दिनांक 15-2-90 तक नियुक्ति कर देगा।

(2) यह कि श्रमिक पक्ष नियुक्ति पत्र के प्राप्त की तिथि के एक सप्ताह के अन्दर ड्यूटी ज्वाइन कर लेगा।

(3) यह कि श्रमिक सुभाष चन्द्र द्वारा बैंक में कार्य सम्भालने की तिथि से प्रस्तुत वाद समाप्त समझा जायगा।

(4) यह कि श्रमिक सुभाष चन्द्र बैंक में कार्यभार सम्भालने की तिथि से पूर्व का कोई भी हितलाभ इस वाद से सम्बन्धित या अन्य बैंक में पाने का अधिकारी न होगा।

(5) यह कि दोनों पक्षकारों में से कोई भी पक्षकार नियुक्ति तथा ज्वाइनिंग रिपोर्ट की फोटो कापी/प्रमाणित प्रति न्यायालय में दाखिल करके प्रस्तुत विवाद समाप्त करा देगा।

(6) यह कि पक्षकार अपना व्यय स्वयं वहन करेगा।

1. उपरोक्त विवाद में प्रबन्ध तन्त्र की ओर से श्री एस. एन. शर्मा अधिकृत प्रतिनिधि ने दिनांक 30-4-90 को

श्री सुभाष चन्द्र के नाम प्रबन्धतन्त्र द्वारा निर्गत किया गया नियुक्ति पत्र भी प्रस्तुत किया।

5. अतः इस वाद को पक्षकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया सुलह-पत्र के आधार पर निर्णित करते हुए यह पंचाट दिया जा रहा है।

6. यह भी आदेश दिया जा रहा है कि इस पंचाट की छः प्रतिलिपियां भारत सरकार, श्रम मंत्रालय, नई दिल्ली को गजट हेतु प्रेषित की जावें।

दिनांक 30-4-90

अर्जन देव, पीठासीन अधिकारी

[सं. एल-12012/308/83-डी.-II (ए)]

सुभाष चन्द्र शर्मा, डेस्क अधिकारी

नई दिल्ली, 18 मई, 1990

का.आ. 1629.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार व मैसर्स ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि. की श्रीपुर कोलियरी जमुरिया ए व बी पिट्स यूनिट के प्रबन्धतन्त्र से संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, आसनसोल के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 15-5-90 को प्राप्त हुआ था।

New Delhi, the 18th May, 1990

S.O. 1629.—In pursuance of Section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) the Central Government hereby publishes the following award of the Central Government Industrial Tribunal, Asansol as shown in the Annexure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Jamuria A & B Pits Unit of Sripur Colliery of M|s. Eastern Coalfields Ltd. and their workmen, which was received by the Central Government on 15-5-90.

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL · ASANSOL

Reference No. 7|1988

PRESENT :

Shri N. K. Saha, Presiding Officer.

PARTIES :

Employers in relation to the Management of Jamuria A & B Pit Unit of Sripur Colliery of M|s. E.C. Ltd.

AND

Their Workmen.

APPEARANCES :

For the Employers.—Shri P. K. Das, Advocate.
For the Workmen.—Shri C. D. Dwevedi, Advocate.

INDUSTRY : Coal STATE : West Bengal

Dated, the 30th April, 1990

AWARD

The Government of India in the Ministry of Labour in exercise of the powers conferred on them by clause (d) of sub-section (1) and sub-section (2A) of Section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 has referred the following dispute to this Tribunal for adjudication vide Ministry's Order No. L-24012(163)|87-D. IV(B) dated the 9th February, 1988.

SCHEDULE

"Whether the action of the Management of Jamuria A&B Pit Unit of Sripur Colliery of M|s. E.C. Ltd., P.O. Kalipahari, District Burdwan in not regularising S|Sri Kabilas Gosai as Pump Khalasi and Kamala Kurmi as Surface Trammer from the date they were deployed together with pay protection, was justified? If not, to what relief the concerned workmen are entitled?"

2. Today was fixed for filing settlement by the parties. The learned Advocates of both the sides have submitted before this Court that the dispute has been settled out of Court and a no-dispute award may be passed. Accordingly this Court has no other alternative but to pass a no-dispute award and a no-dispute award is passed.

This is my award.

N. K. SAHA, Presiding Officer

[No. L-24012(163)|87-D. IV(B)|IR(C. II)]

का.आ. 1630:—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार व वेस्टर्न कोल फील्ड्स लि., सास्ती सब एरिया के प्रबन्धतन्त्र से संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, जबलपुर के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 14-5-90 को प्राप्त हुआ था।

S.O. 1630.—In pursuance of section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) the Central Government hereby publishes the following award of the Central Government Industrial Tribunal, Jabalpur as shown in the Anenxure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Western Coalfields Ltd. (Sasti Sub Area) and their workmen, which was received by the Central Government on 14-5-90.

ANNEXURE

BEFORE SHRI V. N. SHUKLA, PRESIDING OFFICER, CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL-CUM-LABOUR COURT, JABALPUR (M.P.)

CASE NO. CGIT|LC(R)(185)|1989.

PARTIES :

Employers in relation to the management of M|s. Western Coalfields Ltd. (Sasti Sub-Area) Post Office Sasti, District Chandrapur (MS) and their workman Shri Aktarkhan Sikanderkhan Pathan, Post Sasti Colliery, District Chandrapur (M.S.).

APPEARANCES :

For Workman—Workman concerned himself.
For Management—Shri P.S. Nair, Advocate.

INDUSTRY : Coal Mining. DISTRICT : Chandrapur (M.S.)

AWARD

Dated : May 4, 1990

By Notification No. L-22012(106)|89-IR(Coal-II) dated 26th September, 1989 the Central Government, Ministry of Labour, referred the following dispute to this Tribunal, for adjudication :—

"Whether the action in terminating the services of Sri Aktarkhan Sikhanderkhan Pathan by the Management of Sub-Area Manager, Sasti Sub-Area of W.C. Ltd., Distt. Chandrapur (MS) w.e.f. Nov., 1985 is justified? If not, to what relief the workman concerned is entitled ?"

2. On receipt of the reference order parties were noticed to file their respective state of claim along with the documents, list of reliance and witnesses on 28-11-1989. But no one on behalf of the parties put their appearance on 28-11-1989 or subsequent date i.e. 23-1-1980. On 28-3-1990 again the workman absented, but Cuunsel for the management, Shri Rajendra Menon, filed a Memorandum of Settlement dated 22-2-1990. Since the workman was absent on 28-3-1990, 23-4-1990 was fixed for verification of settlement on which date workman concerned again absented. Therefore next date i.e. 24-4-1990 was fixed for verification of settlement. On this date parties appeared and verified the settlement dated 22-2-1990 before the Court. The terms of settlement, duly signed by Shri B. K. Shrivastava, Personnel Manager, Ballarpur Area and Akhtar Khan Pathan (workman concerned) and verified by Shri P. S. Nair, Advocate on behalf of the management and workman concerned, Shri Akhtar Khan Pathan on 24-4-1990, are as under :—

1. It is agreed that Shri Akhtar Khan Pathan has worked under M.W. Act at Dhoptala OCM.

2. Shri Akhtar Khan Pathan agreed that he will not claim any back wages|monetary benefit whatsoever for the post period to the date of joining of his duty.

3. Shri Akhtar Khan Pathan will be posted as Badli Maz. Cat. at Sasti Colliery provided declared medically fit by the company medical board.

4. This settlement fully and finally resolves| settles the dispute.

3. The above terms, to my mind, appear to be just, fair and in the interest of the workman concerned. Therefore, I record my award in terms of the settlement dated 22-2-90 arrived at between the parties and make no order as to costs.

V. N. SHUKLA, Presiding Officer

[No. L-22012(106)|89-IR(C II)]

का.आ. 1631.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार व मैसर्ज ईस्टर्न कोल फील्ड्स लि. की बजडीह कोलियरी के प्रबन्धतन्त्र से सम्बद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, कलकत्ता के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 15-5-90 को प्राप्त हुआ था।

S.O. 1631.—In pursuance of section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) the Central Government hereby publishes the following award of the Central Govt. Industrial Tribunal, Calcutta as shown in the Annexure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Bejdih Colliery of M|s. Eastern Coalfields Ltd. and their workmen, which was received by the Central Government on 15-5-90

ANNEXURE

CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL AT CALCUTTA

Reference No. 57 of 1986

PARTIES:

Employers in relation to the management of Bejdih Colliery of M|s. Eastern Coalfields Limited.

AND

Their workmen.

PRESENT :

Mr. Justice Sukumar Chakravarty—Presiding Officer.

APPEARANCES :

On behalf of Management.—Mr. B. N. Lala, Advocate.

On behalf of workmen.—Mr. I.D. Singh, an office bearer of Nation Front of Indian Trade Unions.

STATE : West Bengal. INDUSTRY : Coal.

AWARD

By Order No. L-19012|74|85-D.IV(B) dated 20th July, 1986, the Government of India, Ministry of Labour referred the following dispute to this Tribunal for adjudication :

"Whether the action of the management of Bejdih Colliery of M|s. Eastern Coalfields Limited in not paying the difference of

wages and other benefits to S|Shri Kariman Mia and Satdhari Teli, Underground Loaders for working as Mining Sirdar with effect from 12-12-82 is justified? If not, to what relief they are entitled ?"

2. When the case is called out today, both parties appear and file a Joint Petition of Compromise, duly signed by both parties. They pray for an Award in terms of the Joint Petition of Compromise. Considered the said Joint Petition of Compromise as well as the submission of both parties. The terms of the Joint Petition of Compromise appear to be fair, reasonable and in the interest of the parties. I therefore, accept the same and pass an 'Award' in terms of the said Joint Petition of Compromise which do form part of this Award as Annexure—'A'.

This is my Award.

Dated, Calcutta,

The 7th of May, 1990.

[No. L-19012(74)|85-D.IV(B)|IR(C.II)]

SUKUMAR CHKRAVARTY, Presiding Officer

ANNEXURE 'A'

BEFORE THE HON'BLE PRESIDING OFFICER, CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL, CALCUTTA

Reference No. 57 of 1986

PARTIES :

Employers in relation to management of Patmohna Colliery Officers

AND

Their workmen.

JOINT PETITION OF COMPROMISE

The humble petition of both the parties above named most respectfully sheweth

(1) That the above mater is pending before the Hon'ble Tribunal and the matter has not yet been heard.

(ii) That, in the meantime, both the parties herein concerned mutually discussed the instant matter and have come to an amicable settlement on the following terms.

Terms of Settlement

(a) That the difference of wages for the period from 12-12-1982 till the date of their promotion on 13-2-1985 have been calculated and the respective amounts come to Rs. 3095.30 in respect of Sri Satdhari Teli and Rs. 3991.53 in respect of Sri Kariman Mia, the employees herein concerned.

(b) That the employers will pay aforesaid amounts to the concerned employees within 1(one) month from the date this settlement is accepted by the Hon'ble Tribunal.

(c) That the aforesaid amounts stated in paragraph 'A' above will be paid as a consolidated sum in full and final settlement of all claim arising out of instant order of reference and there shall be no claim whatsoever by the workmen for any amount over and above the aforesaid consolidated sum.

(d) That by this settlement the instant matter and any matter arising out instant order of reference is fully and finally settled.

(iii) Both parties pray that the Honourable Tribunal may be pleased to accept this settlement as fair and proper and may be further pleased to pass an Award in terms of the Settlement.

And for this act of kindness both the parties, as in duty bound, shall ever pray.

Dated this the 18th September, 1989.

For and on behalf of the Employers.

(1) Signature of Satdhari Teli

(2) Signature of Kariman Mia

(3) C. D. Puri,

For and on behalf of the workmen.

का.आ. 1632.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार व मैसर्स ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि. की सिदूली कोलियरी के प्रबन्धतन्त्र से संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबंध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण आसनसोल के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 15-5-90 को प्राप्त हुआ था

S.O. 1632.—In pursuance of section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) the Central Government hereby publishes the following award of the Central Govt. Industrial Tribunal Asansol as shown in the Annexure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Siduli Colliery of M|s. Eastern Coalfields Ltd. and their workmen, which was received by the Central Government on 15-5-1990.

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL ASANSOL

Reference No. 43|1988

PRESENT :

Shri N. K. Saha, Presiding Officer.

PARTIES :

Employers in relation to the management of Siduli Colliery of M|s. Eastern Coalfields Ltd.

AND

Their Workman

APPEARANCES :

For the Employers—Shri P. K. Das, Advocate.

For the Workman—Shri C. D. Dwevedi, Advocate.

Industry : Coal. State : West Bengal.

Dated, the 30th April, 1990.

AWARD

The Government of India in the Ministry of Labour in exercise of the powers conferred on them by Clause (d) of sub-section (1) and sub-section (2A) of Section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 has referred the following dispute to this Tribunal for adjudication vide Ministry's Order No. L-24012|(22)|88-D.IV(B) dated the 28th June, 1988.

Schedule

"Whether the action of the Management of Siduli Colliery of M|s. E.C. Ltd., P.O. Siduli, Distt. Burdwan in terminating services of Sri Chhotelal Hazam (Thakur) w.e.f. 16-2-1984, is justified ? If not, to what relief the workman is entitled ?"

2. During the pendency of the case, to-day (30-4-90) Sri C. D. Dwevedi, learned Advocate for the union filed a petition, signed by the General Secretary of the concerned union, submitting therein that the concerned union is no longer interested to pursue the instant matter. In the petition the union has also prayed for a no-dispute award in this case. The management has also endorsed no objection in this petition.

3. Upon consideration of the petition and the submission of the parties, this Tribunal has no other alternative but to pass 'no dispute' award and accordingly a 'no dispute' award is passed.

This is my award.

[No. L-24012(22)|88-D.IV(B)|IR(C.II)]

N K. SAHA, Presiding Officer.

का.आ. 1633.—औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 (1947 का 14) की धारा 17 के अनुसरण में, केन्द्रीय सरकार व मै० ईस्टर्न कोलफील्ड्ज लि. की रतीबाती (आर) कोलियरी सतग्राम एरिया के प्रबन्धतन्त्र से संबद्ध नियोजकों और उनके कर्मकारों के बीच, अनुबन्ध में निर्दिष्ट औद्योगिक विवाद में केन्द्रीय सरकार औद्योगिक अधिकरण, आसनसोल के पंचपट को प्रकाशित करती है, जो केन्द्रीय सरकार को 15-5-90 प्राप्त हुआ था।

S.O. 1633.—In pursuance of section 17 of the Industrial Disputes Act, 1947 (14 of 1947) the Central Government hereby publishes the following award of the Central Govt. Industrial Tribunal Asansol as shown in the Annexure in the industrial dispute between the employers in relation to the management of Ratibati (R) Colliery under Satgram Area of M|s. Eastern Coalfields Ltd. and their workmen, which was received by the Central Government on 15-5-1990.

ANNEXURE

BEFORE THE CENTRAL GOVERNMENT INDUSTRIAL TRIBUNAL ASANSOL

Reference No. 25|1989

PRESENTS :

Shri N. K. Saha, Presiding Officer.

PARTIES :

Employers in relation to the Management of Ratibati (R) Colliery under Satgram Area of M|s. E. C. Ltd., P. O. Kalipahari, Distt. Burdwan.

AND

Their Workman.

APPEARANCES :

For the Employers—Shri P. K. Das, Advocate.

For the Workman—Shri C. D. Dwevedi, Advocate.

Industry : Coal. State : West Bengal.

Dated, the 25th April, 1990.

AWARD

The Government of India in the Ministry of Labour in exercise of the powers conferred on them by clause (d) of sub-section (1) and sub-section (2A) of Section 10 of the Industrial Disputes Act, 1947 has referred the following dispute to this Tribunal for adjudication vide Ministry's Order No. L-22012(238)|88-D.IV.B dated the 9th June, 1989.

Schedule

"Whether the action of the Management of Ratibati (R) Colliery under Satgram Area of M|s. E.C. Ltd., P.O. Kalipahari, Distt. Burdwan in not regularising Sri Sridhar Samanta, Jr. Lamp Room Incharge in the post of Lamp Room Incharge w.e.f. 1-5-86, is justified ? If not, to what relief the workman concerned is entitled ?"

